3 राजधानी
केजरीवाल के खिलाफ सबसे ज्यादा प्रत्याशी

8 अभिमत
दिल्ली चुनाव प्रचार के आयाम

13 विदेश
भारतीय अर्थशास्त्री पवन सुखदेव टायलर पुरस्कार के लिए नामित

14 स्पोर्ट्स
फेडरर और जोकोविच में सेमीफाइनल

RNI NO. DELHIN/2012/48369
वर्ष 8 अंक 86
नई दिल्ली, बुधवार, 29 जनवरी, 2020
पृष्ठ 16 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com

मैन वर्सेस वाइल्ड में आएंगे रजनीकांत

विविध-16

### कोरोना वायरस से हड़कंप, चीन में फंसे भारतीय लौटना चाहते हैं घर

# एयर इंडिया का विमान उड़ान को तैयार

● सरकार ने वुहान में फंसे भारतीयों को निकालने के लिए चीन से किया मदद का अनुरोध, डीजीसीए ने एआई को दी उड़ान की मंजूरी ● कैबिनेट सचिव गौबा ने की तैयारियों की समीक्षा, हॉटलाइन नंबर जारी-कॉल सेंटर चालू किया गया ● एनआईवी पुणे में 17 में से 14 नमूनों की जांच-एक में भी नहीं मिला कोरोना वायरस का संक्रमण ● ऐहतियातन दिल्ली में 3, मुंबई-पुणे मे 6, तमिलनाडु में 8, गोवा में एक, बिहार में एक , पंजाब व हरियाणा में 3 को निगरानी में रखा गया ● दिल्ली, कोलकाता, मुंबई, चेन्नई, बेंगलुरु, हैदराबाद तथा कोच्चि समेत देश के 20 हवाईअड्डो पर हो रही थर्मल जांच ● चीन में और 24 मरे, मृतक संख्या बढ़कर हुई 106, सामने आए 13 सौ नए मामले

**पायनियर समाचार सेवा।**
नई दिल्ली/वड़ोदरा

**तेजी** से पैर पसार रहे जानलेवा कोरोना वायरस को लेकर पूरी दुनिया में हड़कंप मचा हुआ है। मंगलवार को और 24 मौतों के साथ चीन में इस महामारी की चपेट में आकर जान गंवाने वालों की संख्या बढ़कर 106 हो गई है, 1300 नए मामलों की पुष्टि हुई है जबकि प्रभावितों की संख्या चार हजार के पार पहुंच चुकी है। वहां फंसे भारतीय नागरिकों जिनमें से ज्यादातर छात्र हैं, को लेकर चिंतित भारत उन्हें वापस बुलाने की तैयारी में जुट गया है। सरकार ने चीन से भारतीय नागरिकों को वुहान से निकालने में मदद का अनुरोध किया है। इस बीच, भारतीय उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने एयर इंडिया को वुहान से उड़ान भरने की अनुमति दे दी है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक, चीन की मंजूरी मिलते ही उड्डयन मंत्रालय हुबेई प्रांत से भारतीयों को लाने के लिए जरूरी प्रबंध करेगा।

हैदराबाद के एक अस्पताल में कोरोना वायरस के संदिग्ध मरीजों के लिए तैयार आइसोलेशन वार्ड के बाहर खड़े चिकित्साकर्मी

इस बीच, भारत में चीन के राजदूत सु वीडोंग ने विदेश मंत्री वांग वी के संदेश को रिट्वीट किया जिसमें कहा गया है कि विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने वहां से अन्य देशों के नागरिकों को निकालने की अनुशंसा नहीं की है। अंतरराष्ट्रीय समुदाय से शांत रहने और धैर्य नहीं खोने की अपील भी की गई है। सुन ने रिट्वीट किया कि डब्ल्यूएचओ को महामारी पर काबून पाने की चीन की क्षमता पर भरोसा है। अभी तक भारत समेत एक दर्जन से अधिक देशों में कोरोना वायरस के संक्रमण की पुष्टि हुई है। थाईलैंड में 7, जापान में 3, दक्षिण कोरिया में 3, अमेरिका में 3, वियतनाम में 2, सिंगापुर में 4, मलेशिया में 3, नेपाल में एक, फ्रांस में 3, ऑस्ट्रेलिया में 4 और श्रीलंका में एक मामला सामने आया है।

संक्रमण की आशंका के चलते भारत में ऐहतियातन कुछ लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में तीन, मुंबई और पुणे में छह, तमिलनाडु में 8, गोवा में एक, बिहार में एक , पंजाब व हरियाणा में 3 लोगों को अस्पताल में निगरानी में रखा गया है। नई दिल्ली, कोलकाता, मुंबई, चेन्नई, बेंगलुरु, हैदराबाद तथा कोच्चि समेत देश के 20 हवाईअड्डों पर थर्मल जांच की जा रही है। सोमवार तक चीन से 155 विमानों से भारत आने वाले कुल 33,552 यात्रियों की जांच की गई है। नेपाल में कोरोना वायरस के एक मामले की पुष्टि होने के साथ ही उसकी सीमा से लगे इलाकों में सतर्कता बढ़ा दी गई है। नेपाल सीमा से आने वाले यात्रियों की सशस्त्र बल के कर्मी स्क्रीनिंग (शेष पेज 10)

# देशद्रोह के आरोप में जेएनयू का छात्र शरजील इमाम गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा।**
नई दिल्ली/जहानाबाद

**दिल्ली** और बिहार की पुलिस ने एक संयुक्त ऑपरेशन में मंगलवार को जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) के छात्र शरजील इमाम को बिहार के जहानाबाद के काको पुलिस थाना क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया। शरजील के खिलाफ देशद्रोह का मामला दर्ज किया गया है। दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर उसका वीडियो वायरल होने के बाद एफआईआर दर्ज किया था। इस वीडियो में इमाम को साथी मुस्लिमों को असम को देश से अलग करने तथा मुख्य सड़कों और राजमार्गों को अवरुद्ध करने संबंधी भड़काऊ बयान देते हुए दिखाया गया है। इमाम को बिहार की एक अदालत में पेश किया गया जिसने उसे ट्रांजिट रिमांड पर दिल्ली पुलिस को सौंप दिया।

शरजील इमाम

● दिल्ली और बिहार पुलिस के संयुक्त ऑपरेशन में जहानाबाद से धरा गया

इस बीच, इमाम की वकील ने दावा किया है कि उसने पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण किया है। अधिवक्ता मिशिका सिंह ने बताया कि शरजील जांच में सहयोग करने का इच्छुक है। वकील ने यह भी कहा कि जेएनयू के छात्र को अभी दिल्ली नहीं लाया गया है और वे विस्तृत जानकारी इकट्ठा करने की प्रक्रिया में हैं। क्राइम ब्रांच की पांच टीमों को शरजील की तलाश में लगाया गया था। इस दौरान पुलिस ने उसके परिवार के सदस्यों और काको स्थित उसके पैतृक गांव में लोगों से पूछताछ की। इस दौरान मुंबई, पटना और दिल्ली में भी पुलिस ने छापे मारे।

उसके दो भाषणों, जिसमें इमाम ने राष्ट्रीय राजधानी में जामिया मिल्लिया इस्लामिया तथा उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ में संशोधित नागरिकता कानून के खिलाफ विरोध प्रदर्शन को संबोधित करते हुए 'असम को अलग' करने की बात कही थी। अरुणाचल प्रदेश, असम, उत्तर प्रदेश और दिल्ली में पुलिस एजेंसियों ने इमाम के खिलाफ देशद्रोह समेत विभिन्न धाराओं में केस दर्ज किया था। 25 जनवरी की शाम इमाम पुलिस के रडार से गायब हो गया और उसे अंतिम बार बिहार के फुलवारी शरीफ में देखा गया था। आईआईटी मुंबई से स्नातक इमाम बाद में जेएनयू में सेंटर फॉर हिस्टोरिकल स्टडीज में शोध करने दिल्ली चला आया। क्राइम ब्रांच के पुलिस उपायुक्त राजेश देव ने बताया कि 13 दिसंबर को जामिया तथा 16 दिसंबर को अलीगढ़ में दो वीडियो सामने आए थे और पाया गया कि शरजील इमाम ने सीएए तथा एनआरसी के खिलाफ भड़काऊ और उकसाने वाला भाषण दिया था और ऐसी टिप्पणियां सांप्रदायिक सौहार्द को प्रभावित तथा देश की एकता और अखंडता को कमजोर कर सकती हैं।

डीसीपी ने कहा. ' 25 जनवरी को जेएनयू छात्र के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 124 ए (देशद्रोह), धारा 153 ए (दो विभिन्न समुदायों के बीच द्वेष को बढ़ावा देने) तथा धारा 505 के तहत एक एफआईआर दर्ज किया गया था। लेकिन इमाम फरार चल रहा था।' पुलिस उपायुक्त ने कहा, क्राइम ब्रांच की एक टीम को बिहार भेजा गया। यह टीम पटना और जहानाबाद पुलिस के संपर्क में थी और लगातार छापे मार रही थी। (शेष पेज 10)

# एजुकेशन पर शाह-केजरीवाल में वीडियो वॉर

**संजय राय।** नई दिल्ली

**एजुकेशन** पर आम आदमी पार्टी और भाजपा की तकरार खत्म होने का नाम नहीं ले रही है। आप जहां शिक्षा के क्षेत्र में खासकर स्कूलों में किए सुधार को अपनी सरकार की सबसे बड़ी खूबी बता वोटरों को लुभा रही है। वहीं भाजपा पूरी ताकत से उसके इस दावे को नकार रही है। मंगलवार को तो इस मुद्दे पर दोनों के बीच वीडियो वॉर छिड़ गया। गृहमंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल में छिड़ा युद्ध खुद को सही साबित करने के लिए अपने-अपने वीडियो जारी किया।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आम आदमी पार्टी पर हमला करते हुए कहा कि भाजपा सांसदों को अपने दौरे के दौरान दिल्ली के सरकारी स्कूलों की बदहाल स्थिति मिली और इसने शिक्षा में क्रांति के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के दावे की पोल खोल दी है। उन्होंने शिक्षा में सुधार के आप सरकार के दावे पर सवाल खड़ा किया तो केजरीवाल ने दिल्ली सरकार के स्कूलों में आए बदलाव को देखने के लिए उन्हें खुद वहां का दौरा करने को

नई दिल्ली में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते मनीष सिसोदिया और अरविंद केजरीवाल

कहा था। इस पर शाह ने भाजपा के दिल्ली के सांसदों के स्कूलों के दौरे वाला एक वीडियो पोस्ट किया है।

दिल्ली से भाजपा के सातों लोकसभा सदस्य और राज्यसभा सदस्य विजय गोयल ने सोमवार को सरकारी स्कूलों का दौरा किया और दावा किया कि बुनियादी आधारभूत संरचनाओं की जबरदस्त कमी है। यहां तक कि पीने का पानी और शौचालय जैसी मूलभूत सुविधाएं भी बदहाल स्थिति में हैं। शाह ने ट्वीट कर कहा कि अरविंद केजरीवाल जी आपने मुझे दिल्ली सरकार द्वारा संचालित स्कूल देखने के लिए बुलाया था। कल दिल्ली भाजपा के आठों सांसद अलग-अलग स्कूल में गए और देखिए इनका क्या हाल है। इनकी बदहाली ने आपकी शिक्षा की क्रांति के दावों की पोल खोल दी। अब आपको दिल्ली की जनता को

इसी बीच मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और उप मुख्यमंत्री व शिक्षा मंत्री मनीष सिसोदिया ने मंगलवार को संवाददाता सम्मेलन में भाजपा सांसदों के सभी ट्वीट वीडियो को फर्जीवाड़ा करार दिया। उन्होंने कहा कि (शेष पेज 10)

# ऐसा भी होता है-लड़की ने लड़के पर फेंका तेजाब

**पायनियर समाचार सेवा।** उन्नाव

**जिला** के मौरांवा थाना इलाके में भवानीगंज स्थित दूध डेयरी पर साफ सफाई कर रहे एक युवक पर मंगलवार तड़के एक युवती ने कथित तौर पर तेजाब डाल दिया। पुलिस अधीक्षक विक्रांत वीर ने बताया कि घटना भोर लगभग तीन बजे की बताई जा रही है। सूचना पर पहुंची डायल 112 पुलिस ने परिजन की सहायता से घायल को लखनऊ स्थित एक निजी अस्पताल में युवक को भर्ती कराया है। गांववालों का कहना है कि युवक और युवती के बीच प्रेम प्रसंग था।

पुलिस के अनुसार दोनों एक दूसरे को जानते थे, पडोसी थे और दोनों में आपस में बातचीत होती रहती थी। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि भोर में 112 पर सूचना मिली कि एक लड़के पर एक युवती ने तेजाब डाल दिया है। सूचना पर स्थानीय प्रभारी निरीक्षक मौके पर पहुँचे, क्षेत्राधिकारी ने भी घटनास्थल का मुआयना किया है। जांच में पता चला कि रोहित

यादव भवानीगंज में अपनी दूध डेयरी चलाते हैं। उन्होंने बताया कि डेयरी के ठीक सामने रहने वाली ताइबा द्वारा रोहित पर पीछे से संचारक द्रव्य डाला गया है।

उन्होंने बताया कि रोहित और ताइबा आपस में परिचित हैं और पिछले कई महीने से एक दूसरे से बात करते रहते बताए जा रहे हैं। वीर ने बताया कि घायल को उपचार के लखनऊ के एक निजी अस्पताल ले जाया गया है। वहीं आरोपी युवती को पुलिस अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की जा रही है। शांति व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस पिकेट तैनात कर दी गई है। उन्होंने बताया कि तहरीर प्राप्त होते ही अभियोग पंजीक्रत कर कार्वाई की जाएगी।

## हिन्दू लड़की के अपहरण पर पाक अधिकारी तलब

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**भारत** ने पाकिस्तान के सिंध प्रांत में शादी के मंडप से एक हिन्दू लड़की का अपहरण होने की घटना पर कड़ा संज्ञान लेते हुए मंगलवार को पाक उच्चायोग के एक वरिष्ठ अधिकारी को तलब किया और कड़े शब्दों में आपत्ति पत्र जारी किया। इसने पाकिस्तान सरकार से यह भी कहा कि वह मामले की जांच करे और अल्पसंख्यक हिन्दू समुदाय सहित अपने नागरिकों की रक्षा एवं सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए तत्काल कार्रवाई करे।

भारत ने पाकिस्तान से घृणित और जघन्य अपराध के दोषियों को तुरंत न्याय के कठघरे में लाने के लिए त्वरित कदम उठाने को कहा। इस बारे में एक आधिकारिक सूत्र ने कहा, भारत ने पाकिस्तान उच्चायोग के एक वरिष्ठ अधिकारी को तलब किया और सिंध प्रांत के हाला शहर में 25 जनवरी को स्थानीय पुलिस की मदद से विवाह समारोह से एक हिन्दू लड़की के अपहरण पर कड़े शब्दों में आपत्ति पत्र जारी किया।

# पचास का प्याज दस रुपये में बेचने को सरकार तैयार

**राजेश कुमार।** नई दिल्ली

**प्याज** की कमी के दौरान केंद्र ने करीब 50 रुपये प्रति किग्रा की दर से 33,500 टन प्याज का आयात किया था। अब उसने फैसला किया है कि इस 'स्वादहीन' और 'नमीयुक्त' प्याज की खेप को 10-15 रुपये प्रति किग्रा की दर से बेचने का राज्यों को प्रस्ताव दिया जाए। उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय ने मंगलवार को नेशनल एग्रीकल्चर कोऑपरेटिव मार्केटिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (नाफेड) निर्देश दिया है कि तुर्की और इजिप्ट से आयातित प्याज के इस भारी स्टॉक को देश भर में खुले बाजार भेजा जाए।

फिलहाल मुंबई बंदरगाह में कंटेनरों में 33,500 टन प्याज पड़ा हुआ है, जो बिक नहीं सका है क्योंकि उनके आकार, स्वाद और ऊंचे दाम के कारण उन्हें खरीदने वाला कोई नहीं है। साथ ही फरवरी के अंत तक घरेलू बाजार में सस्ता होने के बाद सरकार प्याज के निर्यात

● आयातित प्याज की भारी खेप को खपाने की कोशिश

से प्रतिबंध हटा सकती है। मंत्रालय के सूत्रों ने कहा कि मंत्रालय सस्ते दाम (10 से 15 रुपये प्रति किग्रा के बीच) में राज्यों को प्याज उपलब्ध कराएगा जिससे कि घरेलू बाजार में इसकी आपूर्ति में सुधार आए तथा तुर्की और इजिप्ट आयातित प्याज भारी खेप बिक जाए।

सूत्रों ने कहा, मंत्रालय ने राज्य से कहा है कि आयातित प्याज को सस्ती दरों पर बेचा जाएगा। ये गुणवत्ता में अच्छे, स्वाद में बेहतर और आकार में बड़े हैं। नाफेड से भी कहा गया है कि वह देश में (शेष पेज 10)

## बाजार

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 40,966 | ▼ 188 |
| निफ्टी | 12,055 | ▼ 63 |
| सोना | 41,294 | ▼ 162/10g |
| चांदी | 47,870 | ▼ 657 /kg |

## क्विक न्यूज

### अफ्रीकी चीता भारत लाने के लिए सरकार अनुमति

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को प्रयोग के तौर पर सरकार को अफ्रीकी चीते को भारत मे उचित स्थान पर रखने की अनुमति दे दी है। इस चीते के वास से यह देखा जाएगा कि क्या यह भारत की जलवायु मे खुद को ढाल सकता है। भारत मे दुर्लभ भारतीय चीते की प्रजाति लगभग विलुप्त होने के तथ्य का जिक्र करते हुए राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण ने न्यायालय ने नमीबिया से अफ्रीकी चीता लाकर भारत मे बसाने की अनुमति मांगी थी। प्रधान न्यायाधीश एसए बोबडे, न्यायमूर्ति बी आर गवई और न्यायमूर्ति सूर्य कांत की पीठ ने इसकी अनुमति देते हुए कहा कि शीर्ष अदालत इस परियोजना की निगरानी करेगी। पीठ ने इस संबंध मे तीन सदस्यीय समिति गठित की है।

# महाराष्ट्र में बस और ऑटो रिक्शा में भिड़ंत, 20 लोगों की मौत

**पायनियर समाचार सेवा।** मुंबई

**महाराष्ट्र** के नासिक जिले में मंगलवार को राज्य परिवहन की एक बस ने ऑटो रिक्शा को टक्कर मार दी। हादसे में कम से कम 20 लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि टक्कर के बाद दोनों गाड़ियां सड़क किनारे स्थित कुएं में गिर गईं।

एक अधिकारी ने बताया कि उत्तरी महाराष्ट्र के जिले में मालेगांव-देओला सड़क पर मेशी फाटा पर शाम करीब चार बजे हुई दुर्घटना में 18 से ज्यादा लोग ज़ख्मी हुए हैं। उन्होंने बताया कि सवारियों से खचा-खच भरी राज्य परिवहन की बस ने ऑटो रिक्शा को टक्कर मार दी। हादसे में अधिकतर घायल बस की सवारियां हैं। उन्होंने बताया कि टक्कर इतनी तेज़ थी कि बस ऑटो को घसीटकर सड़क किनारे स्थित कुएं में ले गई और दोनों गाड़ियां कुएं में गिर गईं। नासिक ग्रामीण की पुलिस अधीक्षक आरती सिंह ने बताया, कुएं में से कम से कम 20 शवों को निकाला गया है और घायलों को सरकारी अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। उन्होंने बताया, हम पंपों की मद्द से कुएं से पानी निकाल रहे हैं ताकि यह देख सकें कि क्या और मुसाफिर अब भी कीचड़ में फंसे हुए हैं?

एक अन्य अधिकारी ने बताया कि महाराष्ट्र राज्य सड़क परिवहन निगम की बस धुले जिले से नासिक के कल्याण जा रही थी, जबकि ऑटो विपरीत दिशा से आ रहा था। पुलिस ने बताया कि बस को कुएं से बाहर निकाल लिया गया है। इस बीच एमएसआरटीसी ने देर शाम जारी विज्ञप्ति में कहा कि इस घटना के लिए पहली नज़र में चालक की गलती लगती है। अभी यह साफ नहीं है कि मृतकों में बस चालक शामिल है या नहीं।

# हॉट शाहीन बाग पर हर दिन सियासी देग चढ़ा रही भाजपा

### पार्टी सांसद प्रवेश वर्मा ने दिया विवादित बयान, भड़काऊ नारे के लिए अनुराग ठाकुर को कारण बताओ नोटिस

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**दिल्ली** के चुनाव में शाहीन बाग का मुद्दा अब केंद्र में है। भाजपा इस मसले को चुनाव तक गरम रखना चाहती है। इसी क्रम में भाजपा सांसद प्रवेश वर्मा ने मंगलवार को विवादास्पद टिप्पणी करते हुए कहा कि कश्मीर में जो कश्मीरी पंडितों के साथ हुआ वह दिल्ली में भी हो सकता है। उन्होंने चेतावनी दी कि शाहीन बाग में लाखों सीएए विरोधी प्रदर्शनकारी घरों में घुस सकते हैं और महिलाओं से बलात्कार कर सकते हैं।

इससे पहले केंद्रीय कानून मंत्री रविशंकर प्रसाद ने सोमवार को आरोप लगाया था कि यह चुप रहने वाले बहुमत को कुछ सौ लोगों द्वारा दबाए जाने का का मामला है। सोमवार को ही भाजपा नेता और केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने विवाद पैदा कर दिया था जब उन्होंने चुनावी रैली में आए लोगों को गद्दारों को मारने वाला भड़काऊ नारा लगाने के लिए लोगों को उकसाया। चुनाव आयोग ने ठाकुर को दिल्ली विधानसभा चुनाव में विवादित बयान देने के लिए कारण बताओ नोटिस जारी कर दो दिन में जवाब देने को कहा है।

आयोग के सूत्रों के अनुसार आयोग ने ठाकुर से 30 जनवरी को दोपहर 12 बजे तक जवाब देने को कहा है। आयोग ने इस मामले में दिल्ली के मुख्य चुनाव अधिकारी (सीईओ) की रिपोर्ट के आधार पर यह कार्रवाई की है। सीईओ कार्यालय द्वारा आयोग को मंगलवार को सौंपी गई रिपोर्ट में केन्द्रीय मंत्री और भाजपा नेता ठाकुर द्वारा दिल्ली में चुनाव प्रचार के दौरान एक रैली में भड़काऊ नारेबाजी करने की पुष्टि की गई थी। रिपोर्ट में भाजपा के स्टार प्रचारक और पश्चिमी दिल्ली से सांसद वर्मा द्वारा एक साक्षात्कार में शाहीन बाग के बारे

सांसद प्रवेश वर्मा

में भड़काऊ बयान देने की भी पुष्टि की गई है। आयोग के सूत्रों के अनुसार सीईओ कार्यालय से मिली रिपोर्ट के आधार पर ठाकुर को नोटिस भेजा गया है। वहीं, वर्मा को भी नोटिस भेजने की कार्रवाई जारी है।

उधर, कांग्रेस ने दोनों भाजपा नेताओं के विवादास्पद बयान को लेकर मंगलवार को चुनाव आयोग में शिकायत की और कहा कि भड़काऊ बयान देने वालों नेताओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। प्रवेश वर्मा ने कहा, कश्मीर में जो कश्मीरी पंडितों के साथ हुआ वह दिल्ली में भी हो सकता है। शाहीन बाग में लाखों लोग जुटते हैं, वे आपके घरों में घुस सकते हैं और आपकी बहनों और बेटियों से बलात्कार कर सकते हैं और उनकी हत्या कर सकते हैं। अब लोगों को निर्णय करना है। पश्चिम दिल्ली के भाजपा सांसद ने कहा कि देश के लोग प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कारण सुरक्षित महसूस करते हैं, लेकिन अगर इस तरह की स्थिति उभरती है तो वह उन्हें नहीं बचा पाएंगे।

वर्मा ने कहा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने शाहीन बाग के प्रदर्शनकारियों का समर्थन किया और अब राष्ट्रीय राजधानी के लोगों को निर्णय करना है कि आठ फरवरी को विधानसभा चुनावों में वे किसे वोट देना चाहते हैं। जनकपुरी विधानसभा क्षेत्र में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की मौजूदगी में सोमवार को चुनाव प्रचार में वर्मा ने कहा था कि अगर भाजपा की दिल्ली में सरकार बनती है तो शाहीन बाग प्रदर्शन स्थल को 11 फरवरी की रात को ही खाली करा दिया जाएगा।

उधर, दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुभाष चोपड़ा की अगुवाई में कांग्रेस का एक प्रतिनिधिमंल चुनाव आयोग पहुंचा और भाजपा नेताओं के बयानों को लेकर शिकायत की। चोपड़ा ने संवाददताओं से कहा, भाजपा के नेता अभद्र भाषा का इस्तेमाल कर रहे हैं। हमने आयोग को बताया कि भाजपा के लोगों ने पहले हिंसा भड़काई थी। हमने अंदेशा जताया कि ये लोग इस तरह की भाषा का उपयोग करके दोबारा हिंसा फैलाना चाहते हैं। कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता अजय माकन ने कहा, प्रवेश वर्मा और अनुराग ठाकुर और खुद गृह मंत्री (शेष पेज 10)

# ग्रेनो प्राधिकरण का 29वां स्थापना दिवस संपन्न

**पायनियर समाचार सेवा।** ग्रेटर नोएडा

ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण हर वर्ष अपने स्थापना दिवस को एक समारोह के रूप में मनाता आ रहा है। इस वर्ष ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने अपना 29वां स्थापना दिवस 24 से 28 तक मनाया है। सभी वर्गों की सहभागिता के साथ इस बार स्थापना दिवस को भव्य स्तर पर विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक एवं रंगारंग कार्यक्रमों के साथ मनाया गया। कार्यक्रम के समापन अवसर पर प्राधिकरण कार्यालय में स्थित सभागार में गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें विशिष्ठ वार्तालाप एवं परिचर्चायें की गई। इसमें विशेषज्ञों के पैनल द्वारा प्रस्तुतीकरण दिए गए।

# विदेशी प्रणाली से होगी बच्चों की पढ़ाई

**नोएडा।** लिटिल बडी प्रीस्कूल ने हाल ही में अपनी नई फ्रेंचाइजी का नोएडा के जीटी 41ए सेक्टर 93 गेझा गांव में किया। यह स्कूल यूके पाठ्यक्रम पर आधारित है। लिटिल बडी प्रीस्कूल ने उद्घाटन के दौरान अपनी पढ़ाने की आधुनिक तकनीकों के बारे में बताया। इसमें एडमिशन लेने वाले बच्चे, उनके माता-पिता, स्टाफ मौजूद रहा। यह स्कूल आज के बच्चों की सभी जरूरतों और उम्र के अनुसार पाठ्यक्रम तैयार करता है।

# कूड़ा निस्तारण को जमीन देने पर बनी सहमति

**गजियाबाद।** कूड़ा निस्तारण को गालंद में बन रहे डंपिंग ग्राउंड के लिए किसान जमीन देने को लगभग तैयार हो गए है। एक हफ्ते में सेल डीड व अन्य औपचारिकताएं पूरी करने के बाद जमीन निगम को दे दी जाएगी।

नगर आयुक्त दिनेश चंद ने बताया कि शहर के लिए यह बहुत बड़ी उपलब्धि है। पहले यह कूड़ा जहां भी खाली जगह दिखता था वहीं पर डंप कर दिया जाता था, जिसका लोग विरोध करते थे और निगम के वाहन चालकों से विवाद भी हो जाता था। यह जमीन मसूरी थाना क्षेत्र स्थित गालंद गांव के जंगल में चिन्हित की गई हैं ।

**Format C-2**

**Declaration about**

As per the judgement dated Supreme Court in WP(Civil) No. 536 of 2011 (Public Interest Foundation and Ors. Vs. Union of India & Anr.) Name of the Political Party: **AAM AADMI PARTY** Name of the Election: **Legislative Assembly Election-2020** Name of State/UT: **NCT of DELHI**

| 1 | 2 | 3 | 4 | | | 5 | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Sl.No | Name of Candidate | Name of Constitutuency | Pending Criminal Cases | | | Details about cases of conviction for Criminal Offences | |
| | | | Name of Court | Case No.& Status of the Case(s) | Section of the Acts concerned & brief description of offence(s) | Name of Court & date(s) of order(s) | Description of offence(s) & Punishment Imposed |
| 1. | Sharad Kumar | Narela | Rouse Avenue Court, New Delhi | FIR No. 535/16 CR. No. 06/19, Pending Argument in Charged | U/S 306 IPC-Abatement of Suicide<br>U/S 120B IPC-Criminal Conspiracy<br>U/S 201 IPC-Causing Disappearance of Evidence of offence or Giving False Information to Screen Offender<br>U/S 65 IT Act-Tempering With Computer Source Documents | Not Applicable | Not Applicable |
| 2. | Dinesh Mohaniya | Sangam Vihar | Rouse Avenue Court, Delhi | CR Case 13/2019 (Pending) | 354,509/34 IPC | Lok Adalat 3(1) DPDP Act | Defacement of Property 5000/- |
| 3. | Atishi Marlena | Kalkaji | Patiala House Court | 16/2019 (Pending) | 500 IPC | Not Applicable | Not Applicable |
| 4. | Sahiram | Tughlakabad | Not Applicable | Not Applicable | Not Applicable | 1) Saket Court<br>2) Patiala House Court<br>3) Ld. MM | 1) Alleged involvement in an altercation at the time of incident when demolition drive was being conducted by DDA & Fine of Rs. 3000 imposed<br>2) Wrongfully restrained and assault upon complaint & fine of Rs. 2,00,500/- imposed<br>3) Pasting of Poster & fine of Rs. 1,000/- imposed |
| 5. | Rajesh Gupta | Wazirpur | Rouse Avenue Court, Delhi | CC.(15664/18) (Pending) | U/S 186/353/332/342/504/506(ii) /120-B/109/114/34/36/149 IPC | Not Applicable | Not Applicable |
| 6. | Amanatullah Khan | Okhla | 1) Under Investigation<br>2) Under Investigation<br>3) Rouse Avenue Court<br>4) Under Investigation<br>5) Under Investigation<br>6) Rouse Avenue Court<br>7) Before the Ld. Lokayukta for NCT of Delhi<br>8) Under Investigation<br>9) Under Investigation<br>10) Under Investigation<br>11) Under Investigation<br>12) Rouse Avenue Court | 1) FIR No. 0842/2019 (Pending Investigation)<br>2) FIR No.0088/2019 (Pending Investigation)<br>3) CC. No.8/2019 At the stage of trial<br>4) FIR No-0901/2018 (Pending Investigation)<br>5) FIR No. 0231/2018 (Pending Investigation)<br>6) FIR No. 0054/2018 CC. 15664/18 (Pending Trial Appeal has been Filed)<br>7) C.No. C-3787/LOK/18 (Reply has been filed to the compliant)<br>8) FIR No.302/17 (Pending investing)<br>9) FIR no.185/2017 (Pending Investigation)<br>10) FIR No.0767/2016 (Pending Investigation)<br>11) FIR No.9(A)/2016 (Pending Investigation)<br>12) FIR No. 380/2010 Charged Framed at the Stage the Evidence | 1) U/S-155/295 A/298/505(1)(B)/120-B of IPC. & U/S 67 of IT Act 2008 Hurting the Religious Sentiment of Certain Community.<br>2) U/S-323/341/506/34 of IPC Physical Assault & Threatning<br>3) Defamation case<br>4) U/S-323/341/506/308/120-B IPC Physical Assault & Threatning & Attempt to Commit Culpable Homicide.<br>5) 323/341/504/506/34 IPC Physical Assault & Threatening<br>6) U/S 186/332/353/120B/504/342/506(ii)/323/34 IPC Physical Assault & Threatening.<br>7) Allegation of Land Grabbing<br>8) U/S 323/341/506/379/356/34 IPC Mercilessly Beating and Snatching away printed material)<br>9) U/S 323/342/354/354A(1)/509/34 IPC Physical Assault & Threatning.<br>10) U/S 506 IPC Threatning to Withdraw the case<br>11) U/S 120-B IPC & 13(2) R/W 13(1)(B)PC Act.1998 Financial Irregularities & illegal recruitment in Delhi Wakf Board<br>12) U/S 186/353/506/34 IPC Assault & Criminal force to deter Public Servant. | 1 to 12<br>Not Applicable | 1 to 12<br>Not Applicable |
| 7 | Naveen Chaudhary | Gandhi Nagar | 1) KKD COURTS<br>2) Not Applicable | 1) CR Cases/0011303/2016 Prosecution Evidence<br>2) Not Applicable | 1) 147/148/149/186/332/353/341/506/34 IPC. It is alleged that I was part of mob Protesting<br>2) Not Applicable | 1) Not Applicable<br>2) M. - East Dist. & 13/02/1996 | 1) Not Applicable<br>2) Rs.200 Fine |
| 8 | S K Bagga | Krishna Nagar | Anti Corruption Branch | FIR No.03/2018 (Pending) | Section 7/13 POC Act R/W 506 IPC | Not Applicable | Not Applicable |
| 9 | Durgesh Kumar | Karawal Nagar | Patiala House Court | 50902/2016 (Pending) | U/S 160 IPC Affray case was Registered during a public meeting | Not Applicable | Not Applicable |
| 10 | Ram Niwas Goel | Shahdara | Not Applicable | Not Applicable | Not Applicable | Rouse Avenue Court | Punishment for House Tresspass. Simple Imprisonment of 6 months along with fine of Rs. 1000/- Further Simple Imprisonment of 15 days in default of . |
| 11 | Manish Sisodia | Patparganj | ACMM, RAC<br>ACMM, RAC<br>ACMM, RAC | 02/2019 (Pending)<br>44/2019 (Pending)<br>07/2019 (Pending) | 186/353/332/342/514/506(ii)/120-B/109/114 /34/36 & 149<br>500 IPC<br>500 IPC | Not Applicable | Not Applicable |
| 12 | Som Dutt | Sadar Bazar | Not Applicable | Not Applicable | Not Applicable | Sh. Samar Vishal ACMM-I, Rouse Avenue Court complex N.D. 29/06/2019 | U/s 325, Grevious Hurt, Six Months Imprisomment & Rs. 2 Lacs Fine |

*In the case of election to Council of States or election to Legislative Council by MLAs, mention the election concerned in place of name of constituency.

Note : (i) Details should be given separtely for each case in separate rows.

(ii) The matter in newspapers should be in font size of atleast 12.

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक चन्दन मित्रा द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। सम्पादक: चन्दन मित्रा, स्थानीय सम्पादक: उषा श्रीवास्तव। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879800-4879900।

विधानसभा चुनाव 2020

# दो सौ भाजपा सांसदों को दो करोड़ लोग देंगे जवाब

- मैदान में उतरे 70 केंद्रीय मंत्रियों और भाजपा शासित राज्यों के 11 मुख्यमंत्रियों की फौज पर केजरीवाल का हमला

राजधानी में आयोजित एक रैली में लोगों का अभिवादन स्वीकार करते मुख्यमंत्री। फोटो : रंजन डिमरी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली की सर्दी के बीच विधानसभा चुनाव की सरगर्मी भी बढ़ती जा रही है। दिल्ली का किला फतह करने के किलए भाजपा ने केंद्रीय मंत्रियों, मुख्यमंत्रियों, सांसदों की फौज उतारी है। केंद्रीय मंत्री अमित शाह रोजाना तीन से चार रैलियां, नुक्कड़सभाएं कर रही हैं। वहीं पार्टी के मुख्यमंत्री और सांसद भी आप सरकार और कांग्रेस को घेरने के लिए मैदान में उतार गए हैं।

भाजपा की ओर से लगातार किए जा रहे हमलों पर पलटवार करते हुए मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि भाजपा को दिल्ली में कोई नहीं मिला, इसलिए बाहर से सांसदों की फौज बुलाई है। ये आपके बेटे को हराने आए हैं। ये लोग आप लोगों से वोट मांगने तो हेंगे स्कूल, अस्पताल, मोहल्ला क्लिनिक खराब है। तब इनसे पूछिऐगा कि इनके राज्य में बिजली, पानी, अस्पताल और स्कूल पर क्या काम हुआ है। इनके पास कोई जवाब नहीं होगा और इन्हें चाय पिला कर वापस भेज देना।

अरविंद केजरीवाल ने मंगलवार को गोकुलपुरी विधानसभा में रोड शो में भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा, कांग्रेस, आरजेडी, जेडीयू समेत देश की तमाम पार्टियां दिल्ली वालों को हराने के लिए इकट्ठा हो गई हैं।

भाजपा का यहां के लोगों का साथ नहीं मिला तो उसने बाहर से 200 सांसद, 70 केंद्रीय मंत्री और 11 मुख्यमंत्रियों को प्रचार के लिए बुलाया है। सीएम ने बताया कि आपके घर का बड़ा बेटा बन कर आपका बिल जमा कर दिया। छोटे बच्चों के स्कूल का इंतजाम कर दिया। कभी कोई बीमार हुआ तो उसके इलाज का इंतजाम किया।

बड़े बुजुर्गों को तीर्थ यात्रा कराई। अब यह सभी विरोधी पार्टियां इकट्ठा हो गई हैं। भाजपा वाले बड़े-बड़े धुरंधर लेकर आ रहे हैं। ये लोग पांच साल के काम को हराने के लिए आ रहे हैं। आपके बेटे केजरीवाल को हराने के लिए आ रहे हैं। सब लोगों का अपमान करने के लिए आ रहे हैं।

# सीएए पर बोले राजनाथ, विपक्ष कर रहा गुमराह

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने नागरिकता संशोधन कानून व राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर और राष्ट्रीय नागरिक पंजी के मुद्दों पर विपक्षी पार्टियों को तीखा हमला किया है।

उन्होंने कहा कि विपक्ष इन मुद्दों पर पर लोगों को गुमराह कर रहा है विधानसभा चुनाव के पहले कोंडली में चुनावी रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि सीएए के तहत किसी के भी नागरिकता अधिकार को लिया नहीं जाएगा।

रक्षा मंत्री ने कहा, कुछ लोग सीएए पर राजनीति कर रहे हैं लेकिन उन्हें सफल नहीं होने दिया जाएगा। सभा को संबोधित करते हुए रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने प्रत्याशी राजकुमार ढिल्लो के लिए को जीताने की अपील

कोंडली में चुनावी रैली में आप और कांग्रेस पर निशाना साधते राजनाथ सिंह।

करते हुए कहा कि राजकुमार कोई बड़ा प्रत्याशी नहीं, बल्कि एक झुग्गी में रहने वाले हैं, लेकिन आप आम आदमी पार्टी के प्रत्याशियों को देखिए ये सब करोड़पति हैं।

हमारे प्रत्याशी चंदा लेकर चुनाव लड़ते हैं, इसलिए हमें भरोसा है कि आप अपने बीच के युवाओं को अपना आशीर्वाद देंगे।

चुनावी सभा में राजनाथ सिंह ने केजरीवाल के झूठे वादों पर हमला किया और कहा कि केजरीवाल का फ्री वाई-फाई, 5 हजार डीटीसी बसें, साफ पानी का वादा कहां गया? कहां गए दिल्ली के वर्ल्ड क्लास स्कूल, केजरीवाल इसका जवाब दें। उन्होंने कहा कि हमारी केन्द्र सरकार ने दिल्ली में कई विकास के कार्य किया है और अगर दिल्ली में भी हमारी सरकार बनी तो इसमें और तेजी आएगी। हम दिल्ली की जनता को पीने का शुद्ध पानी देंगे और उनकी मूलभूत जरूरतों को पूरा करेंगे।

राजनाथ ने कहा कि हम जब सरकार में आए थे तो किसी को भरोसा नहीं था कि हम घर-घर शौचालय बनाएगें, लेकिन हमने 13 करोड़ शौचायल बनावाया, 7 करोड़ गरीब महिलाओं को उज्वला योजना के तहत गैस कनेक्शन दिया, करोड़ों लोगों को आयुष्मान भारत योजना के तहत मुफ्त इलाज का लाभ दिया।

# नड्डा का आरोप, बढ़ने के बजाय घट गईं हजार बसें

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने मंगलवार को आम आदमी पार्टी (आप) सरकार पर बस यात्रियों की जिंदगी मुश्किल बनाने का आरोप लगाया और कहा कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने 5000 नई बसों का वादा किया था, लेकिन 1000 से अधिक बसें घट गईं।

नड्डा ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने भी दिल्ली सरकार से 11000 बसें खरीदने के लिए कहा, लेकिन कुछ

रिजल्ट नहीं निकला। आप सरकार कह रही है कि वह आठ फरवरी को होने वाले विधानसभा चुनाव विकास के मुद्दे पर लड़ेगी। ऐसे में भाजपा उस पर प्रहार करने के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य परिवहन जैसे क्षेत्रों में उसकी विफलताएं उजागर रही है। वहीं केन्द्रीय मंत्री श्री प्रकाश जावड़ेकर ने केंद्र सरकार द्वारा दिल्ली के लोगों के लिए किए कार्यों का रिपोर्ट कार्ड प्रस्तुत किया गया।

साथ में यह भी बताया दिल्ली सरकार दिल्ली के विकास में किस तरह से पिछले पांच साल में सात रोडे खड़े किए, जिससे दिल्ली का विकास लगातार बाधित हुआ। दिल्ली की 1731 कच्ची कॉलोनियों में रहने वाले 40 लाख से अधिक लोगों को केन्द्र सरकार ने मालिकाना हक दिया।

## विजय गोयल ने झुग्गी बस्ती में बिताई रात

**नई दिल्ली।** पूर्व प्रदेश अध्यक्ष विजय गोयल ने पटपड़गंज विधानसभा में शशि गार्डन के महात्मा गांधी झुग्गी-झोपड़ी में एक रात गुजारी। गोयल ने कहा कि पटपड़गंज विधानसभा दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसौदिया का इलाका है। यदि इस इलाके का इतना बुरा हाल है तो पूरी दिल्ली में क्या होगा, इसका अंदाजा हम लगा सकते हैं। पीने का पानी वहां है ही नहीं, लम्बी-लम्बी लाइनें पानी भरने के लिए लगती हैं।

# केजरीवाल के खिलाफ सबसे ज्यादा प्रत्याशी

## राजधानी भर में 13,750 केंद्रों पर 20,385 ईवीएम मशीनों की मदद से होगा मतदान

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

विधानसभा चुनाव के लिए आगामी आठ फरवरी को होने मतदान में 1,47,86,382 मतदाता चुनाव मैदान में मौजूद कुल 672 उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला करेंगे। चुनाव आयोग ने मंगलवार को विधानसभा चुनाव की तैयारियों का ब्योरा देते हुए बताया कि 70 विधानसभा सीटों पर मतदान के लिए 2,688 मतदान स्थलों पर बने 13,750 मतदान केंद्रों पर 20,385 ईवीएम मशीनों की मदद से मतदान होगा। इसमें खास बात यह है कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के सामने सबसे ज्यादा 28 उम्मीदवार मैदान में हैं।

विधानसभा चुनाव में भाजपा और कांग्रेस सहित छह राष्ट्रीय दलों के अलावा आप एवं अन्य पंजीकृत राज्यस्तरीय पार्टियों के कुल 672 उम्मीदवार (593 पुरुष और 79 महिला) चुनाव मैदान में हैं। इनमें 148 निर्दलीय उम्मीदवार भी शामिल



हैं। राष्ट्रीय दलों में भाजपा और कांग्रेस ने 66-66, बसपा ने 68, भाकपा, माकपा ने तीन तीन और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी ने पांच सीटों पर उम्मीदवार खड़े किए हैं। राज्य स्तरीय पंजीकृत दलों में आप ने सभी 70 सीटों पर उम्मीदवार उतारे हैं। वहीं अन्य पंजीकृत राज्यस्तरीय दलों के 243 उम्मीदवार चुनाव मैदन में हैं।

सर्वाधिक 28 उम्मीदवार नई दिल्ली विधानसभा सीट से और सबसे कम चार उम्मीदवार पटेल नगर विधानसभा सीट पर हैं। नई दिल्ली सीट पर मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, आप उम्मीदवार के रूप में चुनाव मैदान में हैं।

दिल्ली में पंजीकृत कुल 1,47,86,382 मतदाताओं में 81,05,236 पुरुष, 66,80,277 महिला और 869 तृतीय लिंग के मतदाता हैं। सभी मतदाताओं को फोटोयुक्त मतदाता पहचान पत्र जारी किए जा चुके हैं। दिल्ली में 498 अनिवासी भारतीय और 11,608 सर्विस वोटर भी शामिल हैं।

क्षेत्रफल की दृष्टि से सबसे छोटा विधानसभा क्षेत्र बल्लीमारान और सबसे बड़ा क्षेत्र नरेला है, जबकि सबसे कम मतदाताओं वाला विधानसभा क्षेत्र चांदनी चौक (1,25,684 मतदाता) और सर्वाधिक मतदाताओं वाला क्षेत्र मटियाला (4,23,682 मतदाता) है।

# 'आई लव केजरीवाल' ऑटो के चालान पर कोर्ट सख्त

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

ऑटो रिक्शा पर आई लव केजरीवाल लिखे होने की वजह से चालक को थमाए गए 10 हजार रुपए के चालान को चुनौती देने वाली याचिका पर हाई कोर्ट ने मंगलवार को आप सरकार, पुलिस और चुनाव आयोग से जवाब मांगा। याचिका में दावा किया गया है कि यह कार्रवाई राजनीतिक दुर्भावना से प्रेरित है।

दिल्ली सरकार के वकील और पुलिस ने अदालत को बताया कि 10 हजार रुपए का चालान क्यों काटा गया, इसका अध्ययन करने के लिए समय जरूरी है और इस बारे में रिपोर्ट दाखिल की जाएगी।

ऑटो चालक के वकील ने चुनाव आयोग की दलील का विरोध करते हुए कहा कि पहली बात तो यह राजनीतिक इश्तहार नहीं है और अगर है भी, तो इस पर प्रतिबंध नहीं लगाया जाएगा क्योंकि यह याचिकाकर्ता के

## ऑटो चालकों को परेशान कर रही भाजपा : सीएम

नई दिल्ली। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने मंगलवार को कहा कि भाजपा उन ऑटो रिक्शा चालकों पर भारी जुर्माना लगाकर परेशान कर रही है, जिन्होंने अपने रिक्शों पर आई लव केजरीवाल लिख रखा है। केजरीवाल ने कहा कि भाजपा गरीबों को निशाना बनाना बंद करे। उन्होंने कहा कि भाजपा अपनी पुलिस से गरीब ऑटो वालों के झूठे चालान करवा रही है। इनका कसूर केवल ये है कि इन्होंने आई लव केजरीवाल लिखा है। गरीबों के खिलाफ इतनी दुर्भावना ठीक नहीं है।

खर्च पर किया गया है न कि राजनीतिक दल के खर्च पर। उन्होंने कहा कि आचार संहिता में किसी व्यक्ति के खर्च से राजनीतिक विज्ञापनों की बात नहीं है।

# दया याचिका पर सुनवाई पूरी, फैसला आज

निर्भया मामला

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

निर्भया सामूहिक बलात्कार और हत्या मामले में दोषी मुकेश कुमार सिंह ने जेल में दुर्व्यवहार को आधार बनाकर सुप्रीम कोर्ट से रहम की भीख मांगी है। हालांकि केंद्र सरकार की ओर से पेश सॉलिसीटर जनरल तुषार मेहता इसका कड़ा विरोध किया और कहा कि जघन्य अपराध करने वाले के साथ जेल में दुर्व्यवहार दया का आधार नहीं हो सकता।

मौत की सजा पाए निर्भया के चार दोषियों में से एक मुकेश कुमार सिंह ने दया याचिका खारिज करने के राष्ट्रपति के आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है। इस मामले में कोर्ट ने मंगलवार को सुनवाई पूरी कर ली और बुधवार के लिए फैसला सुरक्षित रख लिया।

न्यायमूर्ति आर भानुमति, न्यायमूर्ति अशोक भूषण और न्यायमूर्ति एएस बोपन्ना की पीठ के समक्ष केंद्र का पक्ष रखते हुए सालिसीटर जनरल तुषार मेहता ने इस आरोप को गलत बताया कि दोषी



मुकेश को जेल में एकांत में रखा जा रहा है। उन्होंने कहा कि गृह मंत्रालय ने इस दोषी की दया याचिका के साथ सारा रिकार्ड राष्ट्रपति के पास भेजा था। मेहता ने कहा कि इस तरह के मामलों में न्यायिक समीक्षा का शीर्ष अदालत का अधिकार बहुत ही सीमित है और दोषी की दया याचिका पर फैसले में विलंब का गलत असर पड़ सकता था। सालिसीटर जनरल ने पीठ से कहा कि राष्ट्रपति को दया के बारे में खुद को आश्वस्त करना होता है और प्रत्येक प्रक्रिया को नहीं देखना होता। इससे पहले, दोषी मुकेश कुमार सिंह की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता अंजना प्रकाश ने दावा किया कि उसकी दया याचिका पर

- मुकेश ने जेल में हुए दुर्व्यवहार को आधार बनाकर मांगा रहम

विचार के समय राष्ट्रपति के समक्ष सारे तथ्य नहीं रखे गए।

इस पर पीठ ने सवाल किया कि आप कैसे कह सकती हैं कि ये तथ्य राष्ट्रपति महोदय के समक्ष नहीं रखे गए थे? आप यह कैसे कह सकती हैं कि राष्ट्रपति ने सही तरीके से विचार नहीं किया? दोषी के वकील ने जब यह कहा कि राष्ट्रपति के समक्ष सारे तथ्य नहीं रखे गए थे तो सालिसीटर जनरल तुषार मेहता ने पीठ से कहा कि राष्ट्रपति के समक्ष सारा रिकार्ड, साक्ष्य और फैसला पेश किया गया था।

मुकेश कुमार सिंह ने आरोप लगाया है कि दया याचिका अस्वीकार करने में प्रक्रियागत खामियां हैं और उसके मामले में विचार करते समय उसे एकांत में रखने सहित कतिपय परिस्थितियों और प्रक्रियागत खामियों को नजरअंदाज किया गया।

# संक्षिप्त समाचार

वंदना जैन ने दीप प्रज्वलित कर वार्षिक उत्सव समारोह का शुभारंभ किया।

## समावेशी शिक्षा ही सुनहरे भविष्य की कुंजी : वंदना जैन

**नई दिल्ली।** सेवालय एनजीओ की अध्यक्ष वंदना जैन कहा कि समावेशी शिक्षा ही सुनहरे भविष्य की कुंजी है। वे बलवंत राय मेहता विद्या भवन अंगूरीदेवी शेरसिंह मेमोरियल अकादमी के वार्षिक उत्सव समारोह में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित स्कूली छात्र छात्रों अभिभावकों एवं शिक्षकों को संबोधित कर रही थी। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि श्रीमती जैन ने दीप प्रज्वलित करके किया। बच्चों की प्रस्तुति देख सभी मंत्र मुक्त हो गए। इस अवसर पर स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्यमंत्री के मीडिया सलाहकार पंकज कुमार मिश्रा, फिजिकल एजुकेशन फाउंडेशन ऑफ इंडिया के सचिव पीयूष जैन, ग्रुप कैप्टन एससी बाहरी निदेशक, सहायक निदेशक दीपा मिश्रा, प्रथम पाली की प्रिंसिपल रिचा शर्मा, विभागाध्यक्ष आई ई/ए ओ गीता मलिक आदि उपस्थित थे।

## बायो-वैक्यूम शौचालय युक्त रेलगाड़ी बनी कालका

**नई दिल्ली।** उत्तर रेलवे ऐसी पहली क्षेत्रीय रेलवे बन गई है जिसने 12005 कालका-शताब्दी एक्सप्रेस के सभी डिब्बों में बायो-वैक्यूम शौचलयों से युक्त रेक का उपयोग शुरू कर दिया है । रेलगाड़ियों में विमान-शैली वाले बायो-वैक्यूम शौचालय लगाना भारतीय रेलवे की प्राथमिकता है। इस मामले की निगरनी माननीय रेलमंत्री के डैशबोर्ड आइटम के रूप में उच्चतर स्तर पर की जा रही है। वैक्यूम-निकासी प्रणाली दुर्गंध को दूर करने और पानी की खपत में बचत करने में मददगार होगी। रेक के शौचालय में यह बदलाव उत्तर रेलवे के नई दिल्ली स्थित कोच केयर सेंटर में किया गया है।

## किरोड़ीमल कॉलेज के छात्रों ने किया रक्तदान

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने दिल्ली विश्वविद्यालय के किरोड़ीमल कॉलेज में कॉलेज छात्र संघ के संयुक्त तत्वावधान में सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण शिविर एवं ब्लड डोनेशन कैंप लगाया । इसमें बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने सहभागिता की। कुल 55 छात्रों ने ब्लड डोनेशन कैंप में रक्तदान किया तथा लगभग ढाई सौ से अधिक छात्रों ने सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण कराया। अभाविप कार्यकर्ता तथा किरोड़ीमल कॉलेज छात्रसंघ के सेन्ट्रल कांउसलर अनिकेत सांगवान ने कहा कि आज के कार्यक्रम में छात्रों ने बड़ी संख्या सहभागिता की, कैंपस में ऐसे आयोजनों की जरूरत है जिससे छात्र सामाजिक गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग ले सकें।

# शाहीन बाग प्रदर्शनकारियों के बीच युवक ने लहराई पिस्टल

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

शाहीन बाग में प्रदर्शकारियों के बीच मंगलवार को एक व्यक्ति पिस्टल लेकर पहुंचा। प्रदर्शनकारियों ने उसे पकड़ लिया और उसकी पिस्टल छीनने के बाद मारपीट कर उसे मौके से भगा दिया। पुलिस का कहना है कि इस संबंध में कोई शिकायत फिलहाल नहीं मिली है। न ही उस शख्स ने संपर्क किया है जिससे मारपीट हुई है।

शाहीन बाग धरनास्थल पर मंगलवार दोपहर उस वक्त अफरा-तफरी मच गई जब करीब दर्जन भर लोग प्रदर्शनकारियों के बीच घुस गये और एक तरफकी सड़क खोलने की मांग करने लगे। इनमें से एक युवक ने पिस्तौल लहराते हुए धरना खत्म करने के लिए धमकी भी दे डाली। युवक ने कहा कि धरने की वजह से आम लोगों को परेशानी हो रही है। धरने पर बैठी महिलाओं ने उसे धक्का मारकर मंच से दूर कर दिया। विरोध के चलते युवक अपने साथियों के साथ वहां से भाग गया। इस घटना का एक वीडियो भी वायरल हो गया।

मामले में पुलिस से शिकायत नहीं की गई है। हालांकिए शाहीन बाग धरने के ट्विटर हैंडल पर कहा गया है कि ये लोग दक्षिणपंथी विचारधारा के लोग हो सकते हैं।

# लगातार हो रही बारिश, बढ़ेगी ठंड

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी के कई हिस्सों में सोमवार शाम से रुक-रुक कर बारिश हो रही है। मंगलवार को दिन में यह सिलसिला जारी रहा और रात को भी तेज पानी बरसा। पिछले 24 घंटों में 5.7 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है। मौसम विभाग के अनुसार बुधवार को बादल छाए रहेंगे और कहीं-कहीं बौछारें पड़ सकती हैं। बारिश से नमी का स्तर बढ़कर 100 प्रतिशत तक हो गया। अगले तीन-चार दिन तक कड़ाके की सर्दी पड़ेगी।

मौसम विभाग के एक अधिकारी ने कहा कि सुबह साढ़े आठ बजे न्यूनतम तापमान 10.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से दो डिग्री अधिक है, जबकि आर्द्रता का स्तर 100 प्रतिशत रहा। सफदरजंग वेधशाला में 5.7 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई है, जबकि पालम वेधशाला में 4.4 मिमी वर्षा दर्ज की गई। लोधी रोड, आया नगर और रिज एरिया वेधशाला में क्रमश: 6.3 मिमी, 5.4 मिमी और 3 मिमी वर्षा दर्ज की गई।

बारिश के बावजूद प्रदूषण से निजात नहीं मिल पा रही है। राजधानी में वायु गुणवत्ता का स्तर सुबह 9.34 बजे 280 दर्ज किया गया, जबकि फरीदाबाद में एक्यूआई 279, गाजियाबाद में 316, ग्रेटर नोएडा में 312, गुरुग्राम में 214 और नोएडा में एक्यूआई 316 दर्ज किया गया।

- आज भी छाए रहेंगे बादल, तीन डिग्री तक गिरेगा तापमान

विभाग का कहना है कि राजधानी में अगले दो दिन में न्यूनतम तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस की गिरावट आएगी। कड़ाके की ठंड का सिलसिला तीन फरवरी तक जारी रह सकता है। उसके बाद कुछ राहत मिलने की उम्मीद है।

## हिस्ट्री शीटर की हत्या के मामले में चार गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** पूर्वी दिल्ली के जीटीबी एंकलेव में युवक की हिस्ट्री शीटर ऋषि कपूर हत्या की गुत्थी का पर्दाफाश करते हुए दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल चार बामदशों को गिफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान गुलशन, गुरु सेवक उर्फ बिट्टू, गुरुदास सिंह और प्रदीप सिंह उर्फ दीपू के रूप में हुई है। इन लोगों के कब्जे से दो कट्टा और दो कारतूस बरामद किए गए हैं।

पुलिस उपायुक्त संजीव कुमार यादव के अनुसार, गत 25 जनवरी को ऋषि कपूर नामक बदमाश की जीटीबी एंकलव में अज्ञात लोगों ने हत्या कर दी गई थी। इस संबंध में मानसरोवर पार्क में हत्या का मामला दर्ज कर छानबीन शुरू की गई। जांच मं पता चला कि ऋषि इलाका कुख्यात बदमाश है। उसके खिलाफ हत्या की कोशिश समेत 11 आपराधिक मामले दर्ज हैं।

**Format C-1**

**Declaration about criminal cases**

(As per the judgment dated 25th September, 2018 of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No. 536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr.) Name and address of candidate: **Sharad Kumar, 123 Bhumiya Wala Chowk Village Bkoli Delhi 110036** Name of the Political Party: **AAM AADMI PARTY** (Independent candidates should write "Independent" here) Name of the Election : **Legislative Assembly of NCT of Delhi,** Name of State/ UT : **NCT of Delhi,**Name of Constituency : **AC-01 Narela.**

**I Sharad Kumar** (name of candidate), a candidate for the above mentioned election, declare for public information the following details about my criminal antecedents :

| Sl. No. | Pending Criminal Cases | | | Details about cases of conviction for Criminal Offences | |
|---|---|---|---|---|---|
| | Name of Court | Case No. and Status of the Case | Sections of the Acts concerned & brief description of offence (s) | Name of Court & date (s) of order(s) | Description of offence(s) & punishment imposed |
| 1. | CBI Court, RAC Delhi | FIR No. 535/16 CR. No. 06/19 (Pending) | 306/201/120B IPC- 65IT Act | Not Applicable | Not Applicable |

*In the case of election to Council of States or election to Legislative Council by MLAs, mention the election concerned in place of name of constituency.

Note : (i) Details should be given separtely for each case in separate rows.
(ii) The matter in newspapers should be in font size of atleast 12.

# जब पूछा गया तो बाहर आया पुलिसवालों के अंदर का तनाव

## अधिक ड्यूटी समय के चलते तनाव से ग्रस्त हैं पुलिसकर्मी

## खुद और परिवार के लिए मांगा समय

## उच्चाधिकारियों ने दिया उनकी चिंता दूर करने का आश्वासन

गुरुग्राम के भोंडसी स्थित पुलिस ऑडिटोरियम में पुलिसकर्मियों को तनाव मुक्त रहने के लिए टिप्स देतीं आध्यात्मिक कोच मनमीत कुमार।

**संजय कुमार मेहरा।** गुरुग्राम

**यह** कटु सत्य है कि पुलिस विभाग में ड्यूटी का समय सामान्य विभागों की तुलना में काफी अधिक होता है। अधिक समय तक ड्यूटी करने के चलते पुलिसकर्मियों को बहुत अधिक तनाव हो जाता है। भोंडसी स्थित पुलिस ऑडिटोरियम में सोमवार को पुलिसकर्मियों के अंदर का तनाव उस समय बाहर आया, जब उनसे फ्रेंडली माहौल में एक संस्था द्वारा कार्यक्रम आयोजित करके पूछा गया। इस दौरान अधिकारियों ने भी गंभीरता दिखाते हुये इस बारे में सकारात्मक निर्णय लेने का आश्वासन दिया।

पुलिसकर्मियों के दैनिक तनाव और चिंता का प्रबंधन करने के उद्देश्य से दो घंटे की कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें आध्यात्मिक कोच और साउल मिराकल के संस्थापक मनमीत कुमार ने करीब 600 पुलिसकर्मियों को तनाव मुक्ति का मार्ग बताया, साथ ही उसने तनाव पर लंबी बातचीत की और उनसे उनकी परेशानियां पूछी गईं। कार्यशाला का उद्देश्य क्रोध और तनाव को कम करने व एक स्वस्थ वातावरण बनाने के लिए एक तंत्र विकसित करना था। मनमीत कुमार ने कहा कि आंतरिक शांति एक शक्तिशाली जीवन बनाने की कुंजी है। गुरुग्राम पुलिस ने तनाव से संबंधित मुद्दों के व्यावहारिक समाधानों को देखने के लिए उत्कृष्ट पहल की है। कार्यशाला में शामिल हुए गुरुग्राम के महिला एवं पुरुष पुलिसकर्मियों को यह भी अहसास दिलाया कि भले ही उनकी नौकरियों में बहुत दबाव हो, लेकिन यह पेशा वे लोग ही चुनते हैं, जिनमें जुनून होता है।

### पुलिसकर्मियों, अधिकारियों ने रखी अपनी बात

**कार्यशाला** में सहायक पुलिस आयुक्त (मुख्यालय) ऊषा कुंडू, पुलिस थानों के निरीक्षक (स्टेशन हाउस अधिकारी) और अपराध जांच एजेंसी के प्रभारी के साथ 500 पुलिस कर्मियों ने भी भाग लिया। कार्यशाला में एक युवा पुलिसकर्मी ने अपने परिवारों के लिए अनियमित काम के घंटे और सीमित समय जैसी चिंताओं को व्यक्त किया। जिस पर वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने उनकी चिंताओं को ध्यान से सुना और इस पर सकारात्मक निर्णय लेने का आश्वासन दिया। सेक्टर-17 क्राइम इन्वेस्टीगेशन टीम के इंस्पेक्टर नरेंद्र चौहान ने कहा कि यदि आप अपने काम के बारे में भावुक हैं, तो यह एक ध्यान की तरह लगता है। उन्होंने यह भी कहा कि आपराधिक मामलों को सुलझाने के ऐसे दबावों के बीच पुलिस के लिए अपने संतुलन को बनाए रखना महत्वपूर्ण है।

## जज की पत्नी, बेटे की हत्या केस में बचाव पक्ष की हुई बहस

**गुरुग्राम।** जिला अदालत में कार्यरत तत्कालीन अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश कृष्णकांत की पत्नी व पुत्र की उनके ही सुरक्षाकर्मी द्वारा गोली मारकर हत्या कर देने के मामले की सुनवाई मंगलवार को अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुधीर परमार की अदालत में हुई।

बचाव पक्ष के अधिवक्ता की अदालत ने बहस सुनी। कई घंटे चली बहस पूरी नहीं हो सकी, जिस पर अदालत ने बचाव पक्ष की बहस सुनने के लिए आगामी 3 फरवरी की तारीख निश्चित कर दी है। जिला उप न्यायवादी अनुराग हुड्डा व अभियोजन पक्ष के वरिष्ठ अधिवक्ता विशाल गुप्ता के मुताबिक पिछली तारीख पर अदालत ने अभियोजन पक्ष की इस दोहरे हत्याकांड में बहस सुनी थी।

## संक्षिप्त समाचार

### जल संरक्षण विषय पर संगोष्ठी में एक्सपर्ट ने दिए सुझाव

**गुरुग्राम।** जल संरक्षण विषय पर तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी राजकीय महाविद्यालय सिधरावली में शुरू हुई। विभिन्न वक्ताओं ने जल संरक्षण-मुद्दे और चुनौतियां पर अपने विचार रखे। वक्ताओं ने अपने वक्तव्य में पानी के महत्व पर अपने-अपने ढंग से प्रकाश डाला। गुरूग्राम विश्वविद्यालय के कुलपति डा. मार्कण्डेय आहुजा ने पानी के महत्व को आध्यात्म से जोड़कर समझाया। उन्होंने आरूणी व उनके गुरू की कथा के माध्यम से जल का महत्व बताया। स्टारेक्स विश्वविद्यालय के कुलपति डा. अशोक दिवाकर ने स्व: रचित कविता की सहायता से जल के महत्व पर बल दिया। हरियाणा बटालियन के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल अजीत सिंह ने जल संरक्षण के नायाब तरीकों पर प्रकाश डाला। इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर में भूगोल विभाग के चेयरमेन प्रो. शेरसिंह ने जल को प्रकृति की आत्मा बताया। संगोष्ठी में मुख्य वक्ता टाटा इस्टीट्यूट ऑफ सोशल साईंस मुंबई से प्रोफेसर आरबी भगत थे। पहले दिन अन्य चार तकनीकी सत्रों में कई बुद्धिजीवियों ने अपने-अपने शोध पत्रों का वाचन किया। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्या डा. महास्वेता व संगोष्ठी के आयोजक भूगोल विभागाध्यक्ष डा. पीके मलिक ने आए हुए अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

### बिजली की आंख मिचौली से लोग परेशान

**नूंह।** पुन्हाना के अंतर्गत डोंडल गांव में स्थित 33 केवीए सब स्टेशन से आने वाली बिजली से जेतलका, बडेड, मल्हाका सहित कई गावों के लोग परेशान हैं। लोगों का आरोप है कि रात के समय अधिकतर बिजली गुल रहती है। आरोप है कि जब इस मामले में डोंडल सब स्टेशन पर तैनात कर्मचारियों से बात की जाती है तो उनका रवैया भी ठीक नहीं होता। ऐसे में लोगों को काफी परेशानियों से जूझना पड़ता है, लेकिन निगम की ओर से कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। ग्रामीण असलम, सत्तार, खूबी, राशिद, शाहिद सहित कई लोगों ने बताया कि डोंडल पावर हाऊस से आने वाली बिजली ना तो रात के समय ठीक ढंग से आती है, और ना दिन में ही। रात के समय तो ना जाने कितने कट लगते रहते हैं। लोगों का आरोप है कि पावर हाऊस से बिजली को क्रेशर प्लांटों पर पैसे लेकर अधिक समय दिया जा रहा है, जिसके कारण ग्रामीण क्षेत्र की बिजली को काटा जा रहा है।

### मिशन क्राइम फ्री इंडिया की बैठक आयोजित

**गुरुग्राम।** सामाजिक संस्था मिशन क्राइम फ्री इंडिया की बैठक का आयोजन प्रदेश कार्यालय में संस्था के प्रदेशाध्यक्ष जतिन धनराज खत्री की अध्यक्षता में किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में संस्था के सदस्य शामिल हुए। जतिन धनराज ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) व राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर (एनआरसी) लागू कर देशहित में कदम उठाया है। देश में अवैध रुप से रह रहे घुसपैठियों को बाहर का रास्ता दिखाया जाएगा। उन्होंने कहा कि संस्था इन कानूनों का पूरा समर्थन करती है। संस्था के सदस्यों ने ध्वजारोहण कर गणतंत्र दिवस के बारे में जानकारी भी दी। बैठक में संस्था के नैन सिंह खटाना, गिरजा देवी, विधा देवी, शीला देवी, मीनू गोयल, सीमा देवी, उषा रानी, गौतम सैनी, राकेश हुकमा सहित क्षेत्रवासी भी मौजूद रहे।

### धूमसपुर, कादरपुर व नया गांव में चला डीटीपी विभाग का पीला पंजा

**सोहना।** डीटीपी विभाग ने भोंडसी थाना के अंर्तगत आने वाले गांव धूमसपुर, नया गांव व कादरपुर में काटी गई अवैध कॉलोनियों में पीला पंजा चलाया। डीटीपी की टीम ने 50 से 60 एकड़ जमीन पर प्लाटों की हो रही चार दीवारी और कच्ची सड़कों को उखाड़ फेंका। मंगलवार को डीटीपी विभाग की टीम ने सुबह 11 से लेकर सायं पांच बजे तक भोंडसी थाना के अंतरगर्त आने वाले गांव धूमसपुर, कादरपुर, जेल मार्ग व नया गांव में कृषि योग जमीन पर काटी गई अवैध कॉलोनियों में बनी चार प्लाटों की चार दीवारी और कच्ची सड़कों को उखाड़ दिया। डीटीपीओ आरएस भट के नेतृत्व में टीम भारी पुलिस बल के साथ पहुंची। टीम के साथ दो जेसीबी थीं। जिनमें अवैध कॉलोनियों में प्लाटों की निशानदेही करने के बाद ग्राहकों को सड़कें बनाने का प्रलोभन दिया जा रहा था। सौ के लगभग प्लाटों की चार दीवारियां की हुई थीं। जो दो से लेकर चार फुट ऊंची थीं। जिन्हें जेसीबी से गिराया गया। नया गांव में करीब एक एकड़ चार दीवारी के अंदर की जा रही अवैध प्लाटिंग को भी समाप्त किया। इस अवसर पर डीटीपीओ ने किसी भी प्रकार की प्रक्रिया नहीं की।

### तीन दिवसीय 48वें वार्षिकोत्सव का आयोजन 30 से

**गुरुग्राम।** शिवाजी नगर स्थित मंदिर श्री बालाजी महाराज का 3 दिवसीय 48वां वार्षिकोत्सव का आयोजन आगामी 30 जनवरी से होगा। मंदिर की अधिष्ठाता देवता महाराज ने बताया कि आयोजन में हरिद्वार भगवत धाम के पीठाधीश्वर महामंडलेश्वर स्वामी विवेकानंद महाराज, वृंदावन ब्रह्मानंद आश्रम के पीठाधीश्वर स्वामी ब्रह्मचैतन्य महाराज, पर्णकुटि आश्रम के पीठाधीश्वर स्वामी विवेकानंद महाराज, गोपीनाथ मंदिर अर्जुन नगर के पीठाधीश्वर विनोद वैध महाराज व गढ़ी हरसरु स्थित मां वैष्णो दरबार की पूनम माता शामिल होंगी और प्रवचन करेंगे। आयोजन का शुभारंभ सुंदरकांड के पाठ से होगा, जिसमें रविंद्र मेहता संगीतमयी प्रस्तुति देंगे। प्रतिदिन भजन, प्रवचन व हवन-यज्ञ का आयोजन होगा। विशाल भण्डारे का भी आयोजन होगा, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण करेंगे।

### भारत बंद के समर्थन में समाजसेवी व वकीलों ने की मीटिंग

**नूंह।** मंगलवार को पुन्हाना के तहसील कार्यालय में समाजसेवी व वकीलों ने एनआरसी व सीएए तथा एनपीआर के खिलाफ भारत बंद के समर्थन में एक बैठक की। जिसमें उन्होंने कहा कि भारत बंद के संदेश को वह सभी लोगों तक पहुंचाएंगे और लोगों से भारत बंद के समर्थन में हिस्सा लेने के लिए भी आह्वान करेंगे और इस काले कानून के खिलाफ पूरी लड़ाई लड़ेंगे। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने नागरिकता कानून बनाकर गलत किया है। जिसे वह किसी भी कीमत में बर्दाश्त नहीं करेंगे। वकीलों ने कहा कि इस कानून ने देश को हिलाकर रख दिया है। विरोध में जगह-जगह लगातार प्रदर्शन हो रहे हैं, लोग कठिनाइयों से जूझ रहे हैं। लगातार शाहिन बाग में महिलाएं अपने नन्हे मुन्हे बच्चों को लेकर धरना दे रही हैं। देश का अधिकतर नागरिक इस काले कानून का विरोध कर रहा है। इस मीटिंग में रशीद एडवोकेट, साहब खां, मुस्ताक एडवोकेट, तोसिफ बीसरु, सपात झारोकडी, शमसेर नमबरदार, अय्यूब कम्प्यूटर ऑपरेटर, मौलाना जाहुल सहित काफी लोग मौजूद रहे।

# चलता है वाला रवैया नहीं चलेगा बच्चों की सुरक्षा हो सर्वोपरि

## गुरुग्राम के निजी स्कूलों को डीसी ने चेताया

## गेमिंग मॉडल अपनाकर की जाएगी स्कूलों की रैंकिंग

गुरुग्राम में निजी स्कूल संचालकों, स्टाफ की बैठक लेते डीसी अमित खत्री।

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम

**अब** चलता है वाला रवैया नहीं चलेगा। प्रशासन नेमिंग एण्ड शेमिंग का फार्मूला अपनाएगा। बच्चों की सुरक्षा हमारे लिये सर्वोपरि है और होनी चाहिये। इसमें किसी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। जो स्कूल अच्छा करके दिखायेंगे, उनकी गेमिंग मॉडल अपनाते हुए रैंकिंग की जाएगी। यह बात गुरुग्राम के डीसी अमित खत्री ने मंगलवार को यहां सेक्टर-45 स्थित दिल्ली पब्लिक स्कूल में कही। वे यहां सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी के तहत निजी स्कूलों के प्रबंधकों व प्राचार्यों की बैठक ले रहे थे।

उन्होंने कहा कि सुरक्षा ऑडिट में बच्चों के लिए अच्छे सुरक्षा प्रबंध करने वाले स्कूलों की प्रशंसा होगी, वहीं सुरक्षा मानकों को लागू नहीं करने वाले स्कूलों का नाम सार्वजनिक करते हुए उनकी जिम्मेदारी तय की जाएगी। उन्होंने नीजी स्कूलों के प्रतिनिधियों से कहा कि वे कैजुअल अप्रोच ना अपनाएं और सरकार द्वारा बच्चों की सुरक्षा के लिए निर्धारित किए गए मानकों को अपने विद्यालय परिसर तथा स्कूल बस में लागू करवाएं।

कोई भी व्यक्ति परफेक्ट नहीं है और कमियां हर व्यक्ति में होती हैं, लेकिन उन कमियों को दूर करने के लिए हम मानसिक रूप से तैयार हों तथा सीखने की मंशा रखें। डीसी अमित खत्री ने कहा कि बैठक में विद्यार्थियों की सुरक्षा से जुड़े कई पहलुओं पर विचार-विमर्श किया गया है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों की सुरक्षा के मामले में कोई कोताही सहन नहीं की जाएगी। सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी को लागू करने के लिए सन् 2017 में तत्कालीन उपायुक्त द्वारा जारी किए गए धारा 144 के आदेश वर्तमान में भी लागू है।

कोताही करने वाले स्कूलों के खिलाफ निषेधाज्ञा उल्लंघन की कार्यवाही की जाएगी। बैठक में निजी स्कूलों की सेफ्टी ऑडिट करने वाली टीम के सदस्यों गीरिश तथा दिव्या वैष्णव ने स्कूल परिसरों तथा स्कूल बसों में विद्यार्थियों की सुरक्षा में पाई गई कमियों के बारे में स्कूल का नाम लिए बगैर जानकारी भी दी। दिव्या ने पोक्सो एक्ट तथा यौन अपराधों के बारे में बैठक में विस्तार से जानकारी दी।

### सुरक्षा के न्यूनतम स्टैंडर्ड सुनिश्चित करें

**अतिरिक्त** उपायुक्त एवं क्षेत्रीय यातायात प्राधिकरण के सचिव प्रशांत पंवार ने कहा कि हम बच्चों के लिए घर से स्कूल लाने-ले जाने तथा स्कूल परिसर में सुरक्षा के न्यूनतम स्टैंडर्ड तो सुनिश्चित कर ही सकते हैं।

जिला शिक्षा अधिकारी कैप्टन इंदू बोकन ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि इस बैठक का उद्देश्य है कि प्रत्येक विद्यार्थी स्कूल परिसर तथा स्कूल बस में अपने आपको सुरक्षित महसूस करे।

## सफलता के लिए इच्छाशक्ति होनी जरूरी: दीप्ति ढींढसा

रूडसेट संस्थान में 745वें उद्यमिता विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन पर प्रमाण पत्र वितरित करतीं आजीविका मिशन गुरुग्राम की जिला प्रबंधक दीप्ति ढींढसा।

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम

**आजिविका** मिशन गुरुग्राम की जिला प्रबंधक दीप्ति ढींढसा ने कहा कि जीवन में सफल होने के लिए इच्छा शक्ति से बढ़कर कुछ भी नहीं है। इसलिए सबसे पहले अपने अंदर इच्छाशक्ति पैदा करनी होगी। तभी सफलता की सीढ़ी चढ़ सकते हैं। यह बात उन्होंने मंगलवार को यहां रूडसेट संस्थान में 745वें उद्यमिता विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन अवसर पर कही।

उन्होंने चार बातों पर अमल करने के कहते हुये प्रेरणा दी कि तय सीमा के अन्तर्गत काम पूरा करें। काम को ईमानदारी से करें। गुणवत्ता का खास ख्याल रखना चाहिए और अपने आत्मविश्वास को हमेशा दृढ़ रखना चाहिए। तभी उन्नति में अपना योगदान दे सकते हैं। इसके लिए सभी को रूडसेट संस्थान ने एक लक्ष्य दिया है। यह एक सराहनीय कदम है। आज के दौर में इस तरह के कार्य नि:शुल्क नहीं होते, पर रूडसेट संस्थान नि:शुल्क प्रदान कर रहा है। संस्थान के निदेशक संजय धिंगरा ने बताया कि इस छह दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रशिक्षणार्थियों को ग्राहक सम्बन्ध, बाजार की जानकारी, कच्चे माल की खरीदारी, बिक्री में समस्या की जानकारी, समस्या का समाधान, बैंको से लोन लेने के बारे में जानकारी तथा सरकार द्वारा चलाये जा रहे योजनाओं के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया।

### रूडसेट संस्थान में 745वां उद्यमिता विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन

# पोस्टर बनाओ स्पर्धा में 44 विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

**गुरुग्राम।** राष्ट्रीय युवा पखवाड़ा के अंतर्गत रेड रिबन क्लब द्वारा शैक्षणिक संस्थानों में चलाए जा रहे युवा जागरुकता अभियान के दौरान राजकीय महाविद्यालय सेक्टर 9 में पोस्टर बनाओ प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया।

ड्रग एब्यूज, मेंटल हेल्थ एवं एचआईवी एड्स के विषय पर आयोजित इस प्रतियोगिता में महाविद्यालय के कला, विज्ञान एवं वाणिज्य संकाय के स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों के 44 मेधावी छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। स्केच पेन्स, क्रेयॉन्स कलर एवं वाटर कलर की मदद से पोस्टर बना रहे बनाने में संलग्न विद्यार्थियों को देखकर विषय के प्रति उनकी संवेदनशीलता एवं रचनात्मकता का आभास हो रहा था। इस प्रतियोगिता में बीटीटीएम की छात्रा निकिता प्रथम, वाणिज्य स्नातक की छात्राएं मीता मंडल एवं नेहा भारती द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रहीं। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर सत्यमन्यु यादव एवं कैप्टन राजकुमार ने कहा कि युवावस्था में ही हमें स्वयं को अपनी अपने संपूर्ण जीवन की दशा और दिशा तय करने का अवसर मिलता है।

## लूट के मामले में आरोपी को 5 साल की कैद

**गुरुग्राम।** कारोबारी से लाखों रुपये लूटने के मामले की सुनवाई करते हुए जिला एवं सत्र न्यायालय की एक अदालत ने पुख्ता सबूतों व गवाहों के आधार पर आरोपी को दोषी करार देते हुए 5 साल की कैद व 25 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। जुर्माने का भुगतान न करने पर दोषी को अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। जानकारी के अनुसार 21 जून 2019 को सदर बाजार स्थित हरी स्वीट्स के संचालक यश कालरा से उस समय नोटों से भरा बैग लूट लिया गया था, जब वह अपनी दुकान बंद कर घर जाने के लिए अपनी कार में सवार होने जा रहा था। उसी दौरान एक्टिवा सवार उनका बैग झपटकर फरार हो गया था। कारोबारी ने बैग में 10 लाख रुपए बताए थे।

# सीएए व एनआरसी से बिगड़ते जा रहे हैं देश के हालात : एसएल प्रजापति

## संविधान बचाओ दिवस का हुआ आयोजन

गुरुग्राम जिला अदालत परिसर में संविधान बचाओ दिवस पर बाबा साहेब डा. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा के समक्ष एकत्रित जन एकता अधिकार आंदोलन संस्था के सदस्य।

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम

**गुरुग्राम।** जनएकता जन अधिकार आंदोलन द्वारा जिला अदालत परिसर स्थित बाबा साहेब डा. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा पुष्प अर्पित कर संविधान बचाओ दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में संस्था के सदस्य व पदाधिकारी शामिल हुए।

संस्था के एसएल प्रजापति, बलवीर मलिक, शोभा आदि ने कहा कि संविधान संशोधन कानून (सीएए) व राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर (एनआरसी) से देश के हालात बिगड़ते जा रहे हैं। असम में 19 लाख देशवासियों को अपने ही देश में शरणार्थी बना दिया गया है। घुसपैठियों को निकालने के नाम पर देशवासियों से नागरिकता छीन कर उन्हे शरणार्थी शिविरों में रखने का षड्यंत्र रचा गया है। सांप्रदायिक बंटवारा कर भाजपा वोटो के ध्रुवीकरण से सत्ता पर काबिज रहने का षड्यंत्र कर रही है। सरकार की मंशा को जनता कभी पूरा नहीं होने देगी तथा ऐसी विभाजनकारी नीतियों का कडा विरोध कर मुकाबला किया जाएगा। उन्होंने कहा कि देश में बढ़ती बेरोजगारी, महंगाई, जीडीपी की गिरावट पर ध्यान देने की बजाय सांप्रदायिक विद्वेष फैला कर हिन्दू राष्ट्र के एजेंडे को लागू किया जा रहा है।

# आरडब्ल्यूए ने मेयर टीम से कहा, जो पार्षद सही काम नहीं कर रहे उनका भी इस्तीफा लेंगे...

## पार्कों व सामुदायिक केंद्रों के रखरखाव को लेकर आरडब्ल्यूए व पार्षदों के बीच चल रहा है विवाद

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम

**मिलेनियम** सिटी गुरुग्राम की आरडब्ल्यूए और नगर निगम के बीच विवाद जल्दी सुलझता नजर नहीं आ रहा। नगर निगम की गत शनिवार को हुई बैठक में जहां आरडब्ल्यूए पर कई तरह के नियम लागू किया गये। इसमें मेयर ने डिफाल्टर और सही काम न करने वाली आरडब्ल्यूए से काम वापस लेने की बात कही गई।

मंगलवार को इसी का पलटवार करते हुये अब आरडब्ल्यूए प्रतिनिधियों ने भी कह दिया है कि जो पार्षद वार्डों में ठीक से काम नहीं कर रहे, क्या मेयर उनका इस्तीफा लेंगी?

आरडब्ल्यूए ने मेयर टीम पर आरोप लगाते हुए कहा कि मेयर टीम उन पार्षदों की बात मान रही है, जो कि कुछ दिन पूर्व मेयर टीम को ही बदल रहे थे। अविश्वास प्रस्ताव ला रहे थे। सेक्टर-3,5 और 6 आरडब्ल्यूए अध्यक्ष दिनेश वशिष्ठ ने कहा कि मेयर टीम गुरुग्राम की जनता को बताये कि कौन सा पार्षद अच्छा काम कर रहा है और कौन सा काम नहीं कर रहा।

उन्होंने यह भी कहा कि कोई भी निर्णय लेने से पहले मेयर टीम को आरडब्ल्यूए से बात करनी चाहिये। उनको भरोसे में लेना चाहिये। दिनेश वशिष्ठ ने यह भी कहा कि मेयर टीम कुछ पार्षदों की बात मानकर गुरुग्राम की आरडब्ल्यूए और सामाजिक संस्थाओं का अपमान कर रही हैं। उन्होंने यह भी आरोप लगाये हैं कि नगर निगम के अधिकारी नहीं चाहते कि आरडब्ल्यूए का अस्तित्व बना रहे। वे इन्हें खत्म करना चाहते हैं।

### मेयर के चुनाव को लेकर भी दी नसीहत

**आरडब्ल्यूए** प्रतिनिधि ने इस बार मेयर के सीधे होने वाले चुनाव को लेकर भी मेयर टीम को नसीहत दी है। उन्होंने कहा कि इस बार मेयर का चुनाव सीधा होना है। उसी को गुरुग्राम का मेयर चुना जायेगा, जो कि सभी आरडब्ल्यूए और सामाजिक संस्थाओं को साथ लेकर चले। रोज-रोज निगम के फतवों से जनता परेशान हो चुकी है। पार्षद पहले गुरुग्राम शहर की सफाई और घरों से समय पर कूड़ा उठवा दें, यह काफी है।

### पार्षदों को रिपोर्ट पेश नहीं करेगी आरडब्ल्यूए

**सेक्टर-9** आरडब्ल्यूए के महासचिव ललित भोला ने कहा कि आरडब्ल्यूए नगर निगम को अपनी रिपोर्ट पेश करेगी, ना कि किसी पार्षद को। फंड नहीं मिलने के चलते पार्कों और सामुदायिक केंद्रों की दुर्गति हो रही है, इसके जिम्मेदार आरडब्ल्यूए नहीं है। उन्होंने पार्षदों पर आरोप लगाये कि पार्षद जनता की सेवा के लिए चुने जाते हैं, ना कि पेट पूजा के लिए। यह सारा विवाद पेट पूजा को लेकर ही हो रहा है। क्योंकि आरडब्ल्यूए गलत कार्यों का विरोध करती है। यही बात कुछ पार्षदों को खटकती है। सेक्टर-17 आरडब्ल्यूए अध्यक्ष हितेश भारद्वाज, सेक्टर-9 के अध्यक्ष नरेश कटारिया, सेक्टर-46 के राजकुमार यादव आदि ने कहा कि हमारे पार्षद हमारे साथ मिलकर काम करते हैं। हम उनका सहयोग करते हैं। सही काम हो रहा है। उन्होंने कहा कि किसी पार्षद ने आरडब्ल्यूए का विरोध किया तो उस पार्षद का भी विरोध किया जायेगा।

## नौवें सामूहिक आदर्श विवाह समारोह में नौ जोड़ों की होगी शादी

**गुरुग्राम।** बसंत पंचमी के शुभ अवसर पर हर वर्ष की तरह इस बार भी गुड़गांव मित्र मंडल सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन कर रहा है। यह समारोह गुरुवार 30 जनवरी 2020 को होगा, जिसमें इस बार 9 जोड़े परिणय सूत्र में बंधेंगे। इस आयोजन की तैयारियां जोरों पर हैं।

गुड़गांव मित्र मंडल के प्रधान ईश्वर मित्तल, महासचिव श्रीचंद गुप्ता और कोषाध्यक्ष प्रवेश गर्ग के मुताबिक यह सामूहिक विवाह समारोह 9वां होगा। यानी पिछले आठ साल से लगातार मंडल की ओर से बसंत पंचमी के मौके पर सामूहिक आदर्श विवाह समारोह आयोजित किये जा रहे हैं। इस साल 9वीं बार यह समारोह आयोजित किया जा रहा है। यह विवाह समारोह सेक्टर-10ए के समाने खांडसा रोड स्थित जे.एन. फेबक्लीन कंपनी (माल्ट कॉम्पाउंड) में होगा। इस 9वें सामूहिक आदर्श विवाह समारोह में 9 जोड़े परिणय सूत्र में बंधेगे। जिनमें दो जोड़े गुरुग्राम से, एक फर्रूखनगर से, एक पलवल से, एक फरीदाबाद से, दो दिल्ली से, एक अलवर से और एक जोड़ा आगरा से है। संस्था के प्रवक्ता अभय जैन एडवोकेट ने बताया कि सभी जोड़ों को घर की जरूरतों का सारा सामान दिया जायेगा। शादी के लिए लड़की की उम्र 18 साल और लड़के की 21 साल निर्धारित है। सभी जोड़ों के कागजातों की जांच-पड़ताल के बाद ही आवेदन स्वीकार किये गये हैं। उन्होंने बताया कि गुरुवार 30 जनवरी 2020 को होने वाले इस समारोह की तैयारियां भव्य तरीके से की जा रही हैं। बेशक यह सामूहिक विवाह समारोह है, लेकिन इसमें दोनों पक्षों के लोगों को आमंत्रित किया गया है।

### शादी में दिया जाएगा घर की जरूरत का सारा सामान

# छात्रा परिवहन सुरक्षा के लिए 125 मिनी बसें खरीदेंगे : खट्टर

## हरियाणा में तीन नए महिला थाने और नौ नए महिला कॉलेज खुलेंगे

**कविता।** फरीदाबाद

**मुख्यमंत्री** मनोहर लाल खट्टर ने छात्राओं के लिए प्रदेश भर में नौ महिला कॉलेज खोले जाएंगे। एक महीने के अंदर महिलाओं व छात्राओं की सुरक्षा के लिए तीन नए महिला थाने और खोले जाएंगे। छात्राओं के सुरक्षित परिवहन के लिए 125 मिनी बसें खरीदीं जाएंगी। उन्होंने इस मौके पर एक पुस्तक का विमोचन किया। ब्राह्मकुमारी सदस्यों ने भी सीएम का स्वागत किया।

मुख्यमंत्री खट्टर एनएच तीन स्थित केएल मेहता दयानंद कॉलेज के प्रांगण में स्वर्ण जयंती कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। महार्षि दयानंद शिक्षण संस्थान के अध्यक्ष आनंद मेहता और प्रिंसीपल वंदना मोहला ने सीएम सहित सभी गणमान्यों का स्वागत किया। स्कूल की छात्राओं ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत कर सबका मन मोह लिया। कार्यक्रम में केंद्रीय परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा, विधायक नरेन्द्र गुप्ता, विधायक सीमा त्रिखा, पूर्व मंत्री एसी चौधरी, मेयर सुमन बाला, राजनीतिक सलाहकार अजय गौड़, महिला आयोग की सदस्य रेणु भाटिया, भाजपा के जिलाध्यक्ष गोपाल शर्मा, आरएसएस अधिकारी श्रीकृष्ण सिंघल, संजय अरोड़ा, महेन्द्र नागपाल, राकेश त्यागी, मंडल आयुक्त संजय जून, पुलिस आयुक्त के.के. राव, उपायुक्त यशपाल, अतिरिक्त उपायुक्त आरके सिंह, एसडीएम अमित कुमार, पार्षद जसवंत सिंह, उद्यमी राजीव चावला, एचके बत्रा, रविभूषण खत्री, ऋषि अग्रवाल, शिक्षाविद सतीश आहूजा, डॉ. सुरेश अरोड़ा आदि मौजूद रहे। आनंद मेहता ने अपने उद्धबोधन में स्कूल और कॉलेज के प्रति समर्पित के एल मेहता एवं डॉ. विमल मेहता के योगदान की जानकारी दी। साथ ही कहा कि संस्थान की नींव का आधार ये ही थे। इसके साथ ही संस्थान के विकास क्रम का ब्यौरा दिया। खट्टर ने शिक्षण संस्थान को ऐच्छिक कोष से 31 लाख रुपए का अनुदान दिया। आनंद मेहता ने पायनियर को बताया कि वे इस राशि से छात्राओं के लिए आधुनिक विज्ञान प्रयोगशाला बनवाएंगे।



### एक से हुए 15 स्कूल

खट्टर ने कहा कि उन्होंने अपने सार्वजनिक जीवन की शुरुआत फरीदाबाद में एक जुलाई, 1980 को की थी। उस समय नेहरू ग्राउंड में ही केएल मेहता का एक स्कूल था, लेकिन अब यहां 15 स्कूल और एक कॉलेज चल रहा है। तब वे वहां केएल मेहता से मिलने जाते थे।

फोटो : राजेश पुंजानी

### लिंगानुपात किया कम

सीएम ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कहने पर उन्होंने बेटी बचाओ अभियान शुरू किया था। उस दौरान उन्हें बताया गया कि हरियाणा में वर्ष 2001 में लिंगानुपात 830 था, लेकिन वर्ष 2011 में 843 हो गया और 2014 में 871 हो गई। उन्होंने कन्या भ्रूण हत्या पर लगाम लगाने के लिए पानीपत में 22 जनवरी 2015 को शुरूआत की, तो अब लिंगानुपात 923 पर पहुंच गया है। खट्टर ने कहा कि लड़कियां कॉलेज दूर होने के कारण नहीं पढ़ पा रही थीं। इसलिए सरकार ने हरियाणा में 40 स्थानों पर महिला कॉलेज खोलने का निर्णय किया था, लेकिन अभी तक 31 कॉलेज खोले गए हैं। जल्द ही सरकार नौ और महिला कॉलेज खोलेगी। ताकि प्रदेश की बेटिया शिक्षित हो सके। एक छात्रा को शिक्षित करने से कई परिवारों को शिक्षित किया जा सकता है।

### रानी की छतरी

परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा ने कहा कि फरीदाबाद के बल्लभगढ़ में महिलाओं के लिए 20 किमी दायरे में कॉलेज खोले गए हैं। उन्होंने कहा कि केएल मेहत्ता गर्ल्स कॉलेज बेटियों को शिक्षित करने में बड़ी भूमिका निभा रहा है। सरकार ने बल्लभगढ़ में भी महिला कालेज बनाया है, जिससे हजारों लड़कियों को फायदा मिलेगा। इसी प्रकार बल्लभगढ़ में दो करोड़ रूपए की लागत से रानी की छतरी का सौंदर्यीकरण का कार्य किया जा रहा है।

### छात्रा परिवहन सुरक्षा

सीएम ने कहा कि छात्राओं के लिए 181 रूटों पर बसें चलाने का निर्णय लिया गया है, जिसके तहत 100 की संख्या में गुलाबी रंग की बसें चलाई हैं।

फिलहाल जिन कॉलेजों में छात्राओं की संख्या कम होगी, उनके लिए 125 मिनी बसें खरीदी जा रही हैं। उन्होंने कहा कि बसों में छात्राओं की सुविधाओं के लिए महिला पुलिसकर्मी भी तैनात की जाएगी। उन्होंने कहा कि इस सुविधा को छापसो (छात्रा परिवहन सुरक्षा) का नाम दिया गया है।

## 60 लाख हड़पे जाने से क्षुब्ध होकर की खुदकशी

**फरीदाबाद।** गांव एतमादपुर निवासी एक व्यापारी से एक अन्य व्यक्ति ने 60 लाख रुपये उधार ले लिए। रुपये लौटने की मांग करने पर आरोपी व उसके साथी पीड़ित को धमकियां देने लगे। परेशान होकर पीड़ित ने जहर खाकर आत्महत्या कर ली। मृतक ने अपने सुसाइड नोट में आरोपियों को अपनी मौत के लिए जिम्मेदार ठहराया है। थाना सेक्टर 31 में दर्ज मामले के मुताबिक गांव एतमादपुर निवासी मनीष ने अपनी शिकायत में कहा है कि उसकी गांव में परचून की दुकान है। उसके पिता चमन भी इस दुकान में सहयोग करते थे। मानसिक रूप से परेशान उसके पिता ने एक दिन उसे बताया कि वे राजू की वजह से परेशान हैं। उन्होंने नफेसिंह के पास एक कमेटी डाली थी। उनकी गारंटी पर राजू ने भी वहां एक कमेटी डाली थी। राजू ने दोनों कमेटियां उठा लीं। राजू द्वारा किश्त न भरने से उन्हें भुगतान करना पड़ा है। इसके अलावा राजू ने कुछ और रकम भी उधार ली थी। अब राजू पर उनके 60 लाख रुपये हो चुके हैं। रुपये मांगने पर राजू व उसके साथी गोल्डी, सिप्ला और महेंदी उन्हें व परिवार को जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। परेशान होकर उसके पिता ने रविवार को जहर खा लिया। एशियन अस्पताल में इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। उसी दौरान उनकी पेंट की जेब से एक सुसाइड नोट मिला था, जिसमें उन्होंने अपनी मौत के लिए राजू व उसके तीन साथियों को जिम्मेदार ठहराया है।

# राजनीति में ताल और तालियां!

पायनियर
इंस्टेंट कॉफी

**राकेश चौरासिया।** फरीदाबाद

**तालियां** बजाने के बारे में योग गुरू बाबा रामदेव एक्युप्रेशर का माध्यम बताते हुए कई स्वास्थ्य लाभ के बारे में अक्सर बताते हैं कि इससे दिल और दिमाग दोनों ठीक रहते हैं। किंतु तालियां सिर्फ आरोग्य संधान का साधन भर नहीं है। तालियों का मनोविज्ञान, समाजशास्त्र और राजनीतिशास्त्र बहुत कुछ कहता है। यह सब तालियां बजाने पर निर्भर करता है। जोर की ताली। धीमी ताली। कुछ लोग बेआवाज ताली बजाने के भी माहिरीन होते हैं। उभयलिंगियों की तालियों से तो हर कोई वाकिफ है। कई बार लोगों की बजाने के लिए भी तालियां बजाई और बजवाईं जाती हैं। जिल्लेइलाही कभी तालियों से लोगों को खामोश किया करते थे, तो किसी तावेदार को बुलाया भी करते थे। तालियां उत्साहवर्द्धन के लिए, तो प्रतिद्वंदियों की आंख के लिए भी बजवाई जा सकती हैं। राजनीति कभी तालियों के बिना हो ही नहीं सकती। नेता सबसे ज्यादा यही बजवाते हैं। तालियों की गड़गड़ाहट का अपना ही मजा है। इसका अपना ही सुरूर है। नेता दिन में इसकी कई-कई खुराक भी ले लेते हैं। उन्हें ओवर डोज का कोई अंदेशा नहीं। नेताओं की डिमांड रहती है, दे ताली। ताली पर ताली। कईयों को तालियां बजाने का रोजगार मिला हुआ है, जो अक्सर मंच के 'डी' के पास बैठते हैं। ताल और ताली संगीत की विधा है, लेकिन इसका विद्रूप बेताल भी से भी ज्यादा खतरनाक हो जाता है। इस तरह तालियों के अलग-अलग स्वरूप और आयाम होते हैं। किंतु मंगलवार को एक जलसे में बजी तालियां शहर में चर्चा का विषय बन गई हैं।

बड़खल विधानसभा क्षेत्र में आयोजित एक समारोह में सूबे के मुखिया के अलावा तमाम श्वेत-धवल वस्त्रधारक, फौज-फांटा और सरकारी अमला मौजूद था। एक नेत्री ने जब कहा कि तालियां इतनी जोर से बजाओ कि फरीदाबाद और बल्लभगढ़ विधानसभा क्षेत्र तक उसकी गूंज पहुंचनी चाहिए। उनके इस चाहे-अनचाहे जुमले पर हाजिरीन के सैन-मटक्के शुरू हो गए। लोग वहां तशरीफ-फरमा फरीदाबाद और बल्लभगढ़ विधानसभा क्षेत्र के नेताओं के चेहरों को पढ़ने की कोशिश करने लगे कि 'इतनी जोर की तालियों' का उनकी मुख-भाषा और देह-भाषा पर क्या प्रतिक्रिया हुई।

**दूर तक इंपैक्ट**

लोगों का यह कौतुहल यूं ही नहीं जगा। दरअसल भाजपा के अध्यक्ष अमित शाह ने अपने हालिया बयान में लोगों से इतनी जोर से ईवीएम से बटन दबाने की अपील की थी कि उसका करंट दिल्ली स्थित 'शाहीन बाग' तक पहुंचे। नेता हर चीज में ताकतवर इंपैक्टर चाहते हैं। प्रभावशाली, दमदार और पुरजोर अभिव्यक्ति के लिए अमित शाह की अपील लोगों के समझ में आई और शायद ही किसी के समझ में न आई हो, लेकिन बड़खल की तालियों का फरीदाबाद और बल्लभगढ़ क्षेत्रों से क्या ताल्लुक। मुए पत्रकार बड़े नेता के भाषण में कितनी बार खांसा, कितनी बार पानी पिया और कितनी बार भाषण पर तालियां बजीं, ये तक भी गिनकर लिख देते हैं, लेकिन ये पब्लिक भी कम नहीं। समारोह में मौजूद आम-ओ-खास सभी एक-दूसरे से पूछते नजर आए कि यहां की ताली का उनके अंगने में क्या काम है। ऐसी चुनौतियां तो प्रतिद्वंदियों को दी जाती हैं। अगर यहां की ताली की गूंज 'नवादा कोह या सैनिक कॉलोनी' तक जाने की अपील की जाती, तब तो बात समझ में आती, लेकिन बड़खल से फरीदाबाद और बल्लभगढ़ तक...। यानि कुछ तो गड़बड़ है। यानि इशारों में जो बात हुई, वो आज नहीं तो कल तो जाहिरा हो ही जाएगी, इस पर लोगों ने फिलहाल के लिए सब्र कर लिया है।

## दावत न देने पर पड़ोसियों ने पीटा

**फरीदाबाद।** कुछ पड़ोसियों ने एक व्यक्ति की नए मकान की पार्टी न देने पर धुनाई कर दी और जेब से साढ़े पांच हजार रुपये भी निकाल लिए।

थाना शहर बल्लभगढ़ में दर्ज मामले के मुताबिक चावला कॉलोनी के विष्णु ने बताया कि उसने 23 जनवरी को नए मकान में प्रवेश किया है। वह 24 जनवरी की रात पुराने मकान से सामान निकालकर ले जा रहा था। इसी दौरान नीरज बैंसला, राजेंद्र बैंसला, नितेश बैंसला व निखिल बैंसला नए मकान की दावत मांगने लगे। उसने कहा कि जिस दिन तबीयत ठीक हो जाएगी, उसी दिन दावत कर देगा। तभी नीरज और राजेन्द्र ने कहा कि हमारी दावत तो आज ही कर दे और उसकी जेब से जबरदस्ती पैसे निकालने लगे। विरोध करने पर चारों ने मिलकर उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। राजेंद्र ने उसकी नाक पर पिस्तौल के बट से वार किया। ये लोग उसे पीटते हुए गली में ले गए और उसका फोन, सोने की चेन व 5700 रुपये छीन लिए।

# बेलगाम ट्रक से व्यक्ति की मौत, विरोध में जाम

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

एनएच तीन स्थित डबुआ कॉलोनी की पुलिया के पास तेज रफ्तार दौड़ रहे एक ट्रक के चालक ने लापरवाही से एक साईकिल सवार को टक्कर मार दी। दुर्घटना में साईकिल सवार की मौके पर ही मौत हो गई। दुर्घटना के बाद गुस्साए लोगों ने चालक की जमकर धुनाई करने के बाद सड़क पर जाम लगा दिया, लेकिन पुलिस ने लोगों को समझा-बुझाकर जाम खुलवा दिया। इसके अलावा एक अन्य सड़क दुर्घटना में एक युवती की मौत हो गई है। पुलिस ने दोनों शव कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए बीके अस्पताल भेज दिए हैं।

पुलिस के मुताबिक 35 वर्षीय शुकर मोहम्मद बड़खल गांव में अपने परिवार के साथ रहता था। वह डबुआ कॉलोनी में स्थित एक वर्कशॉप में काम करता था। मंगलवार सुबह वह साइकिल पर काम पर जा रहा था। तभी डबुआ कालोनी की पुलिया के पास एक ट्रक चालक ने लापरवाही से शुकर मोहम्मद की साइकिल को जोरदार टक्कर मारी, जिससे शुकर मोहम्मद की मौके पर ही मौत हो गई। मौके पर लोगों की भीड़ लग गई। लोगों ने भागने का प्रयास कर रहे ट्रक चालक को दबोच कर उसकी जमकर धुनाई कर दी। इसके बाद गुस्साए लोगों ने सड़क पर जाम लगा दिया। सूचना मिलने पर थोड़ी ही देर में पुलिस ने लोगों को समझा-बुझाकर जाम खुलवा दिया। पुलिस ने चालक को हिरासत में ले लिया है।

### युवती की मौत

एक अन्य मामले में सुभाष कॉलानी निवासी कृष्णा ने अपनी शिकायत में कहा है कि सोमवार को वह अपनी 21 वर्षीय भतीजी अनामिका के साथ बाइक पर सवार होकर किसी काम से जा रहा था। तभी सेक्टर 58 स्थित ओम धर्मकांटा के पास एक ट्राले के चालक ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में अनामिका की मौके पर ही मौत हो गई। दोनों शव पोस्टमॉर्टम के बाद परिजनों को सौंप दिए गए हैं। पुलिस ने आरोपी वाहन चालकों के खिलाफ मामले दर्ज कर लिए हैं।

## कोरोना वायरस : चीन से आए दो छात्रों की मेडिकल जांच हुई

**फरीदाबाद।** चीन में एमबीबीएस और पीएचडी की पढ़ाई कर रहे दो छात्र भारत वापस लौटे, तो स्वास्थ्य विभाग ने उनकी जांच करने के निर्देश जिला स्वास्थ्य विभाग को सौंपे। जिला स्वास्थ्य विभाग की टीम ने गांव अरुआ और सेहतपुर में जाकर दोनों छात्रों की जांच की। दोनों छात्र क्रॉनिक डिजीज कोरोना वायरस से पीड़ित नहीं पाए गए। इनमें से एक छात्र नौ और दूसरा छात्र 13 जनवरी को यहां आया था। डिप्टी सिविल सर्जन डॉ. राम भगत ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि विभाग की तरफ से उन्हें रोजाना दोनों छात्रों की जांच के लिए निर्देश मिले हैं। इस पर उन्होंने मंगलवार को दोनों छात्रों की जांच की। दोनों छात्र सुरक्षित हैं। उन्होंने बताया कि सोशल मीडिया पर इस बीमारी से जिले में एक संभावित बताया जा रहा है। जबकि ऐसा नहीं है। जिले में एक भी मरीज इस बीमारी से पीड़ित अब तक सामने नहीं आया है। इन दोनों छात्रों की जांच करने के निर्देश भी इसलिए मिले हैं कि कहीं इनमें भी तो यह वायरस नहीं है। उन्होंने बताया कि इन छात्रों में इस वायरस की बीमारी के कोई भी लक्षण नहीं मिले हैं।

## सोसायटी में लिफ्ट लगवाने के बहाने हड़पे 30 लाख रुपए

**फरीदाबाद।** सेक्टर दो स्थित साईं कृपा धाम सोसायटी के निवासियों ने सोसायटी के पूर्व प्रधान पर धोखाधड़ी से 30 लाख रुपये हड़पने का आरोप लगाया है कि पूर्व प्रधान ने सोसायटी में लिफ्ट लगवाने के लिए एक अन्य व्यक्ति के साथ मिली भगत करके फर्जी कंपनी तैयार कर कबाड़ के सामान से लिफ्ट तैयार कर अपार्टमेंट में लगा दी। पीड़ितों की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। थाना शहर में दर्ज मामले के मुताबिक सोसायटी के उपाध्यक्ष दीपक कुमार और अन्य पदाधिकारियों ने अपनी शिकायत में कहा है कि वे सभी साईंकृपा धाम सोसायटी के दस मंजिला अपार्टमेंट के निवासी हैं। इस इमारत में दो लिफ्ट लगाने का प्रावधान है। इन दोनों लिफ्टों को लगाने की जिम्मेदारी पूर्व प्रधान प्रेम प्रकाश ने वर्ष 2014 में ली थी। प्रेम प्रकाश ने अपने स्वार्थ के लिए गाजियाबाद निवासी राधेश्याम के साथ मिल कर एक फर्जी कंपनी तैयार कर ली और 30 लाख रुपये में लिफ्ट लगाने का ठेका दे दिया। इस फर्जी कंपनी ने कबाड़े के सामान और जुगाड़ से सोसायटी में लिफ्ट लगाने का काम शुरू कर दिया, लेकिन करीब पांच साल का समय पूरा होने के बाद भी यह काम पूरा नहीं हो पाया है। इस दौरान प्रेम प्रकाश ने फर्जी बिलों के माध्यम से कंपनी को 28 लाख रुपये का भुगतान भी कर दिया।

**PUBLIC NOTICE**

I, for and on behalf of my clients Shri Harvinder Sachdeva S/o late Shri G.S. Sachdeva & Smt. Renu Sachdeva W/o Shri Harvinder Sachdeva both R/o F-12/7, First Floor, Model Town, Delhi-110009, hereby inform to the General Public at large that my Clients have severed off/disconnected all their relations with their son namely "HITIN SACHDEVA" and his wife "ANMOL MALHOTRA" and have debarred/ disowned them from their all movable and immovable properties for all intents and purposes as they are out of their control for the last one year. If anybody deals with them he/she shall be liable and responsible for the consequences

**DEVENDRA PAL SINGH (Advocate)**
**RU-368, Pitampura, New Delhi-34**
**Enroll. NO. D/2621/06**

**The Bhagwati Co-Operative G/H Society Ltd. (1112/GH),**
**Plot No. 1A, Sector 22, Dwarka, New Delhi 110078**
**TO WHOMSOEVER IT MAY CONCERN**
**Public Notice**

It hereby informed that the following members had been expelled from the Primary Membership of the Society vide order of Special Registrar, Office of Registrar Co-Operative Societies dated 07.09.2017. Further based on the request of the members, the Construction Money amounts deposited in their account are being transferred to other members account as mentioned below.

| Sr. No. | Name of Expelled Member | Name of Transferee Member | Amount being Transferred |
|---|---|---|---|
| 1. | Sandeep Jain & Anju Jain (M S No. 690) | Sunil Kumar (M S No. 724) | 20,15,990.00+ Interest as applicable |
| 2. | Dhannu Singh (M S No. 594) | Prabha Singh (M S No. 593) | 20,46,000.00+ Interest as applicable |

Further, the Share money amount of Rs. 5000/- have been transferred to the members account. The Society has already intimated to the members in writing via speed post. However if the members still have any objections, they may file to the Society within 07 working days of publication of this notice.

**For The Bhagwati Co-Op G/H Society Ltd. - President**

**PUBLIC NOTICE**

Notice is hereby given to the General Public and the existing allottees in the project-Amanvilas, Sector-89, Faridabad, that the ALLOTMENT of following units which were allotted to the allottees mentioned herein below, STANDS CANCELLED in our records, due to breach of the terms of the allotment/ agreement, i.e. NON-PAYMENT of the requisite agreed instalments several despite demand letters, reminders and cancellation notices. Hence the duly registered/unregistered Buyers Agreement for the said units executed in favour of said allottees ALSO STAND CANCELLED.

| Sr. No. | Name Of Allottee | Unit No. | Buyers Agreement Regn No. | Buyers Agreement Date |
|---|---|---|---|---|
| 1. | Mukesh Singh | OC/B/182/GF | Nil | 10-nov-16 |
| 2. | M/s. Shikhar Buildtech | LF/G/033/GF/N | 11761 | 12-feb-19 |
| 3. | M/s. Shikhar Buildtech | LF/G/018/GF/N | 11760 | 12-feb-19 |

all units located in the project-Amanvilas, Sector-89, Faridabad.
All the members of the General Public are hereby informed not to deal or carry out any transaction with allottees/anyone with respect to the said units. As the allotment of the said units stand cancelled in the records of the company, the company shall be at liberty to alienate/sell/book/allot the said units to any other third party.

Dated : 29.01.2020
Sd/-
Puri Construction Pvt. Ltd.
Fantabulous Town Planners Pvt. Ltd.
4-7B, GF, Tolstoy House, Tolstoy Marg, New Delhi

**सांकेतिक कब्जे की सूचना**

ICICI Home Finance | शाखा कार्यालय: आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंजिल, प्लॉट नं -23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली-110005

जबकि

अधोहस्ताक्षरी ने वित्तिय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के अंतर्गत आईसीआईसीआइ होम फाइनेंस कम्पनी लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रुप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में नीचे वर्णित कर्जदारों को मांग सूचनाएं निर्गमित की थी जिसमें उक्त सूचना के प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर सूचना में वर्णित राशि को प्रतिभुगतान करने को कहा गया था।

कर्जदार/सह-कर्जदार/जमानतदार राशि का प्रतिभुगतान करने में विफल रहे है अतएव एतद् द्वारा कर्जदार तथा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षर दाता द्वारा सांकेतिक अधिग्रहण किया गया है जो कि उक्त अधिनियम धारा 13(4) के तहत नियम 8 में दर्शाया गया है। संपत्ति तथा अधिग्रहण की तिथि नीचे दर्शाई गई है एतद् द्वारा विशेष रुप से कर्जदार एवं जनसाधारण को सम्पत्ति के संव्यवहार नहीं करने के लिए सचेत किया जाता है तथा सम्पत्ति के साथ केई भी संव्यवहार इसमें वर्णित राशि तथा उस पर आगे ब्याज हेतु आईसीआईसीआइ होम फाइनेंस कम्पनी लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

| क्र. | कर्जदार/ सह-कर्जदार का नाम/ खाता क्र. | सम्पति का विवरण/ सांकेतिक कब्जे की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | संजय कुमार शाह/ शांति शाह/ NHDEL00001264351 | फ्लैट नंबर बी- 1902, 19वीं मंजिल, ओएसिस वेनेटिया हाइट्स, एचआरए-12 ए, साइट-सी, सूरजपुर हाउसिंग कॉम्प्लेक्स, जी. नोएडा/ 23 जनवरी, 2020 | अक्टूबर 04, 2019 ₹ 35,37,785/- | दिल्ली/ एनसीआर |

उपरोक्त दर्शाये गये कर्जदार/सह-कर्जदार एवं जमानतदारों को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात अधिग्रहित संपत्ति की नीलामी कर दी जायेगी जो पूर्णत: नियम 8 और 9 सुरक्षित ब्याज 2002 के अंतर्गत है।

दिनांक: जनवरी 29, 2020
स्थान: दिल्ली/एनसीआर

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कम्पनी लि

**सार्वजनिक सूचना**

ICICI Bank | शाखा कार्यालय: आईसीआईसीआई बैंक, द्वितीय तल, वीडियोकॉन टॉवर, झण्डेवालन एक्स्टें., नई दिल्ली-110055

वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13 (12) के अन्तर्गत एक सूचना, डीएचएफएल एवं निम्नलिखित उधारकर्ता(उधारकर्ताओं), जो कि प्रतिभूत ऋणदाता से उनके द्वारा प्राप्त की गई ऋण सुविधा के मूलधन एवं ब्याज का प्रतिभुगतान करने में चूक कर चुके हैं और ऋणों को अनिष्पादनीय परिसम्पत्तियों (एनपीए) के रूप में वर्गीकृत कर दिया गया है, के मध्य निष्पादित एक ऋण अनुबंध का अनुसरण करते हुए स्वीकृत एक आवास ऋण सुविधा के संदर्भ में प्रतिभूति के प्रवर्तन के संबंध में, आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड (दीवान हाउसिंग फाइनेंस लि. द्वारा आईसीआईसीआई बैंक को सौंपे गए अन्तर्निहित पूल पर) द्वारा जारी की जा रही है। यद्यपि उधारकर्ताओं को उनके अन्तिम ज्ञात पतों पर एक सूचना जारी की गई थी, परन्तु सूचना वितरित हुए बिना ही वापस आ गइ है। अतः उधारकर्ताओं को एतद्द्वारा उस सूचना के बाबत इस सार्वजनिक सूचना के माध्यम से अधिसूचित किया जा रहा है:

| क्र. सं. | उधारकर्ता/सह-उधारकर्ता/गारंटर का नाम (ऋण खाता संख्या) तथा पता | प्रतिभूत परिसम्पत्ति/प्रवर्तित की जानेवाली परिसम्पत्ति का सम्पत्ति पता | सूचना प्रेषण की तिथि/सूचना की तिथि के अनुसार बकाया राशि | एनपीए तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | महेन्द्र, ओमवती, मकान सं. डी 30, डाबुआ कॉलोनी एनआईटी, फरीदाबाद, खाता : क्यूजेडएफडीबी00005040294 | मकान सं. डी-30, डाबुआ कॉलोनी, एनआईटी, फरीदाबाद, हरियाणा | 07 दिसंबर, 2019 रु. 12,49,407/- | 31/08/ 2019 |
| 2. | मन्जू रावत, दीपक सिंह रावत, बी 31/2ए, गली सं. 3 4, बी ब्लॉक, भजनपुरा, दिल्ली खाता : क्यूजेडजीयूआर00005040030 | भूखण्ड सं.-290, तृतीय तल, खसरा सं. -308, ग्राम-घोंडा गुजरां खादर, ब्लॉक-बी, गली सं.-12, भजनपुरा, शाहदरा, दिल्ली-110053 | 07 दिसंबर, 2019 रु. 25,95,229/- | 31/08/ 2019 |
| 3. | मंसूर, इशरत जहां, मकान सं. 1250, तृतीय तल, गली सं. 13, गोविंदपुरी, कालका जी, खाता : क्यूजेडडीईएल00005014824 | सम्पत्ति सं. 926, बी 1, ऊपरी भूतल, खसरा सं. 93, गली सं. 8, गोविंदपुरी, कालकाजी, दक्षिण दिल्ली, नई दिल्ली-110019 | 07 दिसंबर, 2019 रु. 18,70,344/- | 30/09/ 2019 |
| 4. | नीरज बंगा, नुपूर बंगा, 14 भूतल, पॉकेट बी5, सेक्टर-3, रोहिणी, पुनीत स्टोर के पीछे की ओर, दिल्ली खाता : क्यूजेडजीआरएन00005039893 | मकान सं. 9, प्रथम तल, ब्लॉक-बी, पॉकेट-5, सेक्टर-5, निकट अयोध्या चौक, रोहिणी, नई दिल्ली-110085 | 07 दिसंबर, 2019 रु. 19,40,375/- | 30/09/ 2019 |
| 5. | संजय जोशी, भुवन चन्द्र जोशी, सी8/15, महावीर एन्क्लेव, नई दिल्ली, दिल्ली खाता : क्यूजेडजीआरएन00005040216 | आरजेड सी3/120, द्वितीय तल, छत के बिना, खसरा सं. 16/7, ग्राम-मिर्जापुर, महावीर एन्क्लेव, नई दिल्ली-110045 | 07 दिसंबर, 2019 रु. 17,32,746/- | 30/09/ 2019 |
| 6. | संजीव कुमार, सोनिया, 1216/10, गली सं. 10, गोविंदपुरी, दक्षिण दिल्ली खाता : क्यूजेडजीआरएन00005019520 | एमसीडी सं. 510-बी-2, ऊपरी भूतल, सम्पत्ति सं. 510 का बाईं ओर का भाग, खसरा सं. 93, गली सं. 6, गोविंदपुरी कालकाजी, दक्षिण दिल्ली, नई दिल्ली-110019 | 07 दिसंबर, 2019 रु. 8,52,847/- | 30/09/ 2019 |

उधारकर्ता तक सूचना पहुंचाने के लिए वैकल्पिक उपाय किए जा रहे हैं। उपरोक्त उधारकर्ता/उधारकर्ताओं तथा/अथवा उनके गारंटरों (लागू अनुसार) को सलाह है कि इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 60 दिवसों की अवधि के अंदर निर्धारित बकाया राशि का भुगतान कर दें, अन्यथा वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के प्रावधानों के अनुसार आगे की कार्रवाइयां की जाएंगी।

दिनांक: 29.01.2020
स्थान: दिल्ली/रा.रा.क्षे.

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

**TO WHOM IT MAY CONCERN**

It is informed to general public at large that the **Plot No. PGN-07-12A02** were registered in the name of **Mr. Anuruddh Diwadee S/o Late Sh. R.P. Diwadee R/o E-1102, Aardee Residency Apartments, Sector-52, Gurugram, Haryana,** who expired on 02.10.2015, leaving behind his legal representatives and successors his wife Mrs. Rashmi Diwadee W/o Late Sh. Anuruddh Diwadee & Ankush Diwadee S/o Late Anuruddh Diwadee and the name of Mrs. Rashmi Diwadee and Ankush Diwadee are noted in Emaar MGF Land Limited Records in respect of the captioned plots, if anybody has any objections to this regard, he or she may approach M/s Emaar MGF Land Limited within 21 days from the date of this publication.

**Puneet Nahar**
**(Advocate, Gurugram)**
Mob: +91-9717125256, 9999346466
Chamber No.52, SSS Block, Nr. Gate No.1
Distt. Court Gurugram, Haryana

**PUBLIC NOTICE**

NOTICE is hereby given that my client Satbir Singh, Satish Chaudhary, CR Patel Education Society, Patel Shiksha Samiti and Satyawati is in process to avail the loan from ICICI HFC against Land measuring 2093.5 sq.yds part of Khewat/khata no.3283/3773, mustatil no.142, Killa no.17(8-0), Khasra no.142//17min(1-7), 17 min(6-13), part of khewat/Khata no.4602/5293, Mustatil no.142, Killa no.18/1/1, Mustatil no.142, Kill no.18/1/2(0-14) Mustatil no.142, Killa no.17(8-0) waka Mauja Palwal, Haryana. Whereas they have lost Sale Deed dated 3/10/12 in favour of Hemlata (Doc. No. 8835), Sale Deed dated 23/11/12 (Doc. No. 10985), 13/12/12 (Doc. No. 11869) in favour of Rekha, Sale Deed dated 8/4/08 In favour of Babita (Doc. No. 177)and Sale Deed dated 22/10/12 in favour of Mahavir Singh & Mahesh Kumar (Doc. No. 9644)

Whereas Patel Shiksha Samiti and C R Patel is the one entity

All person/s having any claim against or in respect of the said Property, or any part thereof, by way of sale, exchange, mortgage (equitable/registered or otherwise), gift, trust, inheritance, family arrangement, maintenance, bequest, partnership, possession, lease, sublease, tenancy, license, lien, charge, pledge, easement or otherwise howsoever, are hereby requested to notify the same in writing to us with supporting documentary evidence at the address mentioned below within 7 days from the date hereof, failing which the claim or claims, if any, of such person or persons will be considered to have been waived and/or abandoned.

**Kamal Kant Gupta (Advocate)**
**Shop No. 5 & 6, CSC, Pkt-E,**
**Mayur Vihar-II, Delhi-110091**
**Office: 011-43052822**
**Mobile: 9810063351**
**E: kamalkantgupta74@gmail.com**

# पाक आतंकी समूहों पर ऐसी कार्रवाई करे, जो नजर आए : राजनाथ सिंह

● रक्षा मंत्री ने वार्ता के जरिए शांतिपूर्ण तरीके से विवाद सुलझाने के बजाए भारत के खिलाफ आतंकवाद को राज्य नीति के तौर पर इस्तेमाल के लिए पाकिस्तान पर निशाना साधा

भाषा। नई दिल्ली

**रक्षा** मंत्री राजनाथ सिंह ने वार्ता के जरिए शांतिपूर्ण तरीके से विवाद सुलझाने के बजाए भारत के खिलाफ आतंकवाद को राज्य नीति के तौर पर इस्तेमाल के लिए पाकिस्तान पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान को आतंकवादी समूहों के खिलाफ ऐसा कदम जरूर उठाना चाहिए, जो सबको नजर आए।

सिंह ने 12 वें दक्षिण एशिया सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि यह जरूरी है कि आतंकवादी और उनका वैचारिक और वित्तीय नेटवर्क टूटे और उन्हें सरकार का समर्थन ना मिले। उन्होंने कहा, क्षेत्रीय शांति और सुरक्षा के मद्देनजर संयुक्त दृष्टिकोण विकसित करने के लिए भारत एक देश को छोड़कर अपने पड़ोसियों के साथ संवाद करता रहता है। क्षेत्रीय सुरक्षा कायम करने के लिए एक-दूसरे की संवेदनाओं को समझना और हस्तक्षेप नहीं करने के सिद्धांतों का पालन करना आवश्यक है।

मंगलवार को नई दिल्ली में गणतंत्र दिवस समारोह से संबंधित सर्वश्रेष्ठ टैबलिक और अन्य सांस्कृतिक पुरस्कार प्रदान करते रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह

सिंह ने कहा कि दक्षिण एशियाई क्षेत्र को आतंकवाद को हराने के लिए अपने प्रयासों में जरूर एकजुट होना चाहिए। मुंबई, पठानकोट, उरी और पुलवामा हमले पड़ोसी देश द्वारा राज्य प्रायोजित आतंकवाद की बर्बर याद दिलाते हैं। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान को आतंकी समूहों के खिलाफ ऐसे कदम जरूर उठाने चाहिए जो सबको नजर आएं। सिंह ने समावेश और एकता के बारे में भारत के विचार पर जोर देते हुए कहा कि भारत ने हमेशा वसुधैव कुटुम्बकम के दर्शन को अपनाया है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार के दूसरे कार्यकाल में देश के पड़ोस को अपनी विदेश नीति की सबसे महत्वपूर्ण प्राथमिकता के तौर पर चिन्हित किया गया है।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2014 में अपने शपथ ग्रहण समारोह में दक्षेस के नेताओं को आमंत्रित किया था और 2019 के शपथ ग्रहण में बिम्सटेक नेताओं को बुलाया गया, यह पड़ोस को तवज्जो दिए जाने का संकेत है। भारत की पड़ोस पहले नीति : क्षेत्रीय धारणा पर 12 वें दक्षिण एशिया कॉन्फ्रेंस में उन्होंने कहा कि भारत पड़ोस में शांति और समृद्धि को अपने विकास और स्वहित में महत्वपूर्ण मानता है। रक्षा अध्ययन एवं विश्लेषण संस्थान (आईडीएसए) ने सम्मेलन का आयोजन किया था। इसमें भूटान के राजदूत वी नामग्याल और प्रधानमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार संजय बारू ने भी शिरकत की।

## आयकर विभाग ने रजनीकांत के खिलाफ याचिका वापस ली

भाषा। चेन्नई

**मद्रास** उच्च न्यायालय ने अभिनेता रजनीकांत के खिलाफ 2002-03 से लेकर तीन साल तक कर आकलन के संदर्भ में दर्ज आयकर विभाग की अपील को मंगलवार को खारिज कर दिया। विभाग ने सीबीडीटी के एक परिपत्र का हवाला देते हुए एक करोड़ रुपए से कम राशि वाले मामले को आगे कानूनी चुनौती नहीं देने का फैसला किया। न्यायमूर्ति विनीत कोठारी और न्यायमूर्ति आर सुरेश कुमार की पीठ ने आदेश सुनाया। आयकर विभाग ने दलील दी थी कि वह आयकर अपीलीय न्यायाधिकरण के 26 जुलाई, 2013 के आदेश के खिलाफ अपील को वापस ले रहा है। न्यायाधिकरण ने रजनीकांत की 66 लाख रुपए से ज्यादा की कुल आय पर जुर्माना लगाने के आदेश के खिलाफ उनकी याचिका को विचारार्थ स्वीकार कर लिया था। विभाग के वकील ने कहा कि केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने 8 अगस्त, 2019 को परिपत्र जारी कर अधिकारियों को निर्देश दिया था कि एक करोड़ रुपए से कम कम राशि वाले मामलों में अपील नहीं करें। उन्होंने कहा कि आयकर आयुक्त, चेन्नई द्वारा दाखिल मौजूदा याचिका में विभाग ने तीनों साल के लिए जिस राशि के लिए अपील की वह एक करोड़ रुपए से कम थी।

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मंगलवार को कोलकाता के एक कला शिविर में नागरिकता (संशोधन) अधिनियम (सीएए) और राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर (एनआरसी) के खिलाफ एक विरोध प्रदर्शन के दौरान पेंटिंग बनायी

## प्रधानमंत्री से बातचीत को तैयार लेकिन पहले सीएए वापस हो : ममता बनर्जी

भाषा। कोलकाता

**पश्चिम** बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मंगलवार को कहा कि वह संशोधित नागरिकता कानून (सीएए) के मुद्दे पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ बातचीत के लिए तैयार हैं लेकिन केंद्र को पहले इस विवादास्पद कानून को वापस लेना होगा। भाजपा की कटु आलोचक ममता ने कहा कि केंद्र के फैसलों के खिलाफ प्रदर्शन करने से विपक्षी पार्टियां राष्ट्र विरोधी नहीं हो जातीं। उन्होंने एक बार फिर से कहा कि वह राज्य में सीएए, राष्ट्रीय नागरिक पंजी (एनआरसी) या राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर (एनपीआर) लागू नहीं करेंगी। उन्होंने कहा, यदि वह (प्रधानमंत्री) सचमुच में सीएए पर वार्ता शुरू करने में रूचि रखते हैं तो यह अच्छा है। उन्हें (भाजपा को) अवश्य ही सर्वदलीय बैठक बुलानी चाहिए। उन्होंने (केंद्र ने) कश्मीर या सीएए पर फैसला करने से पहले सर्वदलीय बैठक नहीं बुलाई। फैसला लेने से पहले उन्हें सभी दलों के साथ विचार विमर्श करना चाहिए था। ममता ने पेंटिंग के जरिए सीएए के खिलाफ प्रदर्शन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा, हम बातचीत के लिए तैयार हैं लेकिन पहले सीएए वापस लिया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा, यदि केंद्र बातचीत के लिए तैयार है तो उसे पहले सीएए रद्द करना चाहिए। यदि वे इसे रद्द करते हैं तभी हम खुल कर बात कर सकते हैं। प्रधानमंत्री को देशवासियों में विश्वास बहाल करने की जरूरत है। उन्हें हमें यह भरोसा दिलाने की जरूरत है कि सीएए को रद्द कर दिया जाएगा और एनपीआर तथा एनआरसी का विचार छोड़ दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्र सरकार द्वारा सीएए पर सर्वदलीय बैठक बुलाया जाना बाकी है तथा प्रधानमंत्री ने पिछले महीने स्पष्ट रूप से कहा था कि उनकी सरकार ने अखिल भारतीय एनआरसी से जुड़े किसी प्रस्ताव के बारे में चर्चा नहीं की है। ममता ने भाजपा पर प्रहार करते हुए कहा, वे हर वक्त पाकिस्तान का महिमामंडन क्यों करते हैं? मुझे अपने देश पर गर्व है। मैं नहीं जानती कि क्या भाजपा पाकिस्तान का ब्रांड एंबेसडर बन गई है क्योंकि वे हमेशा उसकी बातें करते हैं और हिंदुस्तान का जिक्र कम करते हैं। ममता के बयान पर प्रतिक्रिया जाहिर करते हुए प्रदेश भाजपा प्रमुख दिलीप घोष ने कहा कि ममता और तृणमूल कांग्रेस उस वक्त क्या कर रही थी जब विधेयक को चर्चा के लिए संसद के पटल पर रखा गया था। पश्चिम बंगाल विधानसभा ने सोमवार को सीएए के खिलाफ एक प्रस्ताव पारित किया। इस तरह, ऐसा करने वाला वह केरल, पंजाब और राजस्थान के बाद चौथा राज्य बन गया। उल्लेखनीय है कि राज्य विधानसभा ने छह सितंबर 2019 को एनआरसी के खिलाफ एक प्रस्ताव पारित किया था।

## मुजफ्फरपुर आश्रयगृह मामले में सजा की अवधि पर सुनवाई चार तक टली

भाषा। नई दिल्ली

**दिल्ली** की एक अदालत ने मुजफ्फरपुर आश्रयगृह मामले में अनेक नाबालिग लड़कियों के यौन उत्पीड़न और उनपर शारीरिक हमले के दोषी ब्रजेश ठाकुर तथा 18 अन्य दोषियों की सजा की अवधि पर सुनवाई मंगलवार को एक सप्ताह के लिए टाल दी।

अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश सुदेश कुमार ने सुनवाई चार फरवरी तक टाल दी क्योंकि मुकदमे पर सुनवाई करने वाले न्यायाधीश सौरभ कुलश्रेष्ठ छुट्टी पर थे। अदालत ने आश्रयगृह के संचालक ठाकुर को 20 जनवरी को यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) कानून की धारा छह और भादंसं के तहत बलात्कार तथा सामूहिक बलात्कार की धाराओं के अंतर्गत कई अपराधों में दोषी ठहराया था। इसने 1,546 पृष्ठ के अपने फैसले में ठाकुर को भादंसं की धाराओं-120-बी (आपराधिक साजिश), 324 (घातक हथियारों से नुकसान पहुंचाना), 323 (जानबूझकर नुकसान पहुंचाना), पॉक्सो कानून की धारा 21 (अपराध की सूचना आयोग को न देना) और किशोर न्याय कानून की धारा 75 (बच्चे के साथ क्रूरता) के तहत भी दोषी पाया था। अदालत ने हालांकि, विक्की नाम के आरोपी को सबूतों के अभाव में बरी कर दिया था।

महिला आरोपियों में से एक मुजफ्फरपुर की बाल संरक्षण इकाई की पूर्व सहायक निदेशक, रोजी रानी को पॉक्सो कानून के तहत धारा 21 (1) (अपराध होने की जानकारी देने में विफल रहने) के तहत अपराधों के लिए दोषी ठहराया। चूंकि इस अपराध के लिए अधिकतम सजा छह महीने थी जो वह पहले ही काट चुकी है, इसलिए उसे अदालत ने जमानत दे दी। मुजफ्फरपुर बाल कल्याण समिति (सीडब्ल्यूसी) के पूर्व प्रमुख दिलीप कुमार वर्मा, जिला बाल संरक्षण इकाई के बाल संरक्षण अधिकारी रवि रोशन, सीडब्ल्यूसी के सदस्य विकास कुमार और अन्य आरोपी विजय कुमार तिवारी, गुड्डू पटेल, किशन कुमार और रामानुज ठाकुर को पॉक्सो कानून के तहत गंभीर यौन उत्पीड़न, और भादंसं एवं पॉक्सो कानून के तहत आपराधिक षड्यंत्र, बलात्कार, सामूहिक बलात्कार, चोट पहुंचाने, बलात्कार के लिए उकसाने और किशोर न्याय कानून की धारा 75 के तहत दोषी ठहराया गया था।

दो लोगों - रमाशंकर सिंह और डॉ. अश्विनी को आपराधिक षड्यंत्र तथा बलात्कार के लिए उकसाने के अपराधों का दोषी पाया गया। रमा को भादंसं की धारा 323, किशोर न्याय कानून की धारा 75 और पॉक्सो कानून की धारा 21 के तहत भी दोषी ठहराया गया था। महिला आरोपियों - शाइस्ता प्रवीण, इंदु कुमारी, मीनू देवी, मंजू देवी, चंदा देवी, नेहा कुमारी, हेमा मसीह, किरण कुमारी को आपराधिक षड्यंत्र, बलात्कार के लिए उकसाने, बच्चों के साथ क्रूरता और अपराध होने की रिपोर्ट करने में विफल रहने का दोषी पाया गया। ठाकुर की तरफ से पेश हुए वकील पी के दुबे और निशांक मट्टू ने संवाददाताओं से कहा था कि वे इस फैसले को उच्च अदालत में चुनौती देंगे। दिलीप के वकील वकील ज्ञानेंद्र मिश्रा ने कहा था कि आरोपियों के खिलाफ कोई सबूत नहीं है और वह फैसले को उच्च अदालत में चुनौती देंगे।

## केंद्र सभी राज्यों से बेहतर तालमेल चाहता है : शाह

● राज्यों को उनकी बेहतरी के लिए हर संभव सहायता प्रदान की जायेगी

भाषा। रायपुर

**केंद्रीय** गृह मंत्री अमित शाह ने छत्तीसगढ़ में मध्य क्षेत्रीय परिषद (सीजेडसी) की बैठक को संबोधित करते हुए मंगलवार को कहा कि केंद्र सभी राज्यों के साथ बेहतर तालमेल बनाकर रखना चाहता है।

शाह ने नया रायपुर में सुरक्षा और आधारभूत संरचना सहित विविध मुद्दों पर केंद्र और राज्यों के लिए विचारों के आदान-प्रदान के मंच सीजेडसी की 22 वीं बैठक की अध्यक्षता की। शाह ने अपने संबोधन में कहा, केंद्र सभी राज्यों के साथ बेहतर तालमेल बनाए रखना चाहता है। उन्होंने कहा कि केंद्र सभी राज्यों को उनकी बेहतरी के लिए हर संभव सहायता प्रदान करेगा। नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) के संदर्भ में विभिन्न हलकों में सहयोगपूर्ण संघवाद के मुद्दे पर चर्चा हो रही है। इससे पहले कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री कमलनाथ ने कहा कि केंद्र और राज्यों के बीच टकराव के कई मुद्दे हैं, हालांकि उन्होंने किसी खास मुद्दे का उल्लेख नहीं किया। कमलनाथ ने कहा केंद्र और राज्य के बीच समन्वय बना रहे, यह बहुत जरूरी है। बहुत सारे ऐसे मुद्दे हैं जो टकराव के मुद्दे हैं, और टकराव से हानि ही नहीं होती बल्कि देश भी नहीं चल सकता है।

मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश और उत्तराखंड के मुख्यमंत्री बैठक में शामिल हुए हैं जबकि छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल उपाध्यक्ष के तौर पर मौजूद हैं। केंद्र और राज्यों के बीच विभिन्न मुद्दों पर बेहतर तालमेल और समाधान के लिए राज्यों की क्षेत्रीय परिषदों का गठन हुआ था। शाह ने कहा कि केंद्र ने नियमित तौर पर ऐसी बैठकें करने का प्रयास किया है जिसके बेहतर नतीजे आएंगे। गृह मंत्री ने कहा, चारों राज्यों के मुख्यमंत्रियों ने कई मुद्दे सामने रखे हैं। संसाधनों के अभाव को देखते हुए बहुत सारी उम्मीदें हैं। लोकतंत्र में निर्वाचित प्रतिनिधियों से लोगों को बहुत अपेक्षाएं रहती है। हालांकि, हर बार पर अपेक्षा पर उतरना मुमकिन नहीं है। बहरहाल, उन्होंने कहा कि केंद्र सभी राज्यों के साथ बेहतर तालमेल बनाए रखना चाहता है और उनकी समस्याओं में उनके साथ खड़े रहना चाहता है चाहे बजटीय आवंटन का हो, विकास का मुद्दा हो याद कानून-व्यवस्था की स्थिति। मुख्यमंत्री के अलावा भागीदार राज्यों से दो-दो मंत्री, उनके मुख्य सचिव और वरिष्ठ अधिकारी भी बैठक में हिस्सा ले रहे हैं।

## कन्हैया कुमार से ज्यादा खतरनाक बयान दिया है शरजील ने शाह

**रायपुर ( भाषा )।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने असम के बारे में कथित विवादास्पद बयान देने वाले शरजील इमाम के बारे में कहा है कि उसने जेएनयू के पूर्व छात्र नेता कन्हैया कुमार से ज्यादा खतरनाक बयान दिया है। साथ ही उन्होंने आरोप लगाया कि सीएए को लेकर कांग्रेस भ्रम फैला रही है। शाह ने मंगलवार को यहां भारतीय जनता पार्टी के कार्यालय कुशाभाऊ परिसर में कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा, कांग्रेस पार्टी सीएए पर भ्रम फैला रही है, विरोध कर रही है, लोगों को दंगे के लिए उकसा रही है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया, इस देश के मुसलमान भाइयों को (विपक्षी दल) उकसा रहे हैं कि आपकी नागरिकता चली जाएगी। गृह मंत्री ने कांग्रेस नेता पर निशाना साधते हुए कहा, राहुल बाबा बताएं कि आप कानून की कौन सी धारा पढ़ रहे हैं जिससे इस देश के मुसलमानों की नागरिकता जाएगी। यह भ्रम फैला रहे हैं और लोगों को डरा रहे हैं। उन्होंने सीएए के विरोध में शरजील इमाम के कथित भड़काऊ भाषण का उल्लेख करते हुए कहा, अब शरजील का बयान देखिए। वह कन्हैया कुमार से ज्यादा खतरनाक बोले कि चिकन नेक को काट दो असम भारत से कट जाएगा, सात पुश्तें लग जाएगी असम भारत से ऐसे नहीं कटेगा। दिल्ली के शाहीन बाग में सीएए के विरोध में हो रहे प्रदर्शन से जुड़े इमाम का एक वीडियो सामने आया जिसमें वह कथित तौर पर असम को भारत से अलग करने का बयान दे रहा है। इसके बाद उसके खिलाफ कई राज्यों की पुलिस ने मामले दर्ज किए और उसे मंगलवार को बिहार से गिरफ्तार किया गया। शाह ने कहा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री केजरीवाल कह रहे थे कि भारतीय जनता पार्टी को पाकिस्तानी प्यारे हैं। उन्होंने, केजरीवाल जी हमें देशभक्ति ना सिखाओ। हमारा जीवन भारत माता की जयकारे के साथ शुरू हुआ और उसी के साथ समाप्त होगा। यह पाकिस्तानी नहीं है हमारे भाई-बंधु है जो उस समय की आपाधापी में यहां नहीं आ पाए थे।

## धनप्रसाद के हत्यारों पर मप्र सरकार नहीं डाल रही हाथ, क्योंकि वे अल्पसंख्यक हैं: शिवराज चौहान

भाषा। सागर

**भाजपा** के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने राज्य की कांग्रेस नीत सरकार पर मंगलवार पर तुष्टिकरण का आरोप लगाते हुए कहा कि वह सागर जिले में 24 वर्षीय दलित धनप्रसाद अहिरवार की आग लगाकर हत्या करने वालों पर इसलिए हाथ नहीं डाल रही है, क्योंकि वे अल्पसंख्यक समुदाय से आते हैं। उन्होंने कहा कि इसके अलावा, भाजपा की मांग है कमलनाथ सरकार धनप्रसाद के हत्यारों को फांसी दे और उसकी पत्नी पूजा को सरकारी नौकरी और 25 लाख रुपए की आर्थिक सहायता दे। धनप्रसाद अहिरवार की हत्या के विरोध में भाजपा द्वारा सागर में आयोजित सभा को संबोधित करते हुए चौहान ने कहा कि 25-30 बदमाशों ने धनप्रसाद के ऊपर मिट्टी का तेल डालकर आग लगा दी। उन्होंने कहा कि लेकिन यह पहला मौका नहीं था। इससे पहले 2019 में भी धनप्रसाद से इन्हीं लोगों ने झगड़ा किया था। उस समय भी वे उसे मारना चाहते थे, लेकिन लोगों ने बीच-बचाव कर दिया था।

चौहान ने कहा कि उसी समय अगर प्रशासन चेत जाता, झगड़ा करने वालों को सबक सिखाया होता, तो यह घटना नहीं होती। उन्होंने कहा, इस घटना के बाद सरकार की यह ड्यूटी थी कि वह धनप्रसाद को जलाने वालों को गिरफ्तार करती। लेकिन चूंकि वे अल्पसंख्यक समुदाय से आते हैं, इसलिए सरकार ने उन पर हाथ नहीं डाला। पूजा और उसके पति गरीब थे, दलित थे, इसलिए उनकी आवाज नहीं सुनी गई। चौहान ने कहा कि इस सरकार ने धनप्रसाद को आग लगाने वालों पर कार्रवाई तो दूर, उसका इलाज तक नहीं करवाया। लगातार इस घटना को दबाने की कोशिश की गई। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री कमलनाथ को यह जवाब देना पड़ेगा कि धनप्रसाद को क्यों बर्न वार्ड में भर्ती नहीं कराया? क्यों जनरल वार्ड में तड़पने में छोड़ दिया। उन्होंने कहा कि अगर राहुल बाबा, सोनिया जी, प्रियंका जी में जरा भी हिम्मत है, तो अहिरवार की विधवा पूजा बेटी के आंसुओं को बांटने और कमलनाथ से इन अत्याचारों का जवाब मांगने सागर की धरती पर आकर दिखाओ।

### क्विक न्यूज

**कोरोना वायरस का प्रसार रोकने के लिए दलाई लामा ने मंत्रोच्चार करने को कहा**

**धर्मशाला (भाषा)।** तिब्बती आध्यात्मिक नेता दलाई लामा ने कोरोना वायरस के खतरे से बचने के लिए चीन में अपने अनुयायियों को मंत्रोच्चार करने को कहा है। चीन में इस घातक विषाणु की चपेट में आकर 100 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है। वुहान में संक्रमण के मामलों के बढ़ने के बीच चीन के श्रद्धालुओं के एक समूह ने फेसबुक पर दलाई लामा को सलाह देने का अनुरोध किया था। उनकी चिंताओं पर जवाब देते हुए दलाई लामा ने चीन में अपने अनुयायियों और बौद्ध भिक्षुओं को तारा मंत्र का पाठ करने को कहा क्योंकि यह विषाणु के प्रसार को रोकने में प्रभावी रूप से फायदेमंद होगा। उन्होंने सक्रमित लोगों को चिंताओं से ध्यान हटाकर शांत चित्त के साथ ओम तारे तुत्तरे तुरे स्वाहा का पाठ करने को कहा। उन्होंने मंत्रोच्चार के पाठ का एक वॉयस क्लिप भी साझा किया है। खबरों के मुताबिक, चीन में विषाणु से प्रभावित मृतकों की संख्या 106 हो चुकी है। पिछले 24 घंटे में संक्रमण के 1300 नए मामले सामने आए है।

**उद्धव ठाकरे ने फडणवीस, गडकरी की सराहना की**

**नागपुर (भाषा)।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने राज्य के विकास के वास्ते उठाए गए कदमों के लिए अपने पूर्ववर्ती देवेंद्र फडणवीस और केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी की मंगलवार को सराहना की। भाजपा की पूर्व सहयोगी रही शिवसेना के अध्यक्ष ठाकरे ने नागपुर से संबंध रखने वाले दोनों नेताओं की सराहना करते हुए कहा कि उन्हें महाराष्ट्र के विकास के लिए मिलकर काम करना चाहिए। वह नागपुर मेट्रो की एक्वा लाइन के उद्घाटन के बाद बोल रहे थे। ठाकरे, गडकरी और उड्डयन मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने लोकमान्य नगर-सिताबुल्दी इंटरचेंज के बीच 11 किलोमीटर लंबे वॉयडिोर का उद्घाटन किया। पुरी ने उद्घाटन समारोह में दिल्ली से वीडियो लिंक के जरिए हिस्सा लिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सात मार्च 2019 को पहले वॉयडिोर, 13.5 किलोमीटर लंबी ऑरेंज लाइन का उद्घाटन किया था।

**तरनजीत सिंह संधू को अमेरिका में भारत का राजदूत नियुक्त किया गया**

**नई दिल्ली (भाषा)।** वरिष्ठ राजनयिक तरनजीत सिंह संधू को अमेरिका में भारत का राजदूत नियुक्त किया गया है। यह जानकारी मंगलवार को विदेश मंत्रालय ने दी।।भारतीय विदेश सेवा के 1988 बैच के अधिकारी संधू वर्तमान में श्रीलंका में भारत के उच्चायुक्त है। वह वॉशिंगटन में हर्षवर्द्धन श्रृंगला का स्थान लेंगे। श्रृंगला को भारत का नया विदेश सचिव बनाया गया है।

## नई शिक्षा नीति पर मसौदा अंतिम चरण में: पोखरियाल

भाषा। पुणे

**केंद्रीय** मानव संसाधन विकास मंत्री रमेश पोखरियाल ने मंगलवार को कहा कि नई शिक्षा नीति पर विभिन्न हितधारकों से सुझाव प्राप्त हुए हैं और इसका मसौदा अंतिम चरण में है। पोखरियाल ने कहा, नई शिक्षा नीति पर अध्यापकों, छात्रों, संस्थानों, सरकार, निर्वाचित जन प्रतिनिधियों, सरकारी अधिकारियों, ग्राम समुदायों आदि से सुझाव प्राप्त हुए हैं और मसौदा अंतिम चरण में है। मंत्री ने कहा कि तक्षशिला, नालंदा जैसे प्राचीन विश्वविद्यालयों के चलते भारत एक विश्व गुरू रहा है तथा भारत आने वाले विदेशी छात्रों को हमारे ज्ञान, विज्ञान, शोध एवं प्राचीन परंपराओं के साथ वापस लौटना चाहिए। पोखरियाल ने कहा, हम विदेशी छात्रों के वीजा से जुड़े मुद्दों के समाधान के लिए जल्द ही आईसीसीआर, एआईसीटीई, यूजीसी, विदेश मंत्रालय एवं मानव संसाधन विभाग के अधिकारियों की सदस्यता वाला एक कार्य बल गठित करेंगे। गंतव्य भारत-भारत को शिक्षा के लिए एक प्राथमिकता वाला केंद्र बनाने पर एक राष्ट्रीय सम्मेलन से इतर निशंक ने संवाददाताओं से बातचीत में यह जानकारी दी। इस कार्यक्रम का आयोजन भारतीय सांस्कृति संबंध परिषद ने सिम्बायोसिस इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी और सावित्रीबाई फूले पुणे विश्वविद्यालय के सहयोग से किया था।



योग गुरु बाबा रामदेव और आध्यात्मिक गुरु कमलेश पटेल मंगलवार को हैदराबाद के कान्हा शांति वनम में एक ध्यान केंद्र के उद्घाटन कार्यक्रम के दौरान

## बजट सत्र से पहले लोकसभा अध्यक्ष और राज्यसभा के सभापति राजनीतिक दलों के साथ बैठक करेंगे

भाषा। नई दिल्ली

**संसद** के बजट सत्र से पहले लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने 30 जनवरी को विभिन्न राजनीतिक दलों की बैठक बुलाई है जबकि राज्यसभा के सभापति एम वेंकैया नायडू ने 31 जनवरी को अपने आवास पर राजनीतिक दलों की बैठक बुलाई है।

सरकार ने भी 30 जनवरी को सुबह सभी राजनीतिक दलों की बैठक बुलाई है। सूत्रों ने बताया कि इन बैठकों का उद्देश्य संसद के आगामी सत्र के दौरान सदन में कामकाज सुचारू रूप से संपन्न कराना है। राज्यसभा के सभापति एम वेंकैया नायडू ने उच्च सदन में विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं को बैठक के लिए आमंत्रित किया है। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने भी ऐसी ही बैठक बुलाई है। गौरतलब है कि पिछले दो सत्रों के दौरान राज्यसभा में कामकाज की उत्पादकता शत प्रतिशत रही। हालांकि, संसद का बजट सत्र इस बार हंगामेदार रहने की संभावना है जहां विपक्ष संशोधित नागरिकता कानून के अलावा एनपीआर और एनआरसी के मुद्दे को जोरदार ढंग से उठा सकता है। इसके अलावा अर्थव्यवस्था सहित कई अन्य मुद्दे भी उठाए जा सकते हैं। उल्लेखनीय है कि संसद का बजट सत्र 31 जनवरी से शुरू होगा और उस दिन संसद के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक को राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद संबोधित करेंगे।

# भारत, लक्जमबर्ग ने संबंधों के विविध आयामों पर चर्चा की

भाषा। नई दिल्ली

**यूरोपीय संघ** के एक सदस्य लक्जमबर्ग ने मंगलवार को कहा कि वह भारत के घरेलू नीति में हस्तक्षेप नहीं करना चाहता हालांकि उसने नई दिल्ली से कहा कि ऐसे सभी उपाए करे जिससे देशविहीन लोगों की संख्या नहीं बढ़े। लक्जमबर्ग के विदेश मंत्री जीन एसेलबर्न ने अपने भारतीय समकक्ष के साथ चर्चा के दौरान यह बात कही। दोनों देशों के विदेश मंत्रियों की यह बैठक ऐसे समय में हुई है जब भारत के संशोधित नागरिकता कानून के खिलाफ यूरोपीय संघ में समूहों ने छह प्रस्ताव रखे हैं।

जयशंकर के साथ बैठक के बाद इंडिया इंटरनेशनल सेंटर में एक संवाद के दौरान एसेलबर्न ने कहा, मैंने मंत्री (जयशंकर) से आज सुबह कहा कि ऐसे सभी उपाए करें जिससे देशविहीन लोगों की संख्या नहीं बढ़े। यह ऐसी बात है जिनका हम सभी को मुकाबला करना है। बाकी बातें भारत (जुड़ी) की है। प्रस्तावों के बारे में एक सवाल के जवाब में एसेलबर्न ने इसका बचाव करते हुए कहा कि यूरोपीय संसद अपने सदस्य देशों की भी अक्सर आलोचना करता है और उनके खिलाफ कड़ा रूख भी अपनाता है।

भारतीय संदर्भ में मंत्री ने कहा, समस्या यह है कि अगर पलायन और धर्म जुड़ता है, तब समाधान प्राप्त करना काफी कठिन होता है। एसेलबर्न ने कहा कि उन्होंने (जयशंकर) मुझे आज सुबह अपना रूख बताया। विज्ञप्ति के अनुसार, विदेश मंत्रालय ने कहा कि एसेलबर्न ने जयशंकर से मुलाकात की और इस दौरान दोनों देशों ने अपने शानदार द्विपक्षीय संबंधों की समीक्षा की। दोनों देशों के मंत्रियों ने उच्च स्तरीय राजनीतिक सम्पर्कों को और गहरा बनाने पर सहमति व्यक्त की। विदेश मंत्री ने मंगलवार को लक्जमबर्ग के विदेश मंत्री जीन एसेलबर्न के साथ बैठक की और द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत बनाने के लिए रिश्तों के विविध आयामों पर चर्चा की। दोनों नेताओं ने जलपान पर मुलाकात की और आपसी हितों से जुड़े मुद्दों पर विचारों का आदान प्रदान किया। विदेश मंत्री जयशंकर ने ट्वीट किया, लक्जमबर्ग के विदेश मंत्री जीन एसेलबर्न का स्वागत। वैश्विक राजनीति को लेकर उनके व्यापक अनुभव को दर्शाने वाला बहुमूल्य आकलन सराहनीय।

## पीएम की खराब छवि पेश करने के लिए स्कूल के खिलाफ देशद्रोह का मामला दर्ज

**बीदर (कर्नाटक)।** सीएए और एनआरसी को लेकर छात्रों को नाटक करने की कथित तौर पर अनुमति देने के लिए एक स्थानीय स्कूल के खिलाफ देशद्रोह का मामला दर्ज किया गया है। इस नाटक में कथित रूप से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की खराब छवि पेश की गई थी। शाहीन स्कूल के प्रबंधन पर भादंसं की धारा 124 (ए) और 153 (ए) के तहत विभिन्न समूहों के बीच शत्रुता को बढ़ावा देने के लिए भी मामला दर्ज किया गया है। सामाजिक कार्यकर्ता नीलेश रक्षयाल की शिकायत पर 26 जनवरी को मामला दर्ज किया। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि स्कूल के अधिकारियों ने 21 जनवरी को नाटक मंचन में छात्रों का इस्तेमाल किया उन्होंने संशोधित नागरिकता कानून और राष्ट्रीय नागरिक पंजी को लेकर मोदी के लिए असभ्य भाषा का इस्तेमाल किया। प्रबंधन ने मुस्लिमों के बीच भय पैदा करने की कोशिश की कि अगर सीएए और एनआरसी को लागू किया जाता है।

सोनीपत में उत्तर रेलवे के जीएम टीपी सिंह के साथ सांसद रमेश चंद्र कौशिक ने सोनीपत रेल कोच कारखाना का किया निरीक्षण

## रॉबर्ट वाड्रा से जुड़े पीएमएलए के मामले में दिल्ली की अदालत ने थंपी को जेल भेजा

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने मंगलवार को एनआरआई कारोबारी सी सी थंपी को रॉबर्ट वाड्रा के खिलाफ एक मामले से जुड़ी धनशोधन की जांच के सिलसिले में न्यायिक हिरासत में भेज दिया। विशेष सीबीआई न्यायाधीश ने थंपी को सात फरवरी तक के लिए जेल भेज दिया और कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी के दामाद वाड्रा से जुड़े मामले में उससे आगे हिरासत में पूछताछ के जांच एजेंसी के अनुरोध को खारिज कर दिया। प्रवर्तन निदेशालय ने गिरफ्तार किया था। मामला लंदन में 12, ब्रायनस्टन स्क्वायर स्थित संपत्ति की खरीद में काले धन को सफेद में बदलने के आरोपों से जुड़ा है। यह संपत्ति कथित रूप से वाड्रा के स्वामित्व वाली है जिसकी कीमत 19 लाख पाउंड है। अदालत ने थंपी की जमानत अर्जी पर फैसला बुधवार के लिए सुरक्षित रखा। जमानत अर्जी में कहा गया कि थंपी से आगे पूछताछ जरूरी नहीं है और उसे हिरासत में रखने से कुछ हासिल नहीं होगा।

# न्यायमूर्ति भट अतिरिक्त धनराशि की केंद्र की याचिका पर सुनवाई से अलग हुए

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश एस खींद्र भट ने भोपाल गैस पीड़ितों को मुआवजा देने के लिए अमेरिका स्थित यूनियन कार्बाइड कर्पोरेशन की उत्तराधिकारी कंपनियों से 7,844 करोड़ रुपए की अतिरिक्त राशि दिलाने के मामले की सुनवाई से मंगलवार को खुद को अलग कर लिया। न्यायमूर्ति अरुण मिश्रा की अध्यक्षता वाली पांच सदस्ईय संविधान पीठ ने न्यायमूर्ति भट के अलग होने के बाद इस मामले की सुनवाई बुधवार के लिए स्थगित कर दी और कहा कि प्रधन न्यायाधीश एस ए बोबडे अब इस मामले की सुनवाई के लिए पीठ के गठन पर विचार करेंगे।

इस मामले की सुनवाई के लिए पीठ के बैठते ही न्यायमूर्ति मिश्रा ने कहा कि न्यायमूर्ति भट को इसकी सुनवाई में शामिल होने में कुछ कठिनाई है। पीठ ने कहा, हम इस मामले पर आज विचार नहीं करेंगे। हम प्रधान न्यायाधीश के आदेश का इंतजार करेंगे। इस पीठ के सदस्यों में न्यायमूर्ति इन्दिरा बनर्जी, न्यायमूर्ति विनीत सरन और न्यायमूर्ति एम आर शाह भी शामिल हैं।

न्यायमूर्ति भट ने इस मामले में पीठ का हिस्सा बनने में असमर्थता व्यक्त की और कहा, में इस मामले में भारत सरकार की ओर से पेश हुआ था जब सरकार ने पुनर्विचार का अनुरोध किया था। केन्द्र चाहता है कि गैस त्रासदी से पीड़ित परिवारों को मुआवजा देने के लिए पहले निर्धारित की गई 47 करोड़ अमेरिकी डालर की राशि के अलावा यूनियन कार्बाइड और दूसरी फर्मो को 7,844 करोड़ रुपए का अतिरिक्त धन देने का निर्देश दिया जाए।

यूनियन कार्बाइड कार्पोरेशन के भोपाल स्थित संयंत्र से दो-तीन दिसंबर, 1984 को एमआईसी गैस के रिसाव के कारण हुई त्रासदी में तीन हजार से अधिक लोग मारे गए थे और 1.02 लाख लोग इससे बुरी तरह प्रभावित हुए थे। यूनियन कार्बाइड कार्पोरेशन, जिसका स्वामित्व अब डाउ केमिकल्स के पास है, ने इस त्रासदी के लिए मुआवजे के रूप में 47 करोड़ अमेरिकी डालर दिए थे। इस गैस त्रासदी से पीड़ित व्यक्ति पर्याप्त मुआवजा और इस जहरीली गैस के कारण हुई बीमारियों के समुचित इलाज के लिए लगातार संघर्ष कर रहे हैं।

केन्द्र ने दिसंबर, 2010 में मुआवजे की राशि बढ़ाने के लिए शीर्ष अदालत में सुधारात्मक याचिका दायर की थी। संविधान पीठ को यूनियन कार्बाइड और दूसरी फर्मो से 1989 में हुए 47 करोड़ अमेरिकी डालर के समाधान के अतिरिक्त 7,844 करोड़ रुपए दिलाने के लिए केन्द्र की सुधारात्मक याचिका पर सुनवाई करनी थीं। भोपाल की एक अदालत ने सात जून, 2010 को यूनियन कार्बाइड इंडिया लि. के सात अधिकारियों को इस हादसे के संबंध में दो साल की कैद की सजा सुनाई थी।

# जम्मू-कश्मीर में नियंत्रण रेखा, आंतरिक इलाकों के आस-पास स्थिति नियंत्रण में

भाषा। नई दिल्ली

**सेना** के नए उपप्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल एस के सैनी ने मंगलवार को कहा कि जम्मू-कश्मीर में नियंत्रण रेखा के आस-पास और आंतरिक इलाकों में स्थिति नियंत्रण में है। सलामी गारद के निरीक्षण के बाद सैनी ने कहा कि सेना हर चुनौती के लिए तैयार है। उन्होंने कहा, पिछले वर्ष संघर्षविराम उल्लंघन के मामले बढ़ गए। हम सामने आने वाली चुनौतियों से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार हैं।

साथ ही उन्होंने कहा कि उपकरण, गोला-बारूद जैसी महत्त्वपूर्ण कमियों को दूर करने और उत्तरी सीमा के आस-पास क्षमता विकास उनकी प्राथमिकताओं में शामिल होगा। नए वायस चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ़ लेफ्टिनेंट जनरल सैनी ने कहा, चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जैसे नए पद सृजित हुए हैं। सेना मुख्यालय को उनके साथ जोड़कर अधिक समन्वय स्थापित करना मेरी प्राथमिकताएं होंगी।

अब तक दक्षिणी कमान के प्रमुख रहे सैनी सैनिक स्कूल, कपूरथला और राष्ट्रीय रक्षा अकादमी (एनडीए) के छात्र रहे हैं। जून 1981 में उन्हें जाट रेजिमेंट में कमीशन प्राप्त हुआ था। लेफ्टिनेंट जनरल सैनी राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (एनएसजी) प्रशिक्षण केंद्र में हथियार प्रशिक्षक, नई दिल्ली में राष्ट्रीय रक्षा कॉलेज में वरिष्ठ निर्देशक स्टाफ और भारतीय सैन्य अकादमी में कमांडेंट रहे हैं।

उन्होंने इराक-कुवैत में संयुक्त राष्ट्र मिशन के डिप्टी चीफ मिलिट्री पर्सनल ऑफिसर के तौर पर भी सेवा दी है। वह मंगोलिया में वैश्विक शांति अभियान द्वारा शांतिरक्षा पर आयोजित एक अभ्यास में और ऑस्ट्रेलिया में आतंकवाद रोधी अभ्यास में शामिल हुए। उन्हें अपने करियर के दौरान सेना प्रमुख से सम्मान, सेना कमांडर से सम्मान, युद्ध सेवा मेडल, विशिष्ट सेवा मेडल, अति विशिष्ट सेवा मेडल प्राप्त हुआ है। सैनी ने कहा कि नियंत्रण रेखा के आस-पास आतंकवादियों के ठिकानों पर गतिविधियां शुरू हो गई हैं और उनके ठिकाने सक्रिय हैं लेकिन भारतीय सशस्त्र बल उनसे निपटने के लिए तैयार है।

## सांसद कौशिक ने सोनीपत रेल कोच नवीनीकरण कारखाने का निरीक्षण किया

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**लोकसभा सांसद** रमेश चंद्र कौशिक ने उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक टीपी सिंह के साथ आज सोनीपत स्थित रेल कोच नवीनीकरण कारखाना और वहां चल रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। इस अवसर पर उत्तर रेलवे के विभिन्न विभागों के प्रमुख विभागाध्यक्ष भी उपस्थित थे। भारतीय रेलवे पारंपरिक आईसीएफ कोचों को चरणबद्ध तरीके से आधुनिक एलएचबी कोचों में परिवर्तित कर रहा है। एलएचबी कोच की 160 किमी प्रति घंटे तक की उच्च गति की क्षमता और क्रैश विरोधी विशेषताएं हैं। रेल कोच नवीनीकरण कारखाना बढी सोनीपत में एलएचबी कोचों के मध्यवर्ती नवीनीकरण को पूरा करने के लिए स्थापित होने वाला अपनी तरह का पहला कारखाना होगा । इस कारखाने की परियोजना की आधारशिला 9 अक्टूबर 2018 को प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा रखी गई थी। कारखाने में प्रति वर्ष 250 डिब्बों के रिहैबिलिटेशन की क्षमता होगी जिसे बढ़ाकर 500 कोच तक करने की योजना बनाई गई है। द्वितीय चरण में यह क्षमता प्रति वर्ष 1000 कोच तक बढ़ाई जा सकती है। सोनीपत के लोकसभा सांसद रमेश चंद्र कौशिक की उपस्थिति में दिनांक 11.01.2019 को साइट कार्यों की आधारशिला रखी गई थी ।

रांची में कांग्रेस विधायक बादल पत्रलेख झामुमो अध्यक्ष शीबू सोरेन से शपथ लेने के बाद आशीर्वाद लेते हुए

# नरेन्द्र मोदी ने देश की छवि खराब की : राहुल गांधी

**जयपुर।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर देश की छवि को बर्बाद करने का आरोप लगाते हुए कहा कि विदेशी कंपनियां आज यहां निवेश करने से कतरा रही हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी को चुनौती दी कि वह देश के किसी भी विश्वविद्यालय में जाकर वहां के विद्यार्थियों के सवालों का सामना करें। रामबाग इलाके में कांग्रेस की युवा आक्रोश रैली को संबोधित करते हुए राहुल ने अपना भाषण मुख्य रूप से युवाओं, बेरोजगारी व देश की छवि पर केंद्रित रखा। मोदी सरकार ने किसानों को बर्बाद और मनरेगा को खोखला कर दिया है। देश की अर्थव्यवस्था डगमगा रही है और पिछले 45 साल में सबसे ज्यादा बेरोजगारी आज हिंदुस्तान में है।

राहुल गांधी ने कहा कि चीन का मुकाबला केवल भारत कर सकता है, यह बात पूरी दुनिया जानती है लेकिन मौजूदा हालात में कंपनियां यहां आने से हिचक रही हैं।

सारे देश हिंदुस्तान के साथ खड़े होकर हिंदुस्तान को विनिर्माण का हब बनाना चाहते हैं। सारी कंपनियां जो आज चीन में हैं वे हिंदुस्तान में आना चाहती हैं। कहती हैं कि हिंदुस्तान के लोग एक दूसरे से लड़ रहे हैं। हिंदुस्तान की सरकार देश में हिंसा फैला रही है। हिंसा के इस माहौल में हम निवेश क्यों करें? देश की परंपरागत छवि को नुकसान पहुंचाने का आरोप भी प्रधानमंत्री मोदी पर लगाया। राहुल गांधी ने सभा में राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे की ओर इशारा करते हुए कहा, ए झंडा है। ए एक झंडा है और ए सब हिंदुस्तानियों का झंडा है। जो भी इस देश को बांटने की कोशिश करता है, जो भी इस देश को तोड़ने की कोशिश करता है ....एक धर्म को दूसरे धर्म से लड़ाता हैअ उसको आप साफ बता दीजिए की देश को बांटने से हिंदुस्तान का फायदा नहीं

होता। यह इस झंडे का अपमान है। यह काम आप बंद कीजिए।

पूरी दुनिया में हिंदुस्तान की साख एक ऐसे देश के रूप में थी जहां भाईचारा है, प्यार है। इस छवि को नरेंद्र मोदी ने बर्बाद किया है। आज बाकी दुनिया में हिंदुस्तान को रैप कैपिटल माना जाता है। हर दिन कहीं न कहीं, किसी न किसी महिला से बलात्कार की खबर आती है। प्रधानमंत्री इसके बारे में नहीं बोलेंगे। मैं प्रधानमंत्री को चुनौती देता हूं कि वह देश के किसी भी विश्वविद्यालय में चले जाएं और अपने भाषण से पहले वहां के विद्यार्थियों के सवालों का सामना करें। युवाओं के दिल में जो सवाल हैं... बेरोजगारी का सवाल, हिंदुस्तान को बांटने को लेकर सवाल, हिंदुस्तान की छवि नष्ट करने का सवाल... इसका जवाब नरेंद्र मोदी कॉलेज, विश्वविद्यालय में जाकर नहीं दे सकते लेकिन नरेंद्र मोदी झूठे वादे जरूर कर सकते हैं। राहुल ने कहा, नरेंद्र मोदी ने दो करोड़ युवाओं को रोजगार देने की बात कही थी, लेकिन पिछले साल हिंदुस्तान में एक करोड़ युवाओं ने रोजगार खोया है। एनआरसी की बात होगी, सीएए, एनपीआर की बात होगी लेकिन देश के सामने जो सबसे बड़ी समस्या है, जो इस देश के हर परिवार को चुभती है उस बारे में हमारे प्रधानमंत्री एक शब्द नहीं बोलते हैं।

अर्थव्यवस्था में गिरावट को लेकर भी राहुल ने मोदी पर तंज कसा और कहा, नरेन्द्र मोदी शायद इकोनोमिक्स पढ़े नहीं हैं, समझे नहीं हैं कि अर्थव्यवस्था तब चलती है जब गरीबों की जेब में पैसा आता है। उन्होंने कहा कि नरेन्द्र मोदी ने किसानों को बर्बाद कर दिया, मनरेगा को खोखला कर दिया, भोजन के अधिकार को बंद कर दिया, नोटबंदी की, गब्बर सिंह टैक्स लागू किया। कांग्रेस नेता ने कहा कि उन्होंने हिन्दुस्तान के किसान, मजदूर, युवाओं की जेब से पैसा निकाला और 1520 उद्योगपतियों की जेब में डाल दिया गया। उन्होंने कहा कि जीएसटी से केवल अंबानी- अडानी को फायदा हुआ, जो सबसे बड़े कारोबारी हैं उनको फायदा हुआ लेकिन लाखों करोड़ों युवाओं का और छोटे दुकानदारों, लघु उद्यमियों का धंधा बर्बाद हो गया। राहुल गांधी ने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को आज तक जीएसटी समझ नहीं आई। रैली को मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने भी संबोधित किया।

# झारखंड में मंत्रिमंडल विस्तार सात मंत्री शामिल

**रांची।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मंगलवार को एक महीने पुराने अपने मंत्रिमंडल का विस्तार करते हुए सात मंत्रियों को शामिल किया। राज्यपाल द्रौपदी मुर्मू ने राजभवन में सादे समारोह में नए मंत्रियों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। सात मंत्रियों में पांच झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के और दो कांग्रेस के हैं। झामुमो-कांग्रेस-राजद गठबंधन की सरकार ने पिछले साल 29 दिसंबर को राज्य में सत्ता संभाली थी। सोरेन ने चंपई सोरेन, हाजी हुसैन अंसारी, जगरनाथ महतो, जोबा मांझी, मिथिलेश कुमार ठाकुर (सभी झामुमो से), बन्ना गुप्ता और बादल पत्रलेख (दोनों कांग्रेस) को मंत्रिपरिषद में शामिल किया। महतो और ठाकुर पहली बार मंत्री बने हैं और मांझी झामुमो में शामिल होने से पहले पूर्व की राजग सरकार में मंत्री थीं। अन्य चार पूर्व की संप्रग सरकारों में मंत्री रह चुके हैं।

झामुमो में पांच नए मंत्रियों को शामिल किए जाने के साथ मुख्यमंत्री सोरेन सहित उनकी पार्टी के छह मंत्री हो गए हैं। इसके अलावा कांग्रेस के चार और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के एक मंत्री हैं। अब मंत्रिपरिषद में 11 मंत्री हो गए हैं। एक और को मंत्री बनाए जाने की संभावना है। संवैधानिक प्रावधानों के तहत झारखंड में मुख्यमंत्री सहित अधिकतम 12 मंत्री हो सकते हैं। पूर्ववर्ती रघुवर दास सरकार में 11 मंत्री ही थे। पिछले साल सोरेन के 29 दिसंबर को झारखंड के 11 वें मुख्यमंत्री बनने के बाद मंत्रिपरिषद का यह पहला विस्तार है। उनके साथ कांग्रेस के आलमगीर आलम और रामेश्वर उरांव तथा राजद के सत्यानंद भोक्ता ने भी शपथ ली थी। मंत्रिपरिषद का विस्तार 24 जनवरी को होने वाला था। पश्चिम सिंहभूम जिले में सात ग्रामीणों की हत्या के कारण मुख्यमंत्री के आग्रह पर इसे टाल दिया गया था।

## गणतंत्र दिवस परेड में असम को सर्वश्रेष्ठ झांकी का पुरस्कार

**नई दिल्ली।** गणतंत्र दिवस पर रविवार आयोजित हुई परेड में असम की झांकी को सर्वश्रेष्ठ झांकी के रूप में चुना गया है। रक्षा मंत्री ने विशेष शिल्प कौशल और संस्कृति विषय पर आधारित असम की झांकी को मंगलवार को सर्वश्रेष्ठ झांकी का पुरस्कार दिया। रक्षा मंत्री द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार ओडिशा और उत्तर प्रदेश की झांकी को संयुक्त रूप से द्वितीय पुरस्कार दिया गया। ओडिशा की झांकी में भगवान लिंगराज का मंदिर प्रदर्शित किया गया था और उत्तर प्रदेश की झांकी में सर्व धर्म समभाव की भावना को दिखाया गया था। राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की कुल 16 झांकियां प्रदर्शित की गई थीं। विभिन्न मंत्रालयों और विभागों की कुल छह झांकियों में से जल शक्ति मंत्रालय और राष्ट्रीय आपदा मोचन बल की झांकियों को संयुक्त रूप से प्रथम पुरस्कार दिया गया। कश्मीर से कन्याकुमारी विषय पर आधारित केंद्रीय लोक निर्माण विभाग की झांकी को देश के विभिन्न भागों को फूलों के माध्यम से दिखाने के लिए विशेष पुरस्कार प्रदान किया गया।

**Format C-1**

**Declaration about criminal cases**

(As per the judgment dated 25th September, 2018 of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No. 536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr.) Name and address of candidate: **Sahiram, 321, Chhuriya Mohalla, Tehkhand Village, Delhi-110020,** Name of the Political Party: **AAM AADMI PARTY** (Independent candidates should write "Independent" here) Name of the Election : **Legislative Assembly of NCT of Delhi,** Name of State/ UT : **NCT of Delhi,** Name of Constituency : **AC-52 Tughlakabad.**

**I Sahiram** (name of candidate), a candidate for the above mentioned election, declare for public information the following details about my criminal antecedents :

| Sl. No. | Pending Criminal Cases | | | Details about cases of conviction for Criminal Offences | |
|---|---|---|---|---|---|
| | Name of Court | Case No. and Status of the Case | Sections of the Acts concerned & brief description of offence (s) | Name of Court & date (s) of order(s) | Description of offence(s) & punishment imposed |
| 1. | Not Applicable | Not Applicable | Not Applicable | Ld. MM. Saket, New Delhi. Dt.: 5/7/2017 | Alleged Involment in an altercation at the time of incident when demolition drive was being conducted by DDA & Fine of Rs. 3000 imposed. |
| 2. | Not Applicable | Not Applicable | Not Applicable | Sh. Samar Vishal, Ld. ACMM/PHC/ND Dt.: 3/7/2018 | Wrongfully restrained and assault upon complainant & fine of Rs. 2,00,500/- imposed |
| 3. | Not Applicable | Not Applicable | Not Applicable | Sh. Dharmesh Sharma, Ld. MM Dt.: 30/7/1998 | Pasting of poster & fine of Rs. 1,000/- imposed |

*In the case of election to Council of States or election to Legislative Council by MLAs, mention the election concerned in place of name of constituency.

Note : (i) Details should be given separtely for each case in separate rows.
(ii) The matter in newspapers should be in font size of atleast 12.

# एयर इंडिया का निजीकरण

## इस बार सफल होगी प्रक्रिया?

**एयर** इंडिया का अब क्या होगा? यहां तक कि सरकार के मंत्री भी अब विनिवेश के बजाय एयर इंडिया की बिक्री की बात करते हैं। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि यदि वे मंत्री न होते तो एयरलाइन खरीद लेते, लेकिन तथ्य यह है कि इसकी बिक्री हो पाना कठिन है। इस बार भी गुणवत्ता की कमी से बिक्री संभव नहीं नजर आ रही है क्योंकि केवल परिसंपत्तियों की बिक्री की जाएगी। सरकार ने स्पष्ट किया है कि वह एयरलाइन में अपना पूरा हिस्सा बेचना चाहती है। लेकिन मोदी सरकार के दोनों कार्यकाल में सार्वजनिक क्षेत्र उद्यमों की बिक्री की शर्तें अचानक तय होती हैं तथा वे सवालों के घेरे में हैं। कैनरा बैंक की हाउसिंग फाइनेंस शाखा कैन फिन होम्स की बिक्री न होना इसका उदाहरण है। बिक्री का कोई कारण न बताना भी निवेशक समुदाय में स्वीकार नहीं होता है। विदेशी निवेशकों को चिन्ता है कि क्या भारत वास्तव में बिजनेस करना चाहता है। सरकार की नकारात्मकता साफ है जिसमें अमेजन द्वारा भारतीय कामकाज में एक बिलियन डालर निवेश की घोषणा पर गोयल का हालिया बयान भी शामिल है। एयर इंडिया कोई साधारण सार्वजनिक क्षेत्र इकाई-पीएसयू के बजाय राष्ट्रीय एयरलाइन है। इसके विनिवेश की बात से दोनों पक्षों में भावनात्मक चर्चा शुरू हो गई है। जहां कुछ लोगों का मानना है कि इस महत्वपूर्ण राष्ट्रीय परिसंपत्ति को करदाताओं का और पैसा लगा कर सरकार को जीवित रखना चाहिए, वहीं दूसरों का कहना यह भारत पर भारी बोझ है और इसका फौरन विनिवेश होना चाहिए। एयर इंडिया भले ही हाशिए पर पहुंच गई हो, पर

दीर्घकालीन रूप से यह अब भी लाभदायक है। इसे खरीदने वाला लाभ में रहेगा क्योंकि इसके पास कुछ मुनाफे वाले अंतरराष्ट्रीय मार्ग, अनेक शानदार विमान तथा विकसित घरेलू व अंतरराष्ट्रीय पहचान हैं। इसके पास कुशल व अनुभवी कर्मचारी, आपरेटर व इंजीनियर हैं जिनकी अधिकांश निजी एयरलाइनों में भारी मांग है।

विनिवेश प्रक्रिया अधर में लटकी है तथा सरकार 'आसान बिक्री' करने की स्थिति में नहीं है, ऐसे में एयर इंडिया की बिक्री पर विराम लगाना उचित था। राष्ट्रीय विमान कंपनी बेचना अत्यधिक जटिल है क्योंकि इसमें शर्तों के साथ बहुस्तरीय प्रक्रियायें शामिल हैं। इसके साथ ही जेट एयरवेज़ ध्वस्त होने के बावजूद बाकी उड्डयन उद्योग को इससे थोड़ा लाभ हुआ है। हालांकि, भारतीय उड्डयन उद्योग को अनेक कारणों से नुकसान हुआ है, लेकिन वह इन सबके लिए जिम्मेदार नहीं है। भारत की सबसे बड़ी इंडिगो एयरलाइन इंजन मुद्दे से पीड़ित है। सरकार से जुड़े उद्यमी अजय सिंह की स्पाइसजेट मुद्रासंकट का सामना कर रही है जिसका कारण कई बोइंग 737मैक्स विमान खड़े होना है। सवाल है कि एयर इंडिया को खरीदने के लिए पैसा और विशेषज्ञता किसके पास है। जेट एयरवेज़ के संकट के समय भी यही समस्या थी, लेकिन अब इस समस्या का समाधान हो गया है। एयर इंडिया में सैकड़ों मिलियन डालर लगाने के बजाय नई एयरलाइन स्थापित करना ज्यादा सरल और सस्ता है। इसके साथ ही सप्ताहान्त में स्पष्ट हुआ कि दुबई की इमीरेट्स 50 मिलियन से अधिक भारतीयों को दुबई व अन्य स्थानों पर ले गई। यह स्पष्ट उदाहरण है कि भारतीय यात्री वैश्विक एयरलाइनों की प्रगति में महत्वपूर्ण योगदान कर रहे हैं। निश्चित रूप से वैश्विक एयरलाइनों के लिए भारत आकर्षक स्थल है और यह एक दिन उड्डयन अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान करेगा। वर्ष 2025 तक भारत उड्डयन क्षेत्र में तीसरा सबसे बड़ा भागीदार होगा।

# दिल्ली चुनाव प्रचार के आयाम

**भारत को विभाजित देश की तरह पेश करने वाली पार्टियों के तमाम शोर-शराबे के बावजूद दिल्ली विधानसभा चुनाव में बाहर से शांति दिख रही है। आम आदमी पार्टी ने महत्वपूर्ण रूप से चुनाव प्रचार की छवि बदलने का प्रयास किया है।**

**अजय कुमार**
लेखक पूर्व आईपीएस एवं पूर्व सांसद हैं)

मैं लोकप्रिय आनलाइन मंच 'मीडियम' पर एक लेख पढ़ रहा था। इस लेख में मुझे अमेरिकन फुटबाल कोच बिल पार्सेल्स के बारे में मजेदार जानकारी मिली। उनको 'प्रो फुटबाल हाल आफ फेम' की सूची में शामिल किया गया है और वे अमेरिका के एक सर्वाधिक सफल फुटबाल कोच हैं। उनको अनेक चैम्पियनशिप जीतने में सफलता मिली और उन्होंने अपनी टीम को अनेक सफलतायें दिलाई, पर अधिकांश प्रशंसक उनको फील्ड पर किए एक्शन के बजाय इस लोकप्रिय उद्धरण के कारण जानते हैं। उन्होंने कहा था, 'आप वह हैं जो रिकार्ड आपके बारे में बताता है।' यह एक पुरानी कहावत के आधार पर है कि 'आप वह हैं जो आप कहते हैं कि आप हैं।' दोनों कहावतों की जड़ असली जीवन अनुभवों में है। नई दिल्ली में वर्तमान राजनीतिक परिदृश्य का इससे अच्छा कोई उदाहरण नहीं हो सकता है।

राष्ट्रीय राजधानी में फरवरी में चुनाव होने हैं। चुनावों पर मीडिया का फोकस होने के नाते जनता को यहां चल रहे राजनीतिक अभियानों के बारे में बहुत कुछ सुनने को मिले जिसे शहर में विभिन्न राजनीतिक पार्टियां चला रही हैं। आम आदमी पार्टी-आप के राजनीतिक विरोधियों का एक प्रमुख नारा है 'पाकिस्तान'। इसका उल्लेख करने से बचना बहुत कठिन है। जब कोई पैनलिस्ट आप के खिलाफ टेलीवीजन बहस या अन्य स्थानों पर बोलता है तो 'पाकिस्तान' का संदर्भ अभूतपूर्व रूप से आ जाता है। यह आप के नारे के ठीक विपरीत है जो कहता है, 'काम पर वोट'।

दोनों पार्टियों के दृष्टिकोण में इतना अधिक अंतर क्यों है? इसे समझने के लिए इस कहावत से सहायता मिल सकती है कि 'आप वह हैं जो आप कहते हैं कि आप हैं।' जब आप ने भारतीय राजनीतिक परिदृश्य में प्रवेश किया तो वह ऐसे संदेश के साथ सामने आई जो तत्कालीन राजनीतिक विमर्श में एकदम अलग था। उसमें धार्मिक या जातीय आधार पर विभाजन की कोई बात नहीं थी। इसके बजाय इस संदेश ने उम्मीद जगाई क्योंकि आप राजनीति में राजनेताओं का विमर्श बदलने के लिए आई थी। उसके एजेंडे में सांप्रदायिकता या दरबारी पूंजीवाद नहीं था। इसके बजाय उसने 'विकास' पर तथा दिल्ली के लोगों को सस्ती बिजली और समुचित मात्रा में पानी देने का काम किया।

उस समय जनादेश केवल 'उम्मीद' पर आधारित था क्योंकि 2015 के पहले आप का भारतीय राजनीति में कोई रिकार्ड नहीं था। लेकिन 2019 में यह स्थिति पूरी तरह बदल गई है जिसके बारे में हम विस्तार से बाद में बात करेंगे। आप द्वारा 'विकास' की बात करने तथा जनता को मूलभूत सुविधायें प्रदान करने का उद्देश्य सरल है। उसका इन मुद्दों पर फोकस कोई 'कल्पना' या 'पहचान' नहीं है। इसके उलट आप का विश्वास है कि अधिकांश दिल्लीवासी व अधिकांश भारतीय इस बात की चिन्ता नहीं करते कि उनको कौन सी चीज अलग करती है, बल्कि उनको इस बात की चिन्ता है कि उनके बच्चों की प्रगति कैसे होगी। यह राजनीति का महत्वाकांक्षी दृष्टिकोण है जो स्पष्ट करता है कि मूल मुद्दों पर प्रतिबद्धता नागरिकों को आगे बढ़ाने में कैसे सहायक हो सकती है।

दूसरी ओर भाजपा ने 'पाकिस्तान' को केन्द्र में रखा है। पार्टी प्रवक्ता विकास के बारे में ज्यादा बात नहीं करते हैं या इसके बारे में बिल्कुल नहीं बोलते हैं। लेकिन यदि कोई उनसे पाकिस्तान के बारे में पूछे तो वे हमारे

**भारतीय के बीच अनेक प्रकार की भिन्नतायें हैं, हमारे धर्म अलग हैं तथा इसके साथ ही खानपान की आदतें, परिवेश, मसाले और रंग अलग हैं। लेकिन इन भिन्नताओं का यह अर्थ बिल्कुल नहीं है कि भारत की जनता को विभाजित होना चाहिए। हमारी सबसे बड़ी पूंजी 'विविधता' है और दिल्ली इसका एक लघु रूप है जिसे देश भर के लोगों ने अपना घर बना लिया है।**

पड़ोसी देश के बारे में किताब लिख सकते हैं। इसी कारण भाजपा नेताओं का इस बारे में कोई विचार नहीं है कि शिक्षा की स्थिति कैसे सुधारी जाए या सस्ती बिजली कैसे दी जाए। भाजपा का एजेंडा हमें विभाजित करने पर केन्द्रित है। भारतीय के बीच अनेक प्रकार की भिन्नतायें हैं, हमारे धर्म अलग हैं तथा इसके साथ ही खानपान की आदतें, परिवेश, मसाले और रंग अलग हैं। लेकिन इन भिन्नताओं का यह अर्थ बिल्कुल नहीं है कि भारत की जनता को विभाजित होना चाहिए।

हमारी सबसे बड़ी पूंजी 'विविधता' है और दिल्ली इसका एक लघु रूप है जिसे देश भर के लोगों ने अपना घर बना लिया है। मुझे विश्वास है कि सभी भारतीय कम से कम एक चीज पर सहमत हैं कि हम अपने बच्चों को ऐसा बेहतर भारत देना चाहते हैं जिसे हमने अब तक नहीं देखा है। नागरिक सस्ती बिजली, भ्रष्टाचार मुक्त सरकार, अच्छी सड़कें तथा सशक्तीकरण करने वाली शिक्षा व्यवस्था चाहते हैं। ये सभी चीजें आप के 2019 के नारे 'काम पर वोट' से अभिव्यक्त होती हैं।

2015 का चुनाव भले ही उम्मीद पर हुआ हो, पर 2020 में आप ने अपने द्वारा किए काम पर वोट मांगे हैं। यह राजनीतिक विरोधियों के एकदम उलट है जो 'पहचान' पर वोट मांग रहे हैं और इससे मोहग्रस्त हैं। दूसरी ओर आप 'काम' पर जोर दे रही है। इसे देखते हुए बिल पार्सेल का यह कथन सामने आता है कि 'आप वह हैं जो आपका रिकार्ड आपके बारे में बताता है।'

2015 के बाद से आप ने शिक्षकों के खाली पदों में 70 प्रतिशत कमी की है। इससे दिल्ली की शिक्षा व्यवस्था सुधरी है और दुनिया ने उसे स्वीकार किया है। तथ्य यह है कि राष्ट्रीय राजधानी के 1.4 लाख बच्चे 'निजी' स्कूलों को छोड़ कर 'सरकारी' स्कूलों में आ गए हैं। यह इस तथ्य का प्रमाण है कि जनता ने सरकार के कामों को स्वीकार किया है। स्वास्थ्यरक्षा के क्षेत्र में पार्टी ने दिसंबर, 2019 तक 450 मुहल्ला क्लीनिकों की स्थापना की है और इस प्रकार शहर के लगभग दो करोड़ लोगों की सेवा की है।

बिजली क्षेत्र में भी भारी परिवर्तन आए हैं। दिल्ली एकमात्र ऐसा राज्य है जहां कामर्शियल व घरेलू बिजली की दरों में कमी आई है तथा चौबीसों घंटे व सातों दिन बिजली सप्लाई यथार्थ बन गई है। पुरानी सरकारों में बिजली दरों में वृद्धि आम बात हो गई थी। ऐसे में चौबीसों घंटे व सातों दिन बिजली मिलना एक विरले खजाने की तरह है। दिल्ली इस मामले में ऐसा काम कर रही है जिसकी इच्छा वस्तुत: अधिकांश भारतीय करते हैं। दिल्ली की अर्थव्यवस्था प्रगति कर रही है और उसने हर स्तर पर चोरी और भ्रष्टाचार पर लगाम लगा कर मुनाफे का बजट बनाया है।

मैं दिल्ली में आप सरकार के प्रयासों और परिणामों के बारे में बहुत कुछ और भी बता सकता हूं, लेकिन, साथ ही साथ इस लेख का उद्देश्य कुछ और कहना भी है। यह 2010 में हर व्यक्ति की कल्पनाओं का 'भारत' है। हमसे महान काम करने की उम्मीद थी और सारी दुनिया देश को बड़ी उम्मीद से देख रही थी कि वह 'बौद्धिक' व 'मानव पूंजी' उपलब्ध कराएगा।

हम अंतरराष्ट्रीय पत्रिकाओं के आवरण पर उम्मीद के साथ थे। अब हम इन आवरणों पर विभाजित देश के रूप में हैं। कुछ राजनीतिक पार्टियों ने हमें इस दुर्भाग्यपूर्ण समय में पहुंचाया है जब हमें भ्रष्टाचार, अक्षमता तथा अधिकार की मांग के कारण जाना जाता है। कुछ राजनीतिक पार्टियों ने घृणा, विभाजन व सांप्रदायिकता की राजनीति को बढ़ावा दिया है।

लेकिन सब कुछ समाप्त नहीं हुआ है। इस सारे शोर-शराबे के बीच तथ्य यह है कि दिल्ली बाहरी रूप से शांत बनी हुई है तथा उसने जनता के लिए वास्तव में काम किया है। उसने यह काम करने के लिए बातें करने का काम कुछ ऐसे लोगों पर छोड़ दिया है जो इसमें माहिर हैं। इसी कारण जब आम आदमी पार्टी-आप बोलती है तो वह 'पाकिस्तान' के बजाय काम की बात करती है। पार्टी का इस कथन में विश्वास है कि 'आप वह हैं जो आप कहते हैं।' क्या कोई इस पर विश्वास करेगा? अपने रिकार्डों पर गौर करें और वे सच्चाई स्वयं बताएंगे।

# दिल्ली में जीत की हकदार पर्यावरण हितैषी सरकार

**जलवायु परिवर्तन का खतरा बढ़ता जा रहा है और प्रदूषण के प्रति आंखें मूंदकर उसे रोका नहीं जा सकता। दिल्ली विधानसभा चुनाव में दिल्लीवासियों को पर्यावरण के प्रति संवेदनशील सरकार के पक्ष में वोट देना चाहिए।**

**कोटा श्रीराज**
(लेखक पर्यावरण पत्रकार हैं)

8 फरवरी को दिल्ली विधानसभा के 70 सदस्यों के निर्वाचित हेतु चुनाव होने हैं और कहने की आवश्यकता नहीं कि राष्ट्रीय राजधानी में राजनीतिक दलों द्वारा चुनाव प्रचार पूरे जोर पर होगा। सदा की तरह, यह चुनाव भी प्रत्याशियों व उनके स्टार प्रचारकों द्वारा लोकलुभावन मुद्दों की भरमार का साक्षी बनेगा और यह सब शहर में नजर आ रहा है। लोकरंजकता चुनावों का अविभाज्य पहलू बन गई है मुख्यत: इस तथ्य के कारण कि दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्रों में से एक देश की जनता लुभावने वादों से लुभाए जाने की आदी हो चुकी है। चाहे वो अनाधिकृत कालोनियों व ढांचों का नियमितीकरण हो अथवा रियायती दरों पर बिजली मुहैया कराना आदि। हालांकि, क्या हमने कभी यह सोचना बंद करेंगे कि इन लुभावने वादों की क्या कीमत होती है और बिल का बोझ किस पर पड़ रहा है? जवाब यह है कि हम लोग अथवा मतदाता सामूहिक रूप से अंतत: उन मुफ्त चीजों का भुगतान करने जा रहे हैं। इसका सारा लाभ उस राजनीतिक दल को मिलेगा जिसे हम चुनते हैं, जो सत्ता पाकर अगले पांच वर्षों तक खुशी में डूबा रहेगा।

मतदाताओं के तौर पर, हमें सत्ता में विद्यमान सरकार तथा अन्य प्रतिद्वंद्वी दलों द्वारा किए गए वादों का आलोचनात्मक मूल्यांकन करना होगा और देखना होगा कि जलवायु परिवर्तन एवं पर्यावरण जैसे अत्यंत महत्वपूर्ण मुद्दों के प्रति उनकी प्रतिबद्धता क्या है। और, हमें चुनाव के पर्यावरण पर प्रभाव को भी ध्यान में रखने की आवश्यकता है। इसका भी लेखा परीक्षण कर सार्वजनिक किए जाने की आवश्यकता है ताकि लोग इस लोकतांत्रिक कवायद के पर्यावरण पर प्रभाव को महसूस करें और यह भी देखें कि किस राजनीतिक दल के कार्बन

पादचिन्ह सबसे कम हैं। इससे उस मतदाता की सोच में एक सकारात्मक बदलाव आएगा जो राजनीतिक दलों को चुनाव प्रचार के दौरान अत्यधिक ईंधन, प्लास्टिक एवं कागज के इस्तेमाल पर आधारित पर्यावरण विरोधी गतिविधियां करने से रोकेगा। दिल्ली की जनता को सरकार से सवाल करने की आवश्यकता है और यह पूछने की कि उसने पर्यावरण संरक्षण के लिए क्या किया है और यह भी मूल्यांकन करने की जरूरत है कि अन्य राजनीतिक दल पर्यावरण से संबंधित कौन से वादे एवं आश्वासन लेकर आ रहे हैं। दिल्ली में प्रदूषण का विषय काफी गर्मागर्म बहस का मुद्दा रहा है, और सत्ताधारी आम आदमी पार्टी ने सम-विषम योजना जैसी पहलकदमियों के द्वारा प्रदूषण पर अंकुश लगाने में सफलता का वादे किए हैं। हालांकि, जैसा कि राजनीति में मानक बन गया है, इन पहलकदमियों की केंद्र सरकार द्वारा जबर्दस्त आलोचना की गई है।

केंद्र तथा दिल्ली सरकार दोनों ही इस अहम मुद्दे पर एक दूसरे पर आरोप लगाते रहे हैं तथा राजधानी की इस दुखद स्थिति को लेकर एक दूसरे को दोष देते रहे हैं। क्योंकि आम आदमी जबर्दस्त धुंध के रूप में शहर में व्याप्त प्रदूषण की मार झेल रहा है, न्यायपालिका ने दिल्ली-एनसीआर में बढ़ते प्रदूषण स्तर को नियंत्रित करने की योजना की प्रभावोत्पादकता को लेकर चिंता व्यक्त की है तथा केंद्र, दिल्ली सरकार और पंजाब, हरियाणा व उत्तर प्रदेश जैसे पड़ोसी राज्यों के किसानों द्वारा फसल अवशेष जलाने से होने वाले पर्यावरण संकट को लेकर खिंचाई भी की है। सर्वोच्च न्यायालय ने वायु प्रदूषण कम करने के लिए केंद्र सरकार को राजधानी में हायड्रोजन आधारित ईंधन तकनीक की क्षमता का परीक्षण करने का निर्देश भी दिया है। हालांकि, तथ्य यह है कि चीजें ऐसी स्थिति में आनी ही नहीं चाहिए थीं। हमें सभी साझीदारों द्वारा पर्यावरण की रक्षा हेतु किए जाने वाले प्रयासों के समक्ष स्पष्ट, मूर्त एवं अधिक महत्वपूर्ण रूप से गणनीय परिणामों की आवश्यकता है। यह शहर हमें भावी पीढ़ियों के लिए छोड़कर जाना है और यह प्रदूषण के कारण रहने के अयोग्य न बन जाए जो अप्रबंधनीय स्तर पर पहुंच गया है और जिसने इसमें रहने वाले लोगों का दम घुटने की स्थितियां पैदा कर उसे गैस चैंबर में तब्दील कर दिया है।

जलवायु परिवर्तन का खतरा बढ़ता जा रहा है और प्रदूषण के प्रति आंखें मूंदकर उसे रोका नहीं जा सकता। प्रदूषण तथा जलवायु परिवर्तन से लोहा लेने के लिए सत्ता में मौजूद सरकार द्वारा सम्मिलित एवं गंभीरतापूर्ण प्रयासों की आवश्यकता है जिसके पास लोगों का मजबूत जनादेश है एवं दृढ़संकल्प की आवश्यकता है।

अत: इस बार चलिए सरकार चुनते हैं। एक सरकार जो पर्यावरण नीतियां निर्धारित करने को प्राथमिकता दे और वह स्वत: ही निर्वाचित होगी।

## आप की बात

### महंगाई की पीड़ा

**महंगाई** एक ऐसा शब्द है जिसकी वजह से पूरे देश की अर्थव्यवस्था में उतार चढ़ाव आते हैं। महंगाई मनुष्य की आजीविका को भी प्रभावित करता है आजकल समाज में महँगाई और मुद्रास्फीति बहुत बड़ी समस्या है। दरसअल महंगाई हमारे देश के लिए फिलहाल एक बड़ा आर्थिक संकट है। देश में कई साधारण और जरूरी चीजों की कीमतें आसमान छू रही हैं। गरीब लोगों के लिए दो वक्त की रोटी का इंतजाम करना मुश्किल हो जाता है। कभी प्याज का भाव बढ़ गया तो कभी दाल का। समय के साथ महंगाई और भ्रष्टाचार के कारण हालत कुछ ऐसी हो गई है कि अमीर अमीर होता जा रहा है और गरीब गरीबी के दलदल में और फंसा जा रहा है। देखा जाए तो समाज का हर वर्ग आज मूल्य वृद्धि या महंगाई की समस्या से त्रस्त है, लेकिन निम्न और मध्यम वर्ग के लोग अपनी आवश्यकता में कटौती करने लगते हैं। बढ़ती हुई महंगाई का मुद्रास्फीति के साथ गहरा संबंध है सरकार हर साल घाटे का बजट बढ़ा देती है,जिससे कीमतें भी बढ़ जाती हैं; जिसके परिणामस्वरूप रुपये की कीमत घट जाती है। महंगाई तो एक तरह से प्रतिदिन की प्रक्रिया बन गई है वस्तुओं की मांग बढ़ने और निर्माण कम होने के कारण महंगाई बढ़ रही है।

- **अभिनंदन भाई पटेल**, लखनऊ

### आपातकाल की जरूरत

**देश** को तोड़ने, असम को अलग करने, हिन्दुओं को जेएनयू अथवा एएमयू की धरती में दफ़नाने जैसे नारे सुनाई पड़ रहे हैं। हालात दिन-ब-दिन खतरनाक हुए जा रहे हैं। जय प्रकाश नारायण ने 25 जून 1975 को रामलीला मैदान दिल्ली में सुरक्षा बलों से केवल ये आह्वान किया था कि वे सरकार के गैर-कानूनी आदेशों को न मानें। इंदिरा गांधी ने इस कारण आपातकाल लागू कर दिया था। निश्चित रूप से आज कही अधिक भयावह बातें विभिन्न मंचों से सुनने को मिल रही हैं, और लगता है कि राष्ट्र का भविष्य बेहद संकट में है। पोपुलर फ्रंट ऑफ़ इंडिया, जो प्रतिबंधित सिमी का ही व्यक्त रूप है, का षड्यंत्र सामने आया है। उसने एक ही दिन में 120 करोड़ रुपये विभिन्न नेताओं और संगठनों को बांटे, जो हिंसा करने में काम आए। मेरा मानना है कि अनुच्छेद 352 का उपयोग कर आपातकाल की घोषणा का वक्त एक बार पुन: आ पहुंचा है। मोदीजी अविलम्ब इमरजेंसी लागू करें, और देश को डसने को बेकरार घूम रहे सांपो को पकड़ कर जेल रुपी बिलों में पटकें। इस काम में जितनी देरी होगी, देश को उतना ही नुकसान भुगतना होगा। जगह-जगह के धरनों ने लोगों को परेशान कर दिया है।

- **पूनम मित्तल,** मोहनपुरी, मेरठ

### ऐतिहासिक कदम

**नागरिकता** कानून को लागू करके मोदी सरकार ने ऐतिहासिक कदम उठाया है। इसे केंद्र की उपलब्धि भी कहा जा सकता है। पूर्ववर्ती सरकारें इस प्रकार का साहस नहीं दिखा पाई। आज भी उनका तुष्टिकरण का पुराना राग बदस्तूर जारी है। दुनिया में भारत की पहचान एक हिंदू राष्ट्र के रूप में है। किंतु दुर्भाग्य है कि हिंदुओं के हित में कोई बात होती है तो अधिकांश राजनीतिक दलों की भौंहें तिरछी हो जाती हैं। जबकि नागरिकता कानून से देश में रह रहे नागरिकों को कोई नुकसान नहीं है। भारत में रह रहे मुसलमान भी इस कानून से अप्रभावित रहेंगे। इस कानून का लक्ष्य पाकिस्तान में रह रहे एवं संत्रास भोग रहे हिंदुओं को संरक्षण प्रदान करना है। हमारे देश का मूल तत्व हिंदुइज्म से जुड़ा हुआ है। अत: इसकी रक्षा और चिंता करना भारत सरकार और देशवासियों का कर्तव्य होना चाहिए। इस उद्देश्य से यह कानून बनाया गया है। इस कानून की मूल भावना को ना समझ कर विपक्षी दल तरह-तरह की अफवाहें और भ्रांतियां पैदा करके देश को अराजकता की आग में धकेल रहे हैं।

- **ललित महलकरी,** इंदौर

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया

**आठ** फरवरी को कमल का बटन इतनी जोर से दबायें कि उसकी करेंट शाहीन बाग प्रदर्शनकारियों को शाम तक जगह खाली करने को मजबूर करे।

- **अमित शाह**
केन्द्रीय गृह मंत्री

**दिल्ली** में ईवीएम बटन प्रेम से दबाए जाएंगे। यह हल्की करेंट होनी चाहिए ताकि मित्रता व भाईचारा खतरे में न पड़े।

- **प्रशांत किशोर**
जदयू राष्ट्रीय उपाध्यक्ष

**विपक्षी** माकपा व कांग्रेस को संकुचित राजनीतिक मतभेद भुला कर केन्द्र की फासिस्ट भाजपा सरकार से एकजुट होकर लड़ना चाहिए।

- **ममता बनर्जी**
पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री

# धार्मिक एजेंडे के साथ इन्फ्रास्ट्रक्चर पर भी रहेगा जोर

## योगी सरकार बजट में अयोध्या-काशी के साथ-साथ गंगा एक्सप्रेस-वे के लिए भी करेगी धन का इंतजाम

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**योगी** सरकार का अगले वित्तीय वर्ष 2020-21 का बजट जहां एक तरफ धार्मिक रंग में रंगा होगा तो वहीं इन्फ्रास्ट्रक्चर की परियोजनाओं पर भी सरकार का ध्यान केंद्रित होगा। एक्सप्रेस-वे से जुड़ी परियोजनाओं को समय से पूरा करने के लिए धन की कमी आड़े न आए इसके लिए बजट में इन्फ्रास्ट्रक्चर परियोजनाओं पर विशेष जोर रहेगा।

धार्मिक नगरी अयोध्या और काशी के विस्तृत विकास के लिए भी कई परियोजनाओं के लिए धन की व्यवस्था इस बजट में की जा रही है। अयोध्या को आधुनिक शहर के रूप में विकसित करने के लिए सभी वह सुविधाएं दी जाएंगी जो एक महानगर में होती है। बड़े-बड़े होटल और शापिंग माल का निर्माण यहां पर किया जाएगा। दरअसल सुप्रीम कोर्ट का निर्णय आने के बाद राज्य सरकार नवरात्र में अयोध्या में राम मंदिर का शिलान्यास कराने के रणनीति पर काम कर रही है। अयोध्या में जब भव्य राम मंदिर बनेगा तो जाहिर है की यहां आने वाले देश-विदेश से पर्यटकों और श्रद्धालुओं की संख्या में इजाफा होगा। सरकार को भी उसी प्रकार से उच्च गुणवत्ता के खान-पान और रुकने की व्यवस्था पर्यटकों के लिए करनी पड़ेगी। इसलिए अयोध्या को एक मार्डन टाउनशिप में विकसित करने के लिए इन्फ्रास्ट्रक्चर से जुड़ी परियोजनाओं के लिए धन की व्यवस्था इस बजट में की जाएगी। नागरिक उड्डयन विभाग अयोध्या में एक एयरपोर्ट का निर्माण करा रहा है। ताकि दिल्ली, मुम्बई समेत अन्य प्रमुख नगरों से सीधी उड़ान अयोध्या के लिए शुरु की जा सके। एयरपोर्ट के लिए भूमि अधिग्रहण समेत अन्य मदों के लिए धन की व्यवस्था की इस बजट में की जाएगी। वित्त विभाग के सूत्रों की मानें तो इस बार अयोध्या, काशी में सरकार विकास को लेकर काफी बजट खर्च करेगी। आवास विभाग ने अपने प्रस्ताव में अयोध्या को लेकर कई सौ करोड़ की मांग वित्त विभाग से की है। इसी प्रकार से काशी विश्वनाथ कारीडोर के विकास को लेकर भी वित्त विभाग को अपना प्रस्ताव भेजा है। इस कारीडोर का निर्माण के लिए चयनित फार्म ने काम शुरु कर दिया है लेकिन इसके अतिरिक्त कारीडोर से जुड़े अन्य डेवलेपमेंट को लेकर सरकार धन की व्यवस्था करेगी। इसके अतिरिक्त यूपीडा ने एक्सप्रेस-वे को लेकर धन की मांग की है। इस बजट में देश के सबसे लंबे एक्सप्रेस-वे गंगा एक्सप्रेस-वे के लिए धन का इंतजाम किया जाएगा। इसी के साथ ही यूपीडा के कई एक्सप्रेस-वे से जुड़े प्रोजेक्ट हैं जो पूरा होने जा रहे हैं। पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे को इस साल सरकार आम जनता के लिए खोलने जा रही है। ऐसे में जिन प्रोजेक्ट पर काम चल रहा है उनके लिए बजट में धन का प्रावधान किया जा रहा है। नए प्रोजेक्ट के लिए भी भूमि अधिग्रहण के लिए और अन्य मदों के लिए भी बजट में प्रावधान किया जा रहा है। इसी प्रकार से कृषि क्षेत्र में किसान सम्मान निधि समेत अन्य योजनाओं के लिए भी प्रस्ताव वित्त विभाग को पास भेजा गया है। सभी विभागों ने अपने-अपने यहां चल रही योजनाओं के लिए अगले वित्तीय वर्ष के लिए बजट की मांग की है।

# शहरों में चार मंजिला भवन निर्माण की मिलेगी छूट

● नयी आवास नीति का ड्राफ्ट तैयार करने में जुटा आवास एवं शहरी नियोजन विभाग, पुराने भवन स्वामियों को भी मिलेगा छूट का फायदा

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**योगी** सरकार शहरों में चार मंजिला आवासीय निर्माण का रास्ता खोलने जा रही है। ग्रुप हाउसिंग को छोड़कर अभी भूतल सहित कुल तीन मंजिला तक मकान बनाने की छूट है। इससे अधिक मंजिल का निर्माण करने पर उसे अवैध माना जाता है। सरकार चाहती है कि भूतल सहित कुल चार मंजिल मकान बनाने की लोगों को छूट हो, ताकि शहरों में बढ़ती आवासीय समस्या पर अंकुश लग सके। भवन निर्माण में छूट का फायदा उन्हें भी मिलेगा, जिन्होंने निर्धारित मंजिल से ज्यादा निर्माण करा रखा है। नीति आने के बाद ऐसे भवन स्वामियों को अपने निर्माण की कम्पाउंडिंग करानी होगी।

सरकार की मंशा के अनुरूप आवास एवं शहरी नियोजन विभाग में नयी आवास नीति का ड्राफ्ट तैयार करने का काम चल रहा है। जिसमें मौजूदा आवास नीति को व्यवहारिक बनाने की सरकार की कोशिश है। विदित हो कि पिछले दिनों मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आवास एवं शहरी नियोजन विभाग की बैठक की थी, जिसमें उन्होंने बढ़ते अवैध निर्माण पर नाराजगी जतायी थी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये थे कि ऐसी आवास नीति तैयार करें, जिसमें लोगों को कम से कम दिक्कतें हों और इसके बाद भी अगर कोई अवैध निर्माण करता है तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई करें। सरकार के इन निर्देशों के क्रम में आवास एवं शहरी नियोजन विभाग नीति को तैयार करने में जुटा है। जिसमें शहरों में चार मंजिला तक मकान का निर्माण अवैध नहीं होगा। अधिकारियों का मानना है कि चार मंजिल मकान बनाने की छूट मिलने से शहरों में आवास की समस्या से काफी कुछ हद तक अंकुश पाया जा सकेगा और रहने के लिये लोगों को लाखों की संख्या में आवास उपलब्ध हो सकेंगे। जानकारों का कहना है कि पिछले करीब दो दशक में आवास विकास परिषद तथा विकास प्राधिकरणों ने बहुत ज्यादा मकानों को निर्माण नहीं कराया है। कम निर्माण होने से शहरों में आवास की मांग तथा निर्माण का अन्तर लगातार बढ़ा है। हालांकि निजी क्षेत्र में टाउनशिप विकसित करके बड़ी संख्या में फ्लैटों का निर्माण जरूर कराया है, लेकिन इनके फ्लैट आम आदमी की पहुंच से बहुत दूर हैं।

# जनसंख्या नियंत्रण में लैंगिक अनुपात को भी सही रखना जरूरी: जय प्रताप

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

● परिवार नियोजन के लिए विवाह पूर्व कान्उसलिंग आवश्यकः स्वाती सिंह

**प्रदेश** के चिकित्सा एवं परिवार कल्याण मंत्री जय प्रताप सिंह ने कहा कि परिवार नियोजन की सोच को गांव- गांव तक प्रचारित करना आवश्यक है। यह समाज की भी जिम्मेदारी है कि वो अपने परिवारों में परिवार नियोजन की जानकारी दें। उन्होंने कहा कि आज समाज में जब बहुतायत में एकाकी परिवार प्रणाली विकसित हो गयी है तो परिवार नियोजन के प्रचार को एकाकी परिवारों के बीच भी पहुंचाना होगा। चिकित्सा मंत्री ने कहा परिवार नियोजन के साथ ही कन्या भ्रूण हत्या को भी प्रभावी तौर पर रोकना होगा। उन्होंने कहा कि जनसंख्या नियंत्रण में लैंगिक अनुपात को सही रखना भी आवश्यक है। चिकित्सा मंत्री मंगलवार को गोमती नगर स्थित एक होटल में परिवार नियोजन विषय पर आयोजित संगोष्ठी को संबोधित कर रहे थे।

स्पेसिंग फार चाइल्ड बर्थ इन यूथ एण्ड लो पैरिटी कपल्स इज सेन्ट्रल टू एमसीएच आउटकम्स पर अपने विचार रखते हुए स्वास्थ्य मंत्री ने यौन शिक्षा की आवश्यकता, गरीब परिवारों में बच्चों की पढ़ाई के प्रति रुझान पैदा करने तथा युवा दम्पत्तियों के बीच परिवार नियोजन के उपलब्ध साधनों के उपयोग की जानकारी प्रदान करने की आवश्यकता पर भी जोर दिया। कार्यशाला के द्वितीय सत्र में महिला कल्याण एवं बाल विकास विभाग की राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार स्वाती सिंह ने कहा कि परिवार नियोजन के लिए दाम्पत्य जीवन में प्रवेश करने वाले युवाओं की विवाह पूर्व काउंसलिंग अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा पुराने जमाने के बहुत से उन रीति-रिवाजों को समाज से हटाना आवश्यक है, जो स्त्रियों के मानसिक और सामाजिक विकास में बाधक हैं। कार्यशाला में उन्होंने महिलाओं के लिए कार्य कर रही स्वयंसेवी संस्थाओं के कार्यों की जानकारी भी ली। कार्यशाला में विशेषज्ञ वक्ता डॉ. चंद्रमौलि ने चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री जय प्रताप सिंह को यौन शिक्षा की आवश्यकता पर विचार व्यक्त करने के लिए धन्यवाद देते हुए कहा कि आज जनसंख्या नियंत्रण की तीव्र आवश्यकता के दृष्टिगत ये विषय और भी महत्वपूर्ण हो गया है। डा मंजू ने घर से बाहर निकलकर कार्य करने वाली स्त्रियों को स्वयं में प्रजनन रोधक बताया। उन्होंने कहा बाहर निकल कर कार्य करने से आत्म विश्वास और स्वयं निर्णय लेने की क्षमता का विकास होता है, जो उनमें संतान उत्पत्ति पर स्वयं फैसला करने की क्षमता का विकास कर देता है। कार्यशाला में मिशन निदेशक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन विजय विश्वास पंत सहित कई अन्य विशेषज्ञ वक्ताओं ने भी परिवार नियोजन की आवश्यकताए और जागरूकता हेतु प्रचार-प्रसार पर बल दिया।

# ईडी की रिपोर्ट के बाद पीएफआई को लेकर पुलिस ने और बढ़ाई सतर्कता

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**नागरिकता** संशोधन कानून के विरोध में हुई हिंसा के दौरान पापुलर फ्रंट ऑफ इंडिया व उसके सहयोग संगठनों के बैंक खातों में हुए लेनदेन को लेकर प्रवर्तन निदेशालय की रिपोर्ट आने के बाद यूपी पुलिस की जांच एजेंसियां और खुफिया तंत्र सक्रिय हो गया है। प्रदेश में पीएफआई के सक्रिय सदस्यों और उससे जुड़े लोगों के बारे में गहनता से छानबीन शुरू कर दी गई है।

हालांकि यूपी पुलिस पहले ही पीएफआई को लेकर पूरी तरह से सतर्कता बरत रही थी। ईडी की रिपोर्ट आने के बाद उसकी आशंकाओं को और बल मिला है। डीजीपी ओपी सिंह की ओर से सभी पुलिस कप्तानों को अपने अपने जिलों में पीएफआई व उससे जुड़े संगठनों के सदस्यों और संदिग्ध व्यक्तियों पर सतर्कता पूर्वक निगाह रखने के लिए निर्देशित किया गया है।

स्थानीय खुफिया इकाई को एलर्ट करने के साथ ही एटीएस को भी इस संगठन और उससे जुड़े लोगों के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। प्रदेश पुलिस की छानबीन में पहले ही राज्य में हुए बलवों में पीएफआई की भूमिका सामने आयी थी।

लखनऊ में नागरिकता संशोधन कानून के खिलाफ हुए हिंसक प्रदर्शन में पुलिस ने पीएफआई के प्रदेश अध्यक्ष वसीम, कोषाध्यक्ष नदीम और सदस्य अशफाक को पुलिस ने गिरफ्तार किया था। इसके अतिरिक्त भी यूपी में कई स्थानों से पीएफआई के दो दर्जन सदस्यों की गिरफ्तारी हुई थी। जिसके बाद डीजीपी ओपी सिंह ने प्रदेश सरकार के निर्देश पर पीएफआई को प्रतिबंधित करने के लिए केंद्र को पत्र भी लिखा था।

अब प्रवर्तन निदेशालय ने भी अपनी रिपोर्ट में इसका खुलासा किया है कि यूपी में हिंसा भड़काने के पीछे न सिर्फ पीएफआई का हाथ है बल्कि उसकी ओर से कुछ संदिगध बैंक खातों में रकम जमा कराकर फंडिंग भी की गयी। पीएफआई 2006 में केरल में बनी थी। पीएफआई को स्टूडेंट इस्लामिक मूवमेंट आफ इंडिया (सिमी) का नया स्वरूप माना जाता है।

# राजधानी से एक माह में डेयरियां हटाने का आदेश

● 990 डेयरियां हटने के बावजूद 180 फिर से बनीं

**विधि संवाददाता।** लखनऊ

**राजधानी** के नगर निगम इलाके से एक माह में सभी डेयरियां हटाने का आदेश हाइकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने नगर आयुक्त को दिया है। कहा है कि एक माह में डेयरियों को हटाने के लिए आवश्यक कदम उठाएं। जस्टिस पंकज कुमार जायसवाल एवं जस्टिस करुणेश सिंह पवार की पीठ ने यह आदेश स्थानीय वकील राहुल श्रीवास्तव की एक याचिका पर दिया है। पीठ ने पिछली सुनवाई के दौरान नगर आयुक्त को मौजूद रहने को कहा था। इस आदेश के अनुपालन में हाजिर हुए नगर आयुक्त डॉ. इन्द्र मणि त्रिपाठी ने बताया कि कुल 1038 डेयरियों में 990 को हटा दिया गया है। कई डेयरी मालिकों के विरुद्ध एफआईआर भी दर्ज कराई गई हैं। साथ ही अब तक पौने दो लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया जा चुका है। लेकिन हटाने के कुछ समय बाद 180 डेयरियां फिर से स्थापित कर ली गईं हैं। उन्होंने बयान दिया कि पुलिस के सहयोग से इन सभी डेयरियों को हटा दिया जाएगा। हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि डिफेंस एक्स्पो चल रहा है, जो नौ फरवरी तक चलेगा लिहाजा पुलिस से सहयोग लेने के लिए उन्हें 15-20 दिन का समय और दिया जाए। पीठ ने उनके अनुरोध को स्वीकार करते हुए उन्हें एक महीने का समय दे दिया। मामले की अगली सुनवाई एक महीने पश्चात होगी।

# नेपाल से सटे जिलों में आने वाले नागरिकों को स्क्रीनिंग के बाद ही मिलेगा प्रवेश

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**चीन** में नोवल कोरोना 2019 वायरस के प्रकोप और भारत में इसकी आहट को देखते हुए राज्य सरकार ने सभी जनपदों को एलर्ट कर दिया है। नेपाल में कोराना वायरस की चपेट में आये एक मरीज को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने सीमावर्ती सात जनपदों को विशेष निर्देश जारी कर एहतियात बरतने को कहा है। साथ ही यह भी कहा है कि नेपाल से सीमावर्ती जनपदों में आने वाले नागरिकों की स्क्रीनिंग सीमा सुरक्षा बल के समन्वय से किये जाने के बाद ही प्रवेश दिया जायेगा।

प्रमुख सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य डॉ. देवेश चतुर्वेदी के स्तर से सभी मंडलायुक्तों और जिलाधिकारियों को जारी आदेश में कहा गया है कि इस वायरस के संक्रमण से मनुष्य में फ्लू जैसे लक्षणों के प्रकट होने की संभावना है।

पिछले 14 दिनों में चीन के भ्रमण पर जाने वाले नागरिकों के सीएमओ और डीएम को दौरा करने वाले व्यक्ति की एक माह तक स्वास्थ्य की मानीटरिंग सुनिश्चित किये जाने को कहा गया है। इसके अलावा जिलों की रैपिड रिस्पांस टीम को क्रियाशील रखने के साथ ही जिला चिकित्सालयों में आईसोलेशन बेड की उपलब्धता, वेंटीलेटर को क्रियाशील रखने को कहा गया है। मेडिकल कालेज सहित चिकित्सालय में तैनात डॉक्टरों और पैरामेडिकल स्टाफ को सतर्क रहने को कहा गया है।

# 18 देशों के रक्षा मंत्री व सेना प्रमुख करेंगे शिरकत

● प्रधानमंत्री करेंगे डिफेन्स एक्सपो का शुभारंभ

● आम नागरिकों को 8 व 9 फरवरी को मिलेगा प्रवेश

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**फरवरी** माह में लखनऊ में आयोजित होने वाला डिफेन्स एक्सपो 2020 में 70 देशों के प्रतिनिधि हिस्सा ले रहे हैं जबकि 18 देशों के रक्षा मंत्री व सेना प्रमुखों ने डिफेन्स एक्सपो 2020 में अपनी भागीदारी की पुष्टि कर दी है। यह डिफेन्स एक्सपो पांच से नौ फरवरी तक चलेगा। डिफेन्स एक्सपो 2020 का शुभारंभ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी करेंगे। इस मौके पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ समेत उत्तर प्रदेश सरकार के कई मंत्री मौजूद रहेंगे। वृन्दावन योजना में डिफेन्स एक्सपो में सामान्य नागरिकों के प्रवेश के लिए आठ व नौ फरवरी की तिथि निर्धारित की गई है। आठ फरवरी को प्रात: नौ बजे से शाम पांच बजे तक तथा नौ फरवरी को प्रात: नौ बजे से दोपहर एक बजे तक सामान्य नागरिकों को प्रवेश दिया जाएगा। इन निर्धारित समय पर ही सामान्य नागरिक देश की सैन्य शक्तियों को देखते हुए डिफेन्स एक्सपो का आनन्द उठा सकेंगे। यह जानकारी रक्षा मंत्रालय की पीआरओ गारगी मलिक सिन्हा ने दी। उन्होंने बताया 'भारत एक उभरता हुआ डिफेंस मेन्यूफेक्चरिंग हब' डिफेन्स एक्सपो 2020 की थीम रखी गई है। उन्होंने बताया डिफेन्स एक्सपो 2020 का मुख्य उद्देश्य रक्षा क्षेत्र में अग्रणी प्रौद्योगिकियों को एक छत के नीचे लाना और सरकारी, निजी विनिर्माण और स्टार्टअप अवसर प्रदान करना है। उन्होंने बताया इस डिफेन्स एक्सपो में 165 विदेशी कंपनियों सहित 989 से अधिक कंपनियां शामिल होने के लिए पंजीकरण करा चुकी हैं। डिफेन्स एक्सपो में भूमि, नौसेना, वायु और आंतरिक सुरक्षा प्रणालियों को दिखाने वाली सेवाओं, डीपीएसयू और उद्योग का लाइव प्रदर्शन किया जाएगा। लाइव प्रदर्शन दो स्थानों पर किया जाएगा, जिसममें एक प्रदर्शनी स्थल वृन्दावन योजना पर और दूसरा गोमती रिवर फ्रंट होगा। अंतर्राष्ट्रीय और भारतीय उद्योग मंडलों द्वारा व्यावसायिक सेमिनार आयोजित किए जाएगा। गोमती रिवर फ्रंट पर नौ सेना का प्रदर्शन होगा जबकि वृन्दावन योजना में वायु व थल सेना को प्रदर्शन किया जाएगा। डिफेन्स एक्सपो 2020 में सैन्य हथियारों की अनोखी प्रदर्शनी लगाने के साथ ही देश का शक्ति प्रदर्शन करने वाले टैंक व वायु सेना के विमानों का भी प्रदर्शन किया जाएगा।

# शहीद के परिवार के लिए एकत्र धनराशि में हेराफेरी करने वाला डीडीओ निलंबित

## भ्रष्टाचार के खिलाफ सीएम योगी का सख्त रुख

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

● मथुरा के मुख्य अग्निशमन अधिकारी सहित दो के खिलाफ विभागीय कार्रवाई के निर्देश

**पुलवामा** हमले के शहीद जवान के परिजनों की मदद के लिये एकत्र धनराशि में गड़बड़ी करने पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आगरा के जिला विकास अधिकारी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। सीएम आफिस ने ट्वीट करके बताया है कि जिला विकास अधिकारी के खिलाफ विभागीय जांच में शहीद के परिजनों की मदद की धनराशि में हेराफेरी करने के आरोप विभागीय जांच में सही पाये गये हैं। जांच रिपोर्ट के आधार पर सीएम ने उन्हे निलंबित करने के आदेश दिये हैं। इसके साथ ही सीएम योगी ने भ्रष्टाचार के खिलाफ अपने अभियान को आगे बढ़ाने हुये मथुरा के मुख्य अग्निशमन अधिकारी सहित दो अधिकारियों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई के निर्देश दिये हैं। दोनों पर अग्निशमन मानकों की अनदेखी करने का आरोप है।

आगरा के जिला विकास अधिकारी के निलंबन मामले में मिली जानकारी के मुताबिक पुलवामा हमले में शहीद जवानों के परिजनों की मदद के लिये विभागीय कर्मचारियों द्वारा धनराशि एकत्र की गई थी। जिसमें जिला विकास अधिकारी पर गड़बड़ी करने का आरोप लगा था। सरकार तक मामला पहुंचने पर विभागीय जांच के निर्देश दिये गये थे। जांच में आरोप सही पाये जाने पर सीएम ने उन्हे निलंबित करने का निर्णया लिया है। इसी तरह मथुरा के मुख्य अग्निशमन अधिकारी और अग्निशमन अधिकारी पर अग्नि सुरक्षा मानको की अनदेखी करके कुछ लोगों को फायर के एमओसी देने का आरोप है। जिसमें दोनों के खिलाफ सीएम योगी ने विभागीय कार्रवाई करने के निर्देश दिये हैं।

विदित हो कि किसी भी तरह के भ्रष्टाचार के खिलाफ योगी सरकार बेहद सख्त है। अभी पिछले दिनों सीएम योगी ने तीन तहसीलदार सहित 13 अधिकारियों को निलंबित किया था। इसके अलावा योगी सरकार समय-समय पर भ्रष्टाचार के आरोप में छोटे-बड़े तमाम अधिकारियों को निलंबित करने के साथ-साथ कईयों को जेल तक भेज चुकी है।

# पचास फीसदी से कम अंक मिले तो शिक्षकों की एसीआर पर पड़ेगा असर

## वार्षिक गोपनीय प्रविष्टि के इस बार अंक निर्धारित, अपर मुख्य सचिव रेणुका कुमार ने सभी बीएसए को जारी किये निर्देश

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रदेश** के परिषदीय विद्यालयों में पढ़ाने वाले तकरीबन 5.75 लाख शिक्षकों की हर साल तैयार की जाने वाली वार्षिक गोपनीय प्रविष्टि के लिए शासन ने इस बार अंक निर्धारित कर दिये हैं। अंक निर्धारण की प्रक्रिया में अलग-अलग कार्यों के संपादन के लिए अलग-अलग अंक होंगे। कुल मिलाकर एनुअल कान्फीडेंट रिपोर्ट तैयार करते समय शिक्षकों के अंक पचास फीसदी से कम नहीं होने चाहिए। यदि 50 फीसदी से कम मार्क्स मिलते हैं तो इसका सीधा असर शिक्षकों के एसीआर पर पड़ेगा। जिसके चलते प्रदर्शन के आधार पर शासन की तरफ से मिलने वाले लाभ से 50 फीसदी से कम अंक लाने वाले शिक्षक वंचित हो सकते हैं।

अपर मुख्य सचिव बेसिक शिक्षा रेणुका कुमार की तरफ से सभी जिला बेसिक शिक्षा अधिकारियों को भेजे गये प्रारूप के आधार पर शिक्षकों के एसीआर बनाने के निर्देश दिये गये हैं। इसके लिए कुल 100 अंक निर्धारित किये गये हैं। एसीआर के लिए प्राप्त अंकों के आधार पर कुल पांच श्रेणियां निर्धारित की गयी हैं। इनमें उत्कृष्ट, अति उत्तम, उत्तम, संतोषजनक और खराब शामिल हैं। इन सभी के लिए अलग-अलग अंक दिये गये हैं। जिनमें हेड मास्टर की एसीआर के लिए आपरेशन कायाकल्प के तहत विद्यालय में अवस्थापना सुविधाओं के विकास के लिए 10 अंक, प्रेरणा समीक्षा माड्यूल के आधार पर 80 फीसदी उपस्थिति के लिए 10 अंक, अस्सी से नीचे आने पर 5 अंक, प्रधानाध्यापक की औसत उपस्थिति में अस्सी फीसदी से अधिक उपस्थिति पर दस अंक और कम होने पर 5 अंक निर्धारित किये गये हैं। इसी तरह लर्निंग आउटकम में विद्यालय के ग्रेड निर्धारण के आधार पर ए पॉजीटिव पर 20 अंक, ए के लिए 16 अंक, बी के लिए 12 अंक, सी के लिए 8 अंक, डी के लिए 4 अंक निर्धारित किए गए हैं। दीक्षा पोर्टल के उपयोग के लिए 10 अंक, प्रेरणा माड्यूल के आधार पर छात्रों को रिजल्ट कार्ड उपलब्ध कराने पर 10 अंक, एसएमसी की बैठकों में शामिल होने पर 10 अंक, छात्रों द्वारा पुस्तकालय के उपयोग पर 10 अंक, माड्यूल आधारशिला के लिए दस अंक शामिल किये गये हैं। वहीं शिक्षकों की एसीआर के लिए आउट आफ स्कूल बच्चों का सर्वेक्षण और नामांकन के लिए 10 अंक, अस्सी प्रतिशात से अधिक छात्रों की उपस्थिति पर दस अंक अथवा कम होने पर पांच अंक, उपस्थिति के लिए दस अंक व पांच अंक, लर्निंग आउटकम की अंतिम परीक्षा में सहायक शिक्षक द्वारा पढ़ाए गये ग्रेड के आधार पर क्रमश: 20,16,12, 8 व 4 अंक निर्धारित हैं। इसी तरी दीक्षा पोर्टल के नियमित उपयोग पर दस अंक, सेवारत, नियमित प्रशिक्षण कार्यक्रम में शामिल होने पर 10 अंक, एसएमएसी की नियमित बैठकों में शामिल होने पर दस अंक, छात्रों द्वारा पुस्तकालय के उपयोग पर 10 अंक, माड्यूल आधारशिला के लिए दस अंक शामिल किये गये हैं।

# धान खरीद में नया इतिहास रचने की तैयारी

● जनवरी माह तक हुई अब तक की सबसे अधिक सरकारी खरीद

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**योगी** सरकार धान खरीद में बड़े रिकार्ड की ओर बढ़ रही है। आजादी के बाद सूबे में यह पहला मौका है जब जनवरी माह में धान खरीद का आंकड़ा पचास लाख मीट्रिक टन से ऊपर पहुंच चुका है। इससे पहले जनवरी महीने में धान की अधिकतम सरकारी खरीद 43 लाख मीट्रिक टन के आंकड़े को कभी पार नहीं कर सकी। इस बार की खरीद अपने आप में रिकार्ड है और अधिकारियों का कहना है कि बचे दिनों में धान की यह खरीद नया इतिहास बना सकती है।

आंकड़ों के मुताबिक आजादी के बाद राज्य में धान की कुल अधिकतम खरीद का रिकार्ड 62 लाख मीट्रिक का है, जो दो दशक पहले बना था। जनवरी महीने में अभी तक 42.57 लाख मीट्रिक टन अधिकतम खरीद का रिकार्ड था, जो इस बार पीछे छूट चुका है। अब तक करीब 52 लाख मीट्रिक टन धान किसानों से खरीदा जा चुका है। पहले चरण की खरीद 31 जनवरी और दूसरे चरण की खरीद 28 फरवरी को खत्म होनी है। अधिकारियों का मानना है कि अब तक की खरीद को देखते हुये बचे दिनों में आजादी के बाद अधिकतम खरीद का आंकड़ा पार हो सकता है। पिछले सालों के मुकाबले धान की अच्छी खरीद होने से खरीद में लगी एजेन्सियों और अधिकारियों में खुशी है। उन्हें नया रिकार्ड बनने का इंतजार है। हालांकि खरीद बढ़ने के साथ-साथ उनकी चिन्ताएं भी बढ़ी हैं, क्योंकि उम्मीद से अधिक खरीद होने से बोरों की दिक्कतें आनी शुरू हो गई हैं। एजेन्सियों की मांग पर खाद्य एवं रसद विभाग बोरों की वैकल्पिक व्यवस्था करने में जुटा है। अधिकारियों का कहना है कि सरकार ने 50 लाख मीट्रिक टन धान खरीद का लक्ष्य रखा था। निर्धारित लक्ष्य के आधार पर बोरा तथा अन्य संसाधनों का इंतजाम किया गया था। परन्तु निर्धारित लक्ष्य से ज्यादा खरीद हो अभी ही हो चुकी है। आधिकारिक सूत्रों का कहना है कि कोलकत्ता को बोरों का आर्डर काफी पहले भेजा जा चुका है। अगर बोरों की यह आपूर्ति मिलती है तो किसी भी तरह की दिक्कत नही होगी। वैसे राशन वितरण से खाली होने वाले बोरों को विकल्प के रूप में अधिकारी देख रहे हैं।

पायनियर
नई दिल्ली, बुधवार, 29 जनवरी 2020



# पाक को दस दिन में सिखा देंगे सबक: मोदी

● ऐतिहासिक अन्याय को दुरुस्त करने के लिए सीएए लाया गया : प्रधानमंत्री

**भाषा।** नई दिल्ली

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी** ने मंगलवार को कहा कि उनकी सरकार ऐतिहासिक अन्याय को दुरुस्त करने और पड़ोसी देशों में रह रहे अल्पसंख्यकों से किए गए भारत के पुराने वादे को पूरा करने के लिए संशोधित नागरिकता कानून (सीएए) लेकर आई है। मोदी राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) की वार्षिक रैली को संबोधित कर रहे थे। प्रधानमंत्री ने कहा, हम जानते हैं कि हमारा पड़ोसी देश हमसे तीन-तीन युद्ध हार चुका है। हमारी सेनाओं को उसे धूल चटाने में हफ्ते-दस दिन से ज्यादा समय नहीं लगता। केंद्र की पूर्ववर्ती सरकारों की निष्क्रियता की निन्दा करते हुए उन्होंने

नई दिल्ली में नई दिल्ली एनसीसी रैली के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी

कहा, सेनाएं जब कार्वाई के लिए कहती थीं, वे तब भी आगे नहीं जा पाती थीं। उन्होंने कहा आज युवा सोच है। युवा मन के साथ देश आगे बढ़ रहा है और इसलिए वह सर्जिकल स्ट्राइक करता है, एअर स्ट्राइक करता है और आतंक के सरपरस्तों को उनके घर में जाकर सबक सिखाता है। इसका परिणाम आप भी देख रहे हैं।

पीएम ने अनुच्छेद 370 के अधिकतर प्रावधान निरस्त किए जाने का जिक्र किया और कहा कि जम्मू कश्मीर में स्वतंत्रता के समय से ही समस्या थी। कुछ परिवारों और राजनीतिक दलों ने इसे जीवित रखा जिसके परिणामस्वरूप वहां आतंकवाद पनपा। उन्होंने एनसीसी कैडेटों से कहा कि उनकी सरकार देश को परेशान कर रहीं दशकों पुरानी समस्याओं को सुलझाने का प्रयास कर रही है। मोदी ने कहा कि उनकी सरकार ऐतिहासिक अन्याय को दुरुस्त करने और पड़ोसी देशों में रह रहे अल्पसंख्यकों से किए गए भारत के पुराने वादे को पूरा करने के लिए सीएए लेकर आई है। प्रधानमंत्री ने सीएए के विरोध के संबंध में कहा कि कुछ राजनीतिक दल वोट बैंक पर कब्जा करने की स्पर्धा में लगे हैं। उन्होंने कहा, ऐतिहासिक अन्याय को दुरुस्त करने के वास्ते भारत के पुराने वादे को पूरा करने के लिए आज जब हमारी सरकार सीएए लेकर आई है तो कुछ राजनीतिक दल वोट बैंक की खातिर इसका विरोध कर रहे हैं।

प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि दशकों पुरानी समस्याएं सुलझा रही उनकी सरकार के फैसले पर जो लोग सांप्रदायिकता का रंग चढ़ा रहे हैं, उनका असली चेहरा देश देख भी रहा है और समझ भी रहा है। मोदी ने कहा कि सीएए का विरोध ऐसे लोग कर रहे हैं जिन्होंने शत्रु सम्पत्ति कानून का भी विरोध किया था।

## राजमार्ग परियोजनाओं के लिए 2.5 लाख करोड़ देने के इच्छुक पांच बैंक: गडकरी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने मंगलवार को कहा कि पांच बैंक राजमार्ग परियोजनाओं के लिए 2.5 लाख करोड़ रुपए उपलब्ध कराने के इच्छुक हैं। इसके साथ ही उन्होंने बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के बीमा पर जोर दिया। सड़क परिवहन मंत्री ने यह भी कहा कि सरकार हिट एंड रन जैसी वाहन दुर्घटना के मामलों के लिए एक मोटर वाहन दुर्घटना कोष बनाने पर भी विचार कर रही है। गडकरी ने मोटर वाहन बीमा और सड़क सुरक्षा विषय पर आयोजित कार्यशाला में कहाकि हमारी परियोजनाओं के लिए पांच बैंक करीब 2.5 लाख करोड़ रुपए देने के लिए तैयार हैं। हमारी परियोजनाएं आर्थिक रूप से वहनीय हैं। गडकरी ने सड़क परियोजनाओं को बीमा के दायरे में लाने की जरूरत पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा, दुनिया में कई देश बुनियादी ढांचा परियोजनाओं का बीमा करने की नीति को अपना रहे हैं।

# सर्राफा कमेटी के अध्यक्ष व उनकी पत्नी के हाथ पैर बांध कर निर्मम हत्या कर की लूटपाट

**आगरा।** आगरा में मंगलवार सुबह उस समय सनसनी फैल गई, जब शमसाबाद में डबल मर्डर का मामला सामने आया। सर्राफ एवं उनकी पत्नी की करंट लगाकर निर्मम हत्या हुई है। पति-पत्नी के अलावा घर पर कोई नहीं था। संभवतरू हत्या सोमवार देर शाम हुई है। घटना की जानकारी मंगलवार सुबह घर पर नौकरानी के पहुंचने पर हुई। परिजन किसी से रंजिश होने से इन्कार कर रहे हैं। घर से कुछ सामान गायब है। माना जा रहा है लूटपाट के इरादे से हत्या की गई हो। शमसाबाद कस्बे में मंगलवार सुबह डबल मर्डर ही घटना सामने आई है। सर्राफा कमेटी के अध्यक्ष मुकलेश गु?ता (62 वर्ष) और उनकी प?नी लता गुप्ता (60) की हत्या हुई है। दोनों घर पर अकेले ही थे। सुबह घर पर नौकरानी सोमवती (75 वर्ष) घर पर काम करने पहुंचीं तो उन्होंने पहले आवाज लगाई लेकिन अंदर से कोई जवाब नहीं आया। एक कमरे से चाबी लेकर वे दूसरे कमरे में काम करने पहुंचीं तो वहां दंपती मरे पड़े थे।

मृतक सर्राफ दंपती की हत्या के लिए बेहद क्रूर तरीका अपनाया गया। उनसे मारपीट के बाद पैरों में फ्रिज में जा रहे बिजली के तार को निकालकर टेप से चिपकाया गया। इसके बाद करंट चालू कर यातना दी गई। माना यह जा रहा है कि अलमारियों की चाबी लेने के लिए ऐसा किया गया होगा। मंगलवार को कस्बे के बाजार बंद रहे। वहीं परिवारीजनों के मुताबिक मृतक के पास एक बंदूक व एक रिवॉल्वर भी थी। मुकलेश रिवॉल्वर को हमेशा अपने साथ रखते थे। घटना के बाद से रिवॉल्वर गायब है।

सोमवती के शोर मचाने पर पड़ोसी पहुंचे। मृतक दंपती के परिजनों को सूचित किया। दंपती के तीन पुत्रियां हैं और तीनों का विवाह हो चुका है। सीओ फतेहाबाद प्रभात कुमार और एसपी प्रमोद कुमार मौके पर पहुंचे। घटनास्थल पर मुकलेश गुप्ता के पैरों में फ्रिज के तार को बांधकर करंट लगाया गया है। वहीं शरीर से खून निकलने के भी निशान हैं यानि पहले मारपीट की गई है। मृतका लता गुप्ता हाथों में सोने की अंगूठियां पहने हैं। हत्यारे घर से अन्य सोने चांदी के आभूषण और नकदी ले गए हैं। घटनास्थल पर एसएसपी बबलू कुमार और फोरेंसिंक एक्सपर्ट भी पहुंच गए हैं। फोरेंसिंक एक्सपर्ट सबूत जुटा रही है। मुकलेश गुप्ता और लता गुप्ता शाम छह बजे के बाद दूसरी चाय रात आठ बजे पीते थे। शाम का दूध डाइनिंग टेबल पर रखा हुआ मिला है। इससे माना जा रहा है कि हत्या सोमवार रात आठ बजे से पहले ही हो गई है। सर्राफमुकलेश गुप्ता के घर पर पांच अलमारियां हैं। इनमें से अलमारियों में रखा सोना और नकदी गायब है। इन अलमारियों में रखी चांदी को हत्यारे छोड़ गए हैं।

## उत्तर भारत के कई भागों में बारिश, पर्वतीय स्थानों में जमकर बर्फबारी

**नई दिल्ली।** देश के उत्तरी क्षेत्र में मंगलवार को ठंड में कोई कमी होती नजर नहीं आई। उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश और जम्मू कश्मीर के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में ताजा बर्फबारी हुई और राष्ट्रीय राजधानी समेत पंजाब और हरियाणा के मैदानी इलाकों में बारिश हुई। मौसम विभाग ने भारत के उत्तर पश्चिमी क्षेत्रों के पर्वतीय इलाकों में मंगलवार और बुधवार को बारिश या बर्फबारी होने का अनुमान लगाया है। विभाग ने भारी बर्फबारी या बिजली कड़कने के साथ बारिश होने और ओले गिरने का भी अनुमान जताया है। दिल्ली में सफदरजंग वेधशाला ने 5.7 मिलीमीटर और पालम वेधशाला ने 4.4 मिलीमीटर बारिश दर्ज की। मौसम विभाग के एक अधिकारी ने कहा, सुबह 8.30 बजे न्यूनतम तापमान 10.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जो कि सामान्य से दो डिग्री अधिक था। आर्द्रता सौ प्रतिशत थी। जम्मू कश्मीर के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में ताजा बर्फबारी हुई जबकि मैदानी इलाकों में बारिश हुई। श्रीनगर में न्यूनतम तापमान शून्य से 0.6 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया। उत्तरी कश्मीर में गुलमर्ग घाटी में सबसे ठंडा स्थान रहा जहां का तापमान शून्य से आठ डिग्री कम दर्ज किया गया। उत्तराखंड के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में ताजा बर्फबारी हुई जबकि मैदानी इलाकों में बारिश हुई। औली, बदरीनाथ, हेमकुंड साहिब, नंदा देवी जैव आरक्षित क्षेत्र और केदारनाथ कस्तूरी मृग अभयारण्य बर्फ से ढके रहे।

## बीएमएस ने एयर इंडिया विनिवेश का विरोध किया

**भाषा।** नई दिल्ली

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़े भारतीय मजदूर संघ ने एयर इंडिया को बेचने का विरोध करते हुए सरकार से फैसले पर फिर से विचार करने का आग्रह किया है। भारतीय मजदूर संघ ने बयान में कहा, सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों अपनी स्थापना के समय से ही वृद्धि और मूल्य सृजन में अग्रणी भूमिका निभाती रही हैं। शायद ए भारत में एकमात्र ऐसे उद्यम हैं जो औद्योगिक नीति प्रस्ताव, 1956 के अनुसार निर्धारित सभी उद्देश्यों को पूरा करते हैं। मजदूर संघ ने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि सामाजिक व्यय के लिए धन जुटाने के नाम पर सार्वजनिक कंपनियों को बेचा जा रहा है। उसका मानना है कि सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (पीएसयू) को निजी कंपनियों को बेचने से सरकार को संसाधन जुटाने और सामाजिक व्यय के वित्तपोषण करने में मदद नहीं मिलेगी क्योंकि निजीकरण करने से सरकार अपनी जिम्मेदारियों से मुक्त नहीं हो सकती। बयान में कहा गया है कि कुछ ऐसे क्षेत्र हैं जिसमें सार्वजनिक और निजी क्षेत्र की कंपनियां दोनों ही प्रदर्शन नहीं कर पा रही हैं और कई ऐसे मामले भी हैं जहां निजी कंपनियां अपने संसाधन सृजित करने में नाकाम रहीं। उन्होंने बैंकों (अधिकांश सार्वजनिक बैंकों) से कर्ज के रूप में पैसा लिया और ऋण चुकाने में असफल रहीं, जिसने एनपीए की समस्या को और बढ़ाया। उसने कहा कि एयर इंडिया के निजीकरण का व्यापक असर हो सकता है। कई हवाई अड्डों को संकट का सामना करना पड़ा सकता है और कई शहरों में कनेक्टिविटी की समस्या आ सकती है। बीएमएस ने आग्रह किया कि इन मुद्दों को ध्यान में रखते हुए सरकार को एयर इंडिया के विनिवेश से पहले सौ बार सोच लेना चाहिए।

## टीवी रोग के संदिग्ध रोगियों की हुयी स्क्रीनिंग

● 66 मरीजों की जांच कर 14 को दिये फॉल्कन ट्यूब

**ललितपुर।** ब्लॉक बिरधा के प्राथमिक विद्यालय ग्राम बम्होरी पठार में टीबी रोग के संदिग्ध रोगियों की स्क्रीनिंग हेतु अक्षय परियोजना के सहयोग से जिला क्षयरोग अधिकारी डा.जे.एस.बख्शी द्वारा एक स्वास्थ्य कैम्प का आयोजन किया गया। इस दौरान कुल 66 रोगियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया जिनमें से 09 मरीजों को बलगम जांच हेतु सुबह की बासी मुंह की बलगम के जांच नमूना कलैक्शन हेतु स्पुटम कप वितरित किये गये और 14 मरीजों को सीबीनॉट जांच हेतु फॉल्कन ट्यूब वितरित किये गये। इसके अतिरिक्त कैम्प में खांसी, जुकाम, एवं सामान्य बुखार के मरीजों का भी उपचार कर औषधियों का वितरण किया गया तथा ब्लड़ शुगर एवं वी.पी. भी चेक किया गया। कैम्प में चिकित्सक द्वारा पुनरीक्षित राष्ट्रीय क्षय नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत क्षयरोगियों को

शिविर लगाकर मरीजों की जांच करते चिकित्सक

इलाज के दौरान पोषण सहायता देने के लिये इन्सेंटिव प्रदान करने के लिये निक्षय पोषण योजना के सम्बंध में जानकारी प्रदान की गयी जिसके अनुसार पुनरीक्षित राष्ट्रीय क्षय नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत उपचार करा रहे समस्त क्षयरोगियों को 01 अप्रैल 2018 से इलाज के दौरान पोषण सहायता प्रदान करने हेतु रू. 500 रुपये का इन्सेंटिव प्रतिमाह प्रति रोगी की सहायता प्रदान की जायेगी। सहायता की धनराशि डी.बी.टी. स्कीम के माध्यम से सीधे मरीजों (लाभार्थिओं) के बैंक खातों में ट्रांसफर की जायेगी। साथ ही कैम्प में टीबी रोग के लक्ष्णों, बचाव के तरीकों और उपचार से सम्बंधित जानकारियां प्रदान की गयी, पम्पलेट्सों, स्टीकरों एवं पोस्टरों को वितरित कर प्रचार-प्रसार भी किया गया तथा 17 से 29 फरवरी 2020 तक चलने वाले ए.सी.एफ. के बारे में भी बताया गया। पीपीएमसी आदेश श्रीवास्तव, डीपीएस मनोज कुमार गुप्ता, दीपेन्द्र श्रीवास्तव एसटीएस, अक्षय परियोजना के जिला समन्वयक विवेक सिंह एवं उनके कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे।

## सुगंधित तेल से फंगस के इलाज की प्रणाली विकसित की आईआईटी हैदराबाद ने

**हैदराबाद।** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी)-हैदराबाद ने फंगस (कवक संक्रमण) के इलाज के लिए शरीर में दवा पहुंचाने की एक नई प्रणाली विकसित की है। इसमें सुगंधित तेल के माध्यम से फंगस का उपचार किया जाता है। इतना ही नहीं यह प्रणाली ऐसे कवक संक्रमण का भी इलाज कर सकती है जिन्होंने पारंपरिक दवाओं के प्रति प्रतिरोधी क्षमता पैदा कर ली है। आईआईटी- हैदराबाद ने एक विज्ञप्ति में बताया कि उसके पदार्थ विज्ञान और धातुकर्म अभियांत्रिकी विभाग की एसोसिएट प्रोफेसर मुद्रिका खंडेलवाल के नेतृत्व में किया गया यह शोध अंतरराष्ट्रीय जर्नल मटेरियलिया में प्रकाशित हुआ है। इस शोध से प्राप्त परिणाम पर काम करते हुए शोधार्थी फंगस-रोधी स्वास्थ्य उत्पाद के नमूने विकसित कर रहे हैं। इसके लिए जैव प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा गठित जैव प्रौद्योगिकी उद्योग शोध सहायक परिषद ने वित्तीय सहायता उपलब्ध कराई है। दवा पहुंचाने की वैकल्पिक विधि विकसित करने की जरूरत पर बल देते हुए खंडेलवाल ने कहा, कैनडिडा परिवार के फंगस की वजह से योनि, डायपर( सिंथेटिक लंगोटी), धावकों के पैर के अलावा नाखूनों में होने वाले फंगस संक्रमण को देखते हुए नई प्रणाली की बहुत जरूरत है। इस फंगस की दवाओं के प्रति बनती प्रतिरोधी क्षमता धीरे-धीरे जीवन के लिए घातक हो सकती है।

## पेज एक का शेष

### एयर इंडिया ...

कर रहे हैं। भारत ने हॉटलाइन नंबर भी जारी किया है। विदेश मंत्रालय द्वारा दी गई नामों की सूची की निगरानी के लिए एनसीडीसी के 24 घंटे सक्रिय कॉल सेंटर (91-11-23978046) को शुरू किया गया है। यह कॉल सेंटर जरूरतमंदों को जिला एवं राज्य स्तर पर निगरानी अधिकारियों की जानकारी उपलब्ध कराएगा। 14 जनवरी को प्राप्त डेटा के मुताबिक, पुणे की राष्ट्रीय विषाणु विज्ञान (एनआईवी) प्रयोगशाला को कुल 17 नमूने मिले जिनमें से 14 की जांच हो चुकी है। उनमें कोरोना वायरस का संक्रमण नहीं पाया गया है। नई महामारी कोरोना वायरस (एनसीओवी) के संक्रमण के एक भी मामले की पुष्टि नहीं हुई है, इस पर जोर देते केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री हर्षवर्द्धन ने मंगलवार को कहा कि इसका पता लगाने और इस पर काबू पाने के हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। थर्मल जांच के लिए हवाई अड्डों की संख्या सात से बढ़ाकर 20 कर दी गई है और एनआईवी पुणे के अलावा चार अन्य प्रयोगशालाओं को भी जानलेवा एनसीओवी संक्रमण के नमूनों की जांच के लिए चालू कर दिया गया है।स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि उन्होंने सभी मुख्यमंत्रियों को पत्र लिखकर उनसे अनुरोध किया है कि इस विषाणु पर नियंत्रण और इसके प्रसार को रोकने के लिए की गई तैयारियों की समीक्षा व्यक्तिगत रूप से करें। इससे पहले, विदेश मंत्री एस जयशंकर ने मंगलवार को वड़ोदरा में चीन के वुहान में फंसे भारतीयों को निकालने के लिए विमान भेजने की योजना की जानकारी दी। उन्होंने यह भी कहा कि अभी तक किसी भारतीय छात्र को वायरस से संक्रमित नहीं पाया गया है। बच्चों के बारे में उनके माता-पिता को चिंता करने की जरूरत नहीं है। उन्हें वापस लाने में कुछ दिन लगेंगे लेकिन उनका आग्रह है कि सरकार पर भरोसा रखें। गुजरात के वड़ोदरा हवाई अड्डे पर पहुंचने के बाद जयशंकर ने संवाददाताओं से कहा कि भारतीय दूतावास लगातार चीन की सरकार के साथ संपर्क में है। वुहान से छात्रों और भारतीयों को निकालने के लिए हम वहां विमान भेजने की योजना बना रहे हैं ताकि उन्हें वापस ला सकें। चीन में फंसे भारतीय नागरिकों ने स्वदेश लौटने की इच्छा जताई है। दिल्ली स्थित आरएमएल अस्पताल में चिकित्सा अधीक्षक डॉ. मीनाक्षी भारद्वाज ने बताया कि सोमवार को भर्ती कराए गए तीनों व्यक्तियों की आयु 24 वर्ष से 48 वर्ष के बीच है। उनके नमूनों को परीक्षण के लिए पुणे स्थित आईसीएमआर-एनआईवी प्रयोगशाला में भेजा गया है। इनमें से दो व्यक्ति दिल्ली के निवासी हैं और एक राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र से है। तीनों मरीजों को सर्दी, जुकाम और बुखार जैसी श्वसन संबंधी समस्या थी और वह जांच करवाने गए थे। भारद्वाज ने बताया कि दो मरीज एक हफ्ते पहले ही चीन से लौटे थे और तीसरा मरीज एक महीने पहले वहां से आया था। ये तीनो चीन के शंघाई, बीजिंग और गुआंगजो गए थे। तैयारी का ब्योरा देती भारद्वाज ने कहा कि आईसोलेशन वॉर्ड में आठ बेड हैं जिन्हें जरूरत पड़ने पर बढ़ाया जा सकता है। संक्रमण नियंत्रण की सभी प्रक्रियाओं का पालन हो रहा है मसलन संदिग्ध मामलों को देखते वक्त सुरक्षात्मक उपकरणों का प्रयोग आदि। स्वास्थ्य मंत्रालय ने एक जनवरी, 2020 से लेकर अब तक चीन की यात्रा करने वाले यात्रियों से बुखार, सर्दी-खांसी, सांस लेने में तकलीफ आदि की समस्या होने पर खुद नजदीकी अस्पताल पहुंचने और उनका इलाज कर रहे डॉक्टर को भी इसकी जानकारी देने की अपील की है। शनिवार को चीन से आने-जाने वाले यात्रियों के लिए क्या करें और क्या न करें बताते हुए नया परामर्श जारी किया गया था जिसमें चीन में रहने के दौरान अगर वे बीमार महसूस करते हैं, उन्हें बुखार एवं खांसी है तो छींकते और खांसते वक्त अपने मुंह पर रूमाल रखें। तुरंत चिकित्सीय मदद लें और इसकी जानकारी चीन स्थित भारतीय दूतावास को दें। कैबिनेट सचिव राजीव गौबा ने मंगलवार को लगातार दूसरे दिन इस जानलेवा वायरस से निबटने की तैयारियों का जायजा लिया जबकि प्रधानमंत्री कार्यालय ने शनिवार को कोरोना पर वैश्विक चिंताओं के बीच किसी भी तरह की स्थिति का सामना करने की तैयारियों की समीक्षा की थी।

### देशद्रोह के...

सोमवार को शरजील के भाई मुज्जमील से पूछताछ की गई। पूछताछ में शरजील के बारे में अहम सूचनाएं मिली और उसके आधार पर मंगलवार को अपराह्न दो बजे टीम ने उसे पकड़ लिया। वहीं जहानाबाद के पुलिस अधीक्षक (एसपी) मनीष कुमार ने कहा कि कोको पुलिस थाना क्षेत्र से गिरफ्तार इमाम को मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट आरके रजक की अदालत में पेश किया गया जहां से उसे 36 घंटे के लिए ट्रांजिट रिमांड पर दिल्ली पुलिस को सौंप दिया गया। उन्होंने कहा कि दिल्ली पुलिस इमाम को अपने साथ ले गई है। अपुष्ट सूत्रों ने कहा कि इमाम अपने पैतृक जिले में पिछली रात आया था और एक करीबी रिश्तेदार की सलाह पर एक मस्जिद में छिपा हुआ था। शरजील को वीडियो में कहते सुना गया, अगर पांच लाख लोग संगठित हो जाएं तो हम पूर्वोत्तर और भारत को स्थाई तौर पर काट सकते हैं। अगर ऐसा नहीं तो कम से कम एक महीने या आधे महीने के लिए ही सही। रेल पटरियों और सड़कों पर इतना मवाद डाल दो कि वायु सेना को इसे साफ करने में एक महीना लग जाए। शरजील वीडियो में कह रहा है, असम को (शेष भारत से) काटना हमारी जिम्मेदारी है, तभी वे (सरकार) हमारी बात सुनेंगे। हम असम में मुसलमानों की स्थिति जानते हैं। उन्हें डिटेंशन कैंपों में रखा जा रहा है। इस बीच इमाम की गिरफ्तारी पर प्रतिक्रिया देते हुए बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि लोगों को प्रदर्शन करने का अधिकार है, लेकिन कोई देश के टुकड़े करने की बात नहीं कर सकता। उन्होंने संवाददाताओं से कहा कि पुलिस को इमाम को गिरफ्तार करने में कानून के अनुसार कार्रवाई करनी चाहिए और अब अदालतें उचित कार्रवाई करेगी।

### एजुकेशन पर...

दिल्ली सरकार के 1024 सरकारी स्कूलों में से सिर्फ 8 स्कूलों में भाजपा ने कुछ-कुछ कमियां गिनाई वह भी गलत हैं। केजरीवाल ने गृहमंत्री अमित शाह को एक फिर बुलाया और कहा कि वे उनके साथ किसी स्कूल में चलें और शिक्षा व्यवस्था की असली तस्वीर देखें। अगर वहां कमियां भी मिली तो वह बताएं। उसे हम ठीक कर देंगे। लेकिन झूठ बोल कर दिल्ली के 16 लाख बच्चों, 32 लाख अभिभावक और 65 हजार शिक्षकों को अपमानित न करें। देश दुनिया से लोग दिल्ली की इस शिक्षा क्रांति को देखने के लिए आ रहे हैं। सभी पार्टियों ने पिछले 70 साल में यहां की शिक्षा व्यवस्था का बुरा हाल कर रखा था। उसको दिल्ली के दो करोड़ लोगों ने ईमानदार सरकार के साथ मिल कर मात्र पांच साल में बदल दिया। पूरे देश को पर पर गर्व है। केजरीवाल के अनुसार उन्हें बहुत दुख हुआ जब शाह ने शिक्षा पर सवाल खड़े किए और उसका मजाक उड़ाया।

### पचास का...

अपने स्रोतों के जरिए इसे खुदरा बाजार में बेचे। सूत्रों के मुताबिक मंत्रालय ने भाजपा शासित राज्यों-उत्तर प्रदेश, हरियाणा और कर्नाटक से जल्द से जल्द सस्ते दामों में प्याज खरीदने को कहा है क्योंकि आयातित प्याज को यदि वातानुकूलित माहौल में न रखा जाए तो उसमें नमी आ सकती है। सूत्रों के मुताबिक मुंबई पोर्ट पर 250 रेफ्रीजेरेटेड कंटेनरों में 7,000 टन आयातित प्याज एक माह से पड़े सड़ रहे हैं। आयतकर्ताओं को भी खेप को खपाने की जल्दी नहीं है क्योंकि यहां इसको लाने जितना खर्च हुआ है वह स्थानीय बाजार में चल रहे दाम से कही अधिक है।

### हॉट शाहीन...

अमित शाह जिस तरह की भाषा का इस्तेमाल कर रहे हैं, उससे साफ होता है कि भाजपा अपनी हार की डर से बौखलाकर सांप्रदायिक माहौल पैदा करना चाहती है। उन्होंने कहा, चुनाव आयोग ने हमें विश्वास दिलाया है कि वह दिल्ली का माहौल खराब नहीं होने देगा। माकन ने कहा, हमें पूरी उम्मीद है कि आयोग अपनी जिम्मेदारी निभाएगा और मामले में कार्रवाई करेगा। हम लोगों ने कहा है कि स्टार प्रचारकों को चुनाव प्रचार से हटाया जा सकता है। हमने मांग की है कि मामले में कड़ी से कड़ी सजा दी जानी चाहिए।

## गणतंत्र दिवस पर पढ़कर सुनाया मुख्यमंत्री का संदेश

**ललितपुर।** नगर पालिका बालिका इण्टर कॉलेज रावरपुरा में गणतंत्र दिवस के अवसर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस दौरान नपाध्यक्ष रजनी साहू बतौर मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहीं, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा नगर अध्यक्ष मनीष अग्रवाल, ईओ डा.संजय कुमार मौजूद रहे। सर्वप्रथम अतिथियों ने राष्ट्रध्वज तिरंगे को फहराया। तदोपरान्त मुख्यमंत्री का संदेश प्रधानाचार्या नमिता गुप्ता व सहायक अध्यापिका लक्ष्मी सिंह ने संयुक्त रूप से पढ़कर सुनाया। तदोपरान्त मां सरस्वती वन्दना गीत एवं स्वागत गीत प्रस्तुत किये गये। इस दौरान छात्राओं ने राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत भाष व कार्यक्रम प्रस्तुत किये। स्काउट गाइड की छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लेते हुये पैरामिड एवं तलवार चलाने का साहसी प्रदर्शन किया। इस दौरान नपाध्यक्ष रजनी साहू ने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन के तहत हम सभी को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के सपने को साकार करना है।

## भगवान परशुराम की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम शुरू

● कलश यात्रा के साथ हुआ धार्मिक अनुष्ठान का आयोजन

**ललितपुर।** इलाइट चौराहा के समीप स्थित भगवान श्रीपरशुराम मंदिर में श्रीपरशुराम जी की प्राण प्रतिष्ठा के तीन दिवसीय धार्मिक आयोजन का शुभारंभ हुआ। जिसमें सर्वप्रथम कलश यात्रा निकाली गई। विदित हो कि ब्राह्मण समाज द्वारा निर्मित धर्मशाला एवं परशुराम मंदिर में 28 जनवरी से लेकर 30 जनवरी बसंत पंचमी तक तीन दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव संपन्न होने जा रहा है। जिसमें विप्र समाज की महिलाओं ने आज कलश यात्रा में सम्मिलित होकर धार्मिक लाभ लिया।

इसी क्रम में 29 तारीख को भगवान श्रीपरशुराम जी की नगर भ्रमण यात्रा दोपहर 12 बजे मंदिर से ही प्रारंभ होगी व 30 तारीख को प्राण प्रतिष्ठा का धार्मिक आयोजन वैदिक रीति से संपन्न होगा। आयोजन समिति ने समाज के सभी लोगों से अपील की कि इस

समारोह के शुभारंभ पर कलश यात्रा निकालती महिलायें

आयोजन में अधिक से अधिक संख्या में सम्मिलित होकर धार्मिक लाभ लेने का आह्वान किया है।

कलश यात्रा में सैकड़ों माताओं बहनों के अलावा उमाशंकर बिदुआ, भगवत नारायण बाजपेई, आदित्य नारायण बबेले, सुनील चौबे बुड़बार, धर्मेंद्र रावत, राजेंद्र किलेदार, बाबूलाल दुबे, जयशंकर दुबे, जगदीश चौबे, ललित रिछारिया, आशीष वैद्य, जय देव दीक्षित, नितिन बिरथरे, शिव नारायण त्रिपाठी, चंद्रविनोद हुण्डैत, संतोष चौबे, रविकांत दीक्षित, राजेश दुबे, रामदास श्रोती, घटवार प्रधान शशिकांत दीक्षित, नीरज पटैरिया, प्रदीप रिछारिया, रामनरेश दुबे, आशीष चौबे, रामकोटि तिवारी, रविकांत तिवारी कल्लू, बबलू पाठक, राजीव कटारे, जितेंद्र गोस्वामी, देवेंद्र दुबे, मनोज किलेदार, ललित कौशिक, सत्यनारायण शुक्ला, पं.बद्री पाठक, प्रमोद नायक बांसी, आशीष तिवारी, शुभम कौशिक, ऋषभ तिवारी, अंकुर पुरोहित, प्रताप, राहुल चौबे, मनु चतुर्वेदी, आदित्य दुबे सहित सैकड़ों विप्र जन उपस्थित थे। धार्मिक आयोजन के प्रतिष्ठाचार्य आचार्य पवन शास्त्री तांत्रिक, पंडित महेश मिश्रा, पंडित रामस्वरूप तिवारी, पंडित दीपक भोंड़ेले हैं व सहयोगी महन्त गोविंद दास जी रहेंगे। कार्यक्रम के मुख्य यजमान अनंतराम तिवारी, सुनील शर्मा, सुमन पाठक है। कार्यक्रम का संचालन नवनीत किलेदार ने किया।

# देशभक्ति की पाठशाला है आरएसएस संगठन : सजन कुमार शर्मा

**ललितपुर।** नगर के मोहल्ला चौबयाना, चौकीपुरा, खिरकापुरा क्षेत्र (सरस्वती नगर बस्ती) की लगने वाली केशव शाखा का आज वार्षिकोत्सव मनाया गया। जिसमें वस्ती के स्वयंसेवकों ने वर्ष भर के दैनन्दनीय शाखा में होने वाले शारीरिक व बौद्धिक कार्यक्रमों का प्रदर्शन किया। शारीरिक में खेल, दण्ड प्रहार, जुडो कराटे (नियुद्ध), पैंतरे (पदविन्यास), योगासन, व्यायामयोग, समता और एक साथ कदम से कदम मिला कर (संचलन) घोष के वादन के साथ प्रदर्शन किया। और बौद्धिक दृष्टि से सभी स्वयंसेवकों ने 5 देश भक्तिगीत व 5 सुभाषित को एक साथ बोलकर प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में अध्यक्ष के रूप में ललितपुर सह जिला संघचालक रमेश सोनी और मुख्य वक्ता के रूप में जिला कार्यवाह सजन कुमार शर्मा रहे। मुख्य वक्ता सजन कुमार शर्मा ने बताया संघ की शाखा देशभक्ति की पाठशाला व व्यक्ति निर्माण का केंद्र है। शाखा में होने वाले शारीरिक और बौद्धिक कार्यक्रमों से स्वयंसेवकों के अन्दर देशभक्ति और समरसता का भाव

केशव शाखा के वार्षिकोत्सव पर संबोधित करते जिला कार्यवाह

प्रकट होता है शाखा में आने के बाद व्यक्ति के अंदर निस्वार्थ भाव से स्वयं की प्रेरणा से देश व समाज हित में कार्य करने का मन बनता है। छुआछूत रहित व अनुशासित जीवन जीने की कला सिखाई जाती है। उन्होंने बताया कि 26 जनवरी 1963 को संघ के 3500 गणवेशधारी स्वयंसेवक स्वयं प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू के आग्रह पर राजपथ पर परेड में शामिल हुए थे। सन 1962 में चीन से युद्ध के बाद पूरा भारत काफी हताश था लेकिन नेहरु गणतंत्र के अवसर पर इस बात को महसूस नही होना देना चाहते थे। उन्होंने सोचा कि इस बार परेड में राष्ट्रसेवा करने वाली संस्थाओं को शामिल किया जाना चाहिए, संघ को इस परेड में शामिल होने के लिए 24 जनवरी को न्यौता मिलता। इस परेड में संघ को तैयारी के लिए सिर्फ दो दिन मिले थे। बाद में कुछ कांग्रेसी नेताओं ने संघ को निमंत्रित किये जाने के पंडित नेहरू के निर्णय पर आपत्ति जताई तो उन आपत्तियों को दरकिनार कर नेहरू ने कहा कि सभी देशभक्त नागरिकों को परेड में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया गया था। जवाहर लाल नेहरू ने आरएसएस स्वयंसेवकों की भावना को देखते हुए यहां तक कहा कि यह दर्शाने के लिए कि केवल लाठी के बल पर भी सफलतापूर्वक बम और चीनी सशस्त्र बलों से लड़ा सकता है, विशेष रूप से 1963 के गणतंत्र दिवस परेड में भाग लेने के लिए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ को आकस्मिक आमंत्रण किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे सह जिला संघचालक रमेश सोनी ने अपने आशीर्वचन में कहा नित्य का किया गया कार्य सिद्ध होता है। अच्छे व देशभक्त व्यक्ति का निर्माण ही सर्वश्रेष्ठ रचनात्मक कार्य है और इसका माध्यम है दैनिक शाखा में नियम पूर्वक चलने वाले कार्यक्रम का संस्कार मन पर पड़ता है और धीरे-धीरे यह स्वभाव बन जाता है। कार्यक्रम करने से उत्साह और निर्भयता अनुशासन अखंड रूप से कार्य करने की प्रवृत्ति इत्यादि गुण स्वभाव के अंग बन जाते हैं, विश्व का इतिहास इस बात का साक्षी है कि बड़े से बड़ा काम साधारण से दिखने वाले ने ही किए हैं।

## क्विक न्यूज

### छात्रों के प्रदर्शन के बाद धनखड़ ने कलकत्ता विवि में समारोह स्थल छोड़ा

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के राज्यपाल जगदीप धनखड़ को छात्रो ने कलकत्ता विश्वविद्यालय के नजरूल मंच स्थित सालाना दीक्षांत समारोह मे मंगलवार को शामिल नही होने दिया। इसके चलते राज्यपाल परिसर से चले गए। प्रदर्शनकारियो ने राज्यपाल का रास्ता रोका, काले झंडे फहराए और वापस जाओ के नारे लगाए। कुछ छात्रो के हाथो मे सीएए नही और एनआरसी नही के पोस्टर थे। धनखड़ कार्यक्रम मे शामिल हुए बगैर करीब डेढ़ बजे परिसर से निकल गए।

### पुणे में अभाविप ने सीएए एनआरसी के समर्थन में रैली निकाली

**पुणे।** महाराष्ट्र के पुणे मे मंगलवार को संशोधित नागरिकता कानून और राष्ट्रीय नागरिक पंजी के समर्थन मे अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) के 300 से अधिक सदस्यो एवं विद्यार्थियो ने रैली निकाली। इन विद्यार्थियो एवं कार्यकर्ताओ ने 300 फुट लंबा तिरंगा लिए हुए मॉडर्न कॉलेज के गणेश खिंड कैंपस से शिवाजी नगर कैंपस तक मार्च निकाला और सीएए एवं एनआरसी के समर्थन मे नारे लगाए। परिषद के नगर अध्यक्ष अनिल थोम्बरे ने कहा कि यह रैली सीएए का विरोध कर रहे लोगो के लिए जवाब है।

### जम्मू-कश्मीर में स्थिति नियंत्रण में : नए सैन्य उपप्रमुख

**नई दिल्ली।** सेना के नए उपप्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल एस के सैनी ने मंगलवार को कहा कि जम्मू-कश्मीर मे नियंत्रण रेखा के आस-पास और आंतरिक इलाको मे स्थिति नियंत्रण मे है। सलामी गारद स्वीकार करने के बाद सैनी ने कहा कि सेना हर चुनौती के लिए तैयार है।उन्होने कहा, पिछले वर्ष संघर्षविराम उल्लंघन बढ़ गए। हम सामने आने वाली चुनौतियो से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है। साथ ही उन्होने कहा कि उपकरण, गोला-बारूद जैसी महत्त्वपूर्ण कमियो को दूर करने और उत्तरी सीमा के आस-पास क्षमता विकास उनकी प्राथमिकताओ मे शामिल होगा। नए वायस चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ लेफ्टिनेंट जनरल सैनी ने कहा, चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जैसे नए पद सृजित हुए है।

# केंद्र सरकार उल्फा (आई) से शांति वार्ता करने के लिए तैयार

भाषा। गुवाहाटी

**बोडो शांति** समझौते पर हस्ताक्षर होने के एक दिन बाद असम के वरिष्ठ मंत्री हेमंत बिस्व सरमा ने मंगलवार को कहा कि केंद्र सरकार उल्फा (आई) गुट के साथ शांति वार्ता के लिए तैयार है। पूर्वोत्तर में स्थाई शांति के लिए उन्होंने उल्फा (आई) गुट के नेता परेश बरुआ से बातचीत के लिए आगे आने की अपील की। पूर्वोत्तर लोकतांत्रिक गठबंधन (नेडा) के संयोजक सरमा ने यहां संवाददाताओं से कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को स्पष्ट रूप से कहा था कि अगर उल्फा (आई) गुट वार्ता के लिए तैयार है, तो असम और पूर्वोत्तर में स्थाई शांति के लिए केंद्र बातचीत को उनसे कहीं अधिक इच्छुक है। उन्होंने कहा, यह पहली बार है कि सरकार उल्फा (आई) से वार्ता के लिए सार्वजनिक अपील कर रही है। यदि वे वार्ता के इच्छुक हैं, तो केंद्र असम और पूर्वोत्तर में स्थाई शांति की इच्छा और समान शक्ति के साथ इस पर आगे बढ़ेगा। राज्य के शिक्षा मंत्री सरमा ने बोडो समझौते का जिक्र करते हुए कहा, नेशनल डेमोक्रेटिक फ्रंट ऑफ बोड़ोलैंड (एनडीएफबी) के सभी गुटों के साथ चर्चा के माध्यम से सोमवार को एक ऐतिहासिक समझौते पर हस्ताक्षर किए गए। केंद्र और राज्य सरकार बातचीत के माध्यम से क्षेत्र में शांति चाहते हैं। उन्होंने कहा, इस संदर्भ में, मैं बरुआ और उनके वार्ता-विरोधी गुट से अनुरोध करना चाहूंगा कि वे एक सार्थक वार्ता में शामिल होने पर विचार करें। केंद्र और राज्य सरकार इस क्षेत्र में शांति चाहते हैं। उन्होंने कहा कि असम और मणिपुर के कुछ उग्रवादी संगठनों को छोड़कर पूर्वोत्तर राज्यों के अधिकतर उग्रवादी संगठन बातचीत कर रहे हैं, लेकिन अगर हम इस क्षेत्र में शांति चाहते हैं, तो वार्ता में सभी गुटों और संगठनों को शामिल होना होगा। सरमा ने कहा, अब केवल असम और मणिपुर में ही कुछ उग्रवादी गतिविधियों की सूचना है। इसलिए, हम उनसे (विद्रोहियों) मुख्यधारा में शामिल होने और स्थाई शांति के लिए केंद्र के साथ चर्चा करने का अनुरोध कर रहे हैं। उन्होंने जनता से भी अपील की कि वह उल्फा (आई) से बातचीत के लिए आगे आने का आग्रह करें। सरमा ने कहा, अरबिंद राजखोवा के नेतृत्व वाले उल्फा के वार्ता-समर्थक गुट पहले से ही केंद्र के साथ बातचीत में शामिल है और यह जारी रहेगा लेकिन स्थाई शांति के लिए, यह आवश्यक है कि सभी संगठन और उनके गुट बातचीत की मेज पर आएं। उन्होंने कहा कि इससे पूर्व दो बोड़ो समझौतों पर दस्तख्वत किए गए लेकिन इससे भी बोड़ोलैंड टेरिटोरियल एडमिनस्ट्रेटिव डिस्ट्रिक (बीटीएडी) में शांति बहाल नहीं हुई, क्योंकि पिछली वार्ताओं में एनडीएफबी शामिल नहीं थी। सरमा ने कहा कि इस बार सभी चारों गुट वार्ता में शामिल हुए और एक एतिहासिक समझौता हुआ है।

गुवाहाटी में बोडो शांति समझौते पर हस्ताक्षर होने के बाद गोपीनाथ बोर्डोली हवाईअड्डे पर अपने नेताओं के स्वागत में खड़े बोडो समुदाय के लोग

# नकवी ने कहा, लिखना मेरा शौक

भाषा। नई दिल्ली

**अल्पसंख्यक** मामलों के मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी ने असल घटनाओं से प्रेरणा लेकर बलवा नामक एक नई किताब लिखी है। इसमें हास्य, रोमांस, एक्शन के साथ ही समाज को सकारात्मक संदेश भी दिया गया है। हिंदी में लिखी गई किताब को डायमंड बुक्स ने प्रकाशित किया है। इस साल तीन उपन्यासों की श्रृंखला में यह पहली किताब है। इसके अलावा किताब राज लीला और साइबर सुपारी क्रमश: आदिवासियों के सामाजिक और राजनीतिक शोषण तथा फेक न्यूज के विषय पर आधारित है। नकवी ने कहा, लिखना मेरा शौक है। चाहे देर रात में हो या सवेरे - अखबार पढ़ने के बाद - एक घंटा इसके लिए जरूर रखता हूं। छुट्टी होने पर तीन घंटे से भी ज्यादा लिखता हूं। शोरगुल या भीड़-भाड़ वाले स्थान से कभी मुझे दिक्कत नहीं होती। मैं कहीं भी लिख सकता हूं।नकवी ने कहा कि वह हमेशा अपने साथ एक डायरी लेकर चलते हैं और जब भी किसी कहानी या किरदार का खयाल आता है तो इसमें उतार लेते हैं। अपनी नई किताब के विषय के बारे में बात करते हुए नकवी ने कहा कि बलवा में नब्बे के दशक की कथा है। यह दो धार्मिक नेता मौलाना मुश्ताक और संकटा प्रसाद के इर्द-गिर्द घूमती है जिनकी कोशिश सांप्रदायिक तनाव पैदा करने की रहती है। नकवी ने आखिरी किताब वैशाली 2008 में लिखी थी।

## मिलिंद देवरा ने सोनिया गांधी को लिखा पत्र

# राहुल के चुनावी वादे के प्रभावी रूप से लागू नहीं होने पर जताई चिंता

भाषा। मुंबई

**कांग्रेस नेता** मिलिंद देवरा ने पार्टी अध्यक्ष सोनिया गांधी को एक पत्र लिख कर मुंबई के झुग्गीवासियों को 500 वर्ग फुट का मकान आवंटित करने के राहुल गांधी के 2019 के चुनावी वादे के, महाराष्ट्र की नई सरकार के तहत प्रभावी रूप से क्रियान्वयन किए जाने की दिशा में आगे नहीं बढ़ पाने पर चिंता जाहिर की है।देवरा ने सोनिया गांधी से महाराष्ट्र विकास अघाडी (शिवसेना, राकांपा, कांग्रेस) शासित राज्य में एक तंत्र स्थापित करने का अनुरोध किया है ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि प्रदेश सरकार लोगों से किए गए कांग्रेस के चुनावी वादों को पूरा कर सके। देवरा ने 24 जनवरी को लिखे अपने पत्र में कहा है कि उनकी सलाह पर मार्च 2019 में तत्कालीन कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी ने एक रैली में कहा था कि यदि उनकी पार्टी महाराष्ट्र में सत्ता में आएगी तो झुग्गी एवं खस्ताहाल भवन पुनर्वास योजनाओं के तहत 500 वर्ग फुट का मकान आवंटित किया जाएगा। देवरा ने कहा, इस वादे को बाद में तीनों पार्टियों द्वारा तैयार किए गए साझा न्यूनतम कार्यक्रम में शामिल कर दिया गया। फिलहाल, शहर में झुग्गी पुनर्वास परियोजनाओं के तहत 269 वर्ग फुट मकान मुहैया किया जा रहा है। देवरा ने 1984 से मुंबई में जरूरतमंदों को वहनीय मकान देने के अपने दिवंगत पिता मुरली देवरा द्वारा शुरू की गई पहल को पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी से मिले समर्थन की याद दिलाई।उन्होंने कहा, मुंबई के मतदाताओं ने तब से कांग्रेस पर विश्वास किया और सबसे निचले तबके के उत्थान के प्रति उसकी प्रतिबद्धता का उसे इनाम दिया। देवरा ने कहा, राहुल जी ने मुंबईवासियों से उस समय वादा किया था जब वह कांग्रेस अध्यक्ष थे। यह मुझे चिंतित करता है कि इस तरह की एक अहम नीतिगत पहल क्रियान्वयन की दिशा में प्रभावी रूप से आगे नहीं बढ़ी है। उन्होंने कहा, इसलिए मैं आपसे महाराष्ट्र में कांग्रेस शासित राज्यों की तर्ज पर एक प्रभावी तंत्र स्थापित करने पर विचार करने का अनुरोध करता हूं, ताकि राज्य सरकार महाराष्ट्र के मतदाताओं से कांग्रेस द्वारा किए गए वादों को तेजी से पूरा कर सके। उन्होंने कहा कि वहीं दूसरी ओर कांग्रेस के सहयोगी दल शिवसेना और राकांपा ने अपने कार्यक्रमों और चुनावी वादों को पूरा करने के लिए पिछले 50 दिनों के दौरान काम किया है।

## लिंगराज मंदिर पुनरुद्धार योजना से प्रभावित लोगों के लिए पुनर्वास पैकेज की घोषणा की

**भुवनेश्वर।** ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने राज्य की राजधानी में भगवान लिंगराज मंदिर के आस-पास एकाम्र क्षेत्र सुविधाएं और स्मारक पुनरुद्धार कार्य योजना से प्रभावित लोगों के लिए पुनर्वास पैकेज की घोषणा की है।मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा सोमवार को जारी एक बयान में कहा गया कि योजना के तहत तीर्थयात्रियों और पर्यटकों के लिए सुविधाओं का निर्माण मंदिर और 11 वीं सदी के तालाब बिंदू सागर के आसपास की 65 एकड़ जमीन पर किया जाएगा। इस परियोजना के लिए अधिग्रहित किए गए आवासीय भूखंडों के लिए जमीन के बदले जमीन नीति अपनाई जाएगी। बयान में कहा गया है, अगर पुनर्वास जमीन की कीमत अधिग्रहित जमीन की कीमत से कम है, तो जमीन मालिक को उसके अनुसार मुआवजा दिया जाएगा।

जम्मू कश्मीर पुलिस मुख्यालय में अपने भ्रमण के दौरान पुलिस उच्चाधिकारी से मिलते उत्तरी सेना के कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल रणबीर सिंह

## मेरे पिता सीएए के विरोध में जान देने का कदम नहीं उठा सकते थे: दीपक

**इंदौर (मध्यप्रदेश)।** शहर के एक आम चौराहे पर कथित रूप से आत्मदाह कर जान देने वाले मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के 72 वर्षीय कार्यकर्ता के इस कदम की वजह का रहस्य चार दिन बाद भी कायम है। पुलिस को घटनास्थल पर पड़ी माकपा कार्यकर्ता रमेशचंद्र प्रजापत (72) की थैली से संशोधित नागरिकता कानून (सीएए), राष्ट्रीय नागरिक पंजी (एनआरसी) और राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्ट्रर (एनपीआर) के विरोध में पर्चे मिले थे। इसके बाद बुजुर्ग की मौत की वजह को लेकर कयासों का दौर जारी है, जबकि पुलिस इसका अब तक खुलासा नहीं कर सकी है। इस बीच, दिवंगत माकपा कार्यकर्ता के बेटे दीपक प्रजापत (30) ने मंगलवार को कहा, "सीएए, एनआरसी और एनपीआर जैसे मुद्दों को लेकर मेरे पिता का अपना रुख रहा होगा। लेकिन हमें बिल्कुल भी यकीन नहीं होता कि मेरे पिता इन मुद्दों के विरोध में आत्मदाह जैसा नकारात्मक कदम उठा सकते थे।

# देश के लिए केंद्र और राज्य के बीच समन्वय जरूरी : कमलनाथ

भाषा। रायपुर

**मध्यप्रदेश के** मुख्यमंत्री कमलनाथ ने देश की बेहतरी के लिए केंद्र और राज्य के बीच समन्वय पर बल दिया है।कमलनाथ ने मंगलवार को यहां स्वामी विवेकानंद विमानतल पर संवाददाताओं से चर्चा के दौरान कहा कि केंद्र सरकार सहयोगपूर्ण संघवाद की बात कहती है। बिना सहयोगपूर्ण संघवाद के देश नहीं चल सकता है।

कमलनाथ ने कहा केंद्र और राज्य के बीच समन्वय बना रहे, यह बहुत जरूरी है। बहुत सारे ऐसे मुद्दे हैं जो टकराव के मुद्दे हैं, और टकराव से हानि ही नहीं होती बल्कि देश भी नहीं चल सकता है।

मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री ने श्रीलंका में सीता का मंदिर बनाने के निर्णय को लेकर पूछे गए सवाल पर कहा श्रीलंका में हमारा प्रस्ताव है कि हम सीता जी का मंदिर बनाएंगे। इस पर हमने कार्वाई शुरू की है। मंदिर का डिजाइन बना रहे हैं जिससे इसका काम जल्दी शुरू हो सके।

कमलनाथ मध्य क्षेत्रीय परिषद की 22वीं बैठक में शामिल होने रायपुर पहुंचे हैं। आज हो रही इस बैठक की अध्यक्षता केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह कर रहे हैं। इस बैठक में मध्य क्षेत्रीय परिषद में शामिल छत्तीसगढ़ सहित उत्तरप्रदेश, उत्तराखण्ड और मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री, इन राज्यों के मंत्री, मुख्य सचिव और वरिष्ठ विभागीय अधिकारी शामिल होंगे।

मध्य क्षेत्रीय परिषद का गठन केन्द्र सरकार और परिषद में शामिल राज्यों के समन्वय से इन राज्यों में संतुलित सामाजिक-आर्थिक विकास के साथ अन्तरराज्यीय समस्याओं को हल करने के उद्देश्य से एक उच्च स्तरीय सलाहकार मंच के रूप में किया गया है।

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल मध्य क्षेत्रीय परिषद के उपाध्यक्ष हैं, इसलिए यह बैठक छत्तीसगढ़ में आयोजित की जा रही है। क्षेत्रीय परिषद में शामिल राज्यों के मुख्यमंत्री को चक्रीय क्रम (रोटेशन) में परिषद का उपाध्यक्ष बनाया जाता है जिनका कार्यकाल एक वर्ष का होता है।

# सरपंच पद के लिए चुनाव लड़ रही महिला के पति की हत्या

भाषा। बीजापुर

**छत्तीसगढ़** के नक्सल प्रभावित बीजापुर जिले में नक्सलियों ने सरपंच पद के लिए चुनाव लड़ रही महिला के पति की हत्या कर दी है। क्षेत्र में पंचायत चुनाव के लिए मतदान जारी है।बीजापुर जिले के पुलिस अधिकारियों ने आज यहां बताया कि जिले के गंगालूर थाना क्षेत्र के अंतर्गत कड़ेनार ग्राम पंचायत क्षेत्र में नक्सलियों ने बलदेव ताती की गला रेतकर हत्या कर दी है। नक्सलियों ने ताती का सोमवार को अपहरण कर लिया था।पुलिस अधिकरियों ने बताया कि आज पुलिस को कुछ ग्रामीणों ने कड़ेनार से पादमूर गांव की सड़क में ताती का शव मिलने की सूचना दी। सूचना के बाद पुलिस दल को घटनास्थल के लिए रवाना किया गया है।अधिकारियों ने बताया कि ताती जिला बल में सहायक आरक्षक के पद पर तैनात था। लंबे समय तक अनुपस्थित रहने के कारण उसे बर्खास्त कर दिया गया था।उन्होंने बताया कि ताती पिछले कुछ दिनों से कड़ेनार ग्राम पंचायत में अपनी पत्नी के पक्ष में प्रचार कर रहा था। ताती की पत्नी इस गांव से सरपंच पद की प्रत्याशी है। नक्सली क्षेत्र में पंचायत चुनाव का विरोध कर रहे हैं। उन्होंने पंचायत चुनाव के लिए हो रहे मतदान के दिन ही ताती की हत्या कर दी है। छत्तीसगढ़ में तीन चरणों में पंचायत चुनाव के लिए मतदान होना है। पहले चरण में आज राज्य के 57 विकास खंड के 4847 ग्राम पंचायत में मतदान हो रहा है। राज्य निर्वाचण आएग से मिली जानकारी के मुताबिक प्रथम चरण में 61,74,224 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इनमें 30,85,320 पुरूष और 30,88,835 महिला मतदाता हैं। वहीं 69 तृतीय लिंग के मतदाता हैं। मतदाता आज 36,473 वार्ड पंच, 4620 सरपंच, 1144 जनपद पंचायत सदस्य और 167 जिला पंचायत सदस्य के लिए मतदान करेंगे।

# सरदारपुरा दंगों के 17 दोषियों को जमानत

भाषा। नई दिल्ली

**उच्चतम न्यायालय** ने गोधरा कांड के बाद 2002 में सरदारपुरा में भड़के दंगों में 17 दोषियों को मंगलवार को सशर्त जमानत दी। इस घटना में 33 मुस्लिमों को जिंदा जला दिया गया था। न्यायालय ने उन्हें मध्य प्रदेश जाने तथा वहां सामुदायिक सेवा करने का आदेश दिया है।

प्रधान न्यायाधीश एस ए बोबडे, न्यायमूर्ति बी आर गवई और न्यायमूर्ति सूर्य कांत की पीठ ने दोषियों को दो समूह में बांटा और कहा कि एक समूह गुजरात से बाहर निकलेगा और मध्यप्रदेश के इंदौर में रहेगा। पीठ ने कहा कि दोषियों के दूसरे समूह को मध्यप्रदेश के जबलपुर जाना होगा।सरदारपुरा दंगा मामले में उम्रकैद की सजा पाने वाले दोषियों ने गुजरात उच्च न्यायालय के फैसले के खिलाफ शीर्ष अदालत अपील दायर कर रखी है।न्यायालय ने कहा कि जमानत की शर्तों के तहत सभी दोषियों को प्रत्एक हफ्ते छह घंटे की सामुदायिक सेवा करनी होगी। इसके अलावा उन्हें हर हफ्ते स्थानीय थाने में पेश होना पड़ेगा। न्यायालय ने इंदौर और जबलपुर में जिला विधिक सेवा अधिकारियों (डीएलएसए) को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है कि दोषी जमानत की शर्तों का सख्त पालन करें। उसने डीएलएसए को दोषियों की आजीविका के लिए उचित रोगजार ढूंढने में मदद करने का भी निर्देश दिया। साथ ही शीर्ष अदालत ने मध्य प्रदेश विधिक सेवा अधिकरण को तीन महीने बाद एक रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया है जिसमें बताना होगा कि दोषियों ने शर्तों का अनुपालन किया या नहीं। इससे पहले गुजरात उच्च न्यायालय ने गोधरा कांड के बाद हुए सरदारपुर दंगों में 14 को बरी और 17 को दोषी ठहराया था।

## धार्मिक स्थलों पर महिलाओं से भेदभाव संबंधी मुद्दों पर सुनवाई को दस दिन की अवधि तय

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को कहा कि केरल के सबरीमला मंदिर समेत तमाम अन्य धार्मिक स्थानों पर महिलाओं के प्रति भेदभाव से संबंधित मामले की सुनवाई नौ न्यायाधीशों की संविधान पीठ 10 दिन में पूरा कर लेगी।

प्रधान न्यायाधीश एस.ए. बोबडे की पीठ ने यह स्पष्ट कर दिया कि जिन सवालों को देखा जाएगा वे पूरी तरह से कानूनी प्रकृति के होंगे और सुनवाई पूरी करने में अधिक समय नहीं लगेगा।पीठ में न्यायमूर्ति बी आर गवई और न्यायमूर्ति सूर्यकांत भी शामिल हैं। पीठ ने कहा, इसमें 10 दिन से अधिक वक्त नहीं लगेगा। अगर कोई और वक्त चाहेगा तो भी समय नहीं दिया जा सकता। पीठ ने यह टिप्पणी तब की जब सॉलिसीटर जनरल तुषार मेहता ने पीठ के समक्ष इस मामले का जिक्र किया।उन्होंने कहा कि न्यायालय के पूर्व में दिए गए आदेश की अनुपालना में वकीलों की एक बैठक हुई लेकिन नौ न्यायाधीशों की पीठ के विचारविमर्श के लिए कानूनी सवालों को अंतिम रूप नहीं दिया जा सका।विधि अधिकारी ने कहा हम पीठ के विचारविमर्श के लिए सवालों को अंतिम रूप नहीं दे सके।

## न्यायमूर्ति एस रविंद्र भट ने केंद्र की याचिका पर सुनवाई से खुद को अलग किया

भाषा। नई दिल्ली

**भोपाल गैस त्रासदी**

**उच्चतम न्यायालय** के न्यायाधीश एस रविंद्र भट ने अमेरिका की यूनियन कार्बाइड कोर्पोरेशन का अधिग्रहण करने वाली कंपनियों से 7,844 करोड़ रुपए की अतिरिक्त निधि की मांग वाली केंद्र की याचिका पर सुनवाई से खुद को अलग कर लिया है। यह निधि 1984 में हुई भोपाल गैस त्रासदी के पीड़ितों को मुआवजा देने के लिए मांगी गई है।न्यायमूर्ति अरुण मिश्रा की अगुवाई वाली पांच न्यायाधीशों की पीठ ने सुनवाई बुधवार तक टाल दी और कहा कि मामले की सुनवाई के लिए पीठ के संबंध में फैसला प्रधान न्यायाधीश एस ए बोबडे लेंगे।न्यायमूर्ति इंदिरा बनर्जी, न्यायमूर्ति विनीत शरण, न्यायमूर्ति एम आर शाह और न्यायमूर्ति भट वाली पीठ ने कहा, हम आज इस पर सुनवाई नहीं करेंगे। हम प्रधान न्यायाधीश के आदेश की प्रतीक्षा कर रहे हैं। न्यायमूर्ति भट ने मामले की सुनवाई वाली पीठ का हिस्सा बनने की अनिच्छा जताते हुए कहा, केंद्र ने जब पुनर्विचार की मांग की थी तब मामले में मैंने भारत सरकार की ओर से पक्ष रखा था। 1984 में दो-तीन दिसंबर की दरम्यानी रात को यूनियन कार्बाइड फैक्टरी से जहरीली गैस का रिसाव होने के बाद यूनियन कार्बाइड कोर्पोरेशन (यूसीसी) ने 715 करोड़ रुपए का मुआवजा दिया था। इस गैस त्रासदी में 3,000 से अधिक लोगों की मौत हो गई थी और 1.02 लाख से अधिक लोग प्रभावित हुए थे। इस कंपनी का स्वामित्व अब डाउ केमिकल्स के पास है।

# शेयर बाजारों में लगातार दूसरे दिन गिरावट

## ● चीन में विषाणु फैलने से निवेशकों में चिंता

भाषा। मुंबई




**शेयर** बाजारों में बिकवाली का दबाव लगातार दूसरे दिन भी बना रहा। बंबई शेयर बाजार के सेंसेक्स और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के निफ्टी में मंगलवार को भी गिरावट दर्ज की गई। कोरोना विषाणु के तेजी से फैलने और उसके वैश्विक आर्थिक प्रभाव की आशंका से निवेशक धारणा प्रभावित हुई है।

इसके अलावा कंपनियों के वित्तीय परिणाम आशा के अनुरूप नहीं होने, कर संग्रह में कमी की आशंका तथा आम बजट से पहले सतर्क रुख जैसे घरेलू कारकों का भी शेयर बाजारों पर प्रभाव रहा। तीस शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 188.26 अंक यानी 0.46 प्रतिशत टूटकर 40,966.86 अंक पर बंद हुआ। छह सप्ताह का यह न्यूनतम स्तर है। कारोबार के दौरान इसमें 463 अंक से अधिक का उतार-चढ़ाव आया। इसी प्रकार, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 63.20 अंक यानी 0.52 प्रतिशत की गिरावट के साथ 12,055.80 अंक पर बंद हुआ।

सेंसेक्स के शेयरों में भारती एयरटेल को सर्वाधिक नुकसान हुआ। कंपनी का शेयर 4.55 प्रतिशत नीचे आ गया। उसके बाद टाटा स्टील, रिलायंस इंडस्ट्रीज, मारुति, आईटीसी, नेस्ले इंडिया और आईसीआईसीआई बैंक का स्थान रहा। वहीं दूसरी तरफ एचडीएफसी, बजाज फाइनेंस, सन फार्मा और एचडीएफसी बैंक में 1.53 प्रतिशत तक की तेजी रही। विश्लेषकों के अनुसार चीन में फैले कोरोना विषाणु का वैश्विक अर्थव्यवस्था पर पड़ने वाले प्रभाव की आशंका से दुनियाभर के बाजारों में बिकवाली देखी गई। इसका असर घरेलू बाजार पर भी पड़ा। चीन में खतरनाक कोरोना विषाणु से मरने वालों की संख्या बढ़कर 106 पहुंच गई है जबकि 1,300 नए मामले सामने आए हैं। इसके अलावा करीब एक दर्जन देशों में इस विषाणु की पुष्टि हुई है। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, कमजोर मांग से वाहन क्षेत्र पर जो असर हुआ है, उससे बाजार को झटका लगा है। तीसरी तिमाही के वित्तीय परिणाम से सकारात्मक संकेत नहीं मिलने से निवेशक सतर्क रुख अपना रहे हैं। वहीं वैश्विक स्तर पर नरमी का कारण कोरोना विषाणु के वैश्विक अर्थव्यवस्था पर पड़ने वाले प्रभाव को लेकर आशंका है।

इस बीच, मामले से जुड़े जानकारों का कहना है कि आयकर और कंपनी कर संग्रह का लक्ष्य वित्त वर्ष 2019-20 में 1.5 लाख करोड़ रुपए कम रह सकता है। वहीं माल एवं सेवा कर संग्रह में कमी के कारण अप्रत्यक्ष कर संग्रह लक्ष्य से 50,000 करोड़ रुपए नीचे रह सकता है। दुनिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कोस्पी 3 प्रतिशत और जापान का निक्की 0.55 प्रतिशत नीचे रहे। यूरोप के प्रमुख बाजारों में शुरूआती कारोबार में नरम रुख रहा ब्रेंट क्रूड का वायदा भाव 0.77 प्रतिशत टूटकर 58.13 डॉलर प्रति बैरल रहा।




## एचडीएफसी की स्टार्टअप में 100 करोड़ रुपये सालाना निवेश करने की योजना: पारेख

भाषा। मुंबई

**एचडीएफसी** के चेयरमैन दीपक पारेख ने मंगलवार को कहा कि आवास ऋण देने वाली कंपनी प्रौद्योगिकी स्टार्टअप में हर साल 100 करोड़ रुपए तक निवेश करने पर विचार कर रही है। उन्होंने कहा कि एचडीएफसी एक अलग टीम बनाएगी जो निवेश करने को लेकर स्टार्टअप परिवेश को समझती है। यह घोषणा ऐसे समय की गई है जब नवप्रवर्तन और रोजगार के अवसर सृजित करने को लेकर स्टार्टअप को प्रोत्साहित करने के लिए नीति मोर्चे पर काफी जोर है।

कई कंपनियों और देश के सबसे बड़े बैंक एसबीआई ने स्टार्टअप में निवेश को लेकर आंतरिक रूप से एक कोष बनाया है। पारेख ने सालाना सम्मेलन टीकोन में कहा, निदेशक मंडल की पिछली बैठक मैंने स्टार्टअप में हर साल 100 करोड़ रुपए निवेश का विचार रखा था। एचडीएफसी चेयरमैन ने कहा कि पूर्ण रूप से बैंक शुरू करने के समान निदेशक मंडल शुरू में स्टार्टअप में निवेश को लेकर इच्छुक नहीं था लेकिन उनका मानना है कि प्रौद्योगिकी क्षेत्र में भविष्य के विचारों में निवेश करने की जरूरत है। कंपनी मुख्यालय में एक टीम बना रही है जो निवेश का जिम्मा संभालेगी। उन्होंने भरोसा जताया कि यह दो महीनों में काम करना शुरू कर देगा।

पारेख ने युवाओं से मौजूदा आर्थिक नरमी से प्रभावित नहीं होने को कहा और भरोसा जताया कि यह संकट जल्दी खत्म होगा।उन्होंने युवा उद्यमियों से कहा, मौजूदा कठिनाइयों से निराश होने की जरूरत नहीं है। संकट समाप्त होगा। उन्होंने कहा कि भारत दुनिया का महत्वपूर्ण इंजन है। एचडीएफसी शुरू करने के दौरान पुराने दिनों को याद करते हुए पारेख ने कहा कि उन्होंने निदेशक मंडल के समक्ष मुख्य धारा के बैंक में कदम रखने पर जोर दिया। क्योंकि आवास ऋण से हटकर एचडीएफसी को विविध रूप देने की जरूरत थी। पारेख ने कहा कि ईमानदारी, सचाई और जवाबदेही प्रमुख तत्व हैं जो किसी संस्थान को सफल बनाते हैं।

उन्होंने यह भी कहा कि किसी भी चीज को शुरू करने में कभी कोई देरी नहीं होती। एचडीएफसी को भी एच टी पारेख ने तब शुरू किया था जब वह 65 साल के थे।पारेख ने कहा कि नए संस्थान को शुरू में करने कई समस्याएं हुई। इसमें प्रारंभिक सार्वजनिक निर्गम, एलआई से कर्ज जुटाने में समस्या शामिल हैं। उन्होंने कहा कि चुनौतियों के बावजूद एचडीएफसी ने कारोबार के लिए अनूठा मॉडल अपनाया।

## टाटा मोटर्स ने नेक्सन इलेक्ट्रीक संस्करण उतारा 13.99 लाख रुपये से शुरू

**मुंबई।** दिग्गज घरेलू वाहन विनिर्माता कंपनी टाटा मोटर्स ने अपनी सबसे ज्यादा बिकने वाली एसयूवी नेक्सन का इलेक्ट्रिक संस्करण मंगलवार को बाजार में पेश किया। देशभर के शोरूम में नेक्सन की कीमत 13.99 लाख रुपए से शुरू होगी। कंपनी ने पिछले साल दिसंबर में नेक्सन के ई-संस्करण का अनावरण किया था। टाटा संस समूह के चेयरमैन एन. चंद्रशेखरन ने इस अवसर पर कहा कि टाटा मोटर्स की अगले दो सालों में चार और इलेक्ट्रिक मॉडल पेश करने की योजना है। इसमें दो एसयूवी, एक हैचबैक और एक सेडान कार शामिल है। इस कार्यक्रम में टाटा संस के मानद चेयरमैन रतन टाटा भी उपस्थित रहे। कंपनी ने कहा कि नेक्सन एक बार चार्ज होने पर 312 किलोमीटर चलेगी। यह तेज चार्जिंग की सुविधा, अधिक बैटरी लाइफ और आधुनिक सुरक्षा फीचर्स से लैस है। नेक्सन की इलेक्ट्रिक संस्करण तीन संस्करणों में उपलब्ध होगी और यह सभी 60 अधिकृत डीलरों के पास मिलेगी।

## बजट में बढ़ सकती है भविष्य निधि की पेंशन योजना की न्यूनतम राशि

भाषा। नई दिल्ली

**कर्मचारी** भविष्य निधि संगठन की पेंशन योजना ईपीएस के दायरे में आने वाले कर्मचारियों को इस बजट में अच्छी खबर मिल सकती है। योजना के तहत न्यूनतम पेंशन राशि को बढ़ाने की घोषणा की जा सकती है। क्षेत्र के विशेषज्ञों का ऐसा मानना है।

इसके साथ ही अटल पेंशन योजना (एपीवाई) का दायरा बढ़ाने और एनपीएस में अतिरिक्त कर छूट की घोषणा भी की जा सकती है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण एक फरवरी को 2020-21 का बजट पेश करेंगी। श्रमिक संगठनों का कहना है कि सरकार जब असंगठित क्षेत्र में काम करने वाले कर्मचारियों और व्यापारियों तक के लिए 3,000 रुपए की पेंशन देने का प्रावधान कर सकती है तो फिर संगठित क्षेत्र में कार्यरत कर्मचारियों को इससे कम पेंशन देने का कोई मतलब नहीं है। श्रमिक संगठन भारतीय मजदूर संघ के महासचिव ब्रजेश उपाध्याय ने इस बारे में भाषा से बातचीत में कहा, हमने सरकार को ईपीएस के तहत न्यूनतम पेंशन राशि।,000 रुपए से बढ़ाकर 5,000 रुपए मासिक करने का प्रस्ताव दिया है। इस बार के बजट में न्यूनतम पेंशन बढ़ाए जाने की घोषणा होने की उम्मीद है।

कर्मचारियों की पेंशन बढ़ाने को लेकर संघर्ष कर रहे ईपीएस, 95 राष्ट्रीय संघर्ष समिति के अध्यक्ष कमांडर अशोक राउत ने कहा, हमने श्रम मंत्री से मुलाकात कर ईपीएस के दायरे में आने वाले कर्मचारियों की न्यूनतम पेंशन बढ़ाकर महंगाई भत्ते के साथ 7,500 रुपए मासिक करने की मांग की है। उन्होंने यह भी दावा किया कि कर्मचारियों की न्यूनतम पेंशन बढ़ाने से सरकार पर कोई अतिरिक्त बोझ नहीं पड़ेगा। उन्होंने इस बारे में श्रम मंत्री को अपनी पूरी रिपोर्ट सौंपी है। उल्लेखनीय है कि असंगठित क्षेत्र के कामगारों के लिए पीएम श्रम योगी मानधन योजना और छोटे व्यापारियों के लिए प्रधानमंत्री लघु व्यापारी मानधन योजना चलाई जा रही हैं। दोनों योजनाओं में लाभार्थियों को 60 साल की उम्र के बाद हर महीने 3,000-3,000 रुपए मासिक पेंशन देने की व्यवस्था है।

उधर, पेंशन कोष नियामक पीएफआरडीए ने भी आगामी बजट में नई पेंशन प्रणाली (एनपीएस) में एक लाख रुपए तक के निवेश पर कर छूट देने की सिफारिश की है। अभी व्यक्तिगत करदाताओं को आयकर कानून की धारा 80 सीसीडी (1 बी) के तहत एनपीएस पर 50,000 रुपए तक के निवेश पर अतिरिक्त कर लाभ मिलता है। इसके अलावा पीएफआरडीए ने वित्त मंत्रालय से अटल पेंशन योजना के तहत उम्र सीमा बढ़ाकर 40 से 60 करने का भी आग्रह किया है।

## कोल इंडिया की 17 खनन परियोजनाओं को हरित मंजूरी मिली: कोयला मंत्री

**नई दिल्ली।** कोयला मंत्री प्रहलाद जोशी ने कहा है कि सार्वजनिक क्षेत्र की कोल इंडिया लि. (सीआईएल) को 17 खनन परिसयोजनाओं के लिए हरित मंजूरी मिल गई है। इससे कंपनी को एक अरब टन उत्पादन लक्ष्य को हासिल करने में मदद मिलेगी। मंत्री ने ट्विटर पर लिखा है, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के सभी को सातों दिन 24 घंटे बिजली उपलब्ध कराने के सपने को हकीकत रूप देने के लिए कोयला मंत्रालय ने पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन के साथ मिलकर 17 नई और मौजदा कोयला परियोजनाओं और 3 वाशरीज के लिए पर्यावरण मंजूरी हासिल की है। उन्होंने कहा, इस मंजूरी से कोल इंडिया के उत्पादन में अगले पांच साल में 15 करोड़ टन का इजाफा होगा। वहीं कंपनी की वाशिंग क्षमता (कोयले की अशुद्धता दूर करने की क्षमता) 2.5 करोड़ टन सालाना हो जाएगी। इससे कंपनी 2023-24 तक एक अरब टन उत्पादन के लक्ष्य को हासिल करने में सक्षम हो पाएगी।




## बोइंग ने कहा, वैश्विक वृद्धि योजना के लिहाज से भारत महत्वपूर्ण

भाषा। वाशिंगटन

**अमेरिकी** विमानन कंपनी बोइंग ने अंतरराष्ट्रीय वृद्धि योजना के लिए भारत को महत्वपूर्ण बाजार के रूप में चिन्हित किया है। कंपनी की नजर भारत से अरबों डॉलर मूल्य के लड़ाकू जेट विमान खरीद का सौदा हासिल करने पर है।

बोइंग ग्लोबल सेल एंड मार्केटिंग के उपाध्यक्ष (अंतरराष्ट्रीय बिक्री) डेनिस स्वानसन ने यह बात अपनी भारत यात्रा से पहले कही है। वह उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल के साथ भारत में 5 से 9 फरवरी के बीच उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में होने वाली वृहत रक्षा प्रदर्शनी में भाग लेने के लिए आ रहे हैं। इस साल अप्रैल में भारतीय वायुसेना ने 18 अरब डॉलर की लागत में 114 जेट खरीदने को लेकर शुरूआती निविदा जारी की। इसे हाल के वर्षों में सबसे बड़ी रक्षा खरीद माना जा रहा है। सौदा हासिल करने को लेकर लॉकहीड की एफ-21, बोइंग की एफाए-18, डसाल्ट एविएशन की रफाल, यूरोफाइटर टाइफून, रूसी विमान मिग 35 और साब की ग्रिपेन के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा है। स्वासन ने कहा, बोइंग के लिए भारत शीर्ष बाजारों में से एक है और हमारी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर वृद्धि योजना के लिहाज से काफी महत्वपूर्ण है। तीव्र वृद्धि वाली अर्थव्यवस्थाओं में से एक भारत में वृद्धि के अवसर हैं। साथ ही प्रतिभा और प्रौद्योगिकी नवप्रवर्तन का भी लाभ है।

उन्होंने कहा कि बोइंग ने भारत में विनिर्माण, कौशल विकास और इंजीनियरिंग क्षेत्र में निवेश किया है और एयरोस्पेस तथा रक्षा परिवेश के विकास में योगदान कर रहा है। लखनऊ में होने वाली रक्षा प्रदर्शनी में करीब 70 देशों की।,000 से अधिक कंपनियों के भाग लेने की उम्मीद है। भारत के अरबों डॉलर के लड़ाकू विमान की खरीद से जुड़े सवाल के जवाब में स्वानसन ने कहा कि बोइंग का एफाए-18 सुपर हार्नेट भारत की जरूरतों के हिसाब से उपयुक्त है।

## प्रवर्तक समूह कंपनियों की रिलायंस कैपिटल में हिस्सेदारी 4.35 प्रतिशत घटी

**नई दिल्ली।** प्रवर्तक समूह रिलायंस इनसेपटम प्राइवेट लि. और रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर कंसल्टिंग एंड इंजीनियर्स प्राइवेट लि. की रिलायंस कैपिटल में 4 प्रतिशत से अधिक हिस्सेदारी कम हो गई है। कंपनी के गिरवी रखे शेयर को 24 जनवरी को भुनाने के बाद प्रवर्तक समूह की हिस्सेदारी घटी है। कंपनी ने शेयर बाजारों को दी सूचना में कहा कि गिरवी शेयर को भुनाने से पहले प्रवर्तक समूह के पास 6,88,12,534 शेयर थे। यह 27.23 प्रतिशत हिस्सेदारी के बराबर है। गिरवी रखे शेयर को भुनाने के बाद प्रवर्तक समूह की हिस्सेदारी घटकर 22.88 प्रतिशत (5,78,12,534) रह गई है। प्रवर्तक समूह ने 1.10 करोड़ शेयर शेयर को भुनाया है। इसमें से 75 लाख शेयर यानी 2.96 प्रतिशत हिस्सेदारी रिलायंस इनसेपटम प्राइवेट लि. और 35 लाख शेयर यानी 1.39 प्रतिशत हिस्सेदारी रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर कंसल्टिंग एंड इंजीनियर्स प्राइवेट लि. ने भुनाए हैं।

## जरूरत से ज्यादा आपूर्ति की समस्या से गुजर रहा चाय उद्योग: टी बोर्ड अधिकारी

भाषा। कोलकाता

**घरेलू** खपत में सुस्त वृद्धि और निर्यात में नरमी से चाय उद्योग अधिक आपूर्ति की समस्या से गुजर रहा है।

टी बोर्ड के उपाध्यक्ष अरुण रे ने बताया कि चाय उद्योग संकट में है। 2018 की तुलना में 2019 में 5.1 करोड़ किलोग्राम अधिक चाय का उत्पादन हुआ है। उन्होंने कहा कि छोटे चाय उत्पादक वार्षिक उत्पादन में भारी मात्रा में योगदान कर रहे हैं। रे ने कहा कि घरेलू उपभोग में कुछ समय के लिए वृद्धि स्थिर बनी हुई है जबकि निर्यात में भी गिरावट आई है। देश में चाय का उपभोग 2019 में 110.9 करोड़ किलोग्राम रहा, जो कि इससे पिछले साल 108.4 करोड़ किलोग्राम रहा था। अधिकारी ने कहा कि घरेलू उपभोग में सुस्त वृद्धि और निर्यात में कमी को देखते हुए जरूरत से ज्यादा चाय आपूर्ति की स्थिति से निपटने की आवश्यकता है। रे ने कहा कि यदि हम अतिरिक्त उत्पादन को नियंत्रित करने के लिए कदम नहीं उठाते हैं तो छोटे चाय उत्पादकों को अपनी फसल का सही दाम नहीं मिलेगा।

आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, पारंपरिक तरीके से प्रसंस्कृत चाय किस्म का उत्पादन 2.85 करोड़ टन जबकि ब्लैक टी के प्रसंस्करण की विधि का उत्पादन 2.49 करोड़ टन बढ़ा। ग्रीन टी का उत्पादन 2019 में 24.2 लाख किलोग्राम घट गया है। जनवरी-नवंबर 2019 के दौरान, चाय का निर्यात 22.7 करोड़ किलोग्राम रहा, जो कि एक साल पहले इसी अवधि में 23.13 करोड़ किलोग्राम रहा था।

## बजट सत्र में व्यवसायिक सुरक्षा, कामकाज की स्थिति संबंधी विधेयक के पारित होने की उम्मीद: गंगवार

भाषा। नई दिल्ली

**श्रम** मंत्री संतोष गंगवार ने मंगलवार को विश्वास व्यक्ति किया कि व्यवसायिक सुरक्षा, स्वास्थ्य और कामकाज की स्थिति (ओएसएच) संबंधी संहिता को आगामी बजट सत्र में संसद की मंजूरी मिल जाएगी।

खदानों की सुरक्षा पर आयोजित सम्मेलन के दौरान गंगवार ने संवददाताओं के साथ अलग से बातचीत में कहा, हमें संसद की स्थाई समिति से ओएसएच संहिता वापस मिलने की पूरी उम्मीद है। इस पर 31 जनवरी से शुरू होने जा रहे संसद के बजट सत्र में विचार किए जाने और पारित होने की संभावना है। हालांकि, मंत्री ने कहा कि श्रम मंत्रालय संसद के दोनों सदनों से पारित कराने को लेकर ओएसएच समेत तीनों संहिताओं को आगे बढ़ाएगा। विभिन्न व्यवसायिक प्रतिष्ठानों में कर्मचारियों की पेशेवर सुरक्षा, स्वास्थ्य और कामकाज की स्थिति पर तैयार विधेयक को संसद के बजट सत्र में मंजूरी मिलने की संभावना है। इस विधेयक को पिछले साल अक्टूबर में स्थाई समिति को भेज दिया गया था। मंत्रालय यह उम्मीद कर रहा है कि समिति ओएसएच संहिता पर अपनी रिपोर्ट बजट सत्र के दौरान सौंप देगी। अगर इसमें कोई बड़े बदलाव का विचार नहीं किया गया तो इसे इस सत्र में पारित कराया जा सकता है। बजट सत्र अप्रैल के पहले सप्ताह तक चलेगा।

मंत्रालय ने दिसंबर में औद्योगिक संबंध संहिता 2019 और सामाजिक सुरक्षा संहिता को विचारार्थ संसद की स्थाई समिति के पास भेज दिया था। तीनों संहिताओं को पिछले साल लोकसभा में पेश किया गया और बाद में उसे विचार के लिए समिति के पास भेज दिया गया। मजदूरी संहिता भी स्थाई समिति को भेजी जा चुकी है। श्रम पर दूसरे राष्ट्रीय आयोग की सिफारिशों के अनुसार मंत्रालय मौजूदा 44 केंद्रीय श्रम कानूनों को संहिताबद्ध कर रहा है।

## मारुति सुजुकी का शुद्ध लाभ तीसरी तिमाही में चार प्रतिशत बढ़ा

### ● लागत कटौती के उपायों तथा कंपनी कर में कमी से मारुति का लाभ बढ़ा

भाषा। नई दिल्ली




**कार** बनाने वाली देश की सबसे बड़ी कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया (एमएसआई) का एकीकृत शुद्ध लाभ वित्त वर्ष 2019-20 की दिसंबर तिमाही में 4.13 प्रतिशत बढ़कर 1,587.4 करोड़ रुपए हो गया। लागत कटौती के उपायों तथा कंपनी कर में कमी से मारुति का लाभ बढ़ा है।

मारुति सुजुकी ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि इससे पूर्व वित्त वर्ष 2018-19 की इसी तिमाही में कंपनी को।,524.5 करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ हुआ था। कंपनी की आय 2019-20 की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में 5.29 प्रतिशत बढ़कर 20,721.8 करोड़ रुपए रही जो एक साल पहले इसी तिमाही में 19,680.7 करोड़ रुपए थी। मारुति सुजुकी ने आलोच्य तिमाही में कुल 4,37,361 वाहनों की बिक्री की जो पिछले साल 2018-19 की इसी तिमाही के मुकाबले 2 प्रतिशत अधिक है।

इसमें घरेलू बाजार में बिक्री 4,13,698 इकाई रही जो पिछले साल की इसी अवधि के मुकाबले 2 प्रतिशत अधिक है। वहीं निर्यात 23,663 इकाई रहा। एक बयान में कंपनी ने कहा कि लागत कटौती के उपायों, परिचालन खर्च कम होने तथा कंपनी कर में कटौती से उसका लाभ बढ़ा है। चालू वित्त वर्ष में अप्रैल-दिसंबर के दौरान कंपनी का एकीकृत शुद्ध लाभ 4,355.3 करोड़ रुपए रहा जो एक साल पहले इसी अवधि में 5,819.8 करोड़ रुपए रहा था।मारुति की कुल आय इस दौरान 11.06 प्रतिशत घटकर 57,452.3 करोड़ रुपए रही जो एक साल पहले 2018-19 की इसी अवधि में 64,594.5 करोड़ रुपए रही थी।

कंपनी ने चालू वित्त वर्ष में अप्रैल-दिसंबर के दौरान कुल 11,78,272 वाहनों की बिक्री की जो पिछले साल की इसी अवधि के मुकाबले 16.1 प्रतिशत कम है।घरेलू बाजार में इस दौरान बिक्री 16.9 प्रतिशत घटकर 11,00,698 इकाई रही। वहीं निर्यात 77,574 इकाई का रहा।



# चीन में कोरोना वायरस के कारण मरने वालों की संख्या बढ़कर 106 हुई

## ● अब तक 4,500 से अधिक मामले सामने आए

भाषा। बीजिंग

**चीन** में कोरोनावायरस से 24 और लोगों की मौत हो गई और इसीके साथ इस विषाणु से मरने वालों की संख्या बढ़कर 106 हो गई है जबकि इससे संबंधित निमोनिया के अब तक 4,515 पुष्ट मामले सामने आए हैं। स्वास्थ्य अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। तिब्बत को छोड़कर चीन के सभी प्रांतों से कोरोनावायरस के मामले सामने आए हैं। स्वास्थ्य अधिकारियों के लिए इसे फैलने से रोकना एक बड़ी चुनौती बन गई है। चीन के अलावा, थाइलैंड में सात मामले, जापान में तीन, दक्षिण कोरिया में तीन, अमेरिका में तीन, वियतनाम में दो, सिंगापुर में चार, मलेशिया में तीन, नेपाल में एक, फ्रांस में तीन, ऑस्ट्रेलिया में चार और श्रीलंका में कोरोनावायरस का एक मामला सामने आया है। चीन में कोरोनावायरस के कारण अब तक 106 लोगों की जान जा चुकी है और अब तक करीब 1,300 नए मामलों की पुष्टि हुई है।

इस संक्रमण के केंद्र मध्य हुबेई प्रांत के स्वास्थ्य आयोग ने कहा कि विषाणु संक्रमण के कारण और 24 लोगों की मौत हो गई है। उन्होंने बताया कि और 1,291 लोग इस संक्रमण से ग्रसित पाए गए हैं जिसके साथ ही देश भर में कोरोना वायरस संक्रमण के पुष्ट मामलों की संख्या 4,000 से अधिक हो गई है। हुबेई प्रांत के स्वास्थ्य आयोग ने मंगलावर को कहा कि सोमवार तक नए किस्म के निमोनिया (कोरोनावायरस) के हुबई प्रांत में कुल 4,515 मामलों की पुष्टि हो चुकी है। 2,567 मरीज अस्पताल में भर्ती हैं, इनमें से 563 की हालत गंभीर है और 127 की हालत नाजुक बनी हुई है।

सरकारी समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के मुताबिक सोमवार को बुखार से पीड़ित 31,934 मरीज अस्पतालों में आए हैं। कोरोनावायरस के कारण सोमवार को बीजिंग और शंघाई में एक-एक व्यक्ति की मौत हुई। बीजिंग में जिस 50 वर्षीय व्यक्ति की मौत हुई है उसके संक्रमित होने के बारे में 22 जनवरी को पता चला था। वह आठ से 15 जनवरी के बीच वुहान शहर में था। बीजिंग में सोमवार तक आठ नए मामले सामने आए जिसके साथ यहां संक्रमित कुल मामलों की संख्या 80 पर पहुंच गई। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने सोमवार को यह स्वीकार किया कि चीन में इस घातक विषाणु के वैश्विक जोखिम का आकलन करने में उससे गलती हुई। उसने कहा कि जोखिम मध्यम श्रेणी में नहीं बल्कि उच्च श्रेणी में है।

### श्रीलंका ने चीनी नागरिकों के लिए आगमन पर वीजा फिलहाल के लिए रोका

**कोलंबो (भाषा)।** स्वास्थ्य अधिकारियों द्वारा देश के पहले कोरोना वायरस संक्रमण का पता लगाने के एक दिन बाद श्रीलंका ने मंगलवार को चीनी यात्रियों के लिए आगमन पर वीजा देने की अपनी नीति पर फिलहाल के लिए रोक लगा दी है। देश के स्वास्थ्य मंत्रालय के प्रमुख महामारी विशेषज्ञ सुदत सुरावीरा ने सोमवार को कहा कि 40 वर्षीय चीनी महिला वायरस से संक्रमित पाई गई। उन्होंने कहा, हवाई अड्डे से बाहर निकलते समय महिला की वायरस संक्रमण की जांच की गई थी। उन्हें संक्रामक रोगों के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कोरोना वायरस का पहला मामला सामने आने के बाद श्रीलंका के स्वास्थ्य अधिकारियों ने चीनी नागरिकों के लिए आगमन पर वीजा नीति को निलंबित करने का आदेश दिया। अधिकारियों ने बताया कि चीन के यात्रियों को अब ऑनलाइन पोर्टल के जरिए वीजा के लिए आवेदन देना होगा। चीन में कोरोना वायरस के कारण मरने वालों की संख्या 100 को पार कर चुकी है।

### जर्मनी में कोरोना वायरस के पहले मामले की पुष्टि हुई : स्वास्थ्य मंत्रालय

**बर्लिन (एएफपी)।** जर्मनी के दक्षिणी बेयर्न क्षेत्र में स्वास्थ्य अधिकारियों ने देश में घातक कोरोना वायरस के पहले मामले की पुष्टि की है। चीन में वायरस ने कुछ ही हफ्तों में बड़ी संख्या में लोगों की जान ले ली और करीब चार हजार लोग इससे संक्रमित पाए गए, जबकि एक दर्जन से अधिक अन्य देशों में इन मामलों की पहचान की गई है। मंत्रालय के एक प्रवक्ता ने कहा, स्टार्नबर्ग क्षेत्र में एक व्यक्ति कोरोनो वायरस से संक्रमित पाया गया है। उन्होंने बताया कि मरीज को एक अलग वार्ड में निगरानी में रखा गया है। मंत्रालय ने इस बारे में कोई और जानकारी नहीं दी कि मरीज कैसे संक्रमित हुआ लेकिन उसने कहा कि वह चिकित्सकीय रूप से बेहतर स्थिति में है। फ्रांस इस वायरस से प्रभावित होने वाला पहला यूरोपीय देश है, जहां इस वायरस के तीन मामले सामने आए हैं। जर्मनी ने अपने नागरिकों को चीन में अनावश्यक यात्राओं से बचने की सलाह दी है।

### कनाडा में भी कोरोना वायरस का पहला मामला मिला

**मांट्रियल (एएफपी)।** कनाडा के स्वास्थ्य अधिकारियों ने सोमवार को देश में घातक कोरोना वायरस के पहले मामले की पुष्टि की और कहा कि मरीज की पत्नी की जांच के नतीजे पॉजिटिव आए हैं। अधिकारियों ने बताया कि महिला का मामला अभी भी संभावित सूची में है और विन्निपेग स्थित एक राष्ट्रीय प्रयोगशाला द्वारा अंतिम पुष्टि की जानी है। करीब 20 लोगों के स्वास्थ्य पर नजर रखी जा रही है। 22 जनवरी को वुहान से टोरंटो पहुंचे इस व्यक्ति को कोरोना वायरस का संक्रमण होने की पुष्टि की गई है। व्यक्ति की उम्र 50 साल से अधिक है और उसका एक अस्पताल के एक अलग वार्ड में इलाज किया जा रहा है। ओंटारियो प्रांत के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डेविड विलियम्स ने एक बयान में कहा कि उसकी पत्नी के भी इस वायरस से संक्रमित होने की आशंका जताई गई है, जिसने उसके साथ यात्रा की थी। ऐहतियात के तौर पर महिला ने खुद को अलग थलग रखा है। प्रांत के सहायक मुख्य चिकित्सा अधिकारी बारबरा याफ ने संवाददाताओं से कहा, हम 19 व्यक्तियों की जांच कर रहे हैं जिनके परिणाम अभी लंबित हैं।

## कोरोना वायरस को लेकर पाकिस्तान करेगा उच्चस्तरीय बैठक

भाषा। इस्लामाबाद

**पाकिस्तान** के प्रधानमंत्री इमरान खान ने घातक कोरोना वायरस के मद्देनजर एहतियाती कदमों पर चर्चा करने और खतरे से निपटने के वास्ते समग्र रणनीति तैयार करने के लिए उच्चस्तरीय अंतर मंत्रालई बैठक करने का निर्देश दिया है। चीन में कोरोना वायरस के संक्रमण के चलते अब तक 106 लोगों की मौत हो चुकी है और लगभग 4,515 लोग संक्रमित हुए हैं। प्रधानमंत्री कार्यालय के अनुसार, उच्चस्तरीय बैठक की अध्यक्षता प्रधानमंत्री के स्वास्थ्य मामलों के विशेष सहायक डॉ. जफर मिर्जा करेंगे। डॉन अखबार के अनुसार, खान ने निर्देश दिया कि सुझावों के साथ बैठक के निष्कर्ष के बारे में एक सप्ताह के भीतर उनके कार्यालय को जानकारी दी जाए। इस बीच, चीनी राजदूत याओ जिंग ने एक वीडियो के माध्यम से कहा कि चीन में हुबेई प्रांत के वुहान शहर में रह रहे 500 पाकिस्तानी नागरिक सुरक्षित हैं और दोनों देशों की सरकार मिलकर काम कर रही हैं। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान में अब तक तीन चीनी नागरिकों में संदिग्ध संक्रमण के मामले सामने आए हैं, लेकिन इनमें से किसी में इस वायरस की पुष्टि नहीं हुई है।

मंगलवार को कंबोडिया के नोम पेन्ह में रॉयल पैलेस के पास कोरोना वायरस से बचने के लिए मास्क पहने बौद्ध भिक्षु

## डब्ल्यूएचओ प्रमुख ने कोरोना वायरस को फैलने से रोकने में चीन को हरसंभव मदद का आश्वासन दिया

भाषा। बीजिंग

**विश्व** स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के प्रमुख तेद्रोस अधानोम घेब्रेएसस ने मंगलवार को बीजिंग को आश्वासन दिया कि कोरोना वायरस को फैलने से रोकने में हरसंभव मदद करेंगे। उन्होंने विश्व समुदाय से कहा कि शांत रहें और महामारी के परिप्रेक्ष्य में ज्यादा प्रतिक्रिया नहीं दें जिससे चीन में सौ से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है।

चीन में कोरोना वायरस के कारण 24 और लोगों की मौत हो गई है जिससे मरने वालों की कुल संख्या 106 तक पहुंच गई है। महामारी के कारण न्यूमोनिया के 4515 मामलों की पुष्टि हुई है। तिब्बत को छोड़कर चीन के सभी प्रांतों में विषाणु के मामले सामने आए हैं जिससे स्वास्थ्य अधिकारियों के समक्ष इससे निपटने में बड़ी चुनौती पेश आ रही है। संकट पर चीनी अधिकारियों से वार्ता के लिए घेब्रेएसस बीजिंग के दौरे पर हैं। उन्होंने न्यूमोनिया को फैलने से रोकने में चीन के प्रयासों की सराहना की।

सरकारी शिन्हुआ संवाद समिति ने खबर दी है कि विदेश मंत्री वांग ई के साथ बैठक में घेब्रेएसस ने कहा कि डब्ल्यूएचओ और अंतरराष्ट्रीय समुदाय चीन सरकार के निर्णायत्मक कदमों की प्रशंसा करते हैं। उन्होंने कहा कि डब्ल्यूएचओ नागरिकों को बाहर निकालने की अनुशंसा नहीं करता है और अंतरराष्ट्रीय समुदाय से अपील करता है कि शांत रहें और ज्यादा प्रतिक्रिया नहीं दें। उन्होंने कहा कि डब्ल्यूएचओ को महामारी को रोकने और नियंत्रित करने की चीन की क्षमता पर विश्वास है।

## सार्स जैसे वायरस के कारण हांगकांग में सार्वजनिक मनोरंजन स्थलों को बंद करने का फैसला

मंगलवार को हांगकांग के हाई स्पीड ट्रेन के यात्री स्टेशन पर सुरक्षात्मक फेस मास्क पहन कर आते हुए

एएफपी। हांगकांग

**हांगकांग** ने मंगलवार को कहा कि वह खेलकूद केंद्रों समेत सार्वजनिक स्थलों को बंद कर रहा है ताकि सार्स जैसे वायरस को फैलने से रोका जा सके। गौरतलब है कि चीन में इस वायरस के कारण सौ से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है। अधिकारियों ने कहा कि बुधवार से सभी मनोरंजन स्थल भीड़भाड़ से बचने के लिए अस्थाई तौर पर बंद रहेंगे।

इस वित्तीय केंद्र में कोरोना वायरस को सार्वजनिक आपदा घोषित किया गया है और संक्रमण फैलने के जोखिम को कम करने के लिए कई उपायों की घोषणा की गई है। हांगकांग में इस संक्रमण से ग्रसित आठ लोगों का पता चला है। इनमें से छह लोग उस उच्च गति वाली रेल लाइन से यहां आए थे जो चीन मुख्यभूमि से इस क्षेत्र को जोड़ती है। शहर के सांस्कृतिक सेवा विभाग ने कहा कि खेलकूद केंद्र, मैदान, स्वीमिंग पूल, बीच, पिकनिक स्थल और सांस्कृतिक केंद्र एवं संग्रहालय बंद रहेंगे। यहां होने वाले कार्यक्रम भी आगामी नोटिस तक रद्द रहेंगे। अधिकारियों ने सभी स्कूलों में चीनी नववर्ष का अवकाश फरवरी मध्य तक बढ़ाने की घोषणा की है। सरकारी कर्मचारियों को घर से काम करने के निर्देश दिए गए हैं।

## चीन के वुहान में फंसे पाक छात्रों ने सरकार से उन्हें तत्काल निकालने का अनुरोध किया

**इस्लामाबाद (भाषा)।** कोरोना वायरस की चपेट में आए चीनी शहर वुहान में फंसे पाकिस्तानी छात्रों के एक समूह ने इमरान खान सरकार से उन्हें वहां से निकालने के लिए प्रयास करने का अनुरोध किया है। एक मीडिया रिपोर्ट के अनुसार यह जानकारी सामने आई है। चीन में कोरोना वायरस के कारण अब तक 106 लोगों की जान जा चुकी है और अब तक इसके करीब 4,515 मामले सामने आ चुके हैं। वुहान शहर में फंसे छात्रों में से एक हफ्सा तैयब ने जियो न्यूज से बात की और पुष्टि की कि अन्य देश अपने नागरिकों को हवाई जहाज के माध्यम से शहर से बाहर निकालने की योजना बना रहे हैं। सोमवार की रिपोर्ट में उस छात्र के हवाले से कहा गया, अन्य देशों (पाकिस्तान को छोड़कर) के दूतावास अपने नागरिकों को बचा रहे हैं। वुहान में 500 से अधिक पाकिस्तानी छात्र हैं। यदि उनमें से एक भी प्रभावित हुआ तो अन्य खतरे में पड़ जाएंगे। तैयब ने सोशल मीडिया पर अपलोड किए गए एक वीडियो संदेश में कहा, जरूरी चीजों की कमी है और अगर यही स्थिति बनी रहती है, तो हमारे पास बहुत जल्द भोजन कमी हो जाएगी। उन्होंने कहा कि वह और उनके साथी कहीं जा नहीं सकते।

## अमेरिका का अपने नागरिकों से चीन जाने के लिए पुनः विचार करने का आग्रह

एएफपी। वाशिंगटन

**चीन** में फैले कोरोना वायरस के घातक प्रकोप के बीच अमेरिका के विदेश मंत्रालय ने अपने नागरिकों से वहां की यात्रा करने की किसी भी योजना पर पुनर्विचार करने का आग्रह किया है।

विदेश मंत्रालय ने अपने नागरिकों को हुबेई प्रांत की यात्रा न करने की सख्त हिदायत दी है, जहां वुहान शहर स्थित है। इस शहर में कोरोना वायरस से संक्रमण के सर्वाधिक मामले सामने आए हैं। चीन में अब तक वायरस के कारण 106 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 4515 लोग संक्रमित पाए गए हैं। तिब्बत को छोड़कर, चीन के सभी प्रांतों में वायरस के मामले सामने आ चुके हैं, जिसे नियंत्रित करना स्वास्थ्य अधिकारियों के लिए एक बड़ी चुनौती है। विदेश मंत्रालय ने सोमवार को जारी एक यात्रा परामर्श में कहा, चीन के वुहान में कोरोनो वायरस के मामले सामने आने की वजह से चीन की यात्रा पर पुनर्विचार करें। कुछ क्षेत्रों में जोखिम बढ़ गया है।

विदेश विभाग ने कहा, चीज जाने से पहले पुन:विचार करें। नए कोरोना वायरस के संक्रमण के कारण सांस लेने में समस्या हो रही है। यह दिक्कत चीन के हुबेई प्रांत के वुहान शहर से शुरू हुई। वायरस का संक्रमण दिसंबर 2019 की शुरुआत में फैलना शुरू हुआ और अब तक जारी है। चीनी स्वास्थ्य अधिकारियों ने देश भर में हजारों मामले सामने आने की सूचना दी है। वुहान प्रांत के लिए स्तर चार का परामर्श जारी किया गया है और चीन में अन्य जगहों के लिए यह स्तर दो से तीन तक है।

परामर्श में कहा गया है, चीन में फैल रहे कोरोना वायरस के संक्रमण के कारण हुबेई प्रांत की यात्रा न करें। इसके पहले मामले की पहचान चीन के वुहान शहर में हुई है। मंत्रालय ने कहा कि पिछले हफ्ते उसने सभी गैर-आपातकालीन अमेरिकी कर्मियों और उनके परिवार के सदस्यों को वुहान से निकल जाने का आदेश दिया था। मंत्रालय ने सोमवार को एक बयान में कहा, अमेरिकी सरकार के पास हुबेई प्रांत में अमेरिकी नागरिकों को आपातकालीन सेवाएं प्रदान करने की सीमित क्षमता है। उसमें कहा गया है कि यात्रियों को यात्रा प्रतिबंधों को लेकर तैयार रहना चाहिए।

## बादलों से टकराने से बचने के चलते दुर्घटनाग्रस्त हुआ कोबी का विमान

भाषा। कैलाबासास (अमेरिका)

**लॉस** एंजिलिस के पास दुर्घटनाग्रस्त हुए विमान के पायलट ने हवाई यातायात नियंत्रकों को अपने अंतिम रेडियो संदेश में बताया कि वह बादलों की एक मोटी परत से बचने के लिए विमान को और ऊंचाई पर ले जाने की कोशिश कर रहे हैं। इसके तुरंत बाद विमान नीचे गिरने लगा और एक पहाड़ी से टकरा गया।

राष्ट्रीय परिवहन सुरक्षा बोर्ड (एनटीएसबी) की जेनिफर होमेंडी ने सोमवार की दोपहर में संवाददाता सम्मेलन में बताया कि रेडार से पता चला है कि रविवार सुबह हेलीकॉप्टर गिरने से पहले 2,300 फीट तक की ऊंचाई पर चला गया था और उसका मलबा 1,085 फीट पर मिला है। एनटीएसबी जांचकर्ता सबूत जुटाने के लिए सोमवार को कैलाबासास में दुर्घटना स्थल पर पहुंचे।

होमेन्डी ने कहा, मलबा दूर-दूर तक फैला हुआ है। उन्होंने कहा, हेलीकॉप्टर के पिछले हिस्से का एक टुकड़ा पहाड़ी के नीचे पड़ा हुआ है। बीच का हिस्सा पहाड़ी के दूसरी तरफ है। और मुख्य रोटर उससे भी 91 मीटर की दूरी पर है। कुछ विशेषज्ञों का मानना है कि कोहरे के चलते पायलट रास्ता भटक गया होगा लेकिन होमेन्डी का कहना है कि जांच टीमें पायलट के इतिहास से लेकर इंजन तक हर चीज की जांच करेंगी। उन्होंने कहा, हम व्यक्ति, मशीन और वातावरण सब देख रहे हैं। और मौसम उसका बस छोटा सा हिस्सा है। पायलट ने दुर्घटना से चंद मिनट पहले घने कोहरे में उड़ान भरने के लिए विशेष मंजूरी मांगी थी जो उसे दी गई थी। होमेन्डी ने बताया कि बाद में पायलट ने हवाई यातायात नियंत्रकों से विमान का पीछा करने वाली रडार सहायता मांगी लेकिन उन्हें बताया गया कि उस सहायता के लिए हवाई जहाज बहुत छोटा है। उन्होंने बताया कि चार मिनट बाद, पायलट ने कहा कि बादल की मोटी परत से बचने के लिए वे विमान को और ऊंचाई पर ले जा रहे हैं।

### क्विक न्यूज

#### पाकिस्तान में फैक्टरी में आग लगने से 11 की मौत

**लाहौर (भाषा)।** लाहौर की एक इत्र फैक्टरी में मंगलवार को गैस सिलेंडर में विस्फोट हो जाने के चलते आग लगने से दो महिलाओं और बच्चो सहित कम से कम 11 लोगो की मौत हो गई। डॉन अखबार की खबर के मुताबिक, यहां शाहदरा इलाके में हुई इस घटना में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए है। इस खबर के मुताबिक आग की चपेट में पूरी इमारत आ गई, जिसके चलते इसकी छत ढह गई और इससे लगे भवन को भी नुकसान पहुंचा। खबर के अनुसार, घटना के वक्त फैक्टरी के अंदर कम से कम 15 लोग मौजूद थे। जियो न्यूज की खबर के मुताबिक, आग बुझाने के लिए 10 दमकल वाहनो को लगाया गया और आग पर काबू पा लिया गया है।

#### पाकिस्तान में हिंदू लड़की को अगवा कर मुस्लिम पुरुष से निकाह कराया

**कराची (भाषा)।** पाकिस्तान के सिंध प्रांत में सशस्त्र हमलावरों ने 24 साल की हिंदू लड़की को उसके विवाह स्थल से कथित तौर पर अगवा कर लिया और जबरन धर्मांतरण कराके उसकी शादी एक मुस्लिम युवक से करा दी। सिंध के अल्पसंख्यक मामलो के मंत्री हरिराम किशोरी ने मंगलवार को घटना का संज्ञान लिया जो पिछले हफ्ते सिंध प्रांत में मटियारी जिले के हाला कस्बे में घटी थी। उन्होने पुलिस से रिपोर्ट मांगी है। ऑल पाकिस्तान हिंदू काउंसिल (एपीएचसी) ने रविवार को कहा कि भारती बाई को पिछले सप्ताह उसके विवाह स्थल से अपहृत किया गया और उसे जबरन इस्लाम धर्म कबूल करवा के उसकी शादी शाहरुख गुल से करा दी गई। भारती के पिता किशोर दास ने बताया कि उनकी बेटी की उम्र 24 साल है। स्थानीय खबरो के अनुसार हथियारबंद लोगो ने लड़की को अगवा किया जिनमे से कुछ पुलिस की वर्दी मे थे। इस बीच गुल ने सोशल मीडिया पर दस्तावेजो की तस्वीरे डाली है जिनमे बताया गया है कि भारती का दिसंबर 2019 मे धर्मांतरण हुआ था और उसने बुशरा नाम रख लिया था। दस्तावेजो के अनुसार बनोरी कस्बे के जमीयत-उल-उलूम इस्लामिया मे धर्मांतरण किया गया।

## पाक अदालत ने देशद्रोह के मामले में गिरफ्तार पश्तून अल्पसंख्यक नेता को नहीं दी जमानत

**पेशावर (भाषा)।** पाकिस्तान की एक अदालत ने एक प्रसिद्ध पश्तून अल्पसंख्यक नेता की ट्रांजिट जमानत अर्जी को खारिज कर दिया और उसे दूसरी जेल में भेजने का आदेश दिया। देश की सेना की आलोचना करने वाले नेता को एक दिन पहले कथित राजद्रोह के मामले में गिरफ्तार किया गया था। डॉन अखबार की खबर के अनुसार, दक्षिण पंथी गठबंधन पश्तून तहफ्फुज मूवमेंट (पीटीएम) के प्रमुख मंजूर पश्तीन ने 18 जनवरी को खैबर पख्तूनखवा के डेरा इस्माइल खान शहर में एक सभा में शिरकत की थी जहां उसने कथित तौर पर कहा कि 1973 के संविधान में मैलिक मानवीय अधिकारों की अवहेलना की गई है।

पेशावर से नौ अन्य पीटीएम कार्यकर्ताओं के साथ गिरफ्तार किए गए 27 वर्षीय पश्तीन को पहले एक मजिस्ट्रेट ने 14 दिन की न्यायिक रिमांड पर पेशावर की केंद्रीय जेल भेज दिया था। डॉन अखबार के मुताबिक जिला और सत्र न्यायाधीश मुहम्मद यूनिस ने पश्तीन को डेरा इस्माइल खान की जेल में भेजने के पुलिस के अनुरोध को स्वीकार कर लिया जहां उसके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। अदालत ने पश्तीन की ट्रांजिट जमानत के अनुरोध को खारिज कर दिया। पीटीएम अशांत पश्चिमोत्तर आदिवासी क्षेत्रों में सेना की नीतियों की आलोचना करता रहा है।

## पाकिस्तान में सम्मान के नाम पर एक ही परिवार के छह सदस्यों की हत्या

**कराची (भाषा)।** पाकिस्तान के दक्षिणी सिंध प्रांत में झूठी शान के नाम पर दो महिलाओं और एक बच्चे समेत एक ही परिवार के छह सदस्यों की गोलियां बरसाकर हत्या का मामला सामने आया है। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने मंगलवार को बताया कि बरोही जनजाति की एक लड़की नसरीन बरोही के पिता सहित अन्य परिजन सोमवार देर रात को मुर्तजा रिन्द के घर में घुसे और सो रहे लोगों पर गोलियां बरसा रिन्द और पांच अन्य को मार डाला। नसरीन बरोही ने अपनी मर्जी से रिन्द से शादी की थी। वह किसी तरह हमले से बचकर अंधेरे में भागने में कामयाब रही। मृतकों में रिन्द के दो भाई, दो बहनें और एक बच्चा शामिल है। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी नईम शेख ने कहा, नसरीन अब पुलिस की सुरक्षा में है और झूठी शान को लेकर हुए इस हत्याकांड में संदिग्ध उसके पिता रफीक बरोही और भाइयों की तलाश जारी है। नसरीन ने मीडिया को बताया कि उसने जनवरी 2018 में घर से भागकर रिन्द के साथ शादी कर ली थी। बाद में वह तब घर लौटी जब बरोही और रिन्द जनजातियों के बीच जनजातीय परिषद ने एक समझौता कराया जिसमें नसरीन के पति ने उसके पिता को बतौर जुर्माना 12 लाख रुपए अदा किए। नसरीन के अनुसार उसके परिवार ने उसे जटोई जनजाति के लोगों को बेच दिया था जहां से भागकर वह अपने पति के घर पहुंचने में कामयाब रही जिसके बाद दोनों खुशी से रह रहे थे।

## नेतन्याहू ने अभियोजन से छूट का अनुरोध वापस लिया

भाषा। यरूशलम

**इजराइल** के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने मंगलवार को घोषणा की कि वह उनके खिलाफ चल रहे भ्रष्टाचार के तीन मामलों में मिली संसदीय छूट के अनुरोध को वापस ले रहे हैं ताकि मुद्दे पर हो रहे घटिया खेल को रोका जा सके। इसी के साथ उनके खिलाफ कानूनी कार्यवाही चलाने का रास्ता साफ हो गया है।

इजराइली नेता ने वाशिंगटन से फेसबुक पर लिखे एक पोस्ट के जरिए इसकी सूचना सभी को दी। वह अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से मुलाकात करने के लिए वाशिंगटन में हैं। बाद में राष्ट्रपति ट्रंप ने इजराइल और फलस्तीन के बीच शांति स्थापित करने की अपनी योजना की घोषणा की। इजराइल में सबसे लंबे तक प्रधानमंत्री के पद पर रहे नेतन्याहू पर नवंबर में तीन अलग-अलग मामलों में फर्जीवाड़े, विश्वास भंग और रिश्वतखोरी के आरोप लगाए गए। उन्होंने कुछ भी गलत किए जाने से इनकार किया है।

नेतन्याहू ने लिखा, इजराइल के लोगों के लिए इस दुर्भाग्यपूर्ण समय में, जबकि मैं इजराइल की स्थाई सीमा को आकार देने और हमारी भावी पीढ़ियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के ऐतिहासिक मिशन पर अमेरिका में हूं, छूट के नाम पर संसद (नेसेट) में एक नया खेल शुरू होने की आशंका है। उन्होंने लिखा, चूंकि मुझे उचित प्रक्रिया से नहीं गुजरने दिया गया, क्योंकि संसद के सभी नियमों को ताक पर रखा गया और चूंकि बिना उचित चर्चा के प्रक्रिया के परिणाम पूर्व निर्धारित हैं तो मैंने फैसला लिया है कि यह गंदा खेल और नहीं चलने दूंगा।

नेतन्याहू पर आरोप इस हफ्ते के अंत तक यरूशलम जिला अदालत में तय किए जाएंगे जब संसदीय चुनाव के असाधारण तीसरे चरण के लिए पांच हफ्ते से भी कम समय रह जाएगा। नेसेट की मंगलवार की चर्चा नेतन्याहू के अमेरिका दौरे की घोषणा से पहले से तय थी। शांति योजना की घोषणा के समय को लेकर इजराइल के कई विश्लेषकों ने इसकी आलोचना की है और इसे बचाव कार्यवाही से नेतन्याहू को बचाने का प्रयास बताया है। इजराइली प्रधानमंत्री के मुख्य राजनीतिक विरोधी, ब्लू एंड व्हाइट पार्टी के बेनी गैंट्ज ने कहा कि नेतन्याहू उनके खिलाफ तीन मुकदमे चलते हुए देश को नहीं चला सकते।

## भारतीय पर्यावरण अर्थशास्त्री पवन सुखदेव टायलर पुरस्कार के लिए नामित

**संयुक्त राष्ट्र (भाषा)।** प्रख्यात भारतीय पर्यावरण अर्थशास्त्री और संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम (यूएनईपी) के सदभावना दूत पवन सुखदेव को हरित अर्थव्यवस्था पर उनके अभूतपूर्व कार्य के लिए 2020 का टायलर पुरस्कार दिया जाएगा। इस पुरस्कार को पर्यावरण का नोबेल पुरस्कार माना जाता है। सुखदेव (59), संरक्षण जीवविज्ञानी ग्रेशन डेली के साथ यह पुरस्कार ग्रहण करेंगे। पर्यावरण को क्षति के आर्थिक परिणामों और नुकसान की ओर कॉरपोरेट एवं राजनीतिक नीति निर्माताओं का ध्यान आकृष्ट करने के उनके कार्य के लिए उन्हें यह पुरस्कार दिया जा रहा। दोनों लोग एक मई को यहां एक निजी कार्यक्रम में यह पुरस्कार ग्रहण करेंगे। प्रत्एक को एक स्वर्ण पदक दिया जाएगा और वे दो लाख रुपए की पुरस्कार राशि साझा करेंगे। इसकी घोषणा सोमवार को की गई। सुखदेव यूएनईपी की हरित अर्थव्यवस्था पहल के प्रमुख एवं विशेष सलाहकार रह चुके हैं।

# अथर्व और रवि ने भारत को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया

**● अंडर 19 वनडे विश्व कप के क्वार्टर फाइनल में**

**● आस्ट्रेलिया के खिलाफ नौ विकेट पर 233 रन बनाए**

भाषा। पोटचेफ्सट्रूम (दक्षिण अफ्रीका)

अथर्व अंकोलेकर (नाबाद 55) की आक्रामक अर्धशतकीय पारी से गत चैम्पियन भारत ने अंडर 19 एकदिवसीय विश्व कप के क्वार्टर फाइनल में आस्ट्रेलिया के खिलाफ मंगलवार को यहां नौ विकेट पर 233 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर बनाया। टास गंवा कर बल्लेबाजी के लिए उतरी भारतीय टीम का ऊपरी क्रम अच्छी साझेदारी करने में नाकाम रहा लेकिन अथर्व और रवि बिश्नोई (30) ने सातवें विकेट के लिए 61 रन की साझेदारी से टीम ने 200 रन का आंकड़ा पार किया। बाएं हाथ के बल्लेबाज अथर्व ने छक्का लगाकर अपना अर्धशतक पूरा किया। उन्होंने 55 गेंद की नाबाद पारी में पांच चौके और एक छक्का लगाया। बिश्नोई ने रन आउट होने से पहले 31 गेंद की पारी में एक चौका और एक छक्का लगाया। इससे पहले शीर्ष क्रम में सिर्फ सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ही आस्ट्रेलियाई आक्रामण के खिलाफ सहज दिखे। उन्होंने 82 गेंद में छह चौके और दो छक्को की मदद से 62 रन बनाए। दिव्यांश सक्सेना (14), तिलक वर्मा (दो) प्रियम गर्ग (पांच) और ध्रुव जुरेल (15) संघर्ष करते दिखे। सिद्देश वीर क्रीज पर समय बिताने के बाद बड़ी पारी खेलने में नाकाम रहे। उन्होंने 42 गेंद पर 25 रन बनाए। आस्ट्रेलिया के लिए कोरे केली और टोड मर्फी ने दो-दो विकेट लिए।

## स्कोरबोर्ड

**भारत अंडर 19 पारी :** यशस्वी जायसवाल बो संघा 62, दिव्यांश सक्सेना का रोव बो कैली 14, तिलक वर्मा का हार्वे बो मरफी 2, प्रियम गर्ग बो सली 5, ध्रुव जुरेल का रोव बो मरफी 15, सिद्धेश वीर का मरफी बो कैली 25, अथर्व अंकोलेकर नाबाद 55, रवि बिश्नोई रन आउट 30, एस एस मिश्रा का हार्वे बो विलियम्स 4, कार्तिक त्यागी रन आउट 1, आकाश सिंह नाबाद 0, **अतिरिक्त** : 20 रन,**कुल योग** : 50 ओवर मे नौ विकेट पर 233 रन, **विकेट पतन :** 1-35, 2-44, 3-54, 4-102, 5-114, 6-144, 7-205, 8-215, 9 .-230, **गेंदबाजी** : विलियन्स 10-1-41-1, सली 10-1- 56-1, कैली 10-0- 45-2, मरफी 10-0-40- 2 संघा 8 -1-39-1 ,डेविस 2-0-5-0

# अहम खिलाड़ियों की पहचान कर ली है : राठौड़

भाषा। हैमिल्टन

बल्लेबाजी कोच विक्रम राठौड़ ने मंगलवार को भारतीय क्रिकेटरो की नई पीढ़ी को अविश्वसनीय करार दिया और कहा कि टीम प्रबंधन अक्टूबर नवंबर मे होने वाले टी20 विश्व कप के लिए अहम खिलाड़ियो की पहचान कर चुका है। राठौड़ भारत और न्यूजीलैड के बीच बुधवार को सेडन पार्क मे होने वाले तीसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच की पूर्व संध्या पर बात कर रहे थे। भारत श्रृंखला मे 2-0 से आगे चल रहा है। आखिरी क्षणो तक समायोजन जारी रहेगा लेकिन जहां तक मेरी और टीम प्रबंधन की बात है तो हमने महत्वपूर्ण खिलाड़ियों की पहचान कर ली है। हम जानते है कि हमारी टीम कैसी होगी। अगर चोट या बेहद खराब फार्म का मामला नही होता तो मुझे नही लगता कि बहुत अधिक बदलाव होगे। आस्ट्रेलिया मे होने वाले टी20 विश्व कप ध्यान मे रखते हुए भारत ने पिछले साल सितंबर से ही प्रयोग शुरू कर दिए थे और उसने श्रेयस अय्यर, वाशिंगटन सुंदर, दीपक चाहर और शिवम दुबे जैसे युवा खिलाड़ियो को मौका दिए। टी20 टीम न्यूजीलैड मे वास्तव मे अच्छा प्रदर्शन कर रही है और युवा

## ● टी20 विश्व कप के लिए तैयार

खिलाड़ी सफलता मे अहम योगदान दे रहे है जिससे बल्लेबाजी कोच काफी प्रभावित है। क्रिकेटरो की यह नई पीढ़ी अविश्वसनीय है। वे जिस तरह से तुरंत सामंजस्य बिठाते है वह वास्तव मे हैरानी भरा है। वे वास्तव मे अलग प्रारूप, अलग मैदानो और अलग देशो मे उतरते ही अपना सर्वश्रेष्ठ दे रहे है। यहां न्यूजीलैड मे जिस तरह से उन्होने बहुत कम समय मे परिस्थितियो से तालमेल बिठाया है वह वास्तव मे लाजवाब है। भारत ने केएल राहुल और अय्यर की शानदार फार्म के दम पर आकलैड मे पहले दोनो मैच जीते। बल्लेबाजी कोच ने संतोष जताया कि युवा बल्लेबाज टीम की सफलता मे योगदान दे रहे है। इन खिलाड़ियो को जितने अधिक मौके मिल रहे है वे दिखा रहे है कि वे काबिल है। वे दिखा रहे है कि वे मैच विजेता है। इससे निश्चित तौर पर टीम को मदद मिलती है लेकिन इससे उनका आत्मविश्वास भी बढ़ता है। राठौड़ ने कहा, केएल राहुल और श्रेयस को लेकर मुझे कोई संदेह नही कि वे मैच विजेता है। उन्हे अब मौका मिल रहा है और वे दुनिया को दिखा रहे है कि वे क्या कर सकते है। अगले तीन मैच हैमिल्टन, वेलिंगटन और माउंट मानगानुई मे होगे जहां आकलैड की तुलना मे मैदान बड़े है। राठौड़ ने हालांकि संकेत दिए कि टीम की रणनीति नही बदलेगी। आपको परिस्थितियो के अनुसार चलना होता है। यह (सेडन पार्क) बड़ा मैदान है लेकिन हम फिर भी अच्छी क्रिकेट खेलने पर ध्यान दे रहे है। मुझे नही लगता कि इसमे (रणनीति) बदलाव होगा। हो सकता है कि गेदबाजो को अपनी लेथ मे बदलाव करना पड़े लेकिन बल्लेबाजो को कोई बदलाव करने की जरूरत नही है।

# श्रृंखला जीतने के लिए उतरेगा भारत

**● न्यूजीलैंड में पहली टी20 पर कब्जे की तैयारी**

भाषा। हैमिल्टन

अभी तक खेल के हर विभाग में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाला भारत बुधवार को यहां होने वाले तीसरे मैच में न्यूजीलैंड में पहली टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला जीतने के उद्देश्य से मैदान पर उतरेगा।

भारत ने आकलैंड में पहले दो टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में क्रमश: छह और सात विकेट से जीत दर्ज की और वह पांच मैचों की श्रृंखला में 2-0 से आगे है। सेडन पार्क में लगातार तीसरे मैच में जीत से भारतीय टीम न्यूजीलैंड की धरती पर पहली बार टी20 श्रृंखला जीतने में सफल रहेगी। इससे पहले दो अवसरों पर वह यह उपलब्धि हासिल करने में नाकाम रही थी। भारत 2008.09 में महेंद्र सिंह धोनी की अगुवाई में 0-2 से जबकि पिछले साल।-2 से श्रृंखला हार गया था। भारत की यह टीम अभी बेहतरीन फार्म में है और 2019 वनडे विश्व कप के बाद उसने जो पांच टी20 श्रृंखलाएं खेली हैं उनमें उसने शानदार प्रदर्शन किया है। इनमें वर्तमान श्रृंखला भी शामिल है। इस बीच उसने केवल दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ श्रृंखला नहीं जीती। यह श्रृंखला।-। से बराबर छूटी थी जबकि एक मैच बारिश की भेंट चढ़ गया था। टी20 क्रिकेट में अच्छी फार्म में होने के बावजूद आईसीसी रैंकिंग में उसकी स्थिति में कोई खास बदलाव नहीं आया। भारत अभी टी20 रैंकिंग में पांचवें स्थान पर है और उसे चौथे स्थान पर पहुंचने के लिए वर्तमान श्रृंखला 5-0 से जीतनी होगी। न्यूजीलैंड अभी छठे स्थान पर है जबकि पाकिस्तान, आस्ट्रेलिया, इंग्लैंड और दक्षिण अफ्रीका रैंकिंग तालिका में भारत से आगे हैं। सभी की निगाह अभी आस्ट्रेलिया में इस साल के आखिर में होने वाला टी20 विश्व कप है लेकिन टीम प्रबंधन को विश्वास है कि इस महत्वपूर्ण टूर्नामेंट से पहले सही समय पर सारी चीजें ढें पर आ रही है। केएल राहुल और श्रेयस अय्यर के विशेषकर इस दौरे में प्रदर्शन से इन चीजों को बल मिला है। इसे देखते हुए तीसरे मैच के लिए भारतीय टीम में किसी बड़े बदलाव की संभावना नहीं है।

# धोनी की कमी खलती है, टीम बस में उनकी सीट पर कोई नहीं बैठता : चहल

**हैमिल्टन।** भारतीय लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल ने खुलासा किया कि टीम बस मे अब भी महेंद्र सिंह धोनी की सीट पर कोई नही बैठता है और टीम को इस पूर्व कप्तान की बहुत कमी खलती है। न्यूजीलैंड के खिलाफ तीसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय के लिए हैमिल्टन जाते हुए टीम बस मे तैयार किए गए वीडियो मे चहल को जसप्रीत बुमराह, ऋषभ पंत, केएल राहुल जैसे टीम सदस्यो से बात करते हुए दिखाया गया है। वीडियो के आखिर मे वह बस के पीछे जाते है और खाली सीट की तरफ इशारा करते हुए कहते

है कि पिछले साल विश्व कप के बाद लंबे विश्राम पर जाने से पहले बस मे यह पूर्व कप्तान का पसंदीदा स्थान था। बीसीसीआई.टीवी पर पोस्ट किए गए वीडियो मे चहल कहते है, यह वह सीट है जहां एक दिग्गज बैठते थे। माही भाई। अभी भी यहां कोई नही बैठता। हमे उनकी बहुत कमी खलती है। भारत के नौ जुलाई को विश्व कप सेमीफाइनल मे न्यूजीलैंड के हाथो हार के बाद से 38 वर्षीय धोनी ने कोई प्रतिस्पर्धी मैच नही खेला है। इस महीने के शुरू मे बीसीसीआई ने उन्हे केंद्रीय अनुबंधित खिलाड़ियो की सूची से निकाल दिया था जिससे उनके भविष्य को लेकर फिर से कयास लगाए जाने लगे। उन्होने हालांकि उसी दिन झारखंड टीम के साथ अभ्यास शुरू कर दिया था।

## सीनियर खिलाड़ियों के साथ बेहतर संवाद करे पीसीबी : हफीज

**कराची।** पाकिस्तान के पूर्व कप्तान मोहम्मद हफीज ने मंगलवार को कहा कि पीसीबी को सीनियर खिलाड़ियो से प्रभावी तरीके से संवाद करना चाहिए कि वे टीम की भावी रणनीति का हिस्सा है या नही। राष्ट्रीय टीम मे वापसी करने वाले हफीज ने कहा कि पीसीबी को सीनियर खिलाड़ियो के साथ संवादहीनता की कमी पूरी करनी चाहिए। पाकिस्तान के लिए इतने साल तक खेल चुके सीनियर खिलाड़ियो को बताया जाना चाहिए कि वे टीम प्रबंधन की रणनीति का हिस्सा है या नही ताकि वे भविष्य को लेकर बेहतर फैसला ले सकें। विश्व कप के बाद से टीम से बाहर हफीज ने बांग्लादेश के खिलाफ दूसरे टी20 मैच मे नाबाद 67 रन बनाए। वापसी करके अच्छा लगा। इससे मेरा आत्मविश्वास बढ़ा है कि टीम को अभी भी मेरी जरूरत है।

## न्यूजीलैंड के स्पिनर टॉड एस्टल ने प्रथम श्रेणी से संन्यास लिया

**वेलिंगटन।** न्यूजीलैड के लेग स्पिनर टॉड एस्टल ने सीमित ओवरो के प्रारूप पर ध्यान देने के लिए प्रथम श्रेणी क्रिकेट से संन्यास ले लिया है। इस तरह से वह भारत ए के खिलाफ 30 जनवरी से शुरू होने वाली दो मैचो की अनधिकृत टेस्ट श्रृंखला के लिए उपलब्ध नही रहेगे। इस 33 वर्षीय खिलाड़ी ने 2012 मे टेस्ट क्रिकेट मे पदार्पण किया था। उन्होने केवल पांच टेस्ट मैच खेले जिनमे 52.57 की औसत से सात विकेट लिए जबकि 19.60 की औसत से 98 रन बनाए। एस्टल हालांकि कैंटरबरी की तरफ से सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेदबाज के रूप मे संन्यास ले रहे है। उन्होने प्रथम श्रेणी मैचो मे अपने 334 विकेटो मे से 303 विकेट इस टीम की तरफ से लिए। आईसीसी के अनुसार उन्होने कहा, टेस्ट क्रिकेट खेलना शुरू से सपना रहा है और लंबे प्रारूप मे अपने देश और प्रांत का प्रतिनिधित्व करना मेरे लिए सम्मान है।

## अभद्र भाषा के इस्तेमाल पर ब्राड पर लगा मैच फीस का 15 प्रतिशत जुर्माना

**जोहानिसबर्ग।** इंग्लैड के तेज गेदबाज स्टुअर्ट ब्राड पर दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ चौथे टेस्ट के दौरान अभद्र भाषा का इस्तेमाल करने पर मैच फीस का 15 प्रतिशत जुर्माना लगा है। मैच अधिकारियो ने ब्राड पर आरोप लगाया था कि वह सोमवार को दक्षिण अफ्रीका के कप्तान फाफ डु प्लेसिस के करीब पहुंच गए और उनके खिलाफ अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया। ब्राड ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद आचार संहिता के अनुच्छेद 2.3 का उल्लंघन किया जो अंतरराष्ट्रीय मैच के दौरान अभद्र भाषा के इस्तेमाल से जुड़ा है। इस जुर्माने के साथ ब्राड के नाम एक डिमैरिट अंक भी जुड़ गया। पिछले 24 महीने मे उनके साथ यह दूसरी बार हुआ है। इंग्लैड ने दोनो देशो के बीच खेले गए चार मैचो की श्रृंखला को 3-1 से जीत जिस दौरान कागिसो रबाडा, जोस बटलर, वर्नोन फिलैंडर और बेन स्टोक्स पर आचार सहिता के उल्लंघन के लिए सजा दी गई।

## बांग्लादेश में एक मैच में लगे 48 छक्के और 70 चौके

**ढाका।** बांग्लादेश मे 50 ओवरो के एकद्वितीय श्रेणी मैच मे बल्लेबाजो ने 48 छक्के और 70 चौके लगाए जबकि इस मैच मे कुल 818 रन बने। नार्थ बंगाल क्रिकेट अकादमी ने यह मैच 46 रन से जीता। उसने पहले बल्लेबाजी करते हुए चार विकेट पर 432 रन बनाए। जवाब मे टैलेंट हंट क्रिकेट अकादमी सात विकेट पर 386 रन ही बना सकी। नार्थ बंगाल के खिलाड़ियो ने 27 और विरोधी टीम ने 21 छक्के लगाए। बांग्लादेश के घरेलू मैचो मे कई बार अप्रत्याशित नतीजे निकलते है। यही वजह है कि यहां मैच फिक्सिंग के आरोप आम है।

# सौरभ ने यूपी को मुश्किल से निकाला

**● रणजी ट्राफी**

भाषा। इंदौर

इंदौर में खेले जा रहे मुकाबले में नौवें नंबर पर बल्लेबाजी के लिए आए सौरभ कुमार की 98 रन की नाबाद पारी खेल उत्तर प्रदेश को मुश्किल स्थिति से बाहर निकाला जिससे टीम मध्य प्रदेश की पहली पारी में 230 रन के जबाब में 216 रन बना सकी। दिन का खेल खत्म होने तक मध्य प्रदेश ने दूसरी पारी में तीन विकेट पर 105 रन बना लिए जिससे उनकी कुल बढ़त 119 रन की हो गई। उत्तर प्रदेश ने दिन की शुरुआत तीन विकेट पर 22 रन से की लेकिन रवि यादव (61 रन पर पांच विकेट) और गौरव यादव (73 रन पर तीन विकेट) की शानदार गेंदबाजी के सामने टीम ने 46 रन पर सातवां विकेट गंवा दिया। इसके बाद रिंकू सिंह (53) और सौरव कुमार ने आठवें विकेट के लिए 87 रन की साझेदारी की। इस साझेदारी के टूटने के बाद सौरभ ने पुछल्ले बल्लेबाजों के साथ टीम के स्कोर को 216 रन तक पहुंचाया लेकिन वह प्रथम श्रेणी में अपना तीसरा शतक लगाने से चूक गए। दिल्ली में रेलवे और कर्नाटक के बीच खेले जा रहे मुकाबले में दूसरे दिन सिर्फ 23 ओवर का खेल हो पाया। स्टंप्स के समय रेलवे ने पहली पारी में सात विकेट पर 160 रन बना लिए। धर्मशाला में मुंबई और हिमाचल प्रदेश के मैच में खराब मौसम के कारण दूसरे दिन का खेल नहीं हुआ।


## कार्यालय ग्राम पंचायत रुदायन, विकास खण्ड सासनी जनपद हाथरस

पत्रांक/ग्राम पचांयत/वित्तआयोग मद/टेंडर/2019–20 दिनांकः– 27.01.2020

–: अति अल्पकालीन निविदा सूचना :–

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि चतुर्थ राज्य वित्त आयोग/14वा वित्त आयोग को अन्तर्गत वर्ष 2018–19 मे उपलब्ध धनराशि से कराये जाने वाले निम्नाकित कायो हेतु उनके नाम सम्मुख अकिंत विवरनुसार सामग्री की कार्य स्थल पर आपूर्ति हेतु मुहर बन्द निविदाये दिनांक 03/02/2020 को दिन को 3.00 बजे तक आमत्रित की जाती हे जो उसी दिन सांय 3.30 बजे उपस्थित निविदाताओं के समक्ष अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय अधोहस्ताक्षरी अथवा उसके दारा प्राधिकृत अधिकारी दारा खोली जायेगी। यदि उक्त निविदा प्राप्त करने एवं खोलने के दिनांक को राजकीय अवकाश घोषित होता है तो निविदा प्राप्त एवं खोलने की तिथि अगला कार्य दिवस होगा। निविदा खोलने के स्थल, समय एवं बैधता में कोई परिवर्तन नहीं होगा निविदा की वैधता मूल तिथि से मानी जायेगी। निविदा की शर्त निम्नवत निर्धारित की जाती हैः–

1–निविदा प्रपत्र कार्यालय ग्राम पंचायत रूदायन से कार्यालय दिवस एवं समय में दिनांक 03–02–2020 तक निविदा मूल्य देकर प्राप्त किये जा सकते है।

2–निविदा प्रपत्र के साथ 2 प्रतिशत धरोहर धनराशि की एफ0डी0आर0 नगद अधोहस्ताक्षरी के पक्ष में बन्धक होगी, जमा करनी होगी।

3–निविदा सशर्त अथवा निर्धारित समय के बाद प्रस्तुत निविदाये मान्य नही होगी तथा किसी भी निविदा को बिना कारण बताये स्वीकृत/अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा।

4–निविदा दरों की वैधता तीन माह अधिकतम होगी। इसके लिये निविदा प्रपत्र के साथ एक सौ रूपये का नॉन जुडीशियल स्टाम्प पेपर, एक रूपये का रिवेन्यू टिकट के साथ होना अनिवार्य है।

5–अनुबन्ध के समय धरोहर राशि को सम्मिलित करते हुये 10 प्रतिशत जमानत धनराशि नगद जमा करनी होगी तथा कुल जमानत राशि पर नियमानुसार स्टाम्प ड्यूटी देनी होगी।

6–बिलों के भुगतान में नियमानुसार आयकर वैट एवं रॉयल्टी आदि की कटौती की जायेगी।

7–सामग्री की आपूर्ति उच्च गुणवत्ता की होनी चाहिये।

8–कोई भी निविदादाता जो राज्य विधि बार कौंसिल में पंजीकृत हो निविदा देने से प्रतिबंधित होगें।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (सामग्री) रू0 में | धरोहर धनराशि रू0 में | निविदा प्रपत्र का मूल (रू0 में) | कार्य की अवधि (माह में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | प्रा0वि0 रूदामन में सौन्दर्यीकरण कार्य | 366820=00 | 7338=00 | 250+GST | 6 माह |
| 2. | चौ0 रनवीर सिहं के घर से चौ0 प्रेम सिंह के घर तक इण्टरलॉक व नाली निर्माण | 603042=00 | 12060=00 | 250+GST+ | 6 माह |
| 3. | राजवीर के घर से महावीर के घर तक इण्टरलॉक व नाली निर्माण | 465840=00 | 9320=00 | 250+GST | 6 माह |
| 4. | सुखराम के घर से रामकुमार के घर तक इण्टरलॉक व नाली निर्माण | 138980=00 | 2780=00 | 250+GST | 6 माह |
| 5. | जगदीश के घर से छोटेलाल के घर तक इण्टरलॉक व नाली निर्माण | 109146=00 | 2183=00 | 250+GST | 6 माह |
| 6. | महावीर के प्लाट से राजाराम के प्लाट तक इण्टरलॉक व नाली निर्माण | 174242=00 | 3485=00 | 250+GST | 6 माह |

अध्यक्ष/प्रधान ग्राम पंचायत विकास खण्ड हाथरस

सचिव ग्राम पंचायत विकास खण्ड हाथरस



**Format C-1**

**Declaration about criminal cases**

(As per the judgment dated 25th September, 2018 of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No. 536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr.) Name and address of candidate: **Rajesh Gupta, B-2/40 D Block-B-2, Keshav Puram,** Name of the Political Party: **AAM AADMI PARTY** (Independent candidates should write "Independent" here) Name of the Election : **Legislative Assembly-Delhi 2020,** Name of State/ UT : **NCT of Delhi,** Name of Constituency : **AC-17, Wazirpur.**

**I Rajesh Gupta** (name of candidate), a candidate for the above mentioned election, declare for public information the following details about my criminal antecedents :

| Sl. No. | Pending Criminal Cases | | | Details about cases of conviction for Criminal Offences | |
|---|---|---|---|---|---|
| | Name of Court | Case No. and Status of the Case | Sections of the Acts concerned & brief description of offence (s) | Name of Court & date (s) of order(s) | Description of offence(s) & punishment imposed |
| 1. | Sh. Vishal Pahuja, Rouse Avenue Court, Delhi | CC (15664/18) (Pending) | U/s 186/353/332/342/ 504/506(ii)/120-B/109 /114/34/36/149 IPC | Not Applicable | Not Applicable |

*In the case of election to Council of States or election to Legislative Council by MLAs, mention the election concerned in place of name of constituency.

Note : (i) Details should be given separtely for each case in separate rows.

(ii) The matter in newspapers should be in font size of atleast 12.

## पेस बाहर

**मेलबर्न।** अनुभवी लिएंडर पेस और उनकी जोड़ीदार एलेना ओस्टापेंको के मंगलवार को यहां मिश्रित युगल में बाहर होने के साथ भारतीय दिग्गज का आखिरी आस्ट्रेलियाई ओपन में सफर भी समाप्त हो गया। पेस और लातविया की ओस्टापेंको की जोड़ी को ब्रिटेन के जेमी मुर्रे और अमेरिका की बेथानी माटेक सैंड्स ने सीधे सेटों में 6-2, 7-5 से हराया। दूसरे दौर का यह मैच एक घंटे सात मिनट तक चला। पेस ने शुरू में घोषणा कर दी थी कि 2020 पेशेवर सर्किट में उनका आखिरी साल होगा। रोहन बोपन्ना अब खिताब की दौड़ में अकेले भारतीय बचे है। यह 39 वर्षीय खिलाड़ी और उक्रेन की उनकी जोड़ीदार नादिया किचनोक बुधवार को मिश्रित युगल क्वार्टर फाइनल में निकोला मेकटिच और बारबोरा क्रेजिकोवा से भिड़ेंगे।

## आईएसएल का फाइनल 24 मार्च को खेला जाएगा

**मुंबई।** देश की शीर्ष घरेलू फुटबाल लीग इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) के मौजूदा सत्र का फाइनल 24 मार्च को खेला जाएगा। लीग का संचालन करने वाली फुटबाल स्पोर्ट्स डेवलपमेंट लिमिटेड ने मंगलवार को मीडिया विज्ञप्ति के जरिए इसकी घोषणा करते हुए कहा कि सेमीफाइनल का पहला चरण 29 फरवरी और एक मार्च जबकि दूसरा चरण सात और आठ मार्च को खेला जाएगा। फाइनल मुकाबले के स्थल का हालांकि अभी चयन नही हुआ है। सत्र का लीग चरण 25 फरवरी तक चलेगा। एटीके एफसी (27 अंक), एफसी गोवा (27 अंक) और बेंगलुरु एफसी (25 अंक) फिलहाल लीग की तालिका में शीर्ष पर काबिज है। लीग के विजेता को एएफसी चैंपियंस लीग 2021 के ग्रुप चरण में सीधे प्रवेश मिलेगा।

## गोकुलम एफसी ने केंकरे एफसी को 10-1 हराया

**बेंगलुरु।** नेपाल की स्ट्राइकर सविंत्रा भंडारी के पांच गोल के दम पर गोकुलम केरल एफसी ने इंडियन वुमेन लीग फुटबाल मुकाबले में मंगलवार को यहां केंकरे एफसी को 10-1 से करारी शिकस्त दी। सविता के पांच गोल के अलावा करिश्मा शिरवोइकर ने भी टीम के लिए हैट्रिक लगाई। मनीष ने दो गोल कर मैच में गोकुलम का दबदबा कायम किया। केंकरे की टीम कभी भी गोकुलम को टक्कर देते नही दिखी। हाफटाइम तक गोकुलम ने अपनी बढ़त को 7-1 कर लिया था जबकि टीम ने मध्यांतर के बाद तीन और गोल दाग कर अपना वर्चस्व कायम किया।

## एसो एल्बेन ने बर्लिन साइकिलिंग टूर्नामेंट में स्वर्ण पदक जीता

**बर्लिन।** भारतीय साइकिलिस्ट एसो एल्बेन ने छह दिन तक चलने वाले बर्लिन टूर्नामेंट के वीरिन व्यक्तिगत स्पर्धा में स्वर्ण पदक हासिल किया। अठारह साल के इस साइकिलिस्ट ने सोमवार रात को 20 क्वालिफिकेशन अंक हासिल किया जिससे वह तालिका में शीर्ष पर रहे। विश्व चैम्पियनशिप 2017 में रजत पदक जीतने वाले चेक गणराज्य के थामस बाबेक दूसरे जबकि जर्मनी के मैक्सिमिलियन लेव तीसरे स्थान पर रहे। एसो ने स्पर्धा के दूसरे दिन कांस्य जबकि चौथे दिन रजत पदक जीता था। छह दिनो तक चलने वाली इस प्रतियोगिता में साइकिलिस्टो को हर दिन प्रतिस्पर्धा में भाग लेना होता है।

## पंजाब ने पिछड़ने के बाद तमिलनाडु को ड्रा पर रोका

**झांसी।** हाकी पंजाब ने सीनियर पुरुष राष्ट्रीय चैम्पियनशिप के पूल ए के मुकाबले में हाकी यूनिट ऑफ तमिलनाडु से दो गोल से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए मंगलवार को यहां 2-2 से ड्रा खेला। तमिलनाडु की टीम ने पहले हाफ में दो गोल की बढ़त कायम की लेकिन पंजाब ले दूसरे हाफ में दो गोल कर स्कोर बराबर कर दिया। पूल के एक अन्य मैच में सेना खेल संवर्धन बोर्ड ने हाकी चंडीगढ़ को 5-2 से हराया। पेट्रोलियम खेल संवर्धन बोर्ड ने पूल बी के मैच में केन्द्रीय सचिवालय के साथ 2-2 से ड्रा खेला। पूल सी में पंजाब एवं सिंध बैंक और भारतीय विश्वविद्यालयो का संघ का मुकाबला भी 2-2 की बराबरी पर छूटा जबकि हाकी हरियाणा ने केनरा बैंक को 2-1 से हराया।

## लखनऊ के ताइक्वांडो खिलाड़ियों ने जीते 14 पदक

**लखनऊ।** लखनऊ के खिलाड़ियों ने प्रथम नेशनल फेडरेशन कप ताइक्वांडो टूर्नामेंट में यूपी के लिए 6 स्वर्ण, चार रजत व चार कांस्य सहित 14 पदक जीते। अलीगढ़ में गत 22 से 24 जनवरी तक हुए इस टूर्नामेंट में पदक विजेता इस प्रकार हैं। स्वर्णः ओटोमन हुसैन (बालक सब जूनियर), अदीब हुसैन (बालक सब जूनियर), शारदा कुमारी (महिला सीनियर), अंजली (बालिका जूनियर), मीना राय (महिला सीनियर), खुशी सिंह (बालिका कैडेट)। रजतः अभिजीत चौहान (पुरुष सीनियर), अमन केसरवानी (बालक कैडेट), लविश (बालक कैडेट), अंविता कश्यप (बालिका सब जूनियर)। कांस्यः खालिद हुसैन (बालक कैडेट), शिवम कुमार (बालक सब जूनियर), आयुषी यादव (बालिका कैडेट), समर हुसैन (बालिका जूनियर)।

# फेडरर और जोकोविच में सेमीफाइनल

- आस्ट्रेलियन ओपन : फेडी ने सात मैच प्वाइंट बचाया
- बार्टी व केनिन अंतिम चार में
- क्वितोवा व जाबेर की हार

भाषा। मेलबर्न

स्विटजरलैंड के दिग्गज रोजर फेडरर चमत्कार में विश्वास करते हैं और ऐसा ही चमत्कार उन्होंने मंगलवार को यहां आस्ट्रेलियाई ओपन में दिखाया जब इस 38 वर्षीय खिलाड़ी ने सात मैच प्वाइंट बचाकर वर्ष के पहले ग्रैंडस्लैम के सेमीफाइनल में जगह बनाई जहां उनका सामना गतविजेता सर्बिया के नोवाक जोकोविच से होगा। छह बार के चैंपियन फेडरर ने चौथे सेट में 4-5 के स्कोर पर तीन और फिर टाईब्रेकर में चार मैच प्वाइंट बचाए करारे शॉट जमाने में माहिर और कोर्ट पर चपल टैनिस सैंडग्रेन को पांच सेट तक चले क्वार्टर फाइनल मुकाबले में 6-3, 2-6, 2-6, 7-6 (10-8), 6-3 से हराया। फेडरर की जीत की भूख अब भी पहले की तरह बरकरार है और उन्होंने समय समय पर इसे जाहिर किया था। अपने से दस साल छोटे और 100वीं रैंकिंग के अमेरिकी खिलाड़ी के खिलाफ भी उन्होंने अपने जोश, जज्बे और भरोसे को दिखाकर यादगार वापसी की और 15वीं बार आस्ट्रेलियाई ओपन के अंतिम चार में प्रवेश किया जहां उनका सामना नोवाक जोकोविच से होगा। जोकोविच ने क्वार्टर फाइनल में कनाडा के मिलोस राओनिच को शिकस्त देकर अंतिम चार में जगह पक्की की। विश्व रैंकिंग में दूसरे स्थान पर काबिज सर्बिया के इस खिलाड़ी ने बड़े सर्विस करने के लिए जाने जाने वाले राओनिच को 6-4, 6-3, 7-6 से हराकर अपने आठवें आस्ट्रेलियाई ओपन और 17वें ग्रैंड स्लैम की तरफ कदम बढाया। आस्ट्रेलियाई ओपन के पिछले 14 सत्र में इन दोनों खिलाड़ियों ने 12 बार खिताब साझा किए है। दोनों के बीच अब तक 49 मुकाबले खेले गए है जहां सर्बिया के खिलाड़ी ने 26 में जीत दर्ज की है जबकि स्विट्जरलैंड के फेडरर ने 23 मुकाबले जीते है। आस्ट्रेलियाई ओपन में रिकार्ड 15वीं बार सेमीफाइनल में पहुंचे जोकोविच ने फेडरर के प्रति सम्मान जताते हुए कहा, रोजर के प्रति मेरे मन में अगाध श्रद्धा है। मैं चाहूंगा कि अच्छा खेलने वाला खिलाड़ी जीते। फेडरर ने इस उम्र में सात मैच प्वाइंट बचाकर वापसी की जो बेहद ही शानदार है। इस बीच फेडरर को अभद्र भाषा का उपयोग करने के लिए चेतावनी भी मिली। इसके बाद तीसरे सेट में वह ग्रोइन की चोट के लिए कोर्ट से बाहर भी गए और बाद में उन्होंने दाएं पांव की मालिश के लिए एक ट्रेनर की मदद ली। फेडरर ने बाद में कहा, मैं चमत्कार में विश्वास करता हूं। कभी कभी भाग्य भी आपका साथ देता है। इस 20 बार के ग्रैंडस्लैम चैंपियन ने कहा, मैच आगे बढ़ने के साथ मैं बेहतर महसूस करने लगा और सारा दबाव हट गया। मैं इसका हकदार नहीं था लेकिन मैं यहां खड़ा हूं और निश्चित तौर पर बहुत खुश हूं। सैंडग्रेन ने दूसरा और तीसरा सेट जीतने के बाद चौथे सेट में 5-4 से बढ़त बना रखी थी। फेडरर की सर्विस पर उनके पास तीन मैच प्वाइंट थे। पहले पर सैंडग्रेन ने बैकहैंड नेट पर मार दिया। दूसरे में उनका फोरहैंड बाहर चला गया और तीसरे में फोरहैंड नेट पर जा लगा। यह गेम टाईब्रेकर तक खिंचा जिसमें स्कोर एक समय 3-3 से बराबर था। सैंडग्रेन ने अगले तीन अंक जीते और अब उन्हें जीत के लिए एक अंक की जरूरत थी। इस पूरे टाईब्रेकर में उन्हें चार मैच प्वाइंट मिले लेकिन वह किसी का फायदा नहीं उठा पाए। फेडरर ने दूसरे सेट प्वाइंट पर स्कोर 2-2 से बराबर किया और फिर पांचवां सेट जीतकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। इस बीच महिला वर्ग में विश्व की नंबर एक खिलाड़ी एशलीग बार्टी ने पेत्रा क्वितोवा को सीधे सेटों में हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया जहां उनका सामना अमेरिका की 14वीं वरीयता प्राप्त सोफिया केनिन से होगा। आस्ट्रेलिया की शीर्ष वरीयता प्राप्त बार्टी ने पहले सेट में जूझने के बाद चेक गणराज्य की सातवीं वरीय क्वितोवा को 7-6 (8-6), 6-2 से हराकर यहां पहली बार सेमीफाइनल में जगह बनाई।

इस तरह से 23 साल की बार्टी ने दो बार की विंबलडन चैंपियन क्वितोवा से पिछले साल क्वार्टर फाइनल में मिली हार का बदला भी चुकता कर दिया। आस्ट्रेलिया की खिलाड़ी हालांकि पिछले 12 महीनों से बेहतरीन फार्म में हैं। उन्होंने पिछले साल फ्रेंच ओपन जीता और पहली बार रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंची। बार्टी ने कहा, यह पूरी तरह से अविश्वसनीय है। मैं जानती थी कि मुझे पेत्रा के खिलाफ अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। पहला सेट महत्वपूर्ण था। बार्टी 1978 में क्रिस ओ नील की खिताबी जीत के बाद मेलबर्न में खिताब जीतने वाली पहली आस्ट्रेलियाई महिला खिलाड़ी बनने की कवायद में है। इस बीच सोफिया केनिन ने ट्यूनीशिया की ओनस जाबेर के विजय अभियान पर रोक लगाकर पहली बार किसी ग्रैंडस्लैम के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। उन्होंने गैरवरीयता प्राप्त जाबेर को 6-4, 6-4 से हराया। मास्को में जन्मी 21 वर्षीय केनिन ने पिछले दौर में अमेरिका की 15 वर्षीय कोको गॉफ को हराया था। उन्होंने कहा कि वह बेहद उत्साहित हैं। बचपन में ही अपने परिवार के साथ न्यूयार्क में बसने वाली केनिन ने कहा, यह कड़ा मैच था। उसने अच्छा खेल दिखाया।

## कोबे ब्रायंट की मौत की जांच के लिए दुर्घटनाग्रस्त क्षेत्र में रहेगा जांच दल

**लास एंजिलिस।** बास्केटबाल के दिग्गज कोबे ब्रायंट और आठ अन्य की मौत का कारण बनी हेलीकॉप्टर दुर्घटना की जांच के जांचकर्ता सप्ताह भर तक घटनास्थल पर रहेगे और उन्हे दुनिया को स्तब्ध कर देने वाले इस हादसे के कारणो का पता लगाने की उम्मीद है। ब्रायंट 41 साल के थे। वह रविवार को अपनी 13 वर्षीय बेटी गियाना और सात अन्य के साथ यात्रा कर रहे थे जब सिकोरस्की एस-76 हेलीकॉप्टर लास एंजिलिस के उत्तर पश्चिम में स्थित कालाबासास में गहरी धुंध के कारण पहाड़ियो से टकरा गया था। इस दुर्घटना में हेलीकॉप्टर में सवार सभी यात्रियो और पायलट की मौत हो गई थी। पांच बार के एनबीए चैंपियन और दो बार के ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता ब्रायंट को बास्केटबाल का सर्वकालिक महान खिलाड़ियो में से एक आंका जाता है। वह ओरेंज काउंटी से निजी हेलीकॉप्टर में थाउजैंड ओक्स स्थित माम्बा स्पोर्ट्स अकादमी जा रहे थे। वहां उनकी बेटी को मैच खेलना था। राष्ट्रीय परिवहन सुरक्षा बोर्ड की सदस्य जेनिफर होमेंडी ने कहा कि जांचकर्ता सबूत जुटाने के लिए पूरे सप्ताह तक दुर्घटनास्थल पर रहेंगे। दुर्घटनास्थल का दृश्य भयावह है। हम उन सबूतो को जुटाने के लिए लगभग पांच दिन तक यहां रहेंगे जो नष्ट हो सकते है। एयरक्राफ्ट में ब्लैक बॉक्स नही था क्योंकि इस तरह के हेलीकॉप्टर में उसकी जरूरत नही होती है।

# आनंद ने डुडा से ड्रा खेला

- टाटा स्टील शतरंज में संयुक्त छठे स्थान पर रहे

भाषा। विज्न आन जी ( नीदरलैंड )

भारतीय स्टार विश्वनाथन आनंद ने टाटा स्टील शतरंज टूर्नामेंट के 13वें और अंतिम दौर में पोलैंड के यान क्रिस्तोफ डुडा से ड्रा खेला और इस तरह से पांच बार का चैंपियन संयुक्त छठे स्थान पर रहा। फैबियानो कारुआना ने फिर से बेहतरीन प्रदर्शन किया और रूस के व्लादिसलाव आर्तमीव को हराकर नार्वे के विश्व चैंपियन मैगनस कार्लसन पर दो अंकों की बड़ी बढ़त से टूर्नामेंट जीता। कार्लसन दूसरे स्थान पर रहे। कारुआना ने टूर्नामेंट में संभावित 13 में से दस अंक बनाए। इससे पहले गैरी कास्पारोव ने 1999 और मैगनस कार्लसन ने 2013 में इतने अंक हासिल किए थे। कार्लसन जब खिताब नहीं जीत पाते तो अक्सर दूसरे स्थान पर रहते हैं लेकिन ऐसा बहुत कम देखने को मिलता है जबकि उनके और विजेता के बीच दो अंकों का अंतर रहा हो। अमेरिका के वेस्ली सो 7.5 अंक लेकर तीसरे स्थान पर रहे। उनके बाद रूस के दानिल डुबोव और नीदरलैंड के जोर्डन वान फोरीस्ट का नंबर आता है जिनके सात-सात अंक रहे। आनंद ने 11वें दौर में अलीरेजा फिरोजा को हराकर उम्मीद जगाई थी लेकिन इसके बाद दो ड्रा खेलने से वह 6.5 अंक तक ही पहुंच पाए। वह नीदरलैंड के अनीस गिरी, अमेरिका के जेफ्री झियोंग, डुडा, आर्तमीव और फिरोजा के साथ संयुक्त छठे स्थान पर रहे। चैलेंजर वर्ग में भारत के सूर्यशेखर गांगुली और निहाल सरीन ने जीत से अंत किया। सरीन ने अजरबेजान के रउफ मामेदोव को जबकि गांगुली ने आस्ट्रेलिया के एंटन सिमिरनोव को हराया।

### हाओ ने प्रागननंदा का विजय अभियान रोका

**जिब्राल्टर।** भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रागननंदा का 18वे जिब्राल्टर शतरंज महोत्सव में पांच बाजियो से चला आ रहा विजय अभियान चीन के वांग हाओ से सातवे दौर में मिली हार के साथ ही थम गया। हमवतन पी वी नंदिता से पहली बाजी गंवाने के बाद लगातार पांच बाजियां जीतने वाले 14 वर्षीय प्रागननंदा ने हाओ का भी डटकर सामना किया लेकिन आखिर में उन्हे 56 चाल तक चली बाजी में हार का सामना करना पड़ा। चीनी ग्रैंडमास्टर इस जीत से रूस के आंद्रे एस्पिपेंको और डेविड पराक्यान तथा ईरान के प्रथम मागसूदलू के साथ संयुक्त बढ़त पर पहुंच गया है। इन सभी के छह-छह अंक है। भारत के के शशिकिरण को हराने वाले रूस के दानिल युफा और उनके हमवतन मिहेल कोबालिया के 5-5 अंक है। उनके बाद दूसरी वरीयता प्राप्त मैक्सिम वाचियर लाग्रेव, पूर्व विश्व चैंपियन वेसलिन टोपालोव, भारत के बी अधिबान, कार्तिकेयन मुरली, आर्यन चोपड़ा, एसएस नारायणन, प्रागननंदा और डी गुकेश का नंबर आता है। इन सभी के पांच - पांच अंक है।

# तेंदुलकर ने दी युवाओं को सलाह : शार्टकट लेने और धोखा देने से बचे

भाषा। नवी मुंबई

महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर ने अपना उदाहरण देते हुए मंगलवार को युवाओं से कहा कि अगर वे दुनिया के सामने अपनी कमजोरी नहीं लाना चाहते है तो शार्टकट लेने से बचे। तेंदुलकर ने कहा, मैंने अपनी जिंदगी में कई चीजें देखी है। जिसमें जो बात मुझे याद आती है, वह है अनुशासन, एकाग्रता, ध्यान और योजना के बारे में बात करना, लेकिन इन सबसे ऊपर मुझे लगता है कि ऐसे कई मौके आए जब मैं अपनी उम्मीदों पर खरा नहीं उतरा। मैं विफल भी हुआ लेकिन खेल और सही टीम ने मुझे बिना किसी शार्टकट के फिर से अपने पैरों पर खड़ा होने के बारे में सिखाया। आपके रास्ते में कई कड़ी चुनौती आएगी लेकिन अगर आप ईमानदारी से उसका सामना करेंगे तो दुनिया के सामने आपकी कमजोरी उजागर नहीं होगी। तेंदुलकर यहां इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइक गैटिंग और मुंबई क्रिकेट संघ (एमसीए) के अध्यक्ष विजय पाटिल के साथ तेंदुलकर मिडिलसेक्स ग्लोबल एकेडमी डीवाई पाटिल स्पोर्ट्स सेंटर के उद्घाटन के लिए पहुंचे थे। उन्होंने ने छात्रों से खेल और पढ़ाई के बीच सामंजस्य बैठाने की सलाह दी। मैं कहना चाहूंगा कि दोनों चीजों पर ध्यान देना जरूरी है। सामंजस्य बैठाना जरूरी है। जब आप मैदान में होते है तो खेल पर ध्यान दे और जब आप पढ़ाई कर रहे होते तो उसके बारे में ही सोचे। मैं अभिभावकों को संदेश देना चाहता हूं कि पढ़ाई या खेल को लेकर बच्चों पर दबाव न डालें।

# विंसेंट, झांग व जयराम ने अवध वारियर्स को जीत दिलाई

- प्रीमियर बैडमिंटन लीग : कश्यप की लगातार तीसरी हार

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

प्रीमियर बैडमिंटन लीग के पांचवें सीजन में मुंबई रॉकेट्स के लिए खेल रहे पारुपल्ली कश्यप को मंगलवार को लगातार तीसरी हार का सामना करना पड़ा है। बाबू बनारसी दास स्टेडियम लखनऊ में खेले जा रहे मैच में अवध वॉरियर्स के वुंग विंग की विसेंट ने कश्यप को सीधे गेमों में 15-8, 15-0 से हरा दिया। कश्यप को लीग के अपने पहले मैच में चेन्नई सुपरस्टार्स के टॉमी सुगियार्तो ने हराया था। इसके बाद पुणे 7 एसेस के किम लोह ने मात दी थी। कश्यप इस मैच में कहीं भी नजर नहीं आए। विंसेट ने शुरुआत में ही उन पर अपना दबदबा बना लिया था और आसानी से पहले गेम अपने नाम करने में सफल रहे। दूसरे मैच में भी कहानी नहीं बदली और कश्यप विसेंट के बेहतरीन खेल का सामना नहीं कर सके। कश्यप से पहले अवध की बेइवान झांग ने अवध के लिए अपना मैच जीता। इससे पहलेएदिन के दूसरे मैच में महिला एकल वर्ग में झांग के सामने मुंबई ने कुहू गर्ग को उतारा था। कुहू इस दिग्गज खिलाड़ी का मुकाबला नहीं कर पाईं। झांग ने यह मैच 15-3, 15-4 से जीत अपनी टीम को दो अंक दिलाए। झांग के इस मैच को अवध ने अपना ट्रम्प मैच बनाया था और पीबीएल में अपना ट्रम्प मैच जीतने वाली टीम को दो अंक मिलते हैं जबकि अपना ट्रम्प मैच हारने वाली टीम को एक अंक का नुकसान उठाना पड़ता है। झांग ने शुरुआत में 2-0 की बढ़त ली और फिर ब्रेक में 8-2 के स्कोर के साथ गईं। ब्रके बाद कुहू सिर्फ एक अंक ले पाईं जबकि झांग ने 15 के आंकड़ो को छून में किसी तरह की देरी नहीं लगाई। दूसरे गेम में भी झांग को परेशानी नहीं हुई। वह 7-1 से आसानी से बढ़त लेने में सफल रहीं और ब्रेक में 8-2 के स्कोर के साथ गईं। ब्रेक के बाद फिर झांग ने मैच अपने नाम करने और टीम को एक अंक की बढ़त दिलाने में ज्यादा नहीं लगाई। दिन के पहले मैच में मिश्रित युगल वर्ग में अवध की ओर से कु सुंग ह्यून और कैमिला पैडरसन की जोड़ी का सामना मुंबई की किम सा रांग और पिया जेबादियाह बेर्नादाएथ से था। मुंबई की जोड़ी ने यह मैच 15.9ए 15.4 से अपने नाम किया। पहले गेम में शुरुआत में अवध की जोड़ी ने अच्छी प्रतिस्पर्धा दिखाई लेकिन ब्रेक के बाद वह पूरी तरह से हथियार डाल गई। दूसरे गेम में जरूर मुंबई को जोड़ी को जीतने के लिए मेहनत करनी पड़ी। शुरुआत में रांग और बेर्नादाएथ की जोड़ी ने 5.3 की बढ़त ले ली थी और फिर ब्रेक में 9-8 की बढ़त के साथ गई। ब्रेक के आने के बाद वह 11-8 से आगे हो गई लेकिन ह्यून और पैडरसन की जोड़ी ने अंकों के अंतर को कम करते हुए 14.14 से बराबरी कर लीए लेकिन मैच प्वाइंट अपने कब्जे में नहीं ले पाए। इस मैच को जीत मुंबई ने 1-0 की बढ़त ले ली थी।

## राजस्थान के विनीत ने संन्यास लिया

**जयपुर।** राजस्थान को रणजी ट्राफी खिताब दिलाने में अहम भूमिका निभाने वाले क्रिकेटर विनीत सक्सेना ने संन्यास ले लिया है। इस 39 वर्षीय बल्लेबाज ने 1998-99 में बंगाल के खिलाफ पदार्पण किया था। उन्होंने अपना आखिरी मैच 2018-19 में उत्तराखंड की तरफ से विदर्भ के खिलाफ खेला था। वह राजस्थान के एकमात्र क्रिकेटर हैं जिन्होंने दो दशक से अधिक समय तक चले अपने करियर में 100 से अधिक रणजी मैच खेले। सक्सेना ने राजस्थान, रेलवे और उत्तराखंड की तरफ से कुल मिलाकर 129 प्रथम श्रेणी मैच खेले जिसमें 36.89 की औसत से 7637 रन बनाए। इसमें एक दोहरा शतक, 17 शतक और 38 अर्धशतक शामिल हैं। उनका उच्चतम स्कोर 257 रन है जो उन्होंने 2011-12 के सत्र में तमिलनाडु के खिलाफ रणजी फाइनल में बनाया था। उनकी इस पारी से

# आडवाणी बने राष्ट्रीय बिलियर्ड्स चैम्पियन

- सौरव को हराया

भाषा। पुणे

भारत के शीर्ष क्यू खिलाड़ी पंकज आडवाणी ने मंगलवार को यहां सीनियर राष्ट्रीय बिलियर्ड्स चैम्पियनशिप के फाइनल में सौरव कोठारी को 5-2 से हराकर एक और खिताब अपने नाम किया। बेस्ट ऑफ नाइन प्रारुप में खेले गए फाइनल का पहला सेट गंवाने के बाद आडवाणी से वापसी करते हुए लगातार दो सेट आपने नाम किए। कोठारी ने चौथा सेट जीत कर स्कोर 2-2 कर दिया लेकिन इसके बाद आडवाणी ने लगतार तीन सेट जीत कर मुकाबला अपने नाम कर लिया।

### अपनी पहली किताब पर काम कर रहे हैं भारतीय फुटबालर झिंगन

**नई दिल्ली।** भारतीय फुटबालर संदेश झिंगन चोट से उबरने के बाद बतौर लेखक अपनी पहली किताब पर काम कर रहे हैं। पिछले तीन महीने से झिंगन चोट के कारण टीम से बाहर हैं। मैं अपनी पहली किताब पर काम कर रहा हूं। यह मेरे जेहन मे काफी समय से है। इस बार मैंने खुद से वादा किया है कि इस साल यह काम खत्म कर दूंगा। यह छोटी कहानियों का संकलन है।

**CORRIGENDUM**

Please refer to our advertisement of "Format C-2" Published in this newspaper on 28th January 2020, where in the name of election to be read as "Legislative Assembly Election - 2020" Rest of the matter are to be considered as it is .

**Format C-1**

**Declaration about criminal cases**

(As per the judgment dated 25th September, 2018 of Hon'ble Supreme Court in WP (Civil) No. 536 of 2011 (Public Interest Foundation & Ors. Vs. Union of India & Anr.) Name and address of candidate: **Naveen Chaudhary, Add:- IX/5298, Gali No-7, Old Seelampur Village, Gandhi Nagar, Delhi – 110031,** Name of the Political Party: **AAM AADMI PARTY** (Independent candidates should write "Independent" here) Name of the Election : **Legislative Assembly of NCT of Delhi,** Name of State/ UT : **NCT of Delhi,** Name of Constituency : **61 – GANDHI NAGAR.**

**I Naveen Chaudhary** (name of candidate), a candidate for the above mentioned election, declare for public information the following details about my criminal antecedents :

| Sl. No. | Pending Criminal Cases | | | Details about cases of conviction for Criminal Offences | |
|---|---|---|---|---|---|
| | Name of Court | Case No. and Status of the Case | Sections of the Acts concerned & brief description of offence (s) | Name of Court & date (s) of order(s) | Description of offence(s) & punishment imposed |
| 1. | MM-5/(EAST) KKD Courts Delhi | CR Cases/ 0011303/2016 Prosecution Evidence | 147/148/149/189/332/353/341/506/34 of IPC. | Not Applicable | Not Applicable |
| 2. | Not Applicable | Not Applicable | Not Applicable | M.M – East Dist. & 13/02/1996 | Rs. 200 fine |

*In the case of election to Council of States or election to Legislative Council by MLAs, mention the election concerned in place of name of constituency.

Note : (i) Details should be given separtely for each case in separate rows.
(ii) The matter in newspapers should be in font size of atleast 12.

# पद्मविभूषण सम्मान भगवान शंकर और देशवासियों को समर्पित: छन्नूलाल मिश्र

भाषा। नई दिल्ली

**पद्मविभूषण** को बाबा विश्वनाथ की कृपा बताते हुए महान शास्त्रीय गायक पंडित छन्नूलाल मिश्र ने कहा कि वह इस सम्मान को अपने गुरू भगवान शंकर और देशवासियों को समर्पित करते हैं।

किराना घराना से ताल्लुक रखने वाले, हिन्दुस्तानी शास्त्रीय संगीत के पुरोधा मिश्र को पद्मविभूषण के लिए चुना गया है। उन्हें 2010 में पद्मभूषण से नवाजा गया था। मिश्र ने बनारस से भाषा को दिए खास इंटरव्यू में कहा , प्रभु की कृपा और सभी लोगों की शुभकामनाओं से मिला है यह सम्मान। लोकसभा चुनाव 2014 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रस्तावक रहे इस 85 वर्षीय कलाकार ने कहा , हमें पता चला तो विश्वास नहीं हो रहा था। लोग कह रहे थे कि आपको पद्मविभूषण के लिए चुना गया है लेकिन हमने कहा कि टीवी में तो नाम नहीं आया है। लेकिन जब टीवी पर अपना नाम देखा , तब विश्वास हुआ और बड़ी खुशी हुई। बिन मांगे मोती मिले क्योंकि हमने मांगा नहीं था और हमें यह मिला। संगीत के अपने सुनहरे सफर में कई सम्मान पा चुके मिश्र ने इसे सर्वाधिक महत्वपूर्ण सम्मान बताया। उन्होंने कहा , यह सबसे अधिक महत्वपूर्ण है क्योंकि इसके बाद सिर्फ भारत रत्न है। यह भारत सरकार का दूसरा सबसे बड़ा नागरिक सम्मान है तो सचमुच बहुत बड़ी बात है। प्रसन्नता हुई कि भारत सरकार ने हमारी कला को पहचाना। यह हमको नहीं मिला बल्कि हमारे उस्ताद, हमारे गुरू को मिला है। मिश्र ने कहा , हम अपने गुरू भगवान शंकर को समर्पित करेंगे यह सम्मान। गुरूं शंकर रूपिणं यानी गुरू शंकर के रूप हैं। हम काशी में हैं और उन्हीं को समर्पित करते हैं। यह हम पूरे देशवासियों को समर्पित करते हैं। सब देशवासी खुश रहें और देश को सुरक्षित रखें, यही हमारी विनती है। बनारस से शहनाई वादक बिस्मिल्लाह खान और सितार वादक पंडित रविशंकर को भारत रत्न, शास्त्रीय गायिका गिरिजा देवी, कथक में बिरजू महाराज, तबला वादक किशन महाराज, नर्तक उदय शंकर को पद्म विभूषण मिल चुका है।

मिश्र ने कहा , संगीत के प्रति सरकार का रवैया सकारात्मक है। देर आए दुरूस्त आए। देर से मिला लेकिन सही समय पर यह सम्मान मिला। हम 85 बरस के हो गए हैं , अब कब तक रहेंगे, पता नहीं। जीते जी मिल गया, यह बहुत बड़ी बात है। उन्होंने बनारस की माटी को अपनी जीवन संजीवनी बताते हुए कहा , काशी में हम ही हैं जो इस उम्र में भी गा रहे हैं। हमें बाहर से अमेरिका, मुंबई, कोलकाता से बुलावा आया लेकिन हमने काशी कभी नहीं छोड़ा। चना चबैनी गंगजल जो पुरवै करतार , काशी कभी ना छोड़िए विश्वनाथ दरबार।

कहीं कोई अधूरी ख्वाहिश रह गई है , यह पूछने पर मिश्र ने कहा , इलाही कोई तमन्ना नहीं जमाने में, मैंने सारी उम्र गुजारी है अपने गाने में। हमें 70 प्रकार का संगीत पता है, सातों कांड रामायण कंठस्थ है। गीता, वेद, उपनिषद सभी सुना सकते हैं। यह गुरू की कृपा है। और क्या चाहिए। उन्होंने हालांकि बनारस की संगीत धरोहरों को सहेजने के लिए एक कला केंद्र स्थापित करने की अपील की।

उन्होंने कहा , बनारस की गायकी अधूरी रह रही है क्योंकि उसके लिए कोई ऐसी सिखाने की जगह नहीं है जहां उसका प्रचार प्रसार हो। शास्त्रीय संगीत का शास्त्र के अनुसार प्रचार हो , उससे विपरीत नहीं। अभिजात यानी सिर्फ घराना संगीत नहीं , शास्त्रीय संगीत भी सिखाया जाए। ऐसी कोई जगह तो हो, बिल्कुल हो।

मिश्र ने कहा , हमको तो कोई तमन्ना नहीं है कि हमारे लिए कुछ बनाएं। लेकिन काशी के कलाकारों का भला हो। उन्हें आगे बढ़ाने का प्रयत्न किया जाए। हम तो आगे बढ़ चुके हैं। जो आगे नहीं बढ़ सके , उन्हें आगे बढाने का प्रयास हो।

## सलमान को फिर आया गुस्सा, गोवा हवाईअड्डे पर प्रशंसक का फोन छीना

**पणजी ( भाषा )।** गोवा हवाईअड्डे पर सलमान खान के साथ सेल्फी लेने की कोशिश कर रहे एक प्रशंसक के व्यवहार से बॉलीवुड अभिनेता मंगलवार को इस कदर नाराज हुए कि उन्होंने उसका फोन ही छीन लिया। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। इस वीडियो क्लिप में एक व्यक्ति उस वक्त सलमान के करीब आकर सेल्फी लेने की कोशिश करता नजर आ रहा है जब अभिनेता हवाईअड्डे से बाहर निकल रहे थे। वीडियो में इससे नाराज सलमान उस व्यक्ति का मोबाइल फोन छीनते देखे जा सकते हैं, बाद में उस व्यक्ति की पहचान एक एयरलाइंस के लिए काम करने वाले कर्मचारी के तौर पर की गई। हवाईअड्डे के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, कोई औपचारिक शिकायत दर्ज नहीं कराई गई है लेकिन जब वीडियो वायरल हो गया तब हमने इस घटना की जांच की और इसकी पुष्टि की। इस बारे में जब हवाईअड्डा पुलिस निरीक्षक सागर एकोस्कर से संपर्क किया गया तो उन्होंने कहा कि कोई औपचारिक शिकायत दर्ज नहीं कराई गई है।

## प्रधानमंत्री मोदी के बाद मैन वर्सेस वाइल्ड में आएंगे रजनीकांत

**चेन्नई ( भाषा )।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बाद सुपरस्टार रजनीकांत अब डिस्कवरी चैनल पर बेयर ग्रिल्स के मशहूर शो मैन वर्सेस वाइल्ड में नजर आएंगे जिसकी शूटिंग कर्नाटक के बांदीपुर जंगल में शुरू हो चुकी है। सूत्रों ने यह जानकारी दी। दुनिया के सबसे जोखिम भरे इलाकों में अद्भुत साहस का परिचय देते हुए जीवित रहने वाले टीवी प्रस्तोता ग्रिल्स ने रजनीकांत के साथ शूटिंग शुरू कर दी। अभिनेता के करीबी सूत्रों ने प्रेस ट्रस्ट को बताया कि वह सोमवार को शूटिंग के लिए मैसूर गए हैं और जल्दी ही इसे खत्म करके लौटेंगे। इस बीच ट्विटर पर कुछ यूजर्स ने कहा है कि कर्नाटक के वन्यजीव कार्यकर्ताओं ने बांदीपुर रिजर्व के भीतर इसकी शूटिंग का विरोध किया है। मोदी पिछले साल अगस्त में इस कार्यक्रम में आए थे जिसकी शूटिंग जिम कार्बेट में हुई थी।

# अभी भी बहुत कुछ करने की ख्वाहिशें बाकी हैं: पंडित जसराज

भाषा। नई दिल्ली

**उम्र** के नौ दशक पूरे करने के बावजूद कोलकाता में पिछले दिनों लगातार ढाई घंटे गाने वाले पंडित जसराज के लिए संगीत संजीवनी है और उनका मानना है कि सरगम के इस सफर में अभी कई पड़ाव आने बाकी हैं।

28 जनवरी 1930 को हिसार में जन्में महान शास्त्रीय गायक पंडित जसराज ने अपने जन्मदिन पर भाषा को दिए खास इंटरव्यू में कहा , संगीत ही मेरी ऊर्जा का स्रोत है। पता ही नहीं चलता कि संगीत कैसे ऊर्जा देता है पर देता जरूर है।

देश विदेश में सैकड़ों बार गा चुके जसराज को आज भी 1952 में तत्कालीन नेपाल नरेश त्रिभुवन विक्रम के सामने दी गई वह प्रस्तुति याद है जिसके लिए उन्हें पुरस्कार में मोहरें मिली थीं।उन्होंने कहा , मुझे आज भी याद है जब मुझे करीब 5000 मोहरें दी गई थीं और मैं यह जान कर लगभग बेहोश हो गया था कि गाने के लिए पैसे भी मिलते हैं।

हाल ही में इंटरनेशनल एस्ट्रोनॉमिकल यूनियन (ङ्क) ने एक सूक्ष्म ग्रह का नाम पंडित जसराज के नाम पर रखा है और यह सम्मान पाने वाले वह पहले भारतीय कलाकार बन गए।इस सम्मान पर उन्होंने कहा , अब समझ में आ रहा है कि क्या हो गया है। पहले तो समझ में ही नहीं आया कि क्या होने जा रहा है। बहुत बड़ी बात है।

देश के दूसरे सर्वोच्च नागरिक सम्मान पद्मविभूषण (2000 में) से नवाजे जा चुके जसराज को 1975 में पद्मश्री सम्मान मिला था जिस पर वह इतने हैरान हुए थे कि उन्होंने चुप्पी ही साध ली थी।

उन्होंने पुरानी यादों की परतें खोलते हुए कहा , मुझे पद्मश्री 1975 में मिला था और तब मैं हैरान हो गया था कि मुझे यह सम्मान कैसे मिल गया। मैंने चुप्पी साध ली थी और किसी से कोई बात नहीं की। मुझे यकीन करने में काफी समय लगा। मैं उस समय अपने बच्चों को गाना सिखा रहा था और हम नेपाल जाने की तैयारी कर रहे थे। फोन पर मुझे बताया गया कि भारत सरकार आपको पद्मश्री देना चाहती है तो हमने कहा कि सरकार जो चाहे, दे दे। अब तक कई पुरस्कार और सम्मान पा चुके संगीत मार्तंड जसराज ने कहा , हर पुरस्कार अहम होता है, कुछ ना कुछ दे ही जाता है और कुछ अलग करने के लिए बाध्य करता है। यह ध्यान रखना चाहिए कि जिसके लिए सम्मान आपको मिल रहा है, उसे जारी रखें और उस पर जोर दें। इस बार भी पंडित छन्नूलाल मिश्र समेत संगीत से जुड़ी कई हस्तियों को केंद्र सरकार ने पद्म सम्मान देने की घोषणा की है।

इस बारे में पूछने पर जसराज ने कहा , अच्छा है कि संगीतकारों को सम्मान मिल रहा है। कभी कम मिलता है , कभी ज्यादा। चलता रहता है। छन्नूलालजी तो हमारे बहुत अच्छे दोस्त हैं और दोस्त को कुछ मिलने पर ज्यादा खुशी होती है। वह बहुत बड़े कलाकार हैं। नए दौर के संगीत के बारे में पूछने पर उन्होंने कहा कि वह दुनिया भर का संगीत सुनते हैं और अच्छे संगीत की सराहना करते हैं। उन्होंने कहा , पसंद नापसंद की बात नहीं है। मैं सिर्फ संगीत सुनता हूं और दुनिया भर का संगीत सुनता हूं। जो अच्छा रिकार्ड आ जाता है, उसे सुन लेते हैं। जगजीत सिंह की ग़ज़ल सरकती जाए रूख से नकाब आहिस्ता को मैने बहुत बार सुना। आज भी यह मुझे बहुत पसंद है। आधुनिक तकनीक से भी उन्हें कोई गुरेज नहीं है। उन्होंने कहा , तकनीक मुझे अच्छी लगती है। यह तो सहायक है।

इतने लंबे सफर के बाद क्या कोई ख्वाहिश अधूरी रह गई , यह पूछने पर उन्होंने कहा , गालिब ने कहा है .... हजारों ख्वाहिशें ऐसी कि हर ख्वाहिश पे दम निकले। इतने बड़े शायर जब यह बात कह गए, तो हम तो बहुत पीछे हैं। किसी भी इंसान की ख्वाहिश कभी पूरी नहीं होती।

उन्होंने कहा , मैने कभी सोचा या चाहा भी नहीं , वो चीजें भगवान से मिल गईं तो अब क्या चाहूं या क्या कहूं। पद्मश्री मिला तो मेरी आधी जान निकल गई थी। उसके बाद पद्मविभूषण तक मिला। बिना सोचे यहां तक आ गए तो आगे पता नहीं ईश्वर ने क्या लिखा है, उन्हीं पर छोड़ देते हैं।

## महिला कोरियोग्राफर ने गणेश आचार्य पर जबरन पोर्न दिखाने का आरोप लगाया

**मुंबई ( भाषा )।** बॉलीवुड के मशहूर नृत्य निर्देशक गणेश आचार्य पर 33 वर्षीय महिला ने जबरन पोर्न वीडियो दिखाने का आरोप लगाया है और इस संबंध में राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) को पत्र लिखा है। महिला का आरोप है कि वह जब भी आचार्य के मुंबई स्थित दफ्तर जाती थी, वह उसे पोर्न वीडियो देखने को मजबूर करते थे। पुलिस में दर्ज शिकायत में महिला ने आरोप लगाया है कि आचार्य और दो महिलाओं ने रविवार को अंधेरी में आयोजित इंडियन फिल्म एंड टेलीविजन कोरियोग्राफर्स एसोसिएशन (आईएफटीसीए) के कार्यक्रम के दौरान उसका उत्पीड़न किया। आरोप लगाने वाली महिला पेशे से सहायक कोरियोग्राफर है। पुलिस के एक अधिकारी ने मंगलवार को कहा कि शिकायतकर्ता दिव्या कोटियां ने आचार्य के अलावा जयश्री केलकर और प्रीति लाड पर उत्पीड़न का आरोप लगाया है। इस मामले में फिलहाल आचार्य की प्रतिक्रिया नहीं मिल पाई है।


**Chola** *Enter a better life*

## चोलामंडलम इन्वेस्टमेंट ऐण्ड फाइनेंस कम्पनी लिमिटेड

निगमित कार्यालय : सं. 2, 'डेयर हाउस', प्रथम तल, नेताजी सुभाष चन्द्र बोस मार्ग, चेन्नई–600 001
शाखा कार्यालय : प्रथम एवं द्वितीय तल, भूखण्ड सं. 6, मुख्य पूषा मार्ग, करोल बाग, नई दिल्ली–110005, दूरभाष सं.: 9899245509, 9818460101

### नीलामी–सह–विक्रय हेतु सार्वजनिक सूचना (धारा 8(6) के अन्तर्गत सूचना के रूप में माना जाए)

उधारकर्ता / उधारकर्ताओं से बकाया देयराशि की वसूली हेतु वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अन्तर्गत मै. चोलामंडलम इन्वेस्टमेंट ऐण्ड फाइनेंस कम्पनी लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा यहां नीचे वर्णित प्रतिभूत परिसम्पत्ति का कब्जा लेने के अनुपालन में अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा, यहां नीचे विवरणितानुसार, अचल सम्पत्ति, जो कि कब्जाधीन है और जिसके विवरण नीचे दिए गए हैं, के क्रयार्थ 'जैसी है जहां है आधार' 'जैसी है जो है आधार' और 'वहां जो कुछ है आधार पर' मोहरबंद लिफाफों में प्रस्ताव आमन्त्रित किए जाते हैं :–

| क्र.सं. | उधारकर्ताओं / सह–उधारकर्ताओं का नाम | मांग सूचना तिथि तथा राशि | अचल सम्पत्ति का विवरण | आरक्षित मूल्य | धरोहर राशि जमा | कुल बकाया देयराशि 27.01.2020 के अनुसार | कब्जे का प्रकार |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | (ऋण खाा सं. X0HEDHE00000863385 तथा X0HEDHE00001394745 दिल्ली शाखा) दीपक सोनिक (उधारकर्ता) वंदना सोनिक (सह–उधारकर्ता) सभी का पत्र–व्यवहार का पता : डब्ल्यूजेड एच–64, प्रथम तल भूखण्ड 64, संत नगर, एक्सटें., नई दिल्ली – 110018 | 20.11.2019 रु. 1,28,50,310.49 (रुपए एक करोड़ अट्ठाईस लाख पचास हजार तीन सौ दस एवं उनचास पैसे मात्र) | सम्पत्ति 1 : संत नगर एक्स्टें., नई दिल्ली–110018 के रूप में ज्ञात ग्राम चौखण्डी, कॉलोनी के क्षेत्र में स्थित खसरा सं. 9/15 में से सम्पत्ति सं. डब्ल्यूजेड–एच–64, पुराना भूखण्ड सं. एच–64, अधिमापन 100 वर्ग गज, के छत/टेरेस अधिकारों के बिना संपूर्ण प्रथम तल। | रु. 37,00,000/– (रुपए सैंतिस लाख मात्र) | रु. 3,70,000/– (रुपए तीन लाख सत्तर हजार मात्र) | रु. 1,32,16,103/– (रुपए एक करोड़ बत्तीस लाख सोलह हजार एक सौ तीन मात्र) | प्रतीकात्मक |
| | | | सम्पत्ति 2: संत नगर एक्स्टें., निकट तिलक नगर, नई दिल्ली–110018 के रूप में ज्ञात ग्राम चौखण्डी, कॉलोनी के क्षेत्र में स्थित खसरा सं. 10/11 में से निर्मित सम्पत्ति नगर सं. डब्ल्यूजेड –143, भूखण्ड सं. डी–11, अधिमापन 100 वर्ग गज, के छत अधिकारों के बिना संपूर्ण भू तल। | रु. 37,00,000/– (रुपए सैंतिस लाख मात्र) | रु. 3,70,000/– (रुपए तीन लाख सत्तर हजार मात्र) | | प्रतीकात्मक |
| 2. | (ऋण खाता सं. X0HEEDL00001409651 दिल्ली शाखा) गुलशन कुमार (उधारकर्ता) चिंतन कालरा (सह–उधारकर्ता) सभी का पत्र–व्यवहार का पता : मकान सं. –1757/14, शास्त्री नगर, अशोक विहार, नई दिल्ली – 110052 | 19.06.2019 रु. 1,20,34,993.52 (रुपए एक करोड़ बीस लाख चौंतिस हजार नौ सौ तिरानबे एवं बावन पैसे मात्र) | शास्त्री नगर, दिल्ली–110052 के रूप में ज्ञात आबादी में स्थित सम्पत्ति नगर सं. बी–1757/14, क्षेत्र अधिमापन 52.67 वर्ग मीटर (63 वर्ग गज) | रु. 73,00,000/– (रुपए तिहत्तर लाख मात्र) | रु. 7,30,000/– (रुपए सात लाख तीस हजार मात्र) | रु. 1,33,51,737.60/– (रुपए एक करोड़ तैंतिस लाख इक्यावन हजार सात सौ सैंतिस एवं साठ पैसे मात्र). भुगतान की वसूली होने तक भावी ब्याज | प्रतीकात्मक |
| 3. | (ऋण खाता सं. X0HEDHE00001192791 दिल्ली शाखा) इंदर पाल सिंह (उधारकर्ता) मनमीत कौर (सह–उधारकर्ता) सभी का पत्र–व्यवहार का पता : सम्पत्ति सं. जी–36, ऊपरी भूतल, ब्लॉक–जी, राधे पुरी, कृष्णा नगर, आबादी, खुरेजी खास इलाका, शाहदरा, नई दिल्ली–110051 | 14.06.2019 रु. 1,58,73,866.00 (रुपए एक करोड़ अट्ठावन लाख तिहत्तर हजार आठ सौ छियासठ मात्र) | ग्राम खुरेजी खास इलाका, शाहदरा, नई दिल्ली के क्षेत्र में जी–ब्लॉक, राधेपुरी की आबादी में स्थित खसरा सं. 2/30, 33 में से सम्पत्ति अधिमापन 228 वर्ग गज, सम्पत्ति सं. जी–36, ऊपरी भू तल | रु. 88,00,000/– (रुपए अट्ठासी लाख मात्र) | रु. 8,80,000/– (रुपए आठ लाख अस्सी हजार मात्र) | रु. 1,75,79,347.38/– (रुपए एक करोड़ पिचहत्तर लाख उन्यासी हजार तीन सौ सैंतालिस एवं अड़तीस पैसे मात्र).भुगतान की वसूली होने तक भावी ब्याज | प्रतीकात्मक |
| 4. | (ऋण खाता सं. X0HEEDL00001577052 दिल्ली शाखा) कैलाश चन्द्र भट्ट (उधारकर्ता) पारुल भट्ट (सह–उधारकर्ता) सभी का पत्र–व्यवहार का पता : सी–669, एलआईजी फ्लैट्स ईस्ट ऑफ लोनी रोड, शाहदरा, नई दिल्ली–110093 | 20.11.2019 रु. 96,08,337.18 (रुपए छियानबे लाख आठ हजार तीन सौ सैंतिस एवं अट्ठारह पैसे मात्र) | शिवाजी पार्क शाहदरा दिल्ली की आबादी में ग्राम सिकदरपुर में स्थित खसरा सं. 249 एवं 250 में से सम्पत्ति सं. 1/7007–ए/सी, पुराना भूखण्ड सं. 84 के छताधिकारों के बिना निर्मित द्वितीय तल, मापन 150 वर्ग गज | रु. 74,00,000/– (रुपए चवहत्तर लाख मात्र) | रु. 7,40,000/– (रुपए सात लाख चालीस हजार मात्र) | रु. 98,36,909.80/– (रुपए अट्ठानबे लाख छत्तीस हजार नौ सौ नौ एवं अस्सी पैसे मात्र) .भुगतान की वसूली होने तक भावी ब्याज | प्रतीकात्मक |
| 5. | (ऋण खाता सं. X0HEDHE00001161434, X0HEEDL00001772076 एवं X0HEDHE00001367842 दिल्ली शाखा) पंकज गुप्ता (उधारकर्ता) बबीता गुप्ता, कैलाश चंद गुप्ता, एसबी इंटरप्राइजेज (सह–उधारकर्ता) सभी का पत्र–व्यवहार का पता : 3162 बरवाला चौक, पहाड़ी धीरज जीपीओ, नई दिल्ली–110006 | 20.11.2019 रु. 70,98,773.93 (रुपए सत्तर लाख अट्ठानबे हजार सात सौ तिहत्तर एवं तिरानबे पैसे मात्र) | बरवाला चौक, पहाड़ी धीरज, दिल्ली–110006 में स्थित निर्मित सम्पत्ति सं. 3162, अधिमापन 175 वर्ग गज, वार्ड सं. XIII के द्वितीय तल पर संपूर्ण प्रथम तल एवं दो कक्ष तथा खुला टेरेस | रु. 59,00,000/– (रुपए उनसठ लाख मात्र) | रु. 5,90,000/– (रुपए पांच लाख नब्बे हजार मात्र) | रु. 72,94,205.80/– (रुपए बहत्तर लाख चौरानबे हजार दो सौ पांच एवं अस्सी पैसे मात्र). भुगतान की वसूली होने तक भावी ब्याज | प्रतीकात्मक |
| 6. | (ऋण खाता सं. X0HEDHE00000912300 दिल्ली शाखा) प्रसेनजीत बेरा (उधारकर्ता) संध्या बेरा, दिलीप कुमार बेरा (सह–उधारकर्ता) सभी का पत्र–व्यवहार का पता : 14ए/1, द्वितीय तल, पूर्वी कृष्णा नगर, नई दिल्ली–110051 | 20.11.2019 रु. 1,20,62,560.23 (रुपए एक करोड़ बीस लाख बासठ हजार पांच सौ साठ एवं तेईस पैसे मात्र) | पूर्वी कृष्णा नगर एक्स्टें., ग्राम चन्द्रवली, शाहदरा, दिल्ली की आबादी में स्थित खसरा सं. 1047/824/1 में से गली सं. 4 एवं 5 पूर्वी कृष्णा नगर दिल्ली में सम्पत्ति सं. 14–ए–1 पर निर्मित संपूर्ण द्वितीय तल, अधिमापन 166 वर्ग गज | रु. 82,00,000/– (रुपए बयासी लाख मात्र) | रु. 8,20,000/– (रुपए आठ लाख बीस हजार मात्र) | रु. 1,24,36,866.04/– (रुपए एक करोड़ चौबीस लाख छत्तीस हजार आठ सौ छियासठ एवं चार पैसे मात्र). भुगतान की वसूली होने तक भावी ब्याज | प्रतीकात्मक |
| 7 | (ऋण खाता सं. X0HEEDL00001546865 दिल्ली शाखा) रोहित (उधारकर्ता) जय दीपा (सह–उधारकर्ता) सभी का पत्र–व्यवहार का पता : मकान सं. 1/5895/4, कबूल नगर, ईस्ट रोहताश नगर, नई दिल्ली–110032 | 20.11.2019 रु. 89,82,149.99 (रुपए नवासी लाख बयासी हजार एक सौ उनचास एवं निन्यानबे पैसे मात्र) | कबूल नगर, शाहदरा दिल्ली की आबादी में ग्राम सिकदरपुर में स्थित खसरा सं. 382 का भाग सम्पत्ति सं. 1/5895/4 तथा पुरानी सं. 630/10, क्षेत्र मापन 70 वर्ग गज | रु. 78,00,000/– (रुपए अठहत्तर लाख मात्र) | रु. 7,80,000/– (रुपए सात लाख अस्सी हजार मात्र) | रु. 91,74,576/– (रुपए इक्यानबे लाख चवहत्तर हजार पांच सौ छियहत्तर मात्र). भुगतान की वसूली होने तक भावी ब्याज | प्रतीकात्मक |
| 8 | (एलसी सं. X0HEDHE00001251531 दिल्ली शाखा ) विकास शर्मा (उधारकर्ता) तरुणा शर्मा, सियाराम शर्मा (सह–उधारकर्ता) सभी का पत्र–व्यवहार का पता : सम्पत्ति सं. 1027, अधिमापन 160 वर्ग गज, सेक्टर–8, अर्बन एस्टेट फरीदाबाद, हरियाणा–121001 | 19.06.2019 रु. 1,31,64,003.37 (रुपए एक करोड़ इकतीस लाख चौंसठ हजार तीन एवं सैंतिस पैसे मात्र) | सम्पत्ति सं. 1027, अधिमापन 160 वर्ग गज, सेक्टर–8, अर्बन एस्टेट फरीदाबाद, हरियाणा–121001 | रु. 80,00,000/– (रुपए अस्सी लाख मात्र) | रु. 8,00,000/– (रुपए आठ लाख मात्र) | रु. 1,45,35,114.70/– (रुपए एक करोड़ पैंतालिस लाख पैंतिस हजार एक सौ चौदह एवं सत्तर पैसे मात्र) भुगतान की वसूली होने तक भावी ब्याज | प्रतीकात्मक |
| 9 | (ऋण खाता सं. 0HEELD00001744002 दिल्ली शाखा) नीरज कसाना (उधारकर्ता) कसाना ऑटोमोबाइल्स, सरोज जय करण सिंह (सह–उधारकर्ता) सभी का पत्र–व्यवहार का पता :मकान सं. बी–70, ब्लॉक बी, सेक्टर–गामा 1, ग्रेटर नोएडा, गौतम बुद्ध नगर, नोएडा, उत्तर प्रदेश–201308 यहां पर भी : बीएसआर मार्ग, निकट पेट्रोल पम्प, बुलंदशहर, उत्तर प्रदेश–245408, गुलौठी बुलंदशहर, निकट पेट्रोल पम्प | 10.01.2018 रु. 1,42,53,760.45 (रुपए एक करोड़ बयालिस लाख तिरेपन हजार सात सौ साठ एवं पैंतालिस पैसे मात्र) | सम्पत्तियां, अधिमापन 275 वर्ग मीटर, मकान सं. 70, ब्लॉक–बी, सेक्टर–गामा 1, ग्रेटर नोएडा, जिला–गौतम बुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश तथा जिसका परिमापन इस प्रकार है : उत्तर – 12.0 मीटर चौड़ी सड़क, दक्षिण – खुला स्थान, पूर्व – भूखण्ड सं. 69, पश्चिम – भूखण्ड सं. 71 | रु. 1,31,00,000/– (रुपए एक करोड़ इकतीस लाख मात्र) | रु. 13,10,000/– (रुपए तेरह लाख दस हजार मात्र) | रु. 1,79,00,349.40/– (रुपए एक करोड़ उन्यासी लाख तीन सौ उनचास एवं चालीस पैसे मात्र). भुगतान की वसूली होने तक भावी ब्याज | प्रतीकात्मक |
| 10 | (ऋण खाता सं. X0HEEDL00001822311 दिल्ली शाखा) रागिंदर सिंह कोहली (उधारकर्ता) अमरजीत कौर, परमिंदर कौर, जॉली मोटर्स (सह–उधारकर्ता) सभी का पत्र–व्यवहार का पता : 1 शीर्ष तल, राजौरी गार्डन, मेन मार्किट, नई दिल्ली–110027 | 24.08.2017 रु. 2,09,62,804.06 (रुपए दो करोड़ नौ लाख बासठ हजार आठ सौ चार एवं छह पैसे मात्र) | राजौरी गार्डन, नई दिल्ली में स्थित सम्पत्ति अधिमापन 232 वर्ग गज सम्पत्ति सं. जे–1, शीर्ष तल, | रु. 1,63,00,000/– (रुपए एक करोड़ तिरेसठ लाख मात्र) | रु. 16,30,000/– (रुपए सोलह लाख तीस हजार मात्र) | रु. 2,95,91,993.40/– (रुपए दो करोड़ पिचानबे लाख इक्यानबे हजार नौ सौ तिरानबे एवं चालीस पैसे मात्र). भुगतान की वसूली होने तक भावी ब्याज | वास्तविक |
| 11. | (ऋण खाता सं. X0HEEDL00001462931 दिल्ली शाखा) रोहित रॉय (उधारकर्ता) रॉय ब्रदर्स ऑर्गेनिक एग्रो (प्रा.) लि., ततिआना जुएवा (सह–उधारकर्ता) सभी का पत्र–व्यवहार का पता : डीसी–302, डीईएल कोर्ट, जेपी ग्रीन, ग्रेटर नोएडा, नोएडा–201309, उत्तर प्रदेश यहां पर भी : 1624, ब्रह्मपुत्र अपार्टमेंट, सेक्टर–29, नोएडा–201309 | 10.05.2017 रु. 2,35,58,798.90 (रुपए दो करोड़ पैंतिस लाख अट्ठावन हजार सात सौ अट्ठानबे एवं नब्बे पैसे मात्र) | अपार्टमेंट नं. डीसी–3–302, तृतीय तल, डीईएल कोर्ट, जेपी ग्रीन, ब्लॉक–जी, सूरजपुर, कासना मार्ग, ग्रेटर नोएडा, गौतम बुद्ध नगर–201309, उत्तर प्रदेश, अधिमापन निर्मित क्षेत्र 3250 वर्ग फुट | रु. 1,82,75,000/– (रुपए एक करोड़ बयासी लाख पिचहत्तर हजार मात्र) | रु. 18,27,500/– (रुपए अट्ठारह लाख सत्ताईस हजार पांच सौ मात्र) | रु. 3,56,65,200.40/– (रुपए तीन करोड़ छप्पन लाख पैंसठ हजार दो सौ एवं चालीस पैसे मात्र). भुगतान की वसूली होने तक भावी ब्याज | वास्तविक |

नीलामी की नियम तथा शर्तें :
1) धराज तथा केवाईसी के साथ निर्धारित निविदा प्रपत्रों में मोहरबंद बोली/प्रस्ताव जमा करने की अन्तिम तिथि 27.02.2020 को 5.30 बजे तक हैं और प्रस्ताव शाखा कार्यालय : प्रथम एवं द्वितीय तल, भूखण्ड सं. 6, मुख्य पूसा मार्ग, करोल बाग, नई दिल्ली–110005 में जमा किए जाएंगे। निविदाएं जो समुचित तरीके से भरी नहीं गई हैं अथवा निविदाएं जो अन्तिम तिथि के बाद प्राप्त होती हैं, उन्हें अवैध निविदा माना जाएगा और तद्नुसार उन्हें निरस्त कर दिया जाएगा। धराज पर कोई ब्याज देय नहीं होगा।
2) सम्पत्ति हेतु बोली/प्रस्ताव खोलने की तिथि (नीलाम तिथि) 28.02.2020 है जो कि उपरोक्त शाखा कार्यालय पते पर 10.00 बजे खोली जाएंगी। निविदाएं प्राधिकृत अधिकारी की उपस्थिति में खोली जाएंगी।
3) अचल सम्पत्ति के निरीक्षण की तिथि 24.02.2020 को 10.00 बजे से 3.30 बजे के बीच मे हैं।
4) भावी ब्याज सूचना में वर्णित बकाया राशि पर ऋणानुबन्ध के अनुसार, लागू अनुसार प्रभारित होगा तथा आकस्मिक व्यय, लागतें, इत्यादि भुगतेय हैं और इसकी वसूली होने तक इनका भुगतान किया जाना है।
5) एतद्द्वारा उधारकर्ताओं तथा सह–उधारकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि वे नीलामी के समय पर व्यक्तिगत रूप में उपस्थित रहें तथा वे विक्रय के निबंधनों एवं शर्तों के विवरणों के अनुसार, यहां इसमें उपरोक्त विवरणितानुसार अचल सम्पत्ति के क्रय हेतु इच्छुक क्रेताओं/परचेजर्स को साथ में ला सकते हैं।
6) उधारकर्ताओं/सह–उधारकर्ताओ को एतद्द्वारा सरफॉएसि अधिनियम, 2002 के अन्तर्गत एक 30 दिनों की विक्रय सूचना दी जाती है कि वे नीलामी की तिथि से पूर्व उपरोक्तानुसार वर्णित राशि का भुगतान करें। इसमें विफल रहने पर अचल सम्पत्ति की नीलामी कर दी जाएगी तथा शेष, यदि कोई, उसकी वसूली ब्याज तथा लागतों के साथ की जाएगी। यदि उधारकर्ता चोलामंडलम इन्वेस्टमेंट ऐंड फाइनेंस कम्पनी लिमिटेड को भुगतेय निर्धारित बकाया राशि का पूर्ण भुगतान कर देते हैं तो विक्रय और नीलामी की तिथि को रोक कर निरस्त कर दिया जाएगा।
7) नीलामी विक्रय के विस्तृत नियम तथा शर्तें निर्धारित निविदा प्रपत्र में इनकॉर्पोरेटेड हैं। निविदा प्रपत्र उपरोक्त शाखा कार्यालय पर उपलब्ध हैं।
8) अचल सम्पत्ति को सर्वोच्च निविदादाता को बेचा जाएगा। हालांकि प्राधिकृत अधिकारी के पास उस स्थिति में परस्पर बोलीदान करने का पूर्णाधिकार सुरक्षित है, जब ऐसा करना उचित समझा जाएगा। उपरोक्त वर्णित सम्पत्ति को आरक्षित मूल्य से कम पर नहीं बेचा जाएगा।
9) चोलामंडलम इन्वेस्टमेंट ऐंड फाइनेंस कम्पनी लिमिटेड उपरोक्त वर्णितानुसार सम्पत्ति पर विलंबित किसी दायित्व, चाहे जो कुछ है, हेतु उत्तरदायी नहीं है। सम्पत्ति की नीलामी 'जैसी है जहां है आधार', 'जैसी है जो है आधार' और 'वहां जो कुछ है आधार' पर की जाएगी।
10) कुल ऋण बकाया राशि ऋण फॉरक्लोजर राशि नहीं है। समस्त अन्य प्रभारों (यदि कोई) की गणना ऋण के समापन के समय पर की जाएगी।
11) डिमांड ड्राट केवल 'चोलामंडलम इन्वेस्टमेंट ऐंड फाइनेंस कम्पनी लिमिटेड' के पक्ष में होना चाहिए।
अन्य विवरणों के लिए प्राधिकृत अधिकारी को उपरोक्त वर्णित कार्यालय पते पर सम्पर्क करें।

हस्ता./–
प्राधिकृत अधिकारी
चोलामंडलम इन्वेस्टमेंट ऐंड फाइनेंस कम्पनी लिमिटेड

स्थान : दिल्ली/राराक्षे, दिनांक : 29.01.2020